# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# सात पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस

**भटहट(एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के आयुष विश्वविद्यालय के पास पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट के दौरान दो लोग घायल हो गए। दोनो पक्षों की अलग अलग तहरीर पर पुलिस सात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुटी है। प्रथम पक्ष, ग्राम जैनपुर के सत्यनगर टोला निवासी अजय निषाद के मुताबिक बुधवार की शाम अपने दोस्त नागेश्वर के बाइक से भटहट की ओर जा रहा था। रास्ते में करतहिया चौराहे पर शमशाद, विशेषश्वर विश्वकर्मा, भोलू उर्फ अमित निषाद और रुद्रा तिवारी रास्ते में जबरजस्ती रोक गाली गुप्ता देते हुए धारदार हथियार से मारने लगे जिससे मुंह और सिर में गंभीर चोटें आई है।

दूसरा पक्ष, उक्त गांव के मीरगंज निवासी अमित निषाद के मुताबिक बुधवार की शाम करीब सात बजे पूरानी रंजिश को लेकर स्थानीय निवासी अखिलेश यादव, अजय निषाद और नागेश्वर रास्ते में आयुष विश्वविद्यालय के पास गाली गलौज करते हुए राड, लाठी डंडा से सिर मारने लगे। सिर में गंभीर चोट आने मौके पर बेहोश हो कर गिर पड़ा। राहगीरों ने बीचो-बीच किया तो उक्त लोग जानसे मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर पुलिस शमशाद, विशेषश्वर विश्वकर्मा, भोलू उर्फ अमित निषाद और रुद्रा तिवारी और दूसरे पक्ष की तहरीर पर अखिलेश यादव, अजय निषाद और नागेश्वर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। आयुष विवि चौकी प्रभारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि दोनो पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### डॉ.अनुज सरकारी के सम्पत्ति की जांच की मांग

# एमएलसी ने ईडी को लिखा पत्र

**गोरखपुर (एसएनबी)।** निलंबित सिपाही की पिटाई के बाद न्याय के लिए समर्थन में उतरे एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को सिपाही पंकज और डा.अनुज सरकारी के बीच हुए विवाद मामले में अपर पुलिस महानिदेशक और एसएसपी से मुलाकात की थी। उसके बाद बुधवार को उन्होंने गोरखपुर जिला कारागार में पहुंच कर सिपाही पंकज से मुलाकात कर सिपाही की आप बीती सुनी गयी। जिसके बाद एमएलसी ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशक को पत्र लिख कर डाक्टर अनुज सरकारी की संपत्ति की जांच की मांग की है।

भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रर्वतन निदेशालय, नई दिल्ली को पत्र लिख कर बताया है की डा. अनुज सरकारी द्वारा उत्तर प्रदेश के कैंट इलाके के छात्रसंघ के पास निजी गैस्ट्रो लीवर हास्पीटल, का संचालन किया जा रहा है, जहाँ मरीजों से मनमानी परमार्श एवं जांच फीस ली जा रही है। प्रतिदिन लाखों रूपए की आमदनी होती है। वर्तमान समय में डा. सरकारी एवं उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम पर करीब 200 करोड की अचल सम्पत्तिया है। इतनी बडी संपत्ति केवल टैक्स चोरी से ही एकत्र करना सम्भव है। गंभीरता से इनकी परिसम्पत्तियों की जाँच की जाए जिससे काली कमाई उजागर हो सकती है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशक से अनुरोध करते हुए लिखा है कि डा. अनुज सरकारी एवं उनके पारिवारिक सदस्यों की अवैध ढंग से एकत्र की गयी चल एवं अचल सम्पत्ति की जाँच कराने से कई राज सामने आएगा।

## डॉक्टर पर केस दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं ने सीजीएम के यहां डाली है अर्जी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सिपाही प्रकरण में डक्टर पर केस दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं ने बुधवार को कोर्ट में बीएनएस 175 (3) के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम) के यहां प्रार्थना पत्र डाला है। इसमें सुनवाई 15 अक्तूबर को होनी है। इसको लेकर कोर्ट ने कैंट थाने से केस की रिपोर्ट मांगी थी। जिसे कैंट पुलिस तैयार कर रही है। सुनवाई वाले दिन पुलिस कोर्ट के सामने रिपोर्ट पेश करेगी। इसके बाद केस में आगे क्या होना है यह कोर्ट फैसला करेगी। सोशल मीडिया से लगाए हर जगह डाक्टर के खिलाफ लोग लामबंद हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने दिल्ली प्रवर्तन निदेशालय निदेशक के नाम पत्र लिखकर डक्टर अनुज सरकारी और उनके परिवार के संपत्ति की जांच ईडी से कराने की मांग की। तीन अक्तूबर को बलिया का निलंबित सिपाही पंकज कुमार पत्नी की रिपोर्ट दिखाने डा. अनुज सरकारी के पास आया था। इस दौरान अल्ट्रसाउंड की फीस को लेकर धक्का मुक्की हुई। इसके बाद हस्पिटल कर्मचारियों ने सिपाही को पीट दिया। अगले दिन चार अक्तूबर को सिपाही फिर आया। उसने डाक्टर अनुज सरकारी के चेंबर में घुसकर हथौड़े से उनके सिर पर हमला कर दिया। इसमें केस दर्ज कर पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद से ही सिपाही को न्याय दिलाने के लिए कई संगठन और आम जनमानस आवाज उठा रहे हैं।

**15 को कोर्ट में होनी है सुनवाई**

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में तीन को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)**। गैर ईरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाीश प्रवीण कुमार सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल डुमरी नम्बर 1 टोला नरायन निवासी अभियुक्त रामानंद, रामेकर व नौमीनाथ को



दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को छः माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अविक्ता शरदेंदु प्रताप नारायण सिंह का कहना था कि वादी संजय गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नम्बर 1 काशी यादव टोला का निवासी है।उसके चाचा मेवालाल की तरकुलही देवस्थान पर केराना व मिष्ठान की दुकान है।18 जुलाई 2008 की शाम करीब 530 बजे बच्चो के विवाद की रंजिश को लेकर अभियुक्तगण वादी के चाचा की दुकान पर चढ़ आए और गाली गुप्ता देने लगे।वादी के चाचा ने गाली देने से मना किया तो अभियुक्तों ने उन्हें लाठी डंडा लात मुक्के से बुरी तरह मारा पीटा तथा दुकान के काउंटर का शीशा तोड़ दिया।गांव वालो की मदद से वादी अपने चाचा को मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मार पीट में आई चोटों के कारण वादी के चाचा की मृत्यु हो गई।

# आधा दर्जन पर धोखाधड़ी और मारपीट का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल सिकरी निवासी महेंद्र चौधरी के वाद पर न्यायालय के आदेश पर स्थानीय पुलिस खोराबार के भैसहा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राधेश्याम , सिकन्दर पुत्र तूफानी , दिलीप कुमार पुत्र राधेश्याम , अशोक कुमार , श्यामनरायन , शुभमनारायण के खिलाफ धारा 419 , 420 , 467 , 468 , 406 , 504 , 506 , 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है ।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कैंपियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपित गाँव के युवक मनोज यादव को कैंपियरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। किशोरी की माँ ने तहरीर दिया था कि आरोपित मनोज यादव बीते सोमवार को गाँव के बाहर शौच करने गई किशोरी को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। वापस आने पर किशोरी ने परिजनों से घटना की जानकारी दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपित मनोज यादव के दुष्कर्म, पास्को एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया था।

# युवक की हत्या करने वाले तीनों हत्यारोपित पकड़े गए

**चिड़ियाघर में बुधवार को चाकू मारकर युवक की हुई थी हत्या**

- पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव बंधे पर रखकर किया प्रदर्शन
- तीन थाने की पुलिस पहुंची, समझा बुझाकर कराया शव का दाह संस्कार

**गोरखपुर(एसएनबी)।** रामगढ़ताल इलाके के चिड़ियाघर के पास 12वीं में पढ़ने वाले राजघाट के बसंतपुर निवासी सावन कुमार (17) की बुधवार शाम चार बजे चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। बृहस्पतिवार को मेडिकल कलेज में पोस्टमार्टम कराने के बाद शाम करीब 3.30 बजे शव बसंतपुर स्थित घर पहुंचा। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए जाते समय परिजन राजघाट बंधे पर ही शव रखकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। करीब 15 मिनट प्रदर्शन चला, इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाकर अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया। राजघाट में पुलिस की मौजूदगी में मृतक का दाह संस्कार कराया गया। इस दौरान हत्या में शामिल मुख्य आरोपी विनय यादव व अरुण निषाद, बीरु निषाद को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में मृतक के पिता रमेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों रामगढ़ गांव के विनय यादव, वीरू निषाद और अरुण निषाद पर हत्या का केस दर्ज किया। घटना के कुछ ही घंटे बाद रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने दो आरोपियों विनय और वीरू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया गया। वहीं बृहस्पतिवार को एक फरार आरोपी अरुण निषाद को भी पुलिस ने रात में गिरफ्तार कर लिया।

**गलत सोहबत में आकर लड़ाई झगड़े में फंस गया सावन:** मृतक सावन के पिता रमेश की घंटाघर के चौधरी गली में सोने चांदी की डिजाइन की दुकान है। उनके चार बच्चे दो बेटे और दो बेटियों में सावन दूसरे नंबर पर था। रमेश ने बताया कि सावन दुकान पर भी हाथ बंटाता था। उसके दोस्त बहुत थे। आए दिन दोस्तबाजी में वह इधर-उधर निकल जाता था। मंगलवार को वह दोस्तों के साथ ही लेहड़ा देवी मंदिर दर्शन करने गया। जहां से बुधवार वापस आया। घर पर प्रसाद रखकर फिर दोस्तों के साथ कहीं निकल गया। पता होता कि बेटा का ये हाल हो जाएगा तो उसे नहीं जाने देता। घर पर सभी उसे बहुत मानते थे। वह डीएवी इंटर कलेज का 12 वीं का छात्र था। इस वर्ष उसे बोर्ड परीक्षा देनी थी। बार-बार उसे समझाता था कि बोर्ड परीक्षा है, अच्छे से तैयारी करो। लेकिन गलत सोहबत में आकर वह घर की बातें अनसुना कर देता था। दोस्तों की बात अधिक सुनता था। उसका कभी कोई झगड़ा नहीं होता था, दोस्तों के झगड़े की वजह से उसका यह हाल हुआ है।

# डा. आनंद पर कोर्ट के आदेश पर केस

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा अंतर्गत ग्राम करमहा बुजुर्ग के रहने वाले जवाहर लाल ने डा. आनन्द अग्रवाल पर आरोप लगाया कि इलाज के दौरान लापरवाही बरतने की वजह से भाई विजय प्रताप की मौत हो गयी थी। पीड़ित ने न्यायिक दण्डाधिकरी कोर्ट नं-1 आवेदन कर डा. आनंद अग्रवाल पर मुकदमा दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग किया था। जिस पर न्यायालय के मुकदमा दर्ज करने के आदेश पर थाना गोरखनाथ पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 दिसंबर 2023 को उसके 25 वर्षीय भाई विजय प्रताप के पेट में को अचानक दर्द शुरू हुआ जिस पर पीड़ित ने अपने भाई विजय प्रताप को इलाज के लिए उसी दिन आनंद लोक रेमेडियल रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड नथमलपुर गोरखनाथ रोड गोरखपुर में भर्ती किया जिसमें डाक्टर द्वारा उसके भाई की बीमारी के बारे में कुछ भी बताया नहीं गया और डाक्टर आनंद अग्रवाल की देखरेख में उसके भाई का दवा इलाज शुरू हुआ। बताए कि डाक्टर आनंद अग्रवाल द्वारा मृतक विजय का कई जांच कराया गया। जांच उपरांत के बाद पीड़ित को बताया गया कि उसके भाई के पेट में कुछ दिक्कत है और इसके लिए तत्काल अपरेशन करना पड़ेगा।

पीड़ित ने बताया कि भाई के आपरेशन के लिए डाक्टर आनंद अग्रवाल ने अपरेशन और दावा का कुल खर्च 55 से 60 हजार रुपए और दो यूनिट रक्त बताया गया। 07 दिसंबर 2023 को डाक्टर आनंद अग्रवाल ने विजय के पेट का अपरेशन किया। डाक्टर की लापरवाही के कारण विजय के शरीर से पूरा एक यूनिट ब्लड बह गया, जिस पर डॉ आनंद ने कहा कि अपरेशन में ऐसा होता रहता है। अपरेशन के बाद भी विजय की हालत बिगड़ने पर उसे आईसीयू में भर्ती कर दिया गया और इलाज के नाम पर डाक्टर द्वारा मोटी रकम वसूल की गई और यह आश्वासन दिया जाता रहा कि आपका भाई जल्द ही ठीक और स्वस्थ हो जाएगा।

14 दिसंबर 2023 को विजय को डिस्चार्ज कर दिया गया और 5 दिन बाद टांका कटवाने के लिए बुलाया गया था लेकिन उसी रात में विजय तबीयत काफी खराब हो गयी और 15 दिसंबर को फिर उसे भर्ती कराया गया जिस पर डाक्टर अग्रवाल द्वारा विजय की जांच कराए जाने के बाद 16 दिसंबर को विजय के पेट का दुबारा अपरेशन करने की बात कही गई। जिसके लिए तत्काल 60 हजार रूपये और दो यूनिट ब्लड की व्यवस्था करने को कहा गया। पीड़ित ने तत्काल 60 हजार रुपये और दो यूनिट ब्लड की व्यवस्था करके जमा करवा दिया। आनंद द्वारा दोबारा अपरेशन के बाद भी विजय के हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और दिन व दिन डाक्टर द्वारा तबीयत जल्द ही ठीक हो जाएगी का आश्वासन दे करके काफी धन उगाही करते हुए अपने अस्पताल में भर्ती रखे रहा गया। पीड़ित का आरोप है कि डाक्टर आनंद अग्रवाल द्वारा विजय के इलाज में घोर लापरवाही की गई जिससे इलाज के दौरान ही उसके के पेट में सड़न पैदा हो गई और मवाद बनने लगा। डाक्टर आनंद अग्रवाल और उनके अस्पताल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 28 दिसंबर 2023 को इलाज के दौरान विजय की मृत्यु हो गई।

**एक ही बीमारी का दो बार आपरेशन के बावजूद मरीज की नहीं बची जान**

# डॉक्टरों को अब किस खौफ में चाहिए बाउंसरों का घेरा?

■ दिलीप सिंह/एसएनबी।

गोरखपुर।

डेढ़ दशक पहले बड़े अपराधियों और रंगदारी मांगने वालों के टारगेट पर व्यापारियों से ज्यादा डाक्टर होते थे। अपराधियों द्वारा कई डाक्टरों का अपहरण करके उनसे रंगदारी भी वसूली जा चुकी है। धमकी मिलना तो उस समय आम बात थी। मरीज और एमआर बनकर उनके चैंबर तक में शातिर जा पहुंचते थे। ऐसे में धरती के भगवानों में अपनी सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा गार्ड और बाउंसर रखने का चलन बढ़ता गया। आज शहर में ही आधा दर्जन से अधिक डाक्टर ऐसे हैं जिन्होंने दो-चार नहीं कई बाउंसर रखे है।

समय बदला, कानून का राज स्थापित हुआ। प्रदेश की तरह ही शहर में भी ऐसे सभी खौफ का खात्मा हुआ। आज रंगदारी वसूल करने वालों को पुलिस ने ऊपर पहुंचा दिया या फिर ऐसे शातिर बाहर का रास्ता नाप लिये। फिलहाल डा. अनुज सरकारी के अस्पताल में पिछले दिनों मरीज के पति संग बाउंसरों की बर्बरता ने जनप्रतिनिधियों,अधिवक्ताओं,विभिन्न संगठनों के अलावे आम जन को भी आंदोलित कर दिया । इस घटना ने एक नया बहस छेड़ दिया है कि आखिर धरती के इस भगवान

*यह आम सवाल हैं कि बदले हालात में बाउंसर शौक है, डर हैं या धन दोहन के लिए मजबूर मरीज को डराने का माध्यम ? आज के भगवान को बाउंसर क्यों रखना पड़ रहा है ? क्या मरीजों में खौफ बनाने के लिए ऐसा किया जा रहा है कि वह कुछ न बोले, कुछ न पूछे। अपनी गरीबी का हवाला भी न दे।*

को अब किसका और कैसा डर है ? डाक्टर के साथ बाउंसर शब्द युग्म ही लोगों को खटक रहा है। लोग यह जानना चाहते हैं कि जो मरीज इतना निरीह है कि वह अपने या स्वजन के बारे में पर्याप्त फीस देने के बावजूद रोग और दवा के बारे में जारूरी जानकारी भी नहीं पूछ पाता है और पूछने की किसी तरह हिम्मत जुटा लिया तो ये भगवान भड़क जाते हैं । 'भगवान' का तेवर इस 'भक्त' के प्रति ऐसा हो जाता है कि थानों में भी शायद उसको इतना खौफजदा नहीं होना पड़े।



अब बदले परिदृश्य में डाक्टर-बाउंसर संबंध को लेकर समाज में सवाल दर सवाल हैं। शहर के कुछ बुद्धिजीवी मानते हैं कि डाक्टर के साथ बाउंसर शब्द ही मिसफिट है, अटपटा है। यह आम सवाल है कि बदले हालात में बाउंसर शौक है, डर हैं या धन दोहन के लिए मजबूर मरीज को डराने का माध्यम ? भगवान को बाउंसर क्यों रखना पड़ रहा है ? क्या मरीजों में खौफ बनाने के लिए ऐसा किया जा रहा है कि वह कुछ न बोले, कुछ न पूछे। अपनी गरीबी का हवाला भी न दे। होता रहे शोषण और मौन निरूपाय सहता रहे मरीज। विदेश में अपनी सेवा दे रहे एक नामचीन डाक्टर की माने तो यह सब अनर्थ सिर्फ अंतहीन लालच के कारण हो रहा है। प्राइवेट मेडिकल कालेज में मोटी फीस देकर पढ़ने वालों की किसी तरह पैसा कमाना प्रवृति बन गई है। मेडिसिन को धंधा बना दिया गया है। जानकार लोगों का कहना है कि अगर डाक्टरों को इतना ही खतरा है तो सरकारी सुरक्षाकर्मी भी वे रख सकते हैं लेकिन सवाल यह उठता है कि वह तो मरीज से मारपीट नहीं करेगा, सिर्फ सुरक्षा प्रदान करेगा। बाउंसर तो अपने मालिक के इशारे पर हद पार करने में भी नहीं हिचक रहे। जवाबदेही भी शून्य है। शायद यही कारण है कि डाक्टरों में सरकारी सुरक्षा के बजाय बाउंसर रखने का कल्चर विकसित हो गया।

## जालसाजी कर भूमि अपने नाम कराने वाला गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर :** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी कर दूसरे की भूमि अपने नाम कराने वाले आरोपित को कैंट थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि राजघाट के शेषपुर में रहने वाले मिर्जा अली अब्बास ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर सात फरवरी, 2023 को उनके हिस्से की भूमि कूटरचित दस्तावेज तैयार करके आगा मोहम्मद हसनैन ने दूसरे को बैनामा कर दिया। न्यायालय के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने इस मामले में आगा मोहम्मद हसैनन, सेवल कुमार, नीरज व अनुल कुमार शर्मा के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को कैंट थाना पुलिस ने आगा मोहम्मद हसनैन को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

## एडीजी ने कमिश्नर के साथ देखी पूजा पंडालों की सुरक्षा



घंटाघर से राजघाट पुरानी चुंगी तक पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, साथ में डीआइजी व अन्य पुलिस अधिकारी● जागरण

जासं.गोरखपुर: दुर्गा पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को सुबह से लेकर देर रात तक अधिकारी मुस्तैद रहे।एडीजी जोन डा. केएस प्रताप कुमार ने रात को कमिश्नर अनिल ढींगरा व डीआइजी आनंद कुलकर्णी के साथ शहर में पैदल गश्त करने के साथ ही दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था देखी।

रात आठ बजे एडीजी फोर्स के साथ पांडेयहाता पहुंचे। कमिश्नर व डीआइजी के साथ उन्होंने घंटाघर, बसंतपुर के साथ ही रेती चौक तक पैदल गश्त करने के साथ ही पूजा समिति के पदाधिकारी व मेला देखने आए श्रद्धालुओं से बातचीत की। समिति के पदाधिकारियों से अधिकारियों ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। इस दौरान एसपी सिटी अभिनव त्यागी, सीओ कोतवाली ओंकार दत्त, थानाध्यक्ष राजघाट इत्यानंद पांडेय मौजूद रहे।

## सिर्फ जीएसटी नंबर से संचालित हो रहा था अनमोल होटल

- पुलिस की जांच में होटल संचालन से संबंधित नहीं मिले अभिलेख
- सीओ ने एसडीएम को सौंपी जांच रिपोर्ट में किया है इसका उल्लेख

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के फुटहवा इनार में अनमोल होटल केवल जीएसटी नंबर से संचालित हो रहा था। सीओ ने इसका उल्लेख करते हुए अपनी जांच रिपोर्ट एसडीएम को दी है। एसडीएम कार्रवाई के लिए डीएम को अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके बाद होटल संचालक पर कार्रवाई हो सकती है।

बुधवार को एक व्यक्ति ने अनमोल होटल में अपनी पत्नी के किसी और के साथ होने की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद यहां जुटी भीड़ की मांग पर पहुंची पुलिस ने होटल से पांच जोड़ों को पकड़ा था। हालांकि शिकायत करने वाले व्यक्ति की पत्नी इस होटल में नहीं मिली। पुलिस ने होटल संचालक संतोष कुमार यादव का शांतिभंग में चालान किया। सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह ने अनमोल होटल की जांच की तो पता चला कि इसका केवल जीएसटी नंबर है। संचालन के लिए अन्य जरूरी कागजात होटल संचालक के पास नहीं है।

> संचालक से होटल संचालन से संबंधित कागजात मांगा तो वह नहीं दिखा सका। उसने केवल जीएसटी नंबर दिखाया है। रिपोर्ट बनाकर कार्रवाई के लिए एसडीएम को भेजी गई है।
>
> अनुराग सिंह, सीओ चौरी चौरा

> सीओ की जांच रिपोर्ट मिली है। इसमें होटल संचालन से संबंधित कागजात नहीं होने का उल्लेख है। होटल संचालक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहां से आदेश मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – प्रशांत वर्मा, एसडीएम चौरी चौरा

# पुलिस ने शुरू की जांच, डाक्टर का बयान दर्ज

- सिपाही की ओर से केस दर्ज कराने को अधिवक्ताओं ने सीजेएम कोर्ट में दी है अर्जी
- भाजपा एमएलसी ने ईडी से डाक्टर की संपत्ति की जांच कराने को लिखा पत्र

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : डाक्टर की पिटाई के आरोप में जेल गए सिपाही की ओर से मुकदमा दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं ने सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) कोर्ट में अर्जी दी है। 15 अक्टूबर को इस प्रकरण में सुनवाई होगी। वहीं डाक्टर की पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे की कैंट थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बुधवार को विवेचक ने गैस्ट्रो लीवर हास्पिटल पहुंचकर डा. अनुज सरकारी व कर्मचारियों का बयान दर्ज किया।

डा. माधवी सरकारी की तहरीर पर दर्ज हुए मुकदमे में जेल भेजे गए संतकबीरनगर जिले के मंझरिया गंगा गांव में रहने वाले निलंबित सिपाही पंकज कुमार के अलावा दो अन्य वर्दीधारी का भी नाम है। इस मुकदमे की विवेचना पैडलेगंज चौकी प्रभारी को मिली है।

मंगलवार को वह घटनास्थल का मुआयना करने के साथ ही बयान लेने के लिए हास्पिटल पर गए लेकिन डा. अनुज की तबीयत ठीक न होने की वजह से लौट गए।

बुधवार को हास्पिटल में पहुंचे चौकी प्रभारी ने डा. अनुज सरकारी के साथ ही तीन व चार अक्टूबर को हुई घटना के समय हास्पिटल में मौजूद कर्मचारियों का बयान दर्ज किया। वहीं सिपाही के समर्थन में आए भारतीय जनता पार्टी एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने दिल्ली प्रवर्तन निदेशालय निदेशक के नाम पत्र लिखकर डा. अनुज सरकारी और उनके परिवार के संपत्ति की जांच ईडी से कराने की मांग की।

पत्र में लिखा है कि डॉक्टर ने गैस्ट्रो लीवर हास्पिटल का संचालन कर मरीजों से मनमानी फीस ली जा रही है। सरकारी व उनके परिवारिक सदस्यों के नाम 200 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति है।

## यह है मामला

तीन अक्टूबर को निलंबित सिपाही पंकज कुमार अपनी पत्नी अदिती को दिखाने के लिए छात्रसंघ चौराहा स्थित डा. अनुज सरकारी के पास आया था। इस दौरान अल्ट्रासाउंड की फीस को लेकर धक्कामुक्की हुई। इसके बाद हास्पिटल कर्मचारियों ने सिपाही को पीट दिया। अगले दिन चार अक्टूबर को सिपाही फिर आया। उसने डा. अनुज सरकारी के चेंबर में घुसकर हथौड़े से उनके सिर पर हमला कर दिया। इसमें केस दर्ज कर पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन को दस-दस वर्ष कठोर कारावास

**जासं, गोरखपुर :** गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल डुमरी नंबर एक टोला नरायन निवासी अभियुक्त नौमीनाथ, रामानंद व रामकेर को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शरदेंदु प्रताप नारायण सिंह ने वादी का पक्ष रखा।

## यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम

## डीएम व एसएसपी ने शोभायात्रा मार्ग पर भ्रमण कर लिया सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा

जासं., गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक शनिवार को निकलने वाली गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री की शोभायात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन नहीं जाएंगे। गुरुवार को डीएम व एसएसपी ने शोभायात्रा मार्ग पर पैदल गश्त करने के साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया।

शोभायात्रा की सुरक्षा-व्यवस्था में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एंटी ड्रोन सिस्टम लगेगा। रास्ते में पड़ने वाले 252 घरों के अंदर व छत पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को सुरक्षा में लगे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों संग बैठक की। त्रिस्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। शोभायात्रा की सुरक्षा में चार एएसपी, 15 सीओ, 19 निरीक्षक, 87 दारोगा, दो कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, एक कंपनी आरएएफ, एटीएस कमांडो व 503 सिपाहियों की ड्यूटी लगी है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर रिहर्सल होगा। एसपी यातायात ने इसको लेकर रूट डायवर्जन जारी किया है।

**252** घरों पर पुलिसकर्मियों की लगी है ड्यूटी

**503** सिपाहियों की ड्यूटी लगी है शोभायात्रा की सुरक्षा में



गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा के मार्ग पर भ्रमण कर जायजा लेते डीएम व एसएसपी • सौ. पुलिस मीडिया सेल

**रिहर्सल व शोभायात्रा के दौरान मंदिर की ओर नहीं जाएंगे वाहन :** विजयादशमी के दिन गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक निकलने वाली शोभायात्रा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है। शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे होने वाले रिहर्सल के दौरान भी मंदिर की तरफ कोई वाहन नहीं जाएंगे। एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### इधर से जाएंगे वाहन

- धर्मशाला बाजार से मंदिर की तरफ कोई वाहन नही जाएंगे। बरगदवा की तरफ जाने वाले वाहन तरंग चौक, सूर्यकुंड ओवरब्रिज से कौड़ियहवा के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- जेपी हास्पिटल से गोरखनाथ मंदिर की तरफ कोई भी वाहन नहीं जाएंगे।
- इंडस्ट्रियल एरिया से वाहन रामनगर तिराहा होते हुए नकहा ओवरब्रिज के रास्ते गंतव्य की ओर जाएंगे।
- लेबर तिराहा से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले वाहनों को सूर्यकुंड के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- दुर्गाबाड़ी रेलवे क्रासिंग से झूलेलाल मंदिर की तरफ जाने वाले वाहनों को सूर्यकुंड के रास्ते से भेजा जाएगा।
- सूर्यकुंड से रामलीला मैदान की ओर आने वाले वाहनों को ग्रीन सिटी के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- गोरखनाथ थाने के पीछे से मंदिर की ओर आने वाले वाहनों को हड्हवा फाटक के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- दशहरी बाग से मंदिर की ओर आने वाले वाहनों को कौड़ियहवा मोड़ के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।

# चोरी के सामान के साथ दो चोर गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**जासं, गोरखपुर :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो में बुधवार की रात एक घर से पंखा, टुल्लू पंप, म्यूजिक सिस्टम, मोबाइल फोन, नकदी समेत गहने चोरी हो गए। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी कि गुरुवार की दोपहर दो लोगों को पकड़ लिया। चोरी का सामान बरामद करते हुए दोनों को कोर्ट में पेश किया। यहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। हरसेवकपुर नंबर दो की रहने वाली बबिता देवी ने बताया कि बुधवार की सुबह चार बजे जगी तो पता चला कि घर का दरवाजा खुला है। आलमारी तोड़कर चोर सारा सामान चुरा लिए हैं। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। गुरुवार की दोपहर क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी निवासी करण कुमार व पिपराइच थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी अशोक कुमार को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

# आनंदलोक हास्पिटल में मरीज की मृत्यु के मामले में डाक्टर पर केस

## 28 दिसंबर, 2023 को हुई थी घटना, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : आनंदलोक हास्पिटल में युवक की मृत्यु होने के मामले में कोर्ट के आदेश पर गोरखनाथ थाना पुलिस ने डा. आनंद व हास्पिटल के कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज किया है। गुलरिहा क्षेत्र के रहने वाले युवक की 10 माह पहले मृत्यु हुई थी। परिवार के लोगों ने इस मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। गोरखनाथ थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**पीड़ित परिवार का आरोप, मृत्यु के बाद 50 हजार वसूलकर दिया था शव, गोरखनाथ थाना पुलिस कर रही है मामले की जांच**

गुलरिहा थाना क्षेत्र के खुटहन खास गांव में रहने वाले जवाहर लाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके भाई विजय प्रताप के पेट में तीन दिसंबर, 2023 को दर्द शुरू हुआ। उपचार के लिए गोरखनाथ स्थित आनंदलोक हास्पिटल में ले गए जहां डा. आनंद अग्रवाल की देखरेख में उपचार शुरू हुआ। सात दिसंबर, 2023 को विजय का आपरेशन हुआ। एक सप्ताह बाद उसे घर भेज दिया गया। दोबारा तबीयत खराब होने पर 15 दिसंबर को फिर से अस्पताल में फिर भर्ती कराना पड़ा।

डाक्टर ने 16 दिसंबर को फिर से आपरेशन किया लेकिन विजय की स्थिति खराब होने लगी। डा. आनंद अग्रवाल और हास्पिटल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 28 दिसंबर, 2023 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। गोरखनाथ थाने में शिकायत की, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

---

200 वर्ष से अधिक पुराने बाजार में हर दिन आती है **हजारों की भीड़,** नहीं है पानी की व्यवस्था, एक यूरिनल है उसमें भी गंदगी

# सकरी गलियां, सड़क पर स्टैंड, जाम से कराहता घंटाघर बाजार



घंटाघर में बीच सड़क में पार्क गाड़ियां • जागरण



पांडेयहाता में लगा जाम • जागरण

जितेन्द्र पाण्डेय • जागरण

**सुंदर स्वच्छ बाजार**
**जागरण अभियान**

गोरखपुर : शहर के सबसे पुराने बाजारों में शामिल घंटाघर बाजार का इतिहास 200 वर्ष से पहले का है। समय-समय पर इस बाजार ने करवट बदला और अपने आपको समृद्ध किया। लेकिन इसकी गलियां आज भी सकरी हैं। हर दिन यहां आने वाली हजारों की भीड़ से बाजार दिनभर कराहता है। दुकानदारों ने दुकान के सामने तो, यहां आने वाले सड़क के बीच में गाड़ी खड़ी कर देते हैं। लोगों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। एक किमी में फैले इस बाजार में एक यूरिनल है। वह भी गंदगी से पटा है।

घंटाघर बाजार के चारों तरफ उर्दू बाजार, पांडेय हाता, शहमारुफ, रेतीचौक बजार भी है। बाजार में जाम न लगे इसके लिए प्रशासन ने रेती चौक मार्ग पर बैरकेडिंग लगा दिया है। इससे उस मार्ग से दो पहिया को छोड़ अन्य कोई वाहन नहीं आते हैं। लेकिन नार्मल, रायगंज, माया बाजार वाले मार्ग पर सख्ती और बैरकेडिंग नहीं होने से सकरी गलियों में तीन पहिया व चार पहिया वाहन लेकर लोग पहुंच जाते हैं। जिससे पूरा बाजार चोक हो जाता है।

सैकड़ों वर्ष से अपनी दुकान सजाए दुकानदारों का कहना है कि अगर बाजार में तीन व चार पहिया वाहनों का आना बंद हो जाए तो जाम की समस्या कुछ हद तक कम हो जाएगी। इसके अलावा नगर निगम को यूरकनल और पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी करनी चाहिए।



100 वर्ष से उनकी दुकान है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से अगर एक बार या तीन पहिया वाहन बाजार में आ गया तो घंटों जाम लग जाता है। प्रशासन को बाजार से बाहर पार्किंग की व्यवस्था कर वाहनों को रोक देना चाहिए।

उमेर आलम, दुकानदार



100 वर्ष पहले से मेरी दुकान है। पहले से ज्यादा भीड़ इस बाजार में आती है। लेकिन व्यवस्था पहले जैसे ही है। सड़क पर ही लोग अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम लग जाता है। नाले व नालियों की सफाई नहीं होने से वर्षा में जलभराव हो जाता है।

प्रखर अग्रवाल, दुकानदार



पुलिस चौकी के पीछे नल था लेकिन प्रशासन ने हटवा दिया। वाटर सप्लाई का एक पाइप लगा है लेकिन टोटी नहीं है। दुकानदार मिलकर लगवाते हैं तो उसमें पानी ही नहीं आता। पूरे बाजार में एक यूरिनल है, वह भी पुरुषों के लिए। जबकि बाजार में महिलाएं भी आती हैं।

आशीष कुमार पटवा, दुकानदार



178 वर्ष पहले दादा ने दुकान खोली थी। इस समय चौथी पुस्त दुकान पर बैठ रही है। सुबह आठ बजे के बाद प्रशासन को रेती चौक मार्ग की तरह ई-रिक्शा, आटो और चार पहिया वाहन को बाजार में आने से रोक देना चाहिए। जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

मनीष पटवा, दुकानदार।

# हे राम! ये डॉक्टर हैं

डॉक्टर्स को धरती का भगवान कहा जाता है. इसका कारण भी है. ये पेशेंट की जान बचाने के लिए अपनी जान लगा देते हैं, लेकिन इधर कुछ दिनों में हुई दो घटनाओं ने धरती के भगवान की छवि को धूमिल किया है. एक डॉक्टर ने एक ही मरीज का दो बार पेट चीरा और उसकी जान चली गई. इसके बाद उसने दो दिन तक परिजनों को शव तक नहीं दिया, जब उन्होंने हॉस्पिटल का 50 हजार का बिल भर

**UPDATE** दिया. मामले में कोर्ट के आदेश पर घटना के दस माह बाद कोर्ट के आदेश पर डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया गया. दूसरी घटना में डॉक्टर के कर्मचारियों ने पेशेंट के साथ आए पुलिसकर्मी को अचानक पीट दिया, फिर उस पर डॉक्टर पर हमला करने के आरोप में जेल भेज दिया गया. पुलिसकर्मी की पत्नी सामने आई तो पता चला कि गलती डॉक्टर्स के पक्ष से हुई थी, अब पुलिसकर्मी के पक्ष में सिटी के कई स्वयंसेवी संगठनों के साथ ही अधिवक्ता भी सक्रिय हो गए हैं. इसके बावजूद पुलिस केस नहीं दर्ज कर रही है और अधिवक्ता कोर्ट के माध्यम से केस दर्ज कराने तथा सिपाही को जमानत दिलाने के प्रयास में जुटे हैं.

## आनंदलोक हॉस्पिटल के डॉ. आनंद अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज

GORAKHPUR (10 Oct):गोरखनाथ एरिया के आनंदलोक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 10 माह पहले गुलरिहा के रहने वाले विजय प्रताप (25) की मौत हो गई. मृतक के बड़े भाई जवाहर लाल ने डॉक्टर आनंद अग्रवाल के खिलाफ कोर्ट से केस दर्ज कराया है. आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से उनके छोटे भाई की मौत हुई है. मौत के बाद शव को अस्पताल में तब तक बंधक रखा गया, जब तक अस्पताल प्रशासन ने 50 हजार रुपये नहीं वसूल लिए. कोर्ट के आदेश पर गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है. गुलरिहा थाना क्षेत्र के खुटहन खास निवासी जवाहर लाल ने 156 (3) के तहत कोर्ट में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके भाई विजय प्रताप के पेट में




तीन दिसंबर 2023 को अचानक दर्द शुरू हुआ. इलाज के लिए गोरखनाथ स्थित आनंद लोक हास्पिटल में भर्ती कराया. डॉक्टर आनंद अग्रवाल की देखरेख में इलाज शुरू हुआ. डॉक्टर ने कई जांच कराए, जांच के बाद भाई के पेट में दिक्कत बताते हुए तत्काल ऑपरेशन की बात कही. दवा इलाज का खर्च बताने के साथ सात दिसंबर 2023 को ऑपरेशन किया. 14 दिसंबर 2023 उनके को यह कहकर डिस्चार्ज कर दिया कि आपका भाई ठीक हो जाएगा, पांच दिन बाद टांका कटवा लीजिएगा.

### फिर बिगड़ी तबीयत

घर आने पर रात में ही फिर तबीयत खराब हो गई. 15 दिसंबर को अस्पताल में फिर भर्ती कराया गया. डॉक्टर आनंद अग्रवाल ने एक बार फिर जांच कराई और 16 दिसंबर 2023 को बताया कि पेट का दोबारा ऑपरेशन करना पड़ेगा. दोबारा ऑपरेशन के बाद भाई के पेट में सड़न हो गई और मवाद बनने लगा. जवाहर लाल का आरोप है कि डॉ. आनंद अग्रवाल और उनके अस्पताल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 28 दिसम्बर 2023 को इलाज के दौरान उनके भाई की मौत हो गई.

### थाने में केस दर्ज नहीं

मौत के बाद भी दवा इलाज और अस्पताल खर्च के नाम पर पचास हजार रुपये वसूले गए, इसके बाद शव मिला. जवाहर ने बताया कि उसने अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ गोरखनाथ थाने में शिकायत की लेकिन केस नहीं दर्ज हुआ तो कोर्ट का सहारा लिया. कोर्ट के आदेश पर गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है.

# एक दिन पहले पीटा, दूसरे दिन भिजवा दिया जेल

GORAKHPUR (10 Oct):छात्रसंघ चौक स्थित हॉस्पिटल में गुरुवार को अल्ट्रासाउंड जांच शुल्क के विवाद में सिपाही को अस्पताल के स्टाफ ने उसकी पत्नी और बच्चों के सामने पीटा था. उसी गुस्से में शुक्रवार को डॉ. अनुज सकारी के चेंबर में घुसकर सस्पेंड सिपाही पंकज कुमार ने उनके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया. उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया. उधर कर्मचारियों ने सिपाही की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया. थाने में सिपाही के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया.



### ये था मामला

तीन अक्टूबर को बलिया का सस्पेंड सिपाही पंकज कुमार पत्नी की रिपोर्ट दिखाने डॉ. अनुज सरकारी के पास आया था. इस दौरान अल्ट्रसाउंड की फीस को लेकर धका-मुकी हुई. हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने सिपाही को उसकी पत्नी के सामने ही पीट दिया. इससे वह काफी हर्ट हुआ. अगले दिन चार अक्तूबर को सिपाही फिर हॉस्पिटल आया. उसने डॉक्टर अनुज सरकारी के चेंबर में घुसकर हथौड़े से उनके सिर पर हमला कर दिया. इसमें केस दर्ज कर पुलिस ने सिपाही को अरेस्ट कर जेल भेज दिया. इसके बाद से ही सिपाही को न्याय दिलाने के लिए कई संगठन और आम जनमानस आवाज उठा रहे हैं. क्लीनिक पर विवाद के बाद पत्नी के सामने पिटाई से आहत होकर सिपाही कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन थाने पर समझा-बुझाकर समझौता करा दिया गया. डॉक्टर पक्ष का कहना था कि सिपाही ने ही विवाद किया और डॉ. अनुज सरकारी को धक्का दिया था. सिपाही ने डॉक्टर और उसके कर्मचारियों पर पिटाई का आरोप लगाया था.

### सिपाही के पक्ष में संगठन

डॉक्टर अनुज सरकारी पर हमले के मामले में आरोपी सिपाही के पक्ष में स्वयं सेवी संगठन और अधिवक्ता खड़े हो गए हैं. उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले में डॉ. अनुज सरकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

### ईडी से जांच की मांग

सोशल मीडिया से लगाकर हर जगह डॉक्टर के खिलाफ लोग लामबंद हो रहे है. गुरुवार को भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने दिल्ली प्रवर्तन निदेशालय निदेशक के नाम पत्र लिखकर डॉक्टर अनुज सरकारी और उनके परिवार की संपत्ति की जांच ईडी से कराने की मांग की है. पत्र में लिखा है कि डॉक्टर गैस्ट्रो लीवर हॉस्पिटल का संचालन कर मरीजों से मनमानी फीस ले रहे है. सरकारी एवं उनके परिवार के सदस्यों के नाम 200 करोड़ से अधिक की अचल संपत्तियां है. इतनी संपत्ति टैक्स चोरी करके ही संभव है.



# गैर इरादतन हत्या में तीन को दस साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर कोर्ट ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल डुमरी नम्बर एक टोला नरायन निवासी अभियुक्त रामानंद, रामेकर व नौमीनाथ को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।

# सुरक्षा के सख्त इंतजाम, रिहर्सल आज

**डीएम व एसएसपी ने शोभायात्रा मार्ग पर गश्त कर लिया सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा**



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (10 Oct):** गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक शनिवार को निकलने वाली गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री की शोभायात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं. जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं. शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन नहीं जाएंगे. गुरुवार को डीएम व एसएसपी ने शोभायात्रा मार्ग पर पैदल गश्त करने के साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया.

## छतों पर होंगे पुलिसकर्मी

शोभायात्रा की सुरक्षा-व्यवस्था में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एंटी ड्रोन सिस्टम लगेगा. रास्ते में पड़ने वाले 252 घरों के अंदर व छत पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है. जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को सुरक्षा में लगे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों संग बैठक की. त्रिस्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए. शोभायात्रा की सुरक्षा में चार एएसपी, 15 सीओ, 19 निरीक्षक, 87 दारोगा, दो कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, एक कंपनी आरएएफ, एटीएस कमांडो व 503 सिपाहियों की ड्यूटी लगी है. एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर रिहर्सल होगा. एसपी यातायात ने इसको लेकर रूट डायवर्जन जारी किया है.

## नहीं जाएंगे वाहन

विजयादशमी के दिन गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक निकलने वाली शोभायात्रा में उमड़ने वाली भीड़



को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है. शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे होने वाले रिहर्सल के दौरान भी गोरखनाथ मंदिर की तरफ कोई वाहन नहीं जाएंगे. एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा.

### ऐसी रहेगी व्यवस्था

- धर्मशाला बाजार से मंदिर की तरफ कोई वाहन नही जाएंगे. बरगदवा की तरफ जाने वाले वाहनों को तरंग चौक, दुर्गाबाड़ी, सूर्यकुंड ओवरब्रिज होते हुए मंदिर के पीछे से कौड़ियहवा के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.
- जेपी हास्पिटल से गोरखनाथ मंदिर की तरफ कोई भी वाहन नही जाएंगे. इन वाहनों को दुर्गाबाड़ी के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.
- इंडस्ट्रियल एरिया से किसी भी वाहन को गोरखनाथ मंदिर की ओर नही आने दिया जाएगा. ये वाहन रामनगर तिराहा होते हुए नकहा ओवरब्रिज के रास्ते गंतव्य की ओर जाएंगे.
- लेबर तिराहा से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले वाहनों को सूर्यकुंड के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.
- दुर्गाबाड़ी रेलवे क्रासिंग से झूलेलाल मंदिर की तरफ जाने वाले वाहनों को सूर्यकुंड के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.



- सूर्यकुंड से रामलीला मैदान की ओर आने वाले वाहनों को ग्रीन सिटी के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.
- गोरखनाथ थाने के पीछे से मंदिर की ओर आने वाले वाहनों को हड़हवा फाटक के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.
- दशहरी बाग की तरफ से मंदिर की ओर आने वाले वाहनों को कौड़ियहवा मोड़ के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा.

**सिपाही की पिटाई मामले में डॉक्टर पर केस को लेकर 15 को सुनवाई, कोर्ट ने कैंट पुलिस से मांगी है रिपोर्ट**

# डॉक्टर व स्टाफ का दर्ज किया गया बयान

**डॉक्टर-सिपाही विवाद**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टर पर हमला और सिपाही पंकज की पिटाई के मामले में कैंट पुलिस ने गुरुवार को डॉक्टर अनुज सरकारी व उनके स्टाफ का बयान दर्ज किया। पहले दिन की घटना से लेकर दूसरे दिन हमले तक के बारे में सिलसिलेवार जानकारी हासिल करने के साथ ही वीडियो फुटेज के हिसाब से भी बात की।

वहीं नहीं कुछ फुटेज में सिपाही को कुछ लोग पीटते हुए दिख रहे हैं पुलिसवालों ने उनके बारे में भी पूछा। यह जानने का प्रयास किया कि यह लोग कौन हैं और क्या करते हैं। डॉक्टर ने अपने साथ हुई घटना का पूरा विवरण दिया। माना जा रहा है कि इस बयान के साथ ही सिपाही पक्ष के आरोप की जांच के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

बता दें, सिपाही की पिटाई के मामले में डॉक्टर पर केस दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं ने बुधवार को कोर्ट में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां प्रार्थना पत्र डाला है। इसमें सुनवाई 15 अक्तूबर को होनी है। इसको लेकर कोर्ट ने कैंट थाने से केस की रिपोर्ट मांगी थी। कैंट पुलिस सुनवाई वाले दिन पुलिस कोर्ट के सामने रिपोर्ट पेश करेगी।



डॉ. अनुज सरकारी।



सिपाही पंकज कुमार।

## ईडी को लिखा पत्र, डॉक्टर की संपत्ति की जांच की मांग

गोरखपुर। डॉ. अनुज सरकारी और सिपाही पंकज कुमार के बीच विवाद मामले में भाजपा एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को पत्र लिखा है। एमएलसी ने डॉक्टर के पास 200 करोड़ की चल-अचल संपत्ति होने का दावा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। एमएलसी ने ईडी को लिखे पत्र में कहा है कि गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी के निजी अस्पताल में परामर्श और जांच के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला जाता है। एमएलसी का आरोप है कि वर्तमान समय में डॉ. सरकारी एवं उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम लगभग 200 करोड़ की चल-अचल सम्पत्ति है। इतनी बड़ी संपत्ति बिना टैक्स चोरी के संभव नहीं है।

## कर्मचारी परिषद की मांग-डॉक्टरों की मनमानी पर रोक लगे

गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन कार्यालय पर गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव और संचालन मंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने किया। बैठक में डॉक्टर सरकारी के अस्पताल में हुए विवाद मामले की वर्चा करते हुए कर्मचारी नेताओं ने डॉक्टरों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग मुख्यमंत्री से की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि रसूख एवं दबाव के बल पर सिपाही पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में डॉक्टर और उनके बाउंसर के खिलाफ भी केस दर्ज किया जाए। इंजीनियर रामसमुझ, राजेश सिंह, पंडित श्याम नारायण शुक्ला, अशोक पांडे ,अनूप श्रीवास्तव, इजहार अली, राजेश मिश्रा, विजय मिश्रा, हरे राम यादव, अशोक पासवान, फुलाई पासवान, सुधीर श्रीवास्तव, औंकारनाथ राय, बंटी श्रीवास्तव, वरुण बैरागी, जितेंद्र, यशवीर श्रीवास्तव, राधेश्याम ,प्रदीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. अनुज और उनके परिवार के साथ खड़ा है आईएमए

- डॉ. अनुज सरकारी पर हमला करना निंदनीय : डॉ. स्मिता जायसवाल
- बोलीं- घटना की आड़ में कुछ लोग सेंक रहे राजनीतिक रोटियां

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। शहर के गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी पर हुए जानलेवा हमले पर हो रही राजनीति पर आईएमए ने चिंता व्यक्त की है। आईएमए का कहना है कि पूर्वांचल के बेहतरीन डॉक्टरों में शामिल डॉ. अनुज सरकारी और उनके परिजनों को कुछ लोग बेवजह टारगेट कर रहे हैं। इस घटना की आड़ में कुछ लोग राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। यह बेहद खतरनाक है।

आईएमए की अध्यक्ष डॉ. स्मिता जायसवाल ने कहा कि अस्पताल में होने वाले मामूली विवाद में चिकित्सक पर जानलेवा हमला किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। आईएमए डॉ. अनुज सरकारी एवं उनके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। इस मामले में किसी भी तरह की कोई राजनीति न की जाए। कहा कि डॉक्टर अनुज सरकारी की छवि अच्छी है। वह पूर्वांचल के जाने-माने डॉक्टर हैं।

## डॉक्टरों और मरीजों के हित में ठीक नहीं विवाद : डॉ. सुरहीता

गोरखपुर। आईएमए की सदस्य डॉ. सुरहीता करीम ने भी डॉ. अनुज सरकारी के खिलाफ हो रही आलोचना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि पिछले 40 साल से गोरखपुर में मरीजों के प्यार और स्नेह की वजह से ही यहां के बहुत काबिल डॉक्टर कम पैसे और सीमित संसाधन में मरीजों का इलाज रहे हैं। इसके बाद भी इस तरह के विवाद ठीक नहीं है। डॉक्टर एवं मरीजों के बीच एक पारस्परिक प्रेम पूर्वक संवाद ही इसका हल है। इस तरह का विवाद ठीक नहीं है।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कैंपियरगंज। क्षेत्र के एक गांव की छठवीं की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी मनोज यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गांव के एक विद्यालय में छठवीं कक्षा में पढ़ती है। 7 अक्तूबर को रात में छात्रा खेत की ओर गई थी। गांव का 20 वर्षीय मनोज यादव किशोरी से जबरन दुष्कर्म किया।

# शोभायात्रा : मंदिर की ओर नहीं जाएंगे वाहन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विजयादशमी के दिन गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक निकलने वाली शोभायात्रा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है। शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे होने वाले रिहर्सल के दौरान भी गोरखनाथ मंदिर की तरफ कोई वाहन नहीं जाएंगे। एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।



त्योहारों के मद्देनजर गुरुवार की रात एडीजी, कमिश्नर और डीआईजी ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

- धर्मशाला बाजार से मंदिर की तरफ कोई वाहन नहीं जाएंगे। बरगदवा की तरफ जाने वाले वाहनों को तरंग चौक, दुर्गाबाड़ी, सूर्यकुंड ओवरब्रिज होते हुए मंदिर के पीछे से कौड़ियहवा के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- जेपी हास्पिटल से गोरखनाथ मंदिर की तरफ कोई भी वाहन नहीं जाएंगे। इन वाहनों को दुर्गाबाड़ी के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- इंडस्ट्रीयल एरिया से किसी भी वाहन को गोरखनाथ मंदिर की ओर नहीं आने दिया जाएगा। ये वाहन रामनगर तिराहा होते हुए नकहा ओवरब्रिज के रास्ते गंतव्य की ओर जाएंगे।
- लेबर तिराहा से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले वाहनों को सूर्यकुंड के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- दुर्गाबाड़ी रेलवे क्रासिंग से झूलेलाल मंदिर की तरफ जाने वाले वाहनों को सूर्यकुंड के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- सूर्यकुंड से रामलीला मैदान की ओर आने वाले वाहनों को ग्रीन सिटी के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- गोरखनाथ थाने के पीछे से मंदिर की ओर आने वाले वाहनों को हड़हवा फाटक के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- दशहरी बाग की तरफ से मंदिर की ओर आने वाले वाहनों को कौड़ियहवा मोड़ के रास्ते गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।

# जुलूस को लेकर अलर्ट रहें अफसर, सुरक्षा सख्त हो

- सीएम योगी ने त्योहारों को देखते हुए अफसरों संग की बैठक
- विसर्जन मार्ग पर लूज तारों व जर्जर पोल को ठीक करने के निर्देश

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ त्योहारों को देखते हुए गुरुवार को अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा को देखते हुए जुलूस एवं प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण करें और तैयारी की जायजा लेते रहें। कहीं कोई चूक न हो। नदी के किनारे विसर्जन के लिए जोन वाले मार्ग पर फिसलन से बचने के लिए इंटरलाकिंग वाली मजबूत ईंटे लगवाएं।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा एंव सुरक्षा का इंतजाम कराएं। जुलूस एवं विसर्जन मार्ग पर लूज तारों को ठीक करा लें। जर्जर पोल सही किए जाएं। उन्होंने विसर्जन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसपर अफसरों ने सीएम को बताया कि राप्ती नदी का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। कृत्रिम तालाब तैयार हैं। सीएम ने कहा कि तालाब में विसर्जन के लिए मूर्ति ले जाते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि लोग फिसलकर गिरने न पाएं।

उन्होंने कहा कि विसर्जन दौरान घाट के पास कोई व्यक्ति नशे की हालत में न जाने पाए। दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सीएम ने यातायात को भी व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।

# छात्रा पर तेजाब फेंकने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। स्कूल आते-जाते छात्रा से छेड़खानी और विरोध पर तेजाब फेंकने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने केस दर्ज कर बुधवार की रात में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक छात्रा की मां का इंस्टाग्राम आईडी हैक कर उस पर उनकी बेटी का अश्लील फोटो एडिट कर डालता था।

- छात्रा की मां का इंस्टाग्राम आईडी हैक कर अश्लील फोटो डालता था आरोपी

इस संबंध में इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान गोरखनाथ के राजपूत नगर कालोनी निवासी शनी कश्यप है। उसके ऊपर पाक्सो और आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपित शनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 10 माह पूर्व हुई थी मरीज की मौत, डॉक्टर पर केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आनंदलोक हास्पिटल में करीब 10 महीने पहले इलाज के दौरान गुलरिहा के रहने वाले 25 वर्षीय विजय प्रताप की मौत हो गई। इस मामले में उनके भाई जवाहर लाल की शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर गोरखनाथ पुलिस ने डॉ. आनंद अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। जवाहर का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से उनके छोटे भाई की मौत हुई है। मौत के बाद शव को तब तक बंधक रखा गया, जब तक अस्पताल प्रशासन ने 50 हजार रुपये नहीं वसूल लिए।

खुटहन खास निवासी जवाहर लाल ने 156 (3) के तहत कोर्ट में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके भाई विजय प्रताप के पेट में तीन दिसम्बर 2023 को अचानक दर्द शुरू हुआ। इलाज के लिए गोरखनाथ स्थित आनंदलोक हास्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टर आनंद अग्रवाल की देखरेख में इलाज शुरू हुआ। डॉक्टर ने कई जांच कराई, इसके बाद भाई के पेट में दिक्कत बताते हुए तत्काल ऑपरेशन करने की बात कही। दवा इलाज का खर्च बताने के साथ 7 दिसम्बर 2023 को ऑपरेशन किया। 14 दिसम्बर को विजय प्रताप को यह कहकर डिस्चार्ज कर दिया कि अब ठीक हो जाएगा।

घर लाने पर उसी रात में विजय की तबीयत फिर खराब हो गई। 15 दिसम्बर को उसे अस्पताल में फिर भर्ती कराया गया। डॉक्टर आनंद अग्रवाल ने एक बार फिर जांचें कराई और 16 दिसम्बर को बताया कि पेट का दोबारा ऑपरेशन करना पड़ेगा। पीड़ित परिवार ने दोबारा ऑपरेशन कराया, लेकिन विजय ठीक नहीं हुआ। उसके पेट में सड़न पैदा हो गई। जवाहर लाल का आरोप है कि डॉ. अग्रवाल और उनके अस्पताल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 28 दिसम्बर को उनके भाई की मृत्यु हो गई। मौत के बाद भी उन लोगों ने दवा इलाज और अस्पताल खर्च के नाम पर पचास हजार रुपये वसूले, उसके बाद शव मिला।

## लापरवाही के आरोप गलत : डॉ. आनंद

आनंदलोक अस्पताल के निदेशक डॉ. आनंद अग्रवाल ने बताया कि लापरवाही के आरोप गलत है। मरीज की आंत फट गई थी। आंत में सड़न थी। परिजन पहले उसे लेकर बीआरडी पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने भर्ती नहीं किया। जान बचाने को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। पहली सर्जरी सफल रही। मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुआ। घर पहुंचने के कुछ दिन बाद फिर तबीयत बिगड़ गई। जांच में आंतों में फिर इंफेक्शन मिला। अस्पताल में इलाज के बाद काबू में आ गया। मरीज दोबारा घर चला गया। उसके कुछ दिन बाद फिर उसे भर्ती कराया। तीसरी बार में जान नहीं बच सकी।

# विसर्जन वाले रूटों पर सीसी कैमर से होगी निगरानी

गोरखपुर। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन वाले सभी रूटों की ऑनलाइन निगरानी होगी। इसके लिए नगर निगम की ओर से कुल 175 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सभी सीसीटीवी कैमरे इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से जुड़े रहेंगे, जहां नगर निगम के अलावा पुलिस भी मौजूद रहेगी। ऐसे क्षेत्र जहां हिंदू और मुस्लिम वर्ग की मिश्रित आबादी है, वहां खास नजर रखी जाएगी। इसके अलावा ड्रोन से भी मॉनिटरिंग की जाएगी। ब्यूरो

# आज और कल गोरखनाथ से मानसरोवर तक रूट डायवर्ट

## शुक्रवार को शोभायात्रा मार्ग पर पुलिस टीम करेगी रिहर्सल, नहीं जाएंगे वाहन

गोरखपुर। दशहरा के दिन गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक निकलने वाली शोभायात्रा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने गोरखनाथ से मानसरोवर तक रूट डायवर्ट किया है।

शुक्रवार को दोपहर बाद तीन बजे होने वाले रिहर्सल के दौरान भी गोरखनाथ मंदिर की तरफ से वाहन नहीं जाएंगे। एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। संवाद

# चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा। हरसेवकपुर नंबर दो में बुधवार की रात चोर एक घर में घुसकर पंखा, टुल्लू पंप, म्यूजिक सिस्टम, मोबाइल व नकदी समेत गहने चोरी कर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। गुलरिहा पुलिस ने बृहस्पतिवार को दोपहर में हरसेवकपुर नंबर दो निवासी निवासी करण कुमार व पिपराइच क्षेत्र के हरपुर के अशोक कुमार को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ब्यूरो

# चोरी का आरोप, सीओ को दिया शिकायत पत्र

सहजनवां। नगर पंचायत वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज निवासी एक युवती ने पटीदारों पर मकान कब्जा करने और गहने व सामान चुराने का आरोप लगाते हुए सीओ गीडा से शिकायत की है। सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज वार्ड नंबर पांच निवासी दीपिका ने आरोप लगाया है कि 2021 में उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंच कर पैतृक मकान में एक कमरा दिलाया था। संवाद

# जयेश हत्याकांड : पुलिस ने युवती से की पूछताछ...चार को भेजा जेल

गोरखपुर। बेलीपार के चंदौली बुजुर्ग निवासी जयेश निषाद (25) की हत्या के बाद पुलिस ने उसकी प्रेमिका को भी ढूंढ निकाला। बृहस्पतिवार को महिला पुलिस ने घटना के संबंध में प्रेमिका से सवाल जवाब कर उसका बयान नोट किया। नारी केंद्र में पुलिस की निगरानी में उसे रखा गया है।

इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जिन्हें जेल भेजा गया। फरार छह आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हैं। दिन में कई जगहों पर दबिश देकर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है।

बुधवार को मृतक की मां सलहंता देवी की तहरीर पर बेलीपार थाने में अखिलेश सिंह, सूर्यनाथ यादव, बैजनाथ यादव, रामप्रवेश, नन्ही, प्रदीप सिंह उर्फ पिंटू, बैजनाथ यादव, संगम यादव, अमन यादव, सोमनाथ यादव और तीन अज्ञात पर केस दर्ज किया। ब्यूरो

चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। बहुत जल्द सभी आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

**- जितेंद्र कुमार तोमर**, एसपी दक्षिणी

# सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विसर्जन मार्ग में न रहे फिसलन : सीएम

## सीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की ली जानकारी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा के दिन प्रतिमा विसर्जन वाले मार्ग पर अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण करें और तैयारी की जायजा लें। कहीं कमी नहीं रहनी चाहिए, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं नदी किनारे विसर्जन के लिए जाने वाले मार्ग पर फिसलन से बचने के लिए इंटरलाकिंग ईंटें लगाएं।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को चार दिनों के प्रवास पर आए हैं, उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा एवं सुरक्षा के इंतजाम में कोई लापरवाही न होने पाए। जुलूस एवं विसर्जन मार्ग पर ढीले तारों को ठीक करा लें। अगर कहीं जर्जर पोल है तो उसे सही करा लें। मुख्यमंत्री ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि राप्ती नदी का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। कृत्रिम तालाब तैयार है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब में विसर्जन के लिए मूर्ति ले जाते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि लोग फिसलकर गिरने न पाएं। वहां इंटरलाकिंग ईंटें लगा दें ताकि फिसलन न रहे। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान घाट के पास कोई व्यक्ति नशे की हालत में न जाने पाए। ब्यूरो

# आनंदलोक हॉस्पिटल में मरीज की हुई थी मौत, डॉ. अग्रवाल पर केस

## इलाज में लापरवाही से मौत का आरोप लगा परिजनों ने कोर्ट से दर्ज कराया मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में स्थित आनंदलोक हॉस्पिटल में 10 माह पहले गुलरिहा के विजय प्रताप (25) की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

विजय के बड़े भाई जवाहर लाल ने इलाज में लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाते हुए डॉ. आनंद अग्रवाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह भी आरोप है कि विजय की मौत के बाद शव को अस्पताल में तब तक बंधक रखा गया, जब तक अस्पताल प्रशासन ने 50 हजार रुपये वसूल नहीं लिए।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के खुटहन खास निवासी जवाहर लाल ने 156 (3) के तहत कोर्ट में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके भाई विजय प्रताप के पेट में तीन दिसंबर 2023 को अचानक दर्द शुरू हुआ। इलाज के लिए गोरखनाथ स्थित आनंद लोक हास्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टर आनंद अग्रवाल की देखरेख में इलाज शुरू हुआ। डॉक्टर ने कई जांचें करवाईं।

जांच के बाद भाई के पेट में दिक्कत बताते हुए तत्काल ऑपरेशन करने की बात कही। इलाज का खर्च बताने के साथ सात दिसंबर 2023 को ऑपरेशन किया। 14 दिसंबर 2023 यह कहकर डिस्चार्ज कर दिया कि आपका भाई ठीक हो जाएगा। पांच दिन बाद टांका कटवा लीजिएगा।

**ऑपरेशन के बाद फिर बिगड़ी तबीयत :** जवाहर लाल ने बताया कि भाई के घर आने पर रात में ही उसकी तबीयत खराब हो गई। 15 दिसंबर को अस्पताल में फिर भर्ती कराया गया। डॉक्टर आनंद अग्रवाल ने एक बार फिर जांच कराई और 16 दिसंबर 2023 को बताया कि पेट का दोबारा ऑपरेशन करना पड़ेगा।

दोबारा ऑपरेशन कराया गया, लेकिन भाई ठीक नहीं हुआ। भाई के पेट में सड़न पैदा हो गई और मवाद बनने लगा। जवाहर लाल का आरोप है कि डॉ. आनंद अग्रवाल और उनके अस्पताल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 28 दिसंबर 2023 को इलाज के दौरान उनके भाई की मौत हो गई।

### कोर्ट के आदेश के बाद गोरखनाथ पुलिस ने दर्ज किया है केस

### *थाने में शिकायत के बाद भी नहीं दर्ज हुआ केस*

*जवाहर लाल ने बताया कि मौत के बाद भी दवा, इलाज और अस्पताल खर्च के नाम पर पचास हजार रुपये वसूले गए। उन्होंने अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ गोरखनाथ थाने में शिकायत की, लेकिन केस नहीं दर्ज हुआ। इसके बाद कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

*मरीज की आंत सड़ गई थी, उसमें कई लीटर मवाद था। आठ दिन पुराना केस था। गंभीर हालत में दोबारा मरीज को भर्ती कर हम लोगों ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इस तरह के केस में मरीज को बचा पाना मुश्किल होता है। इसके बाद भी उसे बचाने के लिए हर कोशिश की गई।*

– **डॉ. आनंद अग्रवाल,** आनंदलोक हॉस्पिटल

# डॉ. सरकारी के खिलाफ अर्जी पर 15 को सुनवाई, कैंट पुलिस तैयार कर रही रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सिपाही प्रकरण में डॉक्टर पर केस दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं ने बुधवार को कोर्ट में बीएनएस 175 (3) के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के यहां प्रार्थना पत्र दिया है।

इसमें सुनवाई 15 अक्तूबर को होनी है। इसको लेकर कोर्ट ने कैंट थाने से केस की रिपोर्ट मांगी थी, जिसे कैंट पुलिस तैयार कर रही है। सुनवाई वाले दिन पुलिस कोर्ट के सामने रिपोर्ट पेश करेगी। इसके बाद केस में आगे क्या होना है यह कोर्ट फैसला करेगी। वहीं बृहस्पतिवार को कैंट थाने की पुलिस ने डॉक्टर अनुज सरकारी और कर्मचारियों का बयान दर्ज किया। सिपाही की ओर से दी गई तहरीर की जांच कैंट सीओ कर रहे हैं।

सोशल मीडिया से लगाए हर जगह डॉक्टर के खिलाफ लोग लामबंद हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने दिल्ली प्रवर्तन निदेशालय निदेशक के नाम पत्र लिखकर डॉक्टर अनुज सरकारी और उनके परिवार के संपत्ति की जांच ईडी से कराने की मांग की। पत्र में लिखा है कि डॉक्टर ने गैस्ट्रो लीवर हॉस्पिटल का संचालन कर मरीजों से मनमानी फीस ली जा रही है। सरकारी एवं उनके परिवार के सदस्यों के नाम 200 करोड़ से अधिक की अचल संपत्तियां हैं। इतनी संपत्ति केवल टैक्स चोरी करके ही संभव है।

**डॉक्टर-सिपाही प्रकरण**



10 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

तीन अक्तूबर को बलिया के निलंबित सिपाही पंकज कुमार पत्नी की रिपोर्ट दिखाने डॉ. अनुज सरकारी के पास आए थे। इस दौरान अल्ट्रासाउंड की फीस को लेकर धक्का मुक्की हुई। इसके बाद हॉस्पिटल कर्मचारियों ने सिपाही को पीट दिया। अगले दिन चार अक्तूबर को सिपाही पंकज आए।

उन्होंने डॉक्टर अनुज सरकारी के चेंबर में घुसकर हथौड़े से उनके सिर पर हमला कर दिया। इसमें केस दर्ज कर पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद से ही सिपाही को न्याय दिलाने के लिए कई संगठन और आम जनमानस आवाज उठा रहे हैं।

### *आईएमए की बैठक: डॉ. अनुज सरकारी के साथ खड़ा है संगठन*

*गोरखपुर। गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी प्रकरण पर चर्चा के लिए आईएमए कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें कहा गया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इस मामले में पूरी तरह से डॉ. अनुज सरकारी और उनके परिवार के साथ खड़ा है। पदाधिकारियों ने कहा कि डा. अनुज सरकारी की आड़ में कुछ लोग डॉक्टरों को लक्ष्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे आईएमए चिंतित है.डॉक्टरों ने कहा कि इस घटना की आड़ में कुछ लोग राजनीतिक रोटियां सेंक रहे है। चिकित्सक पर जानलेवा हमले को किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। आईएमए के चिकित्सक सदस्य डॉ. अनुज सरकारी एवं उनके परिवार के साथ हैं। बैठक में अध्यक्ष डॉ. स्मिता जायसवाल, सचिव डॉ. अमित मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. संजीव सिंह व डॉ. वाई सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. नीरज श्रीवास्तव व ऑडिटर डॉ. अजय शुक्ला शामिल हुए। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश ने कहा कि डॉ. अनुज सरकारी प्रकरण के बहाने तमाम लोग डॉक्टरों पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। इलाज अगर महंगा है तो इसके लिए दवा और महंगे उपकरण जिम्मेदार हैं। डॉक्टर 24 घंटे मरीज का उपचार करता है। कोई डॉक्टर ऐसा नहीं चाहता कि उसके यहां इलाज के लिए आया मरीज बिना ठीक हुए चला जाए। इसके बाद भी [illegible] ब्यूरो*

# डीएम और एसएसपी ने गश्त कर लिया जायजा

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक शनिवार को निकलने वाली गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री की शोभायात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन नहीं जाएंगे। बृहस्पतिवार को डीएम व एसएसपी ने शोभायात्रा मार्ग पर पैदल गश्त कर करने के साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया।शोभायात्रा की सुरक्षा-व्यवस्था में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एंटी ड्रोन सिस्टम लगेगा। रास्ते में पड़ने वाले 252 घरों के अंदर व छत पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# सड़क हादसे में युवक की मौत, साले-बहनोई गंभीर

**तरकुलवा(एसएनबी)।** तरकुलवा थाना क्षेत्र के बेलही गांव का रहने वाला युवक अमिताभ बच्चन (36वर्ष) पुत्र धीमल कुशवाहा मुंबई में रहकर रोजगार करता है। वह बृहस्पतिवार को ही मुंबई से घर आया था। वह शाम के समय बाइक से अपने बहनोई बघौचघाट थाना क्षेत्र के पचरूखिया गांव निवासी रामभुज कुशवाहा(33वर्ष) पुत्र रामजीत के साथ तरकुलवा कस्बा में किसी काम से गया था। साले-बहनोई दोनों देर शाम में तरकुलवा से घर लौट रहे थे। वह लोग बेलही गांव के सामने पहुंचें थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े बेलही गांव के बलिस्टर गोंड(29वर्ष) को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए। आनन-फानन में आसपास के लोगों को एक प्राईवेट वाहन से देवरिया मेडिकल कलेज भेजा।जहां डाक्टरों ने बालिस्टर गोंड को मृत घोषित कर दिया।

# छह लोगों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

**तरकुलवा(एसएनबी)।** तरकुलवा थाना क्षेत्र के भिसवा गांव के रहने वाले रामदेव निषाद ने पुलिस को तहरीर दिया है।कहा है कि अराजी नंबर 344 च 0206 हेक्टेयर, अराजी नंबर 344 घ 0223 हेक्टेयर, अराजी नंबर 359 0085 हेक्टेयर, अराजी नंबर 360 0123 हेक्टेयर हम लोगों की भूमिधरी है। जिसमें हल्दी और आम के सात पेड़ लगाए गए थे। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने बुधवार को जबर्दस्ती आम और हल्दी के पेड़ों को उखाड़ कर ट्रैक्टर से खेत की जुताई करा दी है। विरोध करने पर उनलोगों ने जानमाल की धमकी भी दी।इस मामले में पुलिस ने रामानंद यादव, राम ईश्वर यादव, सुनील यादव, बलिराम यादव, सूरज यादव व अवनीश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पति व सास-ससुर समेत चार पर केस

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी रिमा कुमारी पुत्री चंद्रिका प्रसाद की करीब दस माह पहले भटनी थाना क्षेत्र के बनकटा दीक्षित निवासी राजकुमार पुत्र रामसकल प्रसाद के साथ बड़े धूमधाम से हुई थी। शादी के समय अपने सामर्थ्य अनुसार चन्द्रिका प्रसाद ने बेटी के ससुराल वालों को दहेज भी दिया था। फिर भी दहेज के लिए नवविवाहिता रिमा देवी को पति समेत सभी ससुराल वाले मिलकर प्रताड़ित करने लगे। नवविवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर बृहस्पतिवार को पति राजकुमार, ससुर रामसकल, सास ललिता देवी और ननद प्रेम शीला कुमारी के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने किया कोर्ट का बहिस्कार

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील बार संघ के अध्यक्ष सभा मणि मिश्र व महामंत्री आनन्द शंकर मणि के नेतृत्व में गुरुवार को तहसील के समस्त न्यायालयों का अधिवक्ताओं ने बहिस्कार किया। देवरिया तहसील बार संघ के समर्थन में रुद्रपुर के अधिवक्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सुश्री श्रुति शर्मा को एक प्रस्ताव दिया था, कि हम अधिवक्ता गण देवरिया के समर्थन में न्यायिक कार्यों से वितर रहेंगे, किन्तु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कोर्ट जबरदस्ती चलाया और तमाम फाईलों को निस्तारित किया। इसके विरोध में तहसील बार एसोसिएशन रुद्रपुर के समस्त अधिवक्ता एवं पदाधिकारी गण एसडीएम कोर्ट के सामने धरने पर बैठ गये और सभी न्यायालयों का बहिस्कार किया।



एसडीएम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता गण

दूसरी ओर एआरओ कोर्ट व प्रशासनिक न्यायालय में मजिस्ट्रेट ने बिना अधिवक्ताओं के पत्रवालियों को मुवक्किलों के साथ देखा।

इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री श्रुति शर्मा से पूछने पर उन्होंने कहा कि एआरओ चेम्बर में मुवक्किल तीन सप्ताह से दौड़ रहे थे, जनता के हित को देखते हुए कोर्ट की कार्यवाई हुई।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी पाण्डेय, आनन्द सिंह, रामेश्वर मणि त्रिपाठी, शशिभूषण निगम, सत्यप्रकाश गुप्त, शैलेन्द्र पाण्डेय, सत्यपाल यादव, पंकज शुक्ला, रणधीर सिंह, सत्यप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

देवरिया(एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने ईवीएम /वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारो तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कंट्रोल रूम कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिन्दुओं का गहन निरीक्षण किया।



निरीक्षण करतीं डीएम। फोटो : एसएनबी

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयर हाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मंजूर अहमद अंसारी, सपा से अर्जुन यादव, मुन्ना यादव, बीएसपी से गुरूदास प्रसाद, बीजेपी से डा. गंगाशरण पाण्डेय, कांग्रेस से जितेन्द्र मोहन, आलोकनाथ, मिर्जा खुर्शीद, अशोक कुशवाहा, रमाशंकर यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से उदयभान यादव एवं घनश्याम गिरि आदि मौजूद रहे।

# मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**सलेमपुर(एसएनबी)।** एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव बुधवार को एसडीएम, सीओ, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ नदावर घाट पर बने मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। सलेमपुर और मझौली राज क्षेत्र की देवी प्रतिमा का विसर्जन नदावर घाट पर किया जाएगा। इसे लेकर पुलिस और प्रशासन विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के इंतजाम आदि में जुट गया है। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने बुधवार को एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, सीओ दीपक शुक्ला, कोतवाल टीजे सिंह, तहसीलदार अलका सिंह व नायब तहसीलदार गोपालजी, ईओ हिमांशु प्रताप सिंह, लेखपाल रजनीश मिश्र, लिपिक सुधीर यादव के साथ नदावर घाट पर होने वाले मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। एडीएम प्रशासन ने नगर पंचायत सलेम्पुर और मझौली राज को विर्सजन स्थल का बैरिकेडिंग व लाइटिंग की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई चूक न हो जाए। इसके लिए नगर पंचायत सलेमपुर और मझौली राज अभी से इस कार्य में लग जाए। इसके साथ ही पुलिसकर्मी विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के इंतजाम आदि में लग जाए। **लार प्रतिनिधि के अनुसार** बुधवार को लार थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों सिपाहियों ने लार कस्बा के विभिन्न रूटों पर फ्लैग मार्च किया। दशहरा पर्व को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का फ्लैग मार्च लार कस्बा के पुलिस चौकी से शुरू होकर मुख्य बाजार के रास्ते चनुकी मोड़ के रास्ते चौक में पहुंचा और वहाँ से गांधी मार्केट के रास्ते होकर मुख्य तिराहा से पिपरा चौराहा होकर हाइडिल सहित पेट्रोल पम्प के रास्ते वापस बाईपास होकर थाने पर जाकर मार्च समाप्त हुआ।

# शहर में पुलिस बल ने किया फ्लैगमार्च

देवरिया(एसएनबी)। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर नवरात्रि एवं विजयदशमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर फ्लैगमार्च कर सुरक्षित परिवेश हेतु आश्वस्त किया। फ्लैग मार्च कोतवाली रोड, मोतीलाल रोड,सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन मार्ग एवं अबुबकर नगर सहित विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरा। एडीएम प्रशासन ने बताया कि त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने आमजन से अनुरोध भी किया कि यदि कोई संवेदनशील घटना अथवा सूचना संज्ञान में आये तो तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने दुर्गा पंडाल के आयोजकों से वार्ता कर भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, सीओ संजय रेड्डी, ईओ संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।



# मेले और विसर्जन में मुस्तैद रहेगी पुलिस

देवरिया। जिले के सार्वजनिक स्थलों पर कुल 1692 दुर्गा प्रतिमा रखी गई है। इनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यस्था किया गया है। वहीं मेले में भी महिला और पुरुष कांस्टेबल को लगाया जाएगा। जिले में तैनात पुलिस कर्मी, होमगार्ड, पीआरडी जवान, चौकीदार को लगाया जाएगा। 2650 पुलिस कर्मी लगाए गए हैं।

एसपी संकल्प शर्मा ने सभी थानेदारों को क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं और पंडालों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं और मेले को सुचारु रुप से सम्पन कराने का निर्देश दिया है।

# पुलिस ने पिण्डी में किया फ्लैग मार्च

लार। गुरुवार की शाम उपनिरीक्षक सुमित कुमार रॉय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पिण्डी की सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च कस्बा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया।

इस दौरान कांस्टेबल प्रीतम कुशवाहा, दीपक, सोनू, राजेश, ग्राम प्रधान पिण्डी अशरफ भाई, सुनील कुमार शाह ग्राम प्रधान महाल मंझरिया, सत्यप्रकाश शर्मा सहित पुलिस टीम शामिल रही।

# ईवीएम-वीपीपैट का डीएम ने किया निरीक्षण

देवरिया, निसं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम दिव्या मित्तल ने गुरुवार को ईवीएम/ वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

---

# बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर,गम्भीर

**गौरीबाजार(एसएनबी)**। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर निवासी नितेश पुत्र जगन्नाथ व पवन पुत्र राकेश गुरुवार को बाइक से गोरखपुर के लिए निकले थे।अभी वे गौरीबाजार रामपुर चौराहा होते हुए देवरिया गोरखपुर मार्ग स्थित गौरी खुर्द गाँव के समीप पहुँचे थे कि अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक के अनियंत्रित होने से दोनों युवक गिर पड़े,और उन्हें गम्भीर चोट आई। स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीबाजार वहा से मेडिकल कालेज देवरिया भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद नितेश की हालत में सुधार नही होने पर चिकित्सको ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जहां पर उसका इलाज चल रहा है व स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

# कोर्ट के निर्देश पर प्रधान का अधिकार बहाल

देवरिया। डीएम द्वारा बनकटा विकास खंड के अघांव के प्रधान के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच में दोषी पाए जाने पर पावर सीज कर दिया था। इस मामले में प्रधान दिनेश यादव को हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश दिया है। कोर्ट के निर्देश पर डीएम ने पुनः उन्हें प्रधान पद के शक्तियों के प्रयोग व कार्यों के निष्पादन हेतु कार्य करने हेतु अधिकृत किया है।

# पराली जलाने पर ढ़ाई से 15 हजार लगेगा जुर्माना

देवरिया। डीएम दिव्या मित्तल ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने को तहसील स्तर पर सचल दस्ता गठित किया है। कर्मचारियों की न्याय पंचायत स्तर पर ड्यूटी लगाई गई है। उन्हे पराली, फसल अपशिष्ट जलाने से रोकने का निर्देश दिया गया है।

विकास खंड एवं न्याय पंचायत स्तरीय सचल दस्ता में सेक्टर अधिकारी के रूप में खंड विकास अधिकारी एवं सेक्टर प्रभारी अधिकारी के लिए संबंधित सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को नामित किया गया है। कृषि विभाग बीटीएम, एटीएम, प्राविधिक सहायक एवं लेखपाल तथा पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# कॉलेज के पीछे झाड़ियों में मिला शव

गौरीबाजार। श्रीनेत इंटर कालेज इंदूपुर के पीछे झाड़ी में एक मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गौरीबाजार के बेलकुंडा निवासी दीना भारती (40) की इंदूपुर में ससुराल है। बताया जाता है कि मायके में आई पत्नी रंभा से बात करने के बाद बाजार के लिए निकले थे। अगले दिन सुबह तक घर वापस नही लौटे।

# सरेंडर के फिराक में है छात्राओं से छेड़खानी का चौथा आरोपी

हि फॉलोअप

- स्कूल से लौटते समय बाइक सवार चार युवकों ने दो छात्राओं से की थी छेड़खानी
- पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गए थे दो आरोपी, तीसरा नाबालिग आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

तरकुलवा,हिन्दुस्तान संवाद। छात्राओं से छेड़खानी का चौथा आरोपी सरेंडर करने की फिराक में हैं। पुलिस के लगातार दबिश देने के बाद भी वह पकड़ में नहीं आ रहा है और उसके हाथ खाली हैं। चार अक्टूबर को स्कूल आते समय बाइक सवार चार युवकों ने दो छात्राओं से छेड़खानी किया था। 6 अक्टूबर को पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी दबोचे गये थे, जबकि 7 अक्टूबर को तीसरा नाबालिक आरोपी गिरफ्तार हुआ था।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 8 की छात्राएं 4 अक्टूबर को परीक्षा देकर साइकिल से लौट रही थी, इस दौरान बाइक सवार चार युवकों ने उनके साथ छेड़खानी करने लगे। वह चिल्लाते हुए गांव की तरफ भागने लगी। गांव के लोग आवाज सुनकर दौड़े तो चारों युवक बाइक लेकर फरार हो गये। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। किसी ने इसका फुटेज डीजीपी समेत अन्य अधिकारियों को ट्वीट कर दिया। इससे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने स्कूल प्रबंधक की तहरीर पर चार अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। 6 अक्टूबर की देर रात क्षेत्र के सिरसिया गोठा रोड पर पुलिस से मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में गोली लग गई। उनकी पहचान थाना क्षेत्र के बंजरिया टोला बैकुंठपुर गांव निवासी धीरज पटेल और रीतिक यादव के रूप में हुई। जबकि तीसरे नाबालिग छात्र को पुलिस ने 7 अक्टूबर को कंचनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। चौथा आरोपी विवेक सैनी की गिरफ्तारी को पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। लेकिन अभी उसका सुराग नहीं मिला है। परिजन घर बंद कर फरार है। आशंका जतायी जा रही है कि विवेक कोर्ट में सरेंडर कर सकता है। थाना प्रभारी मृत्युंजय राव ने बताया कि पुलिस लगातार दविश दे रही है, बहुत जल्द चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# सड़क हादसे में डीजे संचालक की मौत

**देसही देवरिया।** इमिलिया गांव के पास गुरूवार की देर रात हुए सड़क हादसे में पिपरा मदन गोपाल निवासी डीजे संचालक पंकज दुबे घायल हो गए।

इलाज के लिए उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## ऑटो-बाइक की टक्कर में महिला की मौत

**सलेमपुर।** सलेमपुर-देवरिया मार्ग पर सोनबरसा चौराहे के समीप सलेमपुर के तरफ जा रहे बाइक सवार को एक ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार महिला घायल हो गई। घायल महिला की इलाज के दौरान बीआरडी में मौत हो गई।

**ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौतः** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के चौरंगीचक के एक युवक की गुरुवार को बिहार के मैरवा में ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्राम चौरंगी चक निवासी मुकेश प्रसाद (22) पुत्र बृझन प्रसाद बाइक से सीवान जा रहे थे। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था।

# लड़की भगाने पर अपहरण का केस दर्ज

**पथरदेवा।** कुछ दिन पहले तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की अपने घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले में पुलिस ने बघौचघाट थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी हिमांशु शर्मा और उसके परिवार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

# जबरन खेत जोतने में आधा दर्जन पर केस

**तरकुलवा।** जबरदस्ती हल्दी लगे खेत को जोतने, पौधों को उखाड़ने तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के भिसवा गांव निवासी रामदेव व रामबृक्ष निषाद पुत्र जोखू ने खेत में हल्दी रोपे थे तथा सात पौधे आम के लगाए गए थे। गांव के कुछ लोगों ने दो दिन पहले जबरदस्ती ट्रैक्टर से जोत दिया तथा खेत में खड़े पौधों को उखाड़ कर फेंक दिया।

# युवती से किया दुष्कर्म, सगे दो भाइयों पर मुकदमा

पथरदेवा : तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर जबरिया गर्भपात कराया। विरोध करने पर पिटाई की। मामले में बघौचघाट पुलिस ने आरोपित व उसके भाई के विरुद्ध दुष्कर्म, छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दूसरे समुदाय की युवती से बघौचघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर शुक्ल निवासी प्रदीप यादव का प्रेम हो गया। शादी का झांसा देकर प्रदीप यादव युवती से शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस बीच युवती गर्भवती हो गई। युवती ने शादी करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपित ने उसका गर्भपात करा दिया। साथ ही अश्लील वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देने लगा। जब शिकायत लेकर युवती प्रदीप के घर पहुंची तो प्रदीप व उसके भाई सुधीर यादव ने उसके साथ छेड़खानी की और पिटाई भी की। इस मामले में पुलिस ने प्रदीप व सुधीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप अस्थाना ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (जासं)

# सीसी कैमरे के माध्यम से की जाए वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी



ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करतीं डीएम दिव्या मित्तल • जागरण

- ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण
- अधिकारियों के साथ मौजूद रहे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि

जागरण संवाददाता, देवरिया: कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम दिव्या मित्तल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि सीसी कैमरे के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

दोपहर को डीएम वेयर हाउस पहुंची। उन्होंने चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे गार्डों से भी पूछताछ की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि यह पूरी रतह संवेदनशील स्थान है, इसलिए इसकी निगरानी में पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसडीएम मंजूर अहमद अंसारी, सपा के अर्जुन यादव, मुन्ना यादव, बीएसपी के गुरुदास प्रसाद, भाजपा के डा. गंगा शरण पांडेय, कांग्रेस से जितेंद्र मोहन, आलोक नाथ, मिर्जा खुर्शीद, अशोक कुशवाहा, रमाशंकर यादव, माकपा के उदयभान यादव मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं पर टिप्पणी करने का वीडियो प्रसारित

जासं, देवरिया: भाटपाररानी तहसील क्षेत्र में लगे चकबंदी चौपाल में मुख्य राजस्व अधिकारी जलराजन चौधरी के अधिवक्ताओं पर टिप्पणी करने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया है। हालांकि मुख्य राजस्व अधिकारी ने प्रसारित वीडियो के तथ्यों पर खंडन किया है।

वीडियो प्रसारित होने के बारे में बताया जा रहा है कि भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय में चकबंदी चौपाल का आयोजन किया गया था। वीडियो में मुख्य राजस्व अधिकारी कह रहे हैं कि शासन की मंशा के तहत यह चौपाल लगाई गई है। एक फरियादी से वह कह रहे हैं कि एक प्रार्थना पत्र लाइए, आपके मामले का निस्तारण हो जाएगा, बहुत ज्यादे अधिवक्ता के चक्कर में नहीं पड़ना है। यही वीडियो अब प्रसारित हो रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल एक आरोपित मेडिकल कालेज से भेजा गया जेल

## तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्राओं से हुई थी छेड़खानी

जासं, देवरियाः विद्यालय से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रही छात्राओं के साथ रास्ते में घेरकर छेड़खानी करने वाले पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार दो आरोपितों से एक को गुरुवार को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से चिकित्सक ने डिस्चार्ज कर दिया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया, जबकि एक आरोपित का उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है। उधर फरार एक आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

- एक आरोपित का मेडिकल कालेज में चल रहा उपचार

फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो छात्राएं बगल के विद्यालय में आठवीं की पढ़ाई करती हैं। शुक्रवार की सुबह वह विद्यालय में परीक्षा देने के लिए साइकिल से गई थीं। परीक्षा देने के बाद दोनों छात्राएं अपने घर साइकिल से लौट रही थीं। रास्ते में एक बाइक पर सवार चार शोहदों ने दोनों को रास्ते में ही घेर लिया और छेड़खानी करने लगे। किसी तरह शोहदों के चंगुल से छात्राएं भागीं। मामले में रविवार की रात पुलिस ने सिरसिया के समीप मुठभेड़ के दौरान तरकुलवा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर बंजरिया के रहने वाले धीरज पटेल व ऋतिक यादव को गिरफ्तार किया। अगले दिन दोनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए। हालांकि देर रात पैर में गोली लगने के चलते दोनों को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल कालेज में शिफ्ट किया गया। गुरुवार को ऋतिक को डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि धीरज का उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि फरार एक आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पुलिस प्रशासन ने शहर में किया पैदल मार्च:** देवरिया : नवरात्र व विजयदशमी को लेकर गुरुवार की रात पुलिस प्रशासन ने शहर में पैदल मार्च किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने प्रतिमा आयोजक मंडल के सदस्यों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनी। साथ ही समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने कोतवाली रोड, मोतीलाल रोड, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन रोड समेत विभिन्न मोहल्लों में पैदल मार्च किया।

# पांच लोगों पर दर्ज हुआ बिजली चोरी का मुकदमा

गौरीबाजार: क्षेत्र के लबकनी में बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर एसडीओ कृपाशंकर अभियान चलाया। इस दौरान 43 उपभोक्ताओं के घर टीम ने जांच की। 16 उपभोक्ताओं से बकाया के 83520 रुपये वसूली की गई। इस दौरान पांच लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराने का अवर अभियंता को निर्देश दिया गया। एसडीओं ने कहा जिसका भी बकाया हो जमा कर दे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार बिजली आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मंजूर अहमद अंसारी, सपा से अर्जुन यादव, मुन्ना यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# पति और सास, ससुर समेत चार पर केस

खुखुंदू। भटनी थाना क्षेत्र के बनकटा दीक्षित की एक नवविवाहिता ने पति, सास और ससुर समेत चार पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच कर केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि दस माह पहले शादी हुई थी। तभी से ससुराल वाले उत्पीड़न करते आ रहे है।खुखुंदू थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी रिमा कुमारी पुत्री चंद्रिका प्रसाद की शादी करीब दस माह पहले भटनी थाना क्षेत्र के बनकटा दीक्षित निवासी राजकुमार पुत्र रामसकल प्रसाद के साथ हुई थी।फिर भी दहेज के लिए नवविवाहिता रिमा देवी को पति समेत सभी ससुराल वाले मिलकर प्रताड़ित करते रहे। पुलिस को तहरीर दी। संवाद

# बेलवा बाबू में हुई चोरी मामले में बिहार तक पुलिस ने की छापेमारी

## पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर हो रही है तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। बेलवा बाबू गांव में नकदी समेत पांच लाख के जेवर चोरी मामले में पुलिस ने बुधवार की रात अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया। सीसीटीवी से मिले फुटेज के बाद पुलिस ने स्थानीय और बिहार के भी कई जगहों पर छापेमारी की।

इस दौरान टीम को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिससे मामले का जल्द खुलासा करने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर गांव पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल की जांच की। चोरी की वारदात में स्थानीय चोरों के अलावा बिहार के युवकों के शामिल होने की बात कही जा रही है।

भटनी के बेलवा बाबू गांव निवासी भीम कुमार शाही के घर से एक लाख 30 हजार नकदी समेत पांच लाख के जेवर चोरी के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग रतजगा कर अपने घरों की सुरक्षा कर रहे हैं। उधर पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर घटना स्थल से अहम सुराग जुटाए हैं। चोरों की पहचान और उनकी तलाश में भटनी और बिहार प्रान्त के विजयीपुर थाना क्षेत्र में लगातार दबिश दी जा रही है।

दावा है कि इस दौरान पुलिस को कुछ ठोस सबूत हाथ लगे हैं जिससे घटना का पर्दाफाश होने की उम्मीद जगी है। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल की जांच कर मौके से फिंगर प्रिंट लिया। इसके अलावा एसपी ने हाल ही में चोरी मामले में जेल से बाहर आये आरोपियों का लोकेशन ट्रेस करने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि चोरी के मामले में क्षेत्र व बिहार प्रांत के कई जगहों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान आरोपियों से जुड़े कुछ साक्ष्य हाथ लगे हैं। मुखबिरों को सक्रिय कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# तीन नामजद व नौ अज्ञात लोगों पर केस

**मईल।** थाना क्षेत्र के बुधवार के शाम को भागलपुर में हुई दो पक्षों के विवाद के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक पक्ष की तहरीर पर तीन नामजद व नौ अज्ञात पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में उसी दिन एक दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज किया है। जबकि दूसरे पक्ष ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। भागलपुर निवासी पूनम देवी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि एक दर्जन लोग गोलबंद होकर आए और मुझे मारने पीटने लगे। यह देख मेरी नाबालिग लड़की बचाने आई तो उसके साथ छेड़छाड़ की व कपड़े फाड़ दिए। मेरे पति व लड़के को भी मारेपीटे। संवाद

# मेले में उमड़ने वाली भीड़ की सीसी कैमरे से होगी निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शहर में नवरात्रि का पर्व पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। शहर के विभिन्न मंदिरों और 1700 स्थानों पर बने पूजा पंडालों में मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

नवरात्रि के इस पावन अवसर पर सप्तमी के दिन मां दुर्गा का पट खुलते ही शहर और आस-पास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल, दोपहिया और चार पहिया वाहनों के माध्यम से दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इससे शहर की सड़कों पर अत्यधिक भीड़ और जाम की स्थिति बन रही है।

## शहर में सभी मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन

नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा व प्रतिमा विसर्जन को देखते हुए शहर में आने वाले सभी रूट को डायवर्ट कर दिया गया है। यह डायवर्जन शुक्रवार की सुबह से ही प्रभावी रूप से लागू हो गया, जो 13 अक्तूबर तक रहेगा। यानि शाम चार बजे से रात दो तक शहर में बड़े वाहन प्रवेश नहीं कर पाएंगे। इस दौरान सिर्फ एंबुलेंस, मरीज वाहन, स्कूल वाहन व अग्निशमन वाहन ही शहर में आ सकेंगे।

### ऐसे रहेगा रूट डायवर्जन

- सोनूघाट चौराहे से शहर में कोई भी चारपहिया वाहन प्रवेश नहीं करेंगे
- बालाजी तिराहा से भी किसी भी चार पहिया वाहन का प्रवेश रहेगा वर्जित
- कसया ओवरब्रिज के नीचे दोनों छोर से चार पहिया वाहन का प्रवेश वर्जित।
- पुरवा चौराहे से चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित।
- गोरखपुर ओवरब्रिज के समीप ब्लैक बेरी शो रूम की तरफ नहीं गुजरेंगे चारपहिया वाहन
- कतरारी से वाहनों का प्रवेश नहीं होगा

इस स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने यातायात को सुचारू रखने के लिए कई मार्गों को डायवर्ट कर दिया है।

# बाइक की ठोकर से युवक की मौत, साले-बहनोई गंभीर

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। तरकुलवा-बंजरिया मार्ग पर बेलही गांव के सामने बृहस्पतिवार देर शाम एक अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मारते हुए बिजली के खंभे से जा टकराई। इसमें सड़क किनारे खड़े युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार साले-बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया। उधर दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के बेलही गांव का रहने वाला अमिताभ बच्चन (36) पुत्र धीमल कुशवाहा मुंबई में रहकर रोजगार करता है। वह बृहस्पतिवार को ही मुंबई से घर आया था। शाम के समय वह बाइक से अपने बहनोई बघौचघाट थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी रामभुज कुशवाहा (33) पुत्र रामजीत के साथ तरकुलवा कस्बा में किसी काम से गया था। साले-बहनोई दोनों देर शाम में तरकुलवा से घर लौट रहे थे। वह लोग बेलही गांव के सामने पहुंचें थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े बेलही गांव के बलिस्टर गोंड(29) को टक्कर मार दी। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि युवक को ठोकर मारने के बाद बाइक बिजली खंभे से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर सवार साले-बहनोई भी गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए।

# सड़क हादसे में डीजे संचालक की मौत परिजनों ने जताया घटना पर संदेह

## घायल अवस्था में पड़ा था युवक, मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**देसही देवरिया।** इमिलिया गांव के पास बृहस्पतिवार की देर रात हुए सड़क हादसे में पिपरा मदन गोपाल गांव के डीजे संचालक पंकज दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया।



**पंकज दुबे।** फाइल फोटो

रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के पिपरा मदन गोपाल गांव के पंकज दुबे (30) घर पर ही डीजे साउंड की दुकान चलाते थे। बुधवार को उनका डीजे देवरिया नकछेद गांव के गोपालपुर में एक कार्यक्रम में बजाने के लिए गया था। पंकज दुबे वहां जाकर डीजे चालू कर रात करीब ग्यारह बजे बाइक से अकेले घर के लिए निकले। इमिलिया गांव के पास मुख्य मार्ग पर पुलिया के पास उनकी बाइक सड़क पर गिरी पड़ी मिली। वह गंभीर रूप से घायल थे। गोपालपुर जहां डीजे बज रहा था। वहीं से कुछ लोग पीछे से आ रहे थे। वह लोग भी अपने घर जा रहे थे। उन्होंने पंकज को देखकर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। साथ ही डायल 112 को सूचना दी। एंबुलेंस से उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम कराया गया। उधर, मौत की जानकारी होते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मौत से मां सुनीता देवी, छोटे भाई टुन्नू, पत्नी विंध्यवासिनी देवी, बेटे सन्नी, किशन, सुर्या व बेटी प्रेम सुंदरी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रक की चपेट में आया युवक, मौत

**प्रतापपुर।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा चौरंगीचक के एक युवक की बृहस्पतिवार को ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बिहार के मैरवा के श्रीनगर में हुई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिवान जिला अस्पताल भेज दिया।

ग्राम चौरंगी चक निवासी मुकेश प्रसाद (22) पुत्र बृझन प्रसाद अपनी बाइक से निजी कार्य से सिवान की तरफ जा रहा था। उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था। अभी वह बिहार के मैरवा थानांतर्गत श्रीनगर पहुंचा था कि अचानक सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। इस घंटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची मैरवा पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सिवान जिला अस्पताल भेज दी। थानाध्यक्ष मैरवा प्रमोद साह ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं आई है। इसकी सूचना जब परिजनों को मिली तो चीख पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। संवाद

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**सलेमपुर।** सोनबरसा मोड़ के पास बुधवार को सड़क हादसे में घायल महिला का इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में देर रात को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिसवा पांडेय गांव निवासी श्रीनाथ गुप्ता अपनी पत्नी विगना देवी को बाइक पर बैठाकर सलेमपुर आ रहे थे। अभी वह सलेमपुर देवरिया मुख्य मार्ग पर सोनबरसा मोड़ के पास पहुंचे थे कि एक अज्ञात वाहन से पीछे से उनकी बाइक अचानक टकरा गई, जिससे बाइक पर बैठी उनकी पत्नी विगना देवी सड़क पर गिर गई और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। आसपास के लोगों की मदद से पति पत्नी को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। संवाद

# रुद्रपुर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट का किया बहिष्कार

जासं, रुद्रपुरः तहसील बार एसोसिएशन के आंदोलन के बावजूद एसडीएम कोर्ट खोले जाने से नाराज होकर रुद्रपुर के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार किया। तहसील परिसर में नारेबाजी भी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने हड़ताल की, जिसकी वजह से सुदूर ग्रामीण अंचल से आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

रुद्रपुर तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सभामणि मिश्र ने अधिवक्ताओं के आंदोलन के दौरान एसडीएम कोर्ट खोले जाने का निर्णय उचित नहीं है। इससे अधिवक्ता नाराज हैं। अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ निरंतर नाइंसाफी हो रही है। अधिवक्ताओं के आंदोलन के बावजूद कोर्ट खोलना उचित नहीं है। महामंत्री आनंदशंकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि कोर्ट खोले जाने से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। इसपर बार संघ की बैठक में भी नाराजगी प्रकट की गई है। तहसील बार संघ के अध्यक्ष सभामणि मिश्रा, महामंत्री आनन्द शंकर मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में बैठक कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी पांडेय ने कहा एसडीएम कोर्ट का खोले जाने का निर्णय उचित नहीं है। इस दौरान राजेश त्रिपाठी, फणीन्द्र नाथ पांडेय, रमेश मणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश गुप्त, शशि भूषण निगम, गोपीनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# बेटे और देवर पर मारने-पीटने का लगाया आरोप

**बरहज।** क्षेत्र के बढ़या हरदो गांव निवासी एक महिला बृहस्पतिवार को अपनी दो पुत्रियों के साथ थाने पहुंची और पुलिस से गुहार लगाई। आरोप है कि मेरा पुत्र और देवर अनायास मुझे और मेरी बच्चियों को मारे-पीटे हैं। उनका यह भी आरोप है कि दोनों लोग अक्सर पिटाई करते हैं। दोपहर को एक महिला अपनी पुत्रियों के साथ बिलखते हुए थाने पर पहुंची, जबकि बच्चियां भी रोते हुए दिखाई दीं। इसमें एक शादीशुदा थी। लोगों के अनुसार महिला के दो पुत्र हैं, जिनमें एक विदेश रहता है। दोनों अपनी मां से अलग रहते हैं। वह पुत्रियों के साथ रहते हुए जीविका चलाती हैं। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। पता कराता हूं। संवाद

# पौधों को उखाड़ने के मामले में छह लोगों पर केस

**तरकुलवा।** एक व्यक्ति की भूमिधरी से हल्दी और आम के पौधों को उखाड़ कर फेंक दिया गया। साथ ही जबरदस्ती खेत को जोतवा लेने के मामले में पुलिस छह लोगों के खिलाफ संपति को क्षति पहुंचाने सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। थाना क्षेत्र के भिसवा गांव के रहने वाले रामदेव निषाद ने पुलिस को तहरीर दिया है। कहा है कि हमारी भूमिधरी की जमीन है। जिसमें हल्दी और आम के सात पेड़ लगाए गए थे। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने बुधवार को जबरदस्ती आम और हल्दी के पेड़ों को उखाड़ कर ट्रैक्टर से खेत की जुताई करा दी है। विरोध करने पर उनलोगों ने जानमाल की धमकी भी दी। संवाद

# बाइक चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**बरहज।** क्षेत्र के कपरवार चौराहा स्थित एक दुकान के सामने से बाइक चोरी हो गई। मामले में बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाया है। कपरवार गांव निवासी कमलाकर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि चौराहे पर एक दुकान के सामने बाइक खड़ी कर सामान खरीदने चला गया। वापस आने पर बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद भी कहीं पता नहीं चल सका। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि बाहर हूं। पता कराता हूं। संवाद

# संवेदनशील स्थलों पर किया पैदल मार्च

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर नवरात्रि एवं विजयदशमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने को लेकर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर पैदल मार्च कर सुरक्षित परिवेश के लिए आश्वस्त किया।

मार्च कोतवाली रोड, मोतीलाल रोड,सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन मार्ग एवं अबूबकर नगर सहित विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरा। एडीएम प्रशासन ने बताया कि त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने आमजन से अनुरोध भी किया कि यदि कोई संवेदनशील घटना अथवा सूचना संज्ञान में आये तो तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएं। संवाद

**छेड़खानी प्रकरण: फरार आरोपी की तलाश में बिहार में जमी पुलिस**

तरकुलवा। स्कूल से परीक्षा देकर लौट रही छात्राओं से छेड़खानी के चौथे आरोपी की तलाश में तरकुलवा पुलिस बिहार में डेरा जमाए हुए है। पुलिस की अन्य टीमों ने उसकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार की रात में बंजारिया सहित कई गांवों में छापेमारी की है, लेकिन कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। आरोपी के घर वाले भी घटना के बाद से ही घर छोड़कर फरार हैं, उनका भी कोई पता नहीं चल पा रहा है। दो छात्राएं चार अक्तूबर को सुबह 10 बजे के करीब विद्यालय से परीक्षा देकर घर लौट रही थीं। संवाद

# छात्रा के अपहरण की कोशिश मामले में बाइक नंबर के आधार पर केस

## केमिकल के जरिए बेहोश करने की कोशिश थी, घटना के बाद क्षेत्र में दहशत

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज/भलुअनी। स्थानीय कस्बा स्थित एक बैंक के निकट बुधवार को बाइक सवार बदमाशों द्वारा छात्रा के अपहरण की कोशिश की गई। छात्रा के चिल्लाने और दुकानदारों के विरोध करने पर बदमाश भाग लिए। हालांकि बदमाशों ने उसे रूमाल में लगे केमिकल के जरिए बेहोश करने का प्रयास किया था। मामले में पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर केस दर्ज किया है।

भलुअनी कस्बा के एक गांव की कक्षा छह की छात्रा के दादा की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। अपहरण की कोशिश की घटना को लेकर दूसरे दिन कस्बे में भय का माहौल था। अभिभावक और दुकानदार नाराज दिखे। बताया जा रहा है कि छात्रा अपने मौसी की लड़की के साथ स्कूल से वापस घर जा रही थी। जहां रास्ते में उसके मौसी की लड़की कापी खरीदने के लिए एक दुकान पर गई थी। इसी बीच एक बाइक से कुछ युवक पहुंच गए, जो केमिकल लगा रूमाल छात्रा को सुंघाकर उसे उठा ले जाने का प्रयास करने लगे, लेकिन छात्रा के शोर मचाने और चिल्लाने पर दुकानदारों ने उन्हें दौड़ा लिया।



घटना में प्रयोग की गई बाइक। संवाद

### बेहोश करने के लिए अपनाया जा रहा ट्रेंड

भलुअनी। छात्राओं से छेड़खानी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। तरकुलवा थाना क्षेत्र की घटना अभी शांत नहीं हुई थी कि बाइक सवार बदमाशों ने भलुअनी में दुस्साहस का परिचय देते हुए सरेआम कक्षा छह की छात्रा के अपहरण की कोशिशि की। कुछ एक घटनाओं में रूमाल, स्प्रे आदि का ट्रेंड चल गया है। घटनाओं को लेकर छात्राएं घर से बाहर निकलने से डर रही हैं। संवाद

### आरटीओ को भेजा नंबर

भलुअनी। छात्रा के अपहरण मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। बाइक का नंबर ट्रेस कराने के लिए आरटीओ को भेजने के साथ बदमाशों की पहचान को लेकर बैंक सहित चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही थी। संवाद



*बाइक पर तीन से चार की संख्या में तेज गति में गाड़ी चलाना और छात्राओं को छेड़ना, छींटाकशी करना आम बात हो गई है। पुलिस को ऐसी घटनाओं की सूचना देने पर वह व्यापारियों को ही परेशान करती है।*

**-संतोष मद्धेशिया,** पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष, भलुअनी



*भलुअनी कस्बे में मनबढ़ों द्वारा आए दिन छात्राओं के साथ छेड़छाड़, मारपीट करने जैसी घटनाएं आम बात हो गई हैं। बेटियों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन को कड़ा रुख अपनाते हुए शोहदों पर कार्रवाई किया जाना चाहिए।*

**-भरत वर्मा,** पूर्व संरक्षक व्यापार मंडल

**महिलाओं को किया गया जागरूक: देवरिया :** सदर रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस की तरफ से मिशन शक्ति फेज पांच के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं को जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न नंबर जारी किए गए हैं। जिसमें यूपी 112, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वोमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन की सुविधा दी गई है। किसी तरह की दिक्कत होने पर महिलाएं सीधे फोन मिला सकती हैं।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**हाटा**। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में हाटा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म एवं 67 आईटी एक्ट मुकदमे से संबंधित अभियुक्त अजय कुशवाहा पुत्र दुर्गेश कुशवाहा निवासी किशुनपुर टोला विजयपुर थाना नेबुआ नौरंगिया को कोतवाली क्षेत्र के भड़कुलवा चौराहे से दो सौ मीटर पूरब हाइवे पर गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अपराध निरीक्षक गुलाब यादव, कांस्टेबल कृष्णा कुमार व बृजराज शामिल रहे।

# तीन लाख के पटाखे बरामद, तीन गिरफ्तार



पटहेरवा पुलिस द्वारा बरामद किए गए हस्त निर्मित पटाखा।

**पडरौना, निज संवाददाता।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने गुरूवार को हस्त निर्मित पटाखा फैक्ट्री पकड़ी। मौके से पांच बोरियों में तैयार कर रखा एवं दो बोरी अर्धनिर्मित पटाखे के अलावा एक बोरी सुतरी बम एवं एक बोरी फुलझरी कागज का पटाखा बरामद हुआ। इस दौरान पटाखा बना रहे तीन कारोबारी भी गिरफ्तार किये गये। बरामद पटाखे की कीमत लगभग तीन लाख रुपये आंकी जा रही है। मुकदमा दर्ज कर पकड़े गये कारोबारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर जिले में अवैध पटाखा कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को एएसपी रितेश कुमार सिंह की निगरानी एवं सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में पटहेरवा थाने की पुलिस ने महुअवां कांटा के तिवारी टोला में छापेमारी कर अवैध पटाखे की फैक्ट्री पकड़ी। मौके से हस्तनिर्मित 5 बोरी निर्मित पटाखा, अर्धनिर्मित दो बोरी पटाखा, एक बोरी फुलझरी कागज का पटाखा, एक बोरी सुतरी बम एवं भारी मात्रा में पटाखा बनाने का उपकरण बरामद हुआ। मौके से तीन कारोबारी पकड़े गये, जिनकी पहचान मो. तबारक पुत्र अब्दुल, मुमताज हुसैन पुत्र सालिक हुसैन एवं मुन्ना आलम पुत्र मो. तबारक निवासी महुअवां कांटा तिवारी टोला के रूप में हुई। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों का एक संगठित गिरोह है।

# शांतिभंग में एक दर्जन लोगों का किया चालान

**रामकोला।** केन यूनियन चुनाव व विजयादशमी के त्योहार पर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत विभिन्न मामलों के कुल एक दर्जन अभियुक्तों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। सभी का चालान किया गया है।

रामकोला पुलिस ने अलग अलग मामलों से संबंधित विशाल पुत्र राधेश्याम गोंड, विशाल गोंड पुत्र सुभाष गोंड, राहुल गोंड पुत्र फेकू गोंड, साहिल अंसारी पुत्र शाकिर अंसारी, सलमान अंसारी पुत्र शाकिर निवासी बन्धवा, रमाशंकर गोंड पुत्र रामजीत गोंड पता बरौचा थाना कोतवाली जनपद बस्ती, शंकर दीन गोंड पुत्र धर्मराज गोंड महदो थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती, विकास पुत्र महादेव, आकाश पुत्र महादेव, पवन पुत्र धरीक्षन, विनोद पुत्र धरीक्षन निवासी पकडी बन्तीर उर्फ सौनहा थाना रामकोला व इन्द्रजीत पुत्र भूलन यादव निवासी अमवा बाजार बसहिया थाना रामकोला को गिरफ्तार किया।

# रेप का आरोपी गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** पुलिस ने गुरूवार को रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा बुजुर्ग निवासी राज चौहान पुत्र राजेश चौहान के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे तिनहवा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# महिला व बच्चों को अगवा कर धर्मांतरण कराया, गिरफ्तार

पडरौना (कुशीनगर), हिसं। पडरौना कोतवाली पुलिस ने एक महिला और उसके दो बच्चों को अगवा कर उनका धर्म परिवर्तन कराने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला और उसके दोनों बच्चों को बरामद कर लिया है।

पडरौना कोतवाली पुलिस को बीते चार अक्तूबर को एक व्यक्ति ने तहरीर दी। उसने पुलिस को बताया कि उसके दो बच्चे हैं जिनकी उम्र महज 7 और 8 वर्ष है। उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को अजमल अगवा कर ले गया है। उसने एसपी से मिलकर उन्हें भी अपनी बात बताई। एसपी ने घटना को संज्ञान लेते हुए पडरौना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। एसपी ने महिला और उसके दोनों बच्चों की तलाश के लिए एएसपी रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर दी। जांच में यह बात सामने आई कि देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र स्थित बभनौली निवासी अबुतालिब का बेटा अजमल महिला और उसके दोनो बच्चों को अगवा कर ले गया है। उनका धर्म परिवर्तन करा दिया गया है। गुरुवार को पुलिस ने महिला और उसके दोनों बच्चों को बरामद कर लिया। आरोपित अजमल को गिरफ्तार कर पहले से दर्ज मुकदमे में विधि विरुद्ध धर्म सम परिवर्तन प्रतिशेष अधिनियम की धारा बढ़ा दी है।

# 48 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

पटहेरवा। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पटहेरवा पुलिस ने गुरुवार के दिन थाना क्षेत्र के नरहवा से एक व्यक्ति को एक झोले में रखा 48 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को पुलिस टीम थाना क्षेत्र के नरहवा में जांच में जुटी थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति झोले के साथ मिला। जांच में झोले से 48 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। व्यक्ति की पहचान अरबाज हुसैन पुत्र शाकिर हुसैन निवासी नौसोपुर सारया बाभन बारा थाना बरवार जिला सीवान के रूप में हुई है।

# 36 सेक्टर व 5 जोनल मजिस्ट्रेट नामित हुए

**पडरौना।** विजयदशमी व दशहरा त्यौहार 11 व 12 अक्टूबर को मनाया जायेगा। 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को जुमे के नमाज अदा की जायेगी। दशहरा पर्व के पहले से ही कई स्थानों पर रामलीलाओं मंचन प्रारम्भ हो जाता है, जो दाश्हरा के बाद तक चलता है। रामलीलाओं के दौरान विभिन्न तिथियों में राम-बारात, शोमा यात्रायें बढ़ी श्रद्धा व धूम-धाम से निकाली जाती हैं।

दशहरा के दिन लगभग सभी तहसील व थाना क्षेत्रों में दशहरा मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें रावण पुतला दहन किया जाता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये डीएम विशाल भारद्वाज ने त्यौहारों के समाप्ति तक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार, तहसील व पुलिस चौकीवार नियुक्त किया है।डीएम ने पूरा तहसील क्षेत्र कसया,हाटा, तमकुहीराज के लिये सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में एडीएम वैभव मिश्रा को नामित किया है।

# दाहूगंज के डोल मेले में उमड़ी भीड़, पुलिस का रहा पहरा

**दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के दाहूगंज का ऐतिहासिक महावीरी डोल अखाड़ा व मेला गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गया। मेले में पहले दिन बुधवार की रात कुछ उत्पाती युवकों ने अशांति फैलाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस प्रशासन ने स्थिति को संभाल लिया। बुधवार से ही भारी गाड़ियों का आवागमन बाधित रहा।

बिहार से सटे बॉर्डर होने के कारण दाहूगंज का डोल मेला प्रशासन के लिए हमेशा से चुनौती भरा रहा है। इस बार मेले में डोल व आर्केस्ट्रा देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस ने डोल मेला पर चारों तरफ पैनी नजर बनाए रखा और सकुशल मेला सम्पन्न कराया। रात में करीब 2 बजे आर्केस्ट्रा को बंद कराने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। पुरस्कार वितरण के समय पुलिस ने सभी ऑकेस्ट्रा रात आठ बजे ही बंद करके मेला को संपन्न घोषित कर दिया। इस दौरान पूर्व प्रधान राजेश राय, उपेंद्र मिश्र, अशोक कुशवाहा, संजय, कुमारेश उपाध्याय, सेराज अंसारी, अमरनाथ, किशुन, राजू, सुजीत आदि मौजूद रहे।

# 16 अक्तूबर तक पडरौना व कसया में रूट डॉयवर्जन

**पडरौना, निज संवाददाता।** नवरात्रि व दशहरा त्योहार के दृष्टिगत कसया व पडरौना में यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए आज शुक्रवार से 16 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। इसका अनुपालन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर किये गये रूट डायवर्जन के अनुसार बिहार, बांसी, खिरकिया की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहन/अन्य छोटे वाहन (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) अम्बे चौक, बेलवा चुंगी, रेलवे स्टेशन मोड, स्टेशन बाईपास, कठकुईयां मोड़ से छावनी होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। बिहार, बांसी, खिरकिया व जटहां की तरफ से आने वाले बड़े/कार्मशियल वाहन खिरकिया से अन्दर शहर की तरफ प्रतिबंधित रहेगा। कसया से आने वाले चार पहिया वाहन/अन्य व्यावसायिक वाहन बड़ी नहर पडरौना से होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। जटहां तिराहा से कोई भी भारी वाहन/ चार पहिया वाहन तिलक चौक की तरफ नहीं जायेंगे। भारी/ चार पहिया वाहन जटहां तिराहा से अम्बे चौक, बेलवां चुंगी, रलवे स्टेशन मोड, स्टेशन बाईपास से कठकुईयां मोड़ से छावनी होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।

# दो नाबालिग लड़कियां लापता

**तरयासुजान।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से दो नाबालिग लड़कियां लापता हैं। एक लड़की के पिता ने तरयासुजान पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

एक लड़की के पिता ने तहरीर में बताया है कि उनकी नाबालिग पुत्री को पड़ोस के गांव की एक लड़की ग्यारह बजे दिन में घास काटने के लिए ले गई। दोपहर दो बजे तक घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश करने लगा। दूसरी लड़की के यहां पूछा तो वे बताए कि उनकी बेटी भी घर नहीं लौटी हैं। दोनों परिवार अपने रिश्तेदारों के वहां पता कराए, लेकिन उनका पता नहीं चला। तरयासुजान थाना प्रभारी राजप्रकाश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जांच टीम से प्रधान व समर्थकों ने की मारपीट

## केस दर्ज

■ मोतीचक के पकड़ी में जांच को गई थी नायब तहसीलदार, पूर्ति निरीक्षक व एडीओ की टीम

■ जांच के दौरान टीम से की गई अभद्रता, तीन नामजद और कई अज्ञात पर दर्ज हुआ केस

**मथौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** मोतीचक ब्लाक के ग्राम पंचायत पकड़ी में उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह के आदेश पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच करने पहुंची पूर्ति निरीक्षक व एडीओ पंचायत मोतीचक की टीम से प्रधान व समर्थकों ने मारपीट व अभद्रता की। जांच में अवरोध पैदा कर दिया। इस मामले में पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर अहिरौली बाजार पुलिस ने प्रधान सहित तीन नामजद व कुछ अज्ञात ग्रामीणों पर केस दर्ज कर लिया है। छानबीन शुरू कर दी है।

पकड़ी ग्राम सभा के कोटेदार वीरेंद्र सिंह की दुकान का 26 दिसंबर 2023 का अनुबंध पत्र निरस्त कर दिया गया था। कोटेदार ने इसके खिलाफ न्यायालय संयुक्त आयुक्त (खादय एवं रसद) गोरखपुर के यहां अपील की थी। अपर आयुक्त ने गुण दोष की जांच के आदेश दिए थे। आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह के आदेश पर नायब तहसीलदार सुनील सिंह के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक अमरजीत वर्मा, एडीओ पंचायत राजकुमार, पूर्ति निरीक्षक मोतीचक विजय कुमार की टीम बीते 5 अक्तूबर को गांव के पंचायत भवन पर पहुंच ग्रामीणों का बयान दर्ज करते हुए जांच पड़ताल कर रही थी। तभी ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। कहा कि जांच पड़ताल किसी कीमत पर नहीं होने दूंगा। पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि आप सरकारी काम में बाधा पहुंचा रहे हैं तो ग्राम प्रधान जांच टीम को गाली गुप्ता देने लगा और आक्रोशित होकर पूर्ति निरीक्षक को एक मुक्का मार दिया। इसमें प्रधान के सहयोगी रामक्यास सिंह, अशोक कुमार और अन्य अज्ञात लोग भी शामिल रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने पूर्ति निरीक्षक को बचाया। जाते समय प्रधान ने जान माल की धमकी भी दी। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह, रामक्यास, अशोक कुमार सहित अन्य लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# फरार चल रहा दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

अहिरौली बाजार : फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को गुरुवार को अहिरौली बाजार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस न्यायालय ले गई, जहां से उसको जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के बेलवा बुजुर्ग के राज चौहान के विरुद्ध थाने के ही एक गांव में युवती से दुष्कर्म के मामले में पांच दिन पूर्व मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद से ही वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगी थी।

# महिला का मतांतरण कराने वाला गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पडरौनाः दो बच्चों संग महिला को भगा ले जाने व उसका मतांतरण कराने के आरोपित को सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को देवरिया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीते चार अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र के युवक ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी को दो बच्चों, एक आठ वर्ष, दूसरा सात वर्ष, संग अजमल निवासी बभनौली थाना बनकटा जिला देवरिया भगा ले गया है। शिकायत के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश में जुट गई। सुबह उसका लोकेशन देवरिया का मिला। आरोपित की तलाश में टीम तत्काल देवरिया के लिए निकल गई। रेलवे स्टेशन के पास से उसे पुलिस ने दबोच लिया। महिला व बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई कि आरोपित ने महिला का मतांतरण करा नाम परिवर्तित कर दिया है। आवश्यक कार्रवाई पूरी कर महिला व बच्चों को स्वजन को सौंप दिया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, दारोगा बृजेश कुमार यादव, मनोज कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

# त्योहार को लेकर छह जोन में बंटा जनपद, दो सुपर जोनल तैनात

जागरण संवाददाता, पडरौनाः विजयदशमी व शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा एवं शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिले के छह जोन में बांटा गया है। इसके लिए 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। यह निर्देश डीएम विशाल भारद्वाज ने दिए। बताया कि दशहरा पर्व के पहले से ही कई स्थानों पर रामलीला का मंचन प्रारंभ होकर दशहरा के बाद तक चलता रहता है। इसके अलावा तहसील व थाना क्षेत्रों में मेले का आयोजन होता है, जिसमें रावण का पुतला दहन किया जाता है। इसलिए शुक्रवार से लेकर कार्य समाप्ति तक तैनात किए गए अधिकारी संबंधित क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे तो दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट प्रतिदिन की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देंगे। कहा कि संपूर्ण तहसील क्षेत्र कसया,हाटा, तमकुहीराज के सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया गया है तो पडरौना, खड्डा व कप्तानगंज के सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने बताया कि तहसीलों में कसया, हाटा , तमकुहीराज, सदर, खड्डा आदि को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया है। कहा कि किसी स्तर पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर उच्चाधिकारियों को सूचना देते हुए एसडीएम व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित रखेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 36 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए गए हैं। सार्वजनिक स्थल पर अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत कोई विवाद ना हो इसके पर विशेष निगरानी रखें दिक्कत होने पर जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे। जनपद में धारा 163 लागू है। कहा कि कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। इसके लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां दूरभाष नंबर 05564-240590 पर संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम प्रभारी विनय कुमार प्रोबेशन अधिकारी मोबाइल नंबर 7518024041 व आलोक प्रियदर्शी मोबाइल नंबर 7834948507 को बनाया गया है।



हाटा नगर के बाघनाथ चौराहा स्थित दुर्गा पंडाल में संचालक से वार्ता करते एएसपी रितेश कुमार सिंह बाएं से तीसरे • जागरण

## दुर्गा पंडालों में पहुंच एएसपी ने जाना सुरक्षा का हाल

जागरण संवाददाता,पडरौना :नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को महागौरी की की पूजा करने के लिए दुर्गा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क है। रात आठ बजे एएसपी रितेश कुमार सिंह ने मातहतों संग फोरलेन से जुड़े हाटा व कसया में दुर्गा पंडालों में पहुंच सुरक्षा का अहसास कराया। वे हाटा के बाघनाथ तिराहे से मेन रोड होते हुए बस स्टैंड गए। वहां से बाजार रोड होते हुए पुन: बाघनाथ तिराहा आए। आयोजक व पंडाल के आसपास मौजूद श्रद्धालुओं से सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी ली। पूछा कि सुरक्षा को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं आ रही। एएसपी ने कहा कि हर पंडाल के आसपास पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मोबाइल दस्ता दिन-रात भ्रमणशील है। महिला सुरक्षा को लेकर पंडाल व आसपास के क्षेत्रों की सीसी कैमरे से निगरानी चल रही। एंटी रोमियो टीम के साथ ही महिला पुलिसकर्मियों को भी मुस्तैद किया गया है। अगर कहीं पर कोई असुविधा होती है तो तत्काल अपने आसपास नजर आने वाले पुलिसकर्मियों को बताएं। दुर्गापूजा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिले भर में चौकसी बरती जा रही। एएसपी ने कसया में भी भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी ली।

## प्रतिमा विसर्जन के लिए डीएम-एसपी ने खिरकिया घाट का लिया जायजा

जासं,पडरौना : दुर्गा प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए प्रशासन तैयारी में जुट गया है। नदियों के विभिन्न घाटों के निरीक्षण का क्रम शुरू हो गया है। गुरुवार को डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बांसी नदी के खिरकिया घाट का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाट तक आने वाले रास्तों की स्थिति देखी, गड्ढों की भराई, बैरिकेडिंग तथा पथ प्रकाश की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। दुर्गा पूजा के अवसर पर नगर तथा आसपास के गांवों व चौराहों पर स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमाओं का बांसी नदी के विभिन्न घाटों पर विसर्जन किया जाता है। उस दौरान कोई परेशानी न हो इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। डीएम, एसपी ने शाम को खिरकिया घाट का जायजा ले आवश्यक इंतजाम के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नदी में पानी अधिक हो तो बांस-बल्ली लगाकर एक एरिया चिन्हित कर लें। चिन्हित एरिया में ही आयोजकों द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।आवश्यकतानुसार बालू की बोरियां रखी जाएं।

दुर्गा पूजा को लेकर हुआ बदलाव, सुबह आठ से रात के 10 बजे तक बदला रहेगा रूट, उल्लंघन पर कार्रवाई

# आज से बुधवार तक पडरौना-कसया में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

जागरण संवाददाता, पडरौनाः दुर्गा पूजा को लेकर नगर व कसया में शुक्रवार से बुधवार तक सुबह आठ से रात 10 बजे तक यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। इसलिए घर से निकलने से पहले किए गए बदलाव की जानकारी कर लें, ताकि आवागमन को लेकर किसी तरह की कोई दिक्कत न आए।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार बांसी व खिरकिया की तरफ से आने वाले चार पहिया व अन्य छोटे वाहन, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, अंबे चौक, बेलवा चुंगी, रेलवे स्टेशन मोड़, स्टेशन बाइपास, कठकुइयां मोड़ से छावनी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।



पडरौना नगर के तिलक चौक पर लगा जाम● जागरण

वहीं बड़े व्यावसायिक वाहनों का खिरकिया से अंदर शहर की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जबकि कसया की तरफ से आने वाले चार पहिया व अन्य व्यावसायिक वाहन, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, बड़ी नहर पडरौना से होते हुए जाएंगे। जटहा तिराहा से कोई भी भारी वाहन या चार पहिया वाहन तिलक चौक के रास्ते नहीं आएंगे। भारी तथा चार पहिया वाहन जटहा तिराहा से अंबे चौक, बेलवा चुंगी, रेलवे स्टेशन मोड़, स्टेशन बाइपास से कठकुइयां मोड़ के रास्ते छावनी होते हुए जाएंगे। इसी तरह रामकोला, कप्तानगंज की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहन बावली चौक के आगे नहर कट से होते हुए बड़ी नहर कट से होकर छावनी होते हुए जाएंगे। पडरौना से कसया की तरफ जाने वाले चार पहिया व अन्य व्यावसायिक वाहन बैरिया कांटा से गोपालगढ़ बाइपास होते हुए गुजरेंगे।

देवरिया से पडरौना की तरफ आने वाले चार पहिया व अन्य व्यावसायिक वाहन ओवरब्रिज कसया से गोपालगढ़, बैरिया कांटा होते हुए जाएंगे।

गोरखपुर से पडरौना आने वाले भारी चार पहिया वाहन हाइवे बाइपास, गोपालगढ़ से बैरिया कांटा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। एएसपी ने बताया कि डायवर्जन के समय वाहनों की पार्किंग पूर्व के निर्धारित आटो स्टैंड व रेलवे के पास स्थित गृहस्थी स्टोर के बगल में की जाएगी। बदलाव नागरिकों की सहूलियत के लिए किया गया है।

# भगाकर महिला का धर्मांतरण कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

## पति की तहरीर पर चार अक्तूबर को पुलिस ने दर्ज किया था केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दो बच्चों के साथ एक हिंदू महिला को भगाकर धर्मांतरण कराए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया है। आरोपी युवक देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव का निवासी है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि चार अक्तूबर को कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर यह बताया था कि उसकी पत्नी को दो बच्चों, क्रमशः सात व आठ साल, के साथ अजमल नामक एक युवक भगा ले गया है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपी युवक की तलाश में जुट गई।एसपी ने बताया कि घटना के खुलासे को लेकर एएसपी रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई थी।

**देवरिया जिले के बनकटा थाना के बभनौली का रहने वाला है आरोपी**

विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी अजमल निवासी बभनौली थाना बनकटा जिला देवरिया ने पीड़िता को उसके दो बच्चों के साथ भगा ले गया और बाद में उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने महिला व उसके दो बच्चों को बरामद कर आरोपी अजमल को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में धर्म सम परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम लगाकर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह, एसआई बृजेश कुमार यादव, मनोज कुमार वर्मा, कांस्टेबल आरिफ खान शामिल रहे।

# पटाखा बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : क्षेत्र गांव महुअवां में पुलिस ने गुरुवार की सुबह छापेमारी कर अवैध रूप से चल रही पटाखे बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके पर तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार करते हुए घर से भारी मात्रा में निर्मित व अर्द्धनिर्मित पटाखे के साथ पटाखे बनाने का सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने सूचना के आधार पर महुअवां के तबारक हुसैन, मुमताज हुसैन व मुन्ना आलम के घर छापेमारी की तो पुलिस को वहां से भारी मात्रा में हस्तनिर्मित सुतली बम, चार बोरी पटाखा बनाने का कागज, एक बोरी अर्द्धनिर्मित पटाखे, एक बोरी फुलझड़ी, हथौड़ी, पेचकस, बारूद भरने के बांस का गुटखा, पटाखों के सांचे सहित पटाखों में प्रयोग किए जाने वाले बारूद आदि बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि यह तीनों अवैध रूप से दशहरा, दीपावली व छठ पर्व को देखते हुए पटाखा बनाकर बेचने का कार्य करते हैं। पिछले वर्ष पटाखा बनाते समय हुए विस्फोट से इनमें से एक आरोपित की घर उड़ गया था। पुलिस का कहना है कि हस्तनिर्मित पटाखों में यह जानबूझकर ज्यादा आवाज के लिए बारूद की मात्रा बढ़ा देते हैं जिससे ग्राहक ज्यादा पसंद करते हैं। वह अवैध पटाखा बनाकर थोक में भी बेचते है। पुलिस ने बताया कि रोक के बावजूद अवैध हस्तनिर्मित पटाखा की मिनी फैक्ट्री आबादी के बीच चल रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।



पटहेरवा थाना परिसर में बरामद पटाखा व पकड़े गए आरोपितों के साथ खड़ी पुलिस। ● जागरण

# पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर ग्राम प्रधान सहित तीन पर केस

जासं, हाटाः मोतीचक के पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार की तहरीर पर ग्राम पंचायत पकडी के ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह सहित तीन के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपशब्द बोलने के आरोप में अहिरौली बाजार थाने में गुरुवार को मुकदमा पंजीकृत किया गया। ग्राम प्रधान पर जांच के दौरान समर्थकों संग मारने पीटने का आरोप लगाया गया है।

पूर्ति निरीक्षक दी गई तहरीर के अनुसार उपजिलाधिकारी हाटा के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुनील सिंह, पूर्ति निरीक्षक हाटा अमरजीत वर्मा, एडीओ पंचायत मोतीचक राजकुमार के साथ बीते पांच अक्टुबर को मैं पंचायत भवन पकड़ी पर कोटे की दुकान का जांच कर रहा था।

तभी ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह अपने सहयोगी रामव्यास सिंह, अशोक कुमार गोंड़ आदि के साथ आए। जांच करने से मना किया। मरे द्वारा इन्कार करने पर अपशब्द कहते हुए और मुझ पर हमला बोल दिया गया।

थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार रवि राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर ग्राम प्रधान सहित तीन पर केस

जासं, हाटा: मोतीचक के पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार की तहरीर पर ग्राम पंचायत पकडी के ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह सहित तीन के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपशब्द बोलने के आरोप में अहिरौली बाजार थाने में गुरुवार को मुकदमा पंजीकृत किया गया। ग्राम प्रधान पर जांच के दौरान समर्थकों संग मारने पीटने का आरोप लगाया गया है।

पूर्ति निरीक्षक दी गई तहरीर के अनुसार उपजिलाधिकारी हाटा के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुनील सिंह, पूर्ति निरीक्षक हाटा अमरजीत वर्मा, एडीओ पंचायत मोतीचक राजकुमार के साथ बीते पांच अक्टुबर को मैं पंचायत भवन पकड़ी पर कोटे की दुकान का जांच कर रहा था।

तभी ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह अपने सहयोगी रामक्यास सिंह, अशोक कुमार गोंड़ आदि के साथ आए। जांच करने से मना किया। मरे द्वारा इन्कार करने पर अपशब्द कहते हुए और मुझ पर हमला बोल दिया गया।

थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार रवि राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डाक्टर पर कार्रवाई के लिए डीएम-एसपी को सौंपा पत्रक

जागरण संवाददाता, पडरौना: राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा को गुरुवार को सौंप सिपाही को पिटवाने वाले गोरखपुर के निजी डाक्टर पर कार्रवाई व मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो परिषद आंदोलन को विवश होगा। जिलाध्यक्ष प्रभुनंद उपाध्याय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मिलकर आरोपित डाक्टर के विरुद्ध पत्रक सौंपा। जिसमें डाक्टर के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराने की मांग की गई है। पदाधिकारियों ने कहा है कि महंगे उपचार की शिकायत पर आरोपित डाक्टर ने अपने सहयोगियों से सिपाही पंकज कुमार की पिटाई कराई। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में डाक्टर के सहयोगी सिपाही की बेरहमी से पिटाई करते नजर आ रहे। डाक्टर की मौजूदगी में यह सबकुछ हुआ। डाक्टर के यहां सिपाही की पत्नी का उपचार चल रहा था। बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने पर डाक्टर सिपाही से नाराज थे और उन्होंने यह सबकुछ कराने के पश्चात एफआइआर दर्ज करा सिपाही को जेल भिजवा दिया। सिपाही को शीघ्र रिहा कर इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को भी पत्रक सौंपा। पत्रक सौंपने वालों में अवधेश राय, आशुतोष दुबे, बलराम गुप्त, रामकुंवर निषाद, अमरेंद्र कुशवाहा, शिव कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, तारिक मुहम्मद आदि शामिल रहे।

# अराजकतत्वों ने की विद्यालय में तोड़फोड़

गोबरहीं : कसया के पूमावि गोबरही में बुधवार की रात अराजक तत्वों ने विद्यालय के पानी की टंकी, पाइप व टोंटी तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे तो इसकी जानकारी हुई। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह ने तहरीर में लिखा है कि बुधवार की शाम विद्यालय बंद कर घर चले गए। सुबह विद्यालय पहुंचा तो पानी की टंकी, पाइप व टोंटी टूटी हुई मिली। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ रवि राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव बेलवा बुजुर्ग निवासी राज चौहान के खिलाफ थाने में केस दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। काफी दिनों से उसकी तलाश थी। संवाद

## अपहरण मामले का वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने अपहरण आदि के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त सनी यादव निवासी केवलपुर थाना पाली जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ ओमप्रकाश तिवारी, एसआई अनिल कुमार शर्मा, कांस्टेबल विश्वजीत राय शामिल रहे। संवाद

## दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म आदि के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त अजय कुशवाहा निवासी किशुनपुर टोला विजयपुर थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई गुलाब यादव, कांस्टेबल कृष्णा कुमार व बृजराज कुमार शामिल रहे। संवाद

## पुलिस ने 12 लोगों का शांतिभंग में किया चालान

**रामकोला।** पुलिस ने 12 लोगों को शांतिभंग में चालान किया है। एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि विशाल गौड़, राहुल कुमार गौड़, साहिल अंसारी, सलमान अंसारी निवासी बंधवा, रमाशंकर गौड़ निवासी बरौचा कोतवाली बस्ती, शंकरदीन गौड़ निवासी महदो थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती, विकास, आकाश, पवन कुमार, विनोद कुमार निवासी पकड़ी बंतीर, इंद्रजीत निवासी अमवा बाजार बसहिया टोला थाना रामकोला शामिल हैं। संवाद

# अवैध फैक्टरी से तीन लाख के पटाखे बरामद, तीन गिरफ्तार

## पटहेरवा पुलिस ने महुअवा गांव में एक घर से बरामद किए एक बोरी सुतली बम और उपकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** पटहेरवा पुलिस ने क्षेत्र के महुअवां गांव में एक घर से अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए तकरीबन तीन लाख रुपये का पटाखा बरामद किया है।

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

एसओ दीपक सिंह ने बताया कि क्षेत्र के महुअवां गांव में एक व्यक्ति के घर अवैध पटाखा बनाए जाने की सूचना मिली थी।

इस सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच दबिश दी तो वहां से एक बोरी हस्तनिर्मित सुतली बम, चार बोरा व एक बोरी कागज का पटाखा, अर्धनिर्मित एक बोरा व एक बोरी फुलझरी कागज का पटाखा, इसके साथ ही पटाखा बनाने वाले उपकरण, हथौड़ी, पेचकस समेत अन्य सामान भी बरामद हुए हैं।

बरामद सामान की कीमत करीब तीन लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान तबारक, मुमताज हुसैन व मुन्ना आलम निवासी महुअवां के रूप में हुई है।

पटहेरवा एसओ ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई हरिराम सिंह यादव भी शामिल रहे।



अवैध पटाखा व अन्य सामान के साथ पकड़े गए आरोपी। स्रोत-पुलिस

### हत्या की कोशिश में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के मठिया श्रीराम गांव में आठ अक्तूबर को पुरानी रंजिश को लेकर अवैध असलहे से एक व्यक्ति को जान से मारने की कोशिश में फरार दोनों आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों का आपराधिक इतिहास है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि आठ अक्तूबर को मठिया श्रीराम गांव निवासी नागेंद्र पांडेय को गांव के ही बृजमोहन पांडेय व जितल उर्फ जितेंद्र पांडेय ने अवैध असलहा से जान मारने की नीयत से फायर कर दिया था। उसके बाद से दोनों फरार थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से अवैध असलहा व कारतूस भी बरामद कर लिया गया है। बृजमोहन पांडेय के खिलाफ विभिन्न थानों में 11 मामले दर्ज हैं तो जित्तल उर्फ जितेंद्र के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज हैं। दोनों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया। संवाद

**जेल भेजे गए जेल निर्दोष लोगों का नाम निकालने की मांग : पडरौना।** शहर के छावनी में में चार दिन पूर्व देवी प्रतिमा लेकर जाने के दौरान हुए बवाल के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर पांच बाल अपचारी समेत 33 उपद्रवियों को जेल भिजवा दिया है। बृहस्पतिवार को सपा के जिलाध्यक्ष शुकुरूल्लाह अंसारी के नेतृत्व में सपा नेताओं ने एसपी को मांग पत्र सौंपा।

कहा है कि उस दिन अश्लील गीत बजाने के दौरान विवाद हुआ था, इस मामले में पुलिस केस दर्ज कर जिन लोगों को जेल भेजा है, उसमें कई लोग निर्दोष हैं। विवेचना में उनका नाम निकाला जाए। दर्ज मुकदमे में अज्ञात के नाम पर निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए।

सपा नेता व पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करे। सीसीटीवी फुटेज की ठीक से जांच जरूरी है। घटना में जो महिलाएं शामिल भी नहीं थीं। उनको भी जेल भेजा गया। इस दौरान पूर्व एमएलसी रामअवध यादव, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, कैलाश चंद्र, सगीर आलम, मोहम्मद आजम आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की मौजूदगी में डोल मेला संपन्न

**तमकुहीराज।** क्षेत्र के दाहूगंज में दुर्गा मेले पुलिस की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। बिहार बार्डर से सटे तमकुहीराज थाना क्षेत्र के इस बाजार में दो दिवसीय डोल मेला का आयोजन हुआ था। इस मेला में पांच आखड़ों के कलाकारों ने विविध प्रकार के करतब दिखाए। उसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। इस संवाद

# अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पटहेरवा।** नरहवां के श्मशान घाट के पास से एक व्यक्ति को पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 48 ट्रेटा पैक अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। उसकी पहचान अरबाज हुसैन निवासी नौसोपुर सरैया बाभन बारा थाना तरवार जनपद सीवान के रूप में की गई। संवाद

# डीएम और एसपी ने किया प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण

**पडरौना।** डीएम और एसपी ने बृहस्पतिवार को खिरकिया घाट स्थित मूर्ति विसर्जन घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से बात कर घाट पर बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश, व्यवस्था आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया।

डीएम विशाल भारद्वाज ने कहा कि जरूरत के अनुसार प्रतिमा विसर्जन स्थल पर रेत की बोरी से घाटों का निर्माण कराएं। इसके अलावा वहां उचित बैरिकेडिंग, गोताखोरों की व्यवस्था कर एसडीआरएफ की टीम भी चिन्हित स्थानों पर बुलाएं। आवागमन के रास्ते पर पथ प्रकाश तथा विद्युत संयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान एसपी संतोष कुमार मिश्र, सदर एसडीएम व्यास नारायण उमराव, सीओ अभिषेक सिंह, कोतवाल आशुतोष सिंह, नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

# दशहरा पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, दो सुपर और छह जोनल मजिस्ट्रेट तैनात

## जिले को 36 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा और शांति व्यवस्था की निगरानी करेगा प्रशासन

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** विजयदशमी पर जिले में शांति व्यवस्था और सुरक्षा की निगरानी के लिए जिले को 36 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। छह जोनल मजिस्ट्रेट भी नामित किए हैं, जो अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद करेंगे। नमाज के दौरान पडरौना शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों के आसपास सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा।

डीएम विशाल भारद्वाज ने बताया कि 11 अक्तूबर को जुमा और 12 अक्तूबर को दशहरा है। कई स्थानों पर रामलीला का मंचन चल रहा है, जो

**05564-240590 है कलक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम का नंबर**

दशहरा के बाद तक चलेगा। इस दौरान राम-बरात, शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

डीएम ने बताया कि कसया, हाटा व तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एडीएम वैभव मिश्रा होंगे। पडरौना, खड्डा व कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के लिए एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। तहसीलों के सभी एसडीएम जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 36 अधिकारियों को नामित किया गया है, जो अपने क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

सभी मजिस्ट्रेट त्योहार के समय सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। यदि कोई शांति व्यवस्था में बाधक बनता है तो उसकी जानकारी डीएम और एसपी को तत्काल देंगे। डीएम ने बताया कि कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। उसका नंबर 5564-240590 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी और डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहेंगे।

# रामलीला मैदान का एसपी ने लिया जायजा

पडरौना। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार को विजयी दशमी के दिन पडरौना के रामलीला मैदान में लगने वाले मेले और रावण दहन को लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय और इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। संवाद

# काले धंधे को सफेद करने में हुए कई लेनदेन...बैंक खातों की जांच शुरू

## पुलिस की तफ्तीश में कई नाम-मोबाइल नंबर शामिल, नेपाल-बंगाल तक मिल रहा कनेक्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीराज। काले कारोबार को सफेद करने में रफी खान गैंग से जुड़े लोगों ने एकमुश्त ट्रांजेक्शन किया है। इसकी जानकारी होने पर बैंक खातों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ट्रांजेक्शन आईडी के आधार पर पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस बड़ी रकम भेजने वाले से लेकर रिसीव करने वाले व्यक्ति को जांच का केंद्र बिंदु बनाई है। वहीं, इस अवैध धंधे से अर्जित की गई चल और अचल संपत्ति का भी ब्योरा जुटाया जा रहा है।

पशु से लेकर मसाला और नोटों के अवैध धंधे में लिप्त रफी,औरंगजेब,परवेज इलाही समेत बाकी आरोपियों ने इस धंधे से जो धन अर्जित कर काला कारोबार खड़ा



रफी खान उर्फ बबलू

किया। उसके लिए वह समय-समय पर दो नंबर का धन एक नंबर करने के लिए अलग-अलग बैंक खातों से लेन-देन किया है। सूत्र बताते हैं कि आरोपियों के काले धन कमाई की रकम बड़े-बड़े अधिकारियों तक पहुंचाई जाती थी तो कभी इस गैंग में तस्करी और कैरियर के रूप में जुड़े लोगों को भी दिया जाता था।

पुलिस अब रफी खान गैंग के गुर्गों के बैंक खातों और इसके साथ राजस्व अभिलेखों को खंगाल रही है। यह पड़ताल की जा रही है कि पिछले चार-पांच साल में उनकी हैसियत में जो बड़ा बदलाव आया उसमें इनके बैंक खाते से किस तरह के ट्रांजेक्शन हुए। सूत्रों के मुताबिक, रफी ने जगह-जगह चल व अचल संपत्ति खरीदी है। रफी और इससे जुड़े लोगों ने किस क्षेत्र में कितना निवेश किया है, बैंक खातों के लेन-देन से इसका खुलासा हो सकता है। अवैध लेनदेन या हैसियत से ज्यादा संपत्ति खरीदने व होने पर पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत उसे कुर्क भी करने की तैयारी में है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच एजेंसिया सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इनसे जुड़े लोगों की भी डिटेल खंगाली जा रही है।

### महिला संग पकड़े जाने पर निकाह...बाद में दे दिया तलाक

तमकुहीराज। रफी खान की अश्लीलता की कहानी परत-दर-परत सामने आने लगी है। सगे संबंधियों के अलावा पीड़ित और जरूरतमंद महिलाओं की मजबूरियों का फायदा उठाकर रफी और इसके गुर्गों ने अश्लीलता को अंजाम दिया। बताया जाता है कि रफी ने दो दशक पूर्व एक महिला के साथ आपत्तिजनक हाल में पकड़ा गया था। उसने रुपये व रसूख के दम पर उसे मैनेज करने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सामाजिक दबाव बढ़ने पर निकाह करना पड़ा था। हालांकि, बाद में रफी ने महिला को तलाक दे दिया था। रफी खान उर्फ बबलू सहित इस गैंग के औरंगजेब उर्फ लादेन, परवेज इलाही सहित अन्य लोग रुपये के बल पर महिलाओं का शोषण करते रहे। जाली नोट के धंधे का पर्दाफाश होने के बाद गैंग की अश्लीलता की कहानी सामने आने लगी। चर्चा है कि दो दशक पूर्व रफी एक महिला संग आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया था। कस्बे के लोगों ने उसकी पिटाई की। इसके बाद समाज ने उन्हें सजा के रूप में निकाह कराया। संवाद

# स्कूल गए छात्र को मारा चाकू, हालत गंभीर

**फाजिलनगर।** कस्बे के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र को अराजक तत्वों ने चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के कुचिया मठिया के नौका टोला निवासी मेहताब आलम का 17 वर्षीय बेटा ग्यासुद्दीन निजी विद्यालय में कक्षा दस का छात्र है। सुबह वह घर से स्कूल गया था। स्कूल से छुट्टी होने के बाद समउर मार्ग पर किसी काम से गया था, उसी दौरान चार पांच की संख्या में मौजूद युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने बीच बचाव कर विवाद शांत कराया।

गंभीर रूप से घायल छात्र बेहोश हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस को देख हमलावर फरार हो गए। घटना के बाद लोगों ने स्कूल प्रशासन को सूचना दिया, इसके बाद स्कूल से पहुंचे शिक्षक घर वालों को सूचना दिया और सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार हुआ। डाक्टरों के अनुसार छात्र के सिर में गंभीर चोट है। संवाद

# उपद्रवियों के खंगाले जा रहे आपराधिक इतिहास

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** दुर्गा प्रतिमा पर पथराव और युवकों की पिटाई को लेकर शहर के छावनी और भिसवा लाला (गनेशीपट्टी) गांव का माहौल बिगड़ गया था। पुलिस की सक्रियता के बाद उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। उपद्रवियों के जेल भेजे जाने के बाद शहर से लेकर गांव तक अब माहौल पूरी तरह से सामान्य है।

हालांकि, एहतियात के तौर पर शहर से लेकर गांव तक पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। बुधवार की देर शामदुर्गा प्रतिमा का नेत्रपट खुलने से पहले पुलिस ने गांव में पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं, अब पुलिस उपद्रवियों के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। पुलिस के हाथ कुछ वीडियो फुटेज लगे हैं, जिसमें युवकों के साथ बड़ों के भी मारपीट में शामिल होने की पुष्टि हुई है।

भिसवा लाला (गनेशीपट्टी) गांव के युवक सोमवार की दोपहर मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। इसी दौरान छावनी मुहल्ले में धार्मिक गीत बजाने को लेकर एक पक्ष के लोगों ने पहले मना किया और बाद में पथराव कर युवकों की पिटाई कर दी। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था। इस मामले में पुलिस ने अब पांच बाल अपचारी के अलावा 28 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के जेल भेजे जाने के बाद शहर से लेकर गांव तक स्थिति अब सामान्य है। हालांकि, अब भी शहर से लेकर गांव तक पुरुष सदस्य घर छोड़कर फरार हैं।दूसरी ओर, बुधवार की देर शाम रविंद्रनगर थाने के एसओ विनय कुमार मिश्र ने पुलिसकर्मियों के साथ गांव में पैदल मार्च किया।

बृहस्पतिवार की दोपहर बाद सांसद विजय कुमार दुबे भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भिसवा लाला (गनेशीपट्टी) गांव में पहुंचे। ग्राम प्रधान को बुलाकर सांसद ने बातचीत की और कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। ग्राम प्रधान का पद जिम्मेदार होता है और जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति सभी को साथ लेकर चलता है। गांव की शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें।

## गांव से लेकर शहर तक माहौल सामान्य

### गांव वालों ने किया दर्शन-पूजन

भिसवा लाला (गनेशीपट्टी) गांव में बुधवार की देर शाम करीब आठ बजे मां दुर्गा की प्रतिमा का नेत्रपट खोला गया। पहले की तरह गांव की स्थिति भी अब सामान्य होने लगी है। इस दौरान देवी प्रतिमा के दर्शन-पूजन को लोग पहुंचने लगे। देर रात तक भक्तिगीतों के बीच लोगों ने दर्शन और पूजन करते हुए गांव के सुख-शांति की कामना की। गांव के लोगों का कहना था कि गांव में शांति का माहौल है। पुलिस गश्त कर रही है। शांति व्यवस्था को बनाए रखने में गांव के लोग पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

# दो किशोरियां लापता, गुमशुदगी दर्ज

तरयासुजान। एक गांव की किशोरी के पिता ने तरयासुजान पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी नाबालिग बेटी पड़ोसी गांव की एक लड़की के साथ घास काटने गई थी। देर शाम तक वह घर नहीं लौटी तो दूसरी लड़की के घर पता लगाया गया। पता चला कि वह भी घर नहीं पहुंची है। दोनों किशोरियों के परिजन खोजबीन में जुट गए, लेकिन दोनों का कहीं पता नहीं चल सका। संवाद

# घेराबंदी के बावजूद वांछित सभासद पहुंच गया नेपाल

## पुलिस की कार्रवाई से जुआरियों और जमीन के धंधेबाजों में मची खलबली

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। कप्तानगंज कस्बे में जुआ और सूदखोरी के धंधेबाजों की कुंडली खंगाली जा रही है। पुलिस की घेराबंदी के बाद भी वांछित सभासद संजय पटेल के नेपाल पहुंचने की खबर है। हालांकि, घटना के दूसरे दिन तक उसकी लोकेशन कुशीनगर और महराजगंज में मिली थी। परिवार के कुछ सदस्यों और सभासद के करीबियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जेल भेजे गए जुआरियों के मोबाइल से कई सफेदपोशों के नंबर पुलिस के हाथ लगे हैं। कार्रवाई के बाद जुआ, जमीन और सूदखोरी के धंधेबाज कस्बे में नजर नहीं आ रहे हैं।

कप्तानगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस निवासी संजय पटेल वार्ड नंबर 11 से सभासद है। कस्बे में जुआ, सूदखोरी और विवादित

### गुर्गों की आपराधिक कुंडली खंगाल रही पुलिस, संपत्ति का जुटाया जा रहा ब्योरा

जमीनों पर कब्जा कर खरीद-फरोख्त करने वालों ने गिरोह बना लिया है। औने-पौने दाम पर मजबूर व गरीबों की जमीन बैनामा कराना गिरोह के गुर्गों का पेशा बन गया है। रसूख और हनक के चलते कोई सामने आने को तैयार नहीं होता है। सूत्रों का कहना है कि नगर के एक चर्चित व्यापारी का परिवार इनका संरक्षक है।

आरोपी संजय पटेल की गिरफ्तारी के लिए सीओ कसया के नेतृत्व में स्वाट टीम काम कर रही है। कप्तानगंज के थानाध्यक्ष को इस कार्रवाई से दूर रखा गया है। चर्चा है कि जिले में होने वाली अधिकांश मुठभेड़ में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार शामिल रहते हैं, लेकिन थाने से चंद दूरी पर चल रहे जुए के धंधे से अनजान बने हुए थे। सभासद बैजनाथ उर्फ बैजू के मामले में जिन आरोपियों का नाम सामने आया था, उनका सरगना संजय पटेल बताया गया था।

सूत्रों ने बताया कि उस मामले में पुलिस ने धाराओं को कमजोर कर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल की है। संजय पटेल के बचाव में कई सफेदपोश लगे हैं, लेकिन पुलिस की सख्ती के सामने इनकी नहीं चल पा रही है। आरोपी सभासद की लोकेशन नेपाल में मिलने के बाद उस तक पहुंचने के लिए पुलिस तैयारी में जुटी है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि फरार सभासद संजय पटेल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस दबिश दे रही है। जुए के धंधे में शामिल इस गिरोह से जुड़ा कोई भी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# महराजगंज में मिली युवती को ले गई महाराष्ट्र पुलिस

**अड्डा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** महाराष्ट्र से बहला-फुसलाकर भगाई गई युवती को महराष्ट्र पुलिस नौतनवा पुलिस की सहयोग से बरामद कर ली। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बुधवार की रात को ही युवती को अपने साथ लेकर वापस लौट गई। पुलिस के मुताबिक नौतनवां थाना क्षेत्र का एक परिवार महाराष्ट्र में रोजगार के लिए गया था और वहां बस गया था।

परिवार का एक लड़का महराष्ट्र की युवती को बहला-फुसला कर भगा लाया। इस मामले में युवती के परिजनों ने महाराष्ट्र में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। काल डिटेल व लोकेशन को ट्रेस कर बुधवार को महाराष्ट्र पुलिस की टीम महराजगंज पहुंची थी। लड़की को बरामद करने अड्डा पुलिस चौकी पहुंची। अड्डा बाजार पुलिस चौकी के सहयोग से युवती व युवक को उसके ननिहाल से देर बरामद कर ली। नौतनवां थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक व युवती को बरामद कर महाराष्ट्र पुलिस टीम को सौंप दिया गया है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में एक पर मुकदमा दर्ज

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के गाँव रामनगर की रहने वाली एक महिला को शादी का झांसा देकर पिछले एक वर्ष से शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में गुरुवार को नौतनवा पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

युवती ने पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मुकदमा कर कार्यवाही करने का आदेश दिया था।

महिला ने पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में 7 अक्टूबर को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक तत्काल मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। महिला ने अपने तहरीर में बताया कि एक वर्ष पूर्व राहुल निवासी परासखाड़ थाना फरेंदा से उसकी मुलाकात हुई थी( वह बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाया और इस दौरान उसने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वह शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# धोखाधड़ी के मामले में वारंटी गिरफ्तार

ठूठीबारी। लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव, हेड कां. मनीष कुमार व नंदलाल ने धोखाधड़ी सहित कई मामलों में वांछित आरोपी रसीदी निवासी कठखोर को मुखबिर की सूचना पर गड़ौरा टैक्सी स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी कोतवाल योगेन्द्र कुमार ने बताया कि वांछित का न्यायालय चालान कर दिया गया।

# डीएम व एसपी ने दुर्गा पंडालों का किया निरीक्षण

**कोठीभार, हिन्दुस्तान संवाद।** डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना ने सिसवा नगर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में समितियों द्वारा बनवाये गए पूजा पंडालों का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही उन्होंने समिति संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम ने पंडाल व आस पास कुछ खामियों को देख मौके पर उपस्थित नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र गुप्ता को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। पंडालों में दर्शनार्थियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए



डीएम व एसपी ने सिसवा में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

समिति संचालकों एवं स्थानीय प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान एसपी सोमेंद्र मीना ने पूजा पंडालों के अंदर व बाहर सुरक्षा के बाबत समिति के लोगो से जानकारी हासिल की। इस दौरान एसडीएम निचलौल शैलेन्द्र गौतम, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक कोठीभार अखिलेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी बृजभान यादव, एसआई अशोक गिरी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल, सभासद जितेंद्र वर्मा, विष्णु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**डीएम व एसपी ने सिसवा के पंडालों का निरीक्षण किया: महराजगंज।** डीएम और एसपी ने निचलौल तहसील स्थित विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने रामजानकी मंदिर, सिसवा बाजार स्थित पंडाल का दौरा किया, जहां उन्होंने पंडाल में स्थापित कृत्रिम गुफा का मुआयना किया।

# अस्पताल के बॉथरूम हो गया प्रसव, नवजात की मौत

- प्रसव के बाद नवजात की मौत पर परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप
- लक्ष्मीपुर सीएचसी का मामला, अधिकारी बोले, होगी जांच

लक्ष्मीपुर, हिन्दुस्तान संवाद। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मीपुर में स्वास्थ्य कर्मियों पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगा है। एक प्रसूता का प्रसव अस्पताल के बॉथरूम में हो गया और दोनों देर तक तड़पते रहे। बाद में नवजात ने दम तोड़ दिया। इस घटना से सीएचसी में हड़कंप मच गया। प्रसूता के परिजनों ने लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। इस मामले की विभागीय जांच होने जा रही है।

लक्ष्मीपुर निवासी मुर्शीद की पत्नी जैनब को प्रसव पीड़ा के बाद सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया। मुर्शीद ने उच्चाधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि बुधवार को प्रसव पीड़ा के बाद वह अपनी पत्नी को लेकर सीएचसी पहुंचा। वहां उसे भर्ती किया गया। बाहर से ग्लब्स, इंजेक्शन व ग्लूकोज बॉटल मंगवाया गया। रात तीन बजे जैनब को दर्द बढ़ गया। इसकी जानकारी स्टाफ को दी गई तो बताया गया कि दो घंटे में डिलीवरी हो जाएगी। सुबह चार बजे के करीब स्टाफ की महिला कर्मी अपने रूम पर चली गई। मुर्शीद के अनुसार कुछ देर बाद उसकी पत्नी को बॉथरूम जाना पड़ा, जहां उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। अस्पताल के कमरों में दौड़कर वह स्टाफ की तलाश करने लगा, लेकिन कोई नहीं मिला। बॉथरूम में ही उसका प्रसव हो गया और दोनों वहीं तड़पते रहे। आधे घंटे बाद इसकी जानकारी डॉक्टर को हुई तो वे मौके पर पहुंचकर देखे, लेकिन तब तक नवजात की मौत हो चुकी थी। इस संबंध में लक्ष्मीपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. बीके शुक्ला ने कहा कि मामला गंभीर है। उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है। इसकी जांच कर कार्रवाई होगी।

# उलाहना देने गई महिला व उसके बेटे को पीटा

पनियरा। पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवां शुक्ल टोला नर्सरी निवासिनी सरिता देवी व उसके बेटे को गांव के ही कुछ लोगों ने पीट दिया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता सरिता देवी की तहरीर के अनुसार 9 अक्टूबर को उसका लड़का आदित्य स्कूल से घर आ रहा था। तभी गांव की एक महिला ने उसे मारपीट दिया। इस बात की उलाहना देने गयी तो महिला के साथ कुछ और लोग ने एकजुट होकर मां-बेटे को बुरी तरह मारा पीटा।

# गांजा तस्करी में दोषी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

**महराजगंज।** ठूठीबारी क्षेत्र से गिरफ्तार बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिला निवासी अरमान को गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों की एक साथ सुनवाई हुई।

विशेष सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने आरोपित को दोष सिद्ध करार करते हुए 2005 के अपराध के लिए 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड तथा 2007 के अपराध के लिए 4 वर्ष का सश्रम कारावास, 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। उपरोक्त दोनों सजा साथ-साथ प्रभावी रहेंगे। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, ठूठीबारी पुलिस ने बिहार राज्य के जिला पश्चिमी चंपारण के थाना पुरुषोत्तमपुर भेड़िहारी गांव निवासी अरमान को 2005 में 7 किलो गांजा तथा 2007 में 10 किलो गांजा नेपाल से भारत तस्करी करते समय पकड़ा था। आरोपित के विरुद्ध ठूठीबारी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 2005 तथा 2007 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पश्चात न्यायालय सक्षम आरोपपत्र प्रस्तुत किया। संवाद

अदालत से

# गांजा की तस्करी के आरोपित को 5 वर्ष की सश्रम कारावास

ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद। ...त्र से गिरफ्तार बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिला निवासी अरमान पुत्र शहीद को गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में विशेष सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ पांच साल का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड किया है। दूसरे केस में 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों सजा साथ-साथ प्रभावी रहेंगी।

पत्रावली के अनुसार ठूठीबारी पुलिस ने बिहार राज्य के जिला पश्चिमी चंपारण के थाना पुरुषोत्तमपुर भेड़िहारी गांव निवासी अरमान पुत्र शहिद को 2005 में 7 किलो गांजा व 2007 में 10 किलो गांजा के साथ पकड़ा था। आरोपित के विरुद्ध ठूठीबारी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 2005 व 2007 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोपपत्र प्रस्तुत किया। दोनों मुकदमों में अभिलखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर व विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सजा सुनाया।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, महराजगंज : श्यामदेउरवा थाना अंतर्गत विद्युत तार हटाने के विवाद को लेकर पुलिस ने तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कतरारी निवासी शांति देवी ने बताया कि चार अक्टूबर को दोपहर तीन बजे के करीब मेरे छत से गुजरा नंगा तार टूट कर गिर गया। जिसे दोबारा जोड़ा जा रहा था तो मैं बोली की कलम्पू लगा कर छत से इस तार को हटा दिया जाए। इसी पर सरीफ खान, भुट्ट और छोटू अन्य लोगों के साथ मिलकर मार-पीटकर घायल कर दिए। वहीं बचाने आई मेरी बड़ी बहू कैलाशी देवी को भी चोटें आयी है। थानाध्यक्ष श्यामदेउरवा अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# आज से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

**रूट डायवर्ट कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास, सुबह 10 से रात 10 बजे तक कस्बे में प्रवेश नहीं करेंगे बड़े वाहन**

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** दुर्गा पूजा को देखते हुए 11 से 14 अक्तूबर तक डायवर्जन रहेगा। सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक कस्बे में भारी वाहन प्रवेश नहीं करेंगे।

यातायात प्रभारी अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सिसवा घुघुली के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन, कॉमर्शियल वाहन जिनको फरेंदा की तरफ जाना हो वह नो-इंट्री के समय शिकारपुर परतावल पनियरा, कैंपियरगंज होकर फरेंदा जाएंगे।

निचलौल के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वे सभी वाहन नो-इंट्री के समय सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे।चौक रोड से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह नो इंट्री के समय झझनपुर से सिंदुरिया शिकारपुर, परतावल होकर जाएंगे।

फरेंदा की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया, शिकारपुर जाना हो वह नो-इंट्री के समय कैंपियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे। गोरखपुर, परतावल बाजार के तरफ आने वाले सभी भारी वाहन वाहन नो-इंट्री के समय शिकारपुर से ही डायवर्जन, रोका जाएगा। पनियरा रोड से आने वाले भारी वाहन को पकड़ी से फरेंदा की ओर और फरेंदा की ओर से आने वाले भारी वाहन पकड़ी से पनियरा की ओर डायवर्जन किए जाएंगे।

## निचलौल रोड पर लगा जाम, लोग परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी



दुर्गा मंदिर के पास लगा जाम। संवाद

**महराजगंज।** नगर चौराहे से निचलौल की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। बृहस्पतिवार की दोपहर मार्ग पर दुर्गा मंदिर से लेकर रजिस्ट्री ऑफिस तक लगभग 45 मिनट से अधिक समय तक जाम लगा रहा। जाम में श्रद्धालु भी फंसे होने के कारण परेशान रहे।

निचलौल रोड पर नवरात्र के चलते दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ा है, लेकिन पटरियों पर किया गया अतिक्रमण भीड़ के कारण लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। जाम में फंसे लोग तेज धूप के कारण और परेशान रहे।

जब जाम का दायरा दुर्गा मंदिर के सामने से चौराहे की तरफ बढ़ने लगा तब यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम समाप्त कराया। यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त मार्ग पर जाम न लगने पाए इसके लिए यातायात पुलिस की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# गांजा तस्कर अरमान को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

- आरोपित को तस्करी के दो अलग अलग मुकदमों में मिली सजा
- बिहार के पश्चिमी चंपारण का रहने वाला है आरोपित अरमान

जागरण संवाददाता, महराजगंज : ठूठीबारी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिला निवासी अरमान को गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में दोषी सिद्ध करार देते हुए विशेष सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने एक मामले में पांच वर्ष का सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड तथा दूसरे मामले में चार वर्ष का सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। उपरोक्त दोनों सजा साथ-साथ चलेगी।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार ठूठीबारी पुलिस ने बिहार राज्य के जिला पश्चिमी चंपारण के थाना पुरुषोत्तमपुर भेड़िहारी गांव निवासी अरमान को वर्ष 2005 में सात किलो गांजा तथा 2007 में 10 किलो गांजा नेपाल से भारत तस्करी करते समय पकड़ा था। आरोपित के विरुद्ध ठूठीबारी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 2005 तथा 2007 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पश्चात न्यायालय सक्षम आरोपपत्र प्रस्तुत किया था। दोनों मुकदमों में अभिलेखीय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सजा सुनायी है।

# विदेश भेजने के नाम पर 1.70 लाख रुपये की ठगी, मुकदमा

जागरण संवाददाता, भिटौली: कोतवाली थाना के रामपुर बुजुर्ग निवासी सुभाष चौधरी, अशोक चौधरी व मनोज चौधरी से बागापार के टोला बरवा राजा निवासी एजेंट राकेश ने 1.70 लाख रुपये ठग लिए। आरोपित ने मामले में फर्जी पासपोर्ट और बीजा दे दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जालसाजी, ठगी व मारपीट का मुकदमा एजेंट के विरुद्ध दर्ज किया है।

तीनों पीड़ितों ने तहरीर में लिखा है कि हम तीनों को विदेश जाना था तो गांव के निकट बागापार टोला बरवाराजा निवासी राकेश से मुलाकात की, जिससे विदेश भेजने की बात हुई थी। कहा था कि मैं विदेश भेजने का एजेंट का काम करता हूं। आप लोगों को यदि विदेश जाना होगा, हमें जरूर बताइएगा। विदेश जाने की तैयारी उक्त एजेंट राकेश से बात कर हम तीनों ने कर लिया। सुभाष चौधरी ने 22 अगस्त 2024 को बीस हजार व 15 अगस्त 2024 को 15 हजार, 15 सितंबर 2024 को ही 15 हजार रुपये आनलाइन गुगल पे किया। 10 हजार रुपये मेडिकल के नाम पर कैश दिया। कुल 60 हजार रुपये दे दिया। अशोक चौधरी ने भी 55 हजार रुपये एजेंट को दिया। इसी क्रम में मनोज चौधरी ने भी 55 हजार रुपये एजेंट को गुगल पे कर दिया। एजेंट ने कहा कि आप लोगों का पासपोर्ट व बीजा बनकर तैयार हो गया है। 25 सितंबर 2024 को दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल से फ्लाइट है। एजेंट ने पासपोर्ट व बीजा दे दिया और इसे लेकर 25 सितंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे तो पता चला कि पासपोर्ट व बीजा फर्जी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि आरोपित एजेंट पर जालसाजी व मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है। विवेचना चल रही है।

# पंडालों में करें अग्निशमन सुरक्षा के प्रबंध

जासं, महराजगंजः दुर्गा पूजा में किसी भी प्रकार की घटनाएं न हो इसके लिए अग्निशमन विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिले के 1155 पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम ने निरीक्षण कर सुरक्षा के निर्देश दिए। महराजगंज शहर में निरीक्षण के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी जसबीर सिंह ने पूजा पंडाल समितियों को आग से बचाव के उपायों को बताते हुए यंत्रों की उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जिले में इस वर्ष 20 थाना क्षेत्रों में कुल 1155 पूजा पंडाल बने हुए हैं। पंडाल में किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना न हो इसके लिए अग्निशमन विभाग की टीमें थाना पुलिस के समन्वय से वहां पर आग से बचाव के इंतजाम कराने का कार्य कर रही है।

# चार दिनों तक परिवर्तित रहेगा मार्ग

- दुर्गा पूजा को देखते हुए 11 से 14 अक्टूबर तक नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

जागरण संवाददाता,महराजगंजः नगर पलिका परिषद महराजगंज में 11 से 14 अक्टूबर दुर्गा पूजा/विजय दशमी एवं प्रतिमा विसर्जन तक कस्बा महराजगंज में भारी वाहनों का सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि सिसवा घुघुली के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन/ कामर्शियल वाहन जिनको फरेन्दा के तरफ जाना हो वह वाहन नो-एण्ट्री के समय शिकारपुर परतावल पनियरा, कैम्पियरगंज होकर फरेन्दा जाएंगे। निचलौल के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको फरेन्दा, गोरखपुर रोड़ की ओर जाना हो, वह वाहन नो-एंट्री के समय सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे। चौक रोड से आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको फरेन्दा, गोरखपुर रोड़ की ओर जाना हो, वह वाहन नो-एंट्री के समय झंझनपुर से सिंदुरिया शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे। फरेन्दा की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया शिकारपुर जाना हो, वह वाहन नो-एंट्री के समय कैम्पियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे। गोरखपुर परतावल बाजार के तरफ आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन नो-एंट्री के समय शिकारपुर से ही डायवर्जन, रोका जाएगा। पनियरा रोड से आने वाले भारी वाहन को पकडी से फरेन्दा की ओर तथा फरेन्दा की ओर से आने वाले भारी वाहन को पकडी से पनियरा की ओर डार्यवजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तु, सामग्री सेवा जारी रहेगा।

# शांतिपूर्वक मनाएं पर्व

**बागापार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बागापार पुलिस चौकी पर बृहस्पतिवार को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन को लेकर क्षेत्र के समस्त दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। सदर कोतवाल मनोज कुमार राय ने कहा कि शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाएं। त्योहार में अशांति पैदा करने वाले शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेज आवाज में डीजे नहीं बजाना है। संवाद

# सभी सुरक्षा मानकों का अनुपालन पंडाल में सुनिश्चित कराएं

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा निचलौल तहसील स्थित विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया गया। सबसे पहले रामजानकी मंदिर सिसवा बाजार स्थित पंडाल का निरीक्षण किया गया।

वहां पर दोनों अधिकारियों पंडाल में स्थित कृत्रिम गुफा का निरीक्षण किया और विद्युत व अग्नि सुरक्षा की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एसडीएम निचलौल को निर्देश दिया कि सभी सुरक्षा मानकों का अनुपालन पंडाल में सुनिश्चित कराएं। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने सिसवा बाजार श्री बाल दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा स्थापित दुर्गा पांडाल का निरीक्षण किया।

दोनों लोगों ने घुघली में भी दुर्गा पंडाल और वैकुंठी धाम सहित विभिन्न विसर्जन स्थलों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने दशहरा के दृष्टिगत किए गए इंतजामों की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि इसमें लापरवाही न बरतें।

उन्होंने विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई सहित गीताखोर, नाव व नाविक सहित अन्य इंतजाम करने का निर्देश दिया। दोनों अधिकारियों ने पैदल मार्च कर आमलोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया।

## एएसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था देखी

महराजगंज। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने शारदीय नवरात्रि, दशहरा मेला व आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत थाना कोतवाली पुलिस के साथ नगर क्षेत्र महराजगंज के मुख्य चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। थाना कोतवाली पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संवाद

## हेल्पलाइन नंबरों के बारे में दी जानकारी

मिठौरा। सिंदुरिया थाने की पुलिस ने ग्राम सभा पिपरा कल्याण स्थित प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूक किया। उप निरीक्षक प्रियंका मौर्य ने छात्राओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारियां देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। पुलिस सहायता हेल्प लाइन 112, महिला हेल्प लाइन 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, एसएस बी 1903, जीआरपीएफ 182 आदि नंबरों पर सूचना देने से आपकी समस्या का समाधान किया जा सकता है। संवाद

# जालसाजी के दो मामलों में केस दर्ज, जांच शुरू

## फ्रेंड रिक्वेस्ट में तो कोई शेयर मार्केट में पैसे लगाने के नाम पर लाखों गंवाए

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** इन दिनों डिजिटल संसाधनों का प्रयोग करने में सावधान रहने की जरूरत है। कोठीभार क्षेत्र का एक युवक फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार किया तो उसे फंसाकर रकम वसूल किया गया। वहीं दूसरे को शेयर मार्केट में लालच देकर तीन लाख रुपये जालसाजों ने ले लिया। दोनों मामलों में केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोठीभार क्षेत्र के मुंडेरी गांव के आजाद अली के अनुसार, एक महीना पहले विजय गौतम निवासी फरेंदा महराजगंज से बड़े भाई रवि आलम से बोला की एक 2021 से एप चल रहा है। टीम काम करके शेयर खरीद कर अच्छा रुपया कमा रही है। इसमें आप पैसा इनवेस्ट करेंगे तो रोज का इनकम देगा। भाई ने कुछ रुपये लगाकर एप देखा तो पैसा दे भी रहा था और खाते में 200 से 300 भेज भी रहा था।

### डिजिटल संसाधनों के प्रयोग में सावधानी की जरूरत

अचानक उसे ऐप में ऑफर आया की बड़ा रकम डालिए और मेरा शेयर खरीदिए तो रोज का इनकम ज्यादा होगा। हम लोग भाई-बहनों ने करीब तीन लाख का शेयर खरीद लिए, इसके बाद हमारे खाते में पैसे आने बंद हो गए।

20 सितंबर को एप ने काम करना बंद कर दिया, जिससे हमारा पैसा डूब गया। जो भी शेयर खरीदता था उसको एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोडा जाता था।

ग्रुप में जो भी कंपनी का आफर आता था, उसमें कुछ लोग थे जो शेयर करते थे और बोलते थे कंपनी के मैनेजर से हम लोग डायरेक्ट बात करते हैं। पैसा डूबने के बाद इन लोगों का पता भी नहीं चल रहा है। एप में शेयर खरीदा गया। पेटीएम और यूपीआई से ऑनलाइन खरीदा जाता था और एप में भी रुपये भेजे जाते थे। वह लोगों के बैंक खाते में आता था। मामले में साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है।

दूसरी ओर से शहर के एक मोहल्ले के रहने वाले व्यक्ति को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करना महंगा पड़ गया। उसे स्वीकार करते ही अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सप मैसेज, कॉल और फोन करने लगा। फर्जी ढंग से एक फेसबुक आईडी बनाकर मैसेंजर से अश्लील फोटो भेजकर धमकी देने लगा कि तुम मेरी बेटी के साथ बहुत गलत किए हो तथा व्हाट्सप व फेसबुक से इस प्रकार से तमाम बातें लिखकर व मेरी फोटो एडिट कर भेजता रहा। मानसिक रूप से प्रताड़ित कर जानमाल की धमकी देने लगा। मामले में साइबर थाने में केस दर्ज हुआ है।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में सामने आने पर केस दर्ज किए जाते हैं। लोगों को सचेत रहने की जरूरत है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# प्रतिमा विसर्जन में न हो विवाद, मौजूद रहेंगे मजिस्ट्रेट

**पूरे जिले को छह जोन व तेरह सेक्टर में किया गया विभाजित**

**17/18 अक्टूबर की रात में होगा जिले की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन**

**बस्ती (एसएनबी)।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कहीं कोई विवाद न हो इसके लिए जिला प्रषासन पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी भी विवाद से निपटने के लिए फुल प्रूफ प्लान तैयार किया गया है। पूर्णिमा के बाद प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 17/18 अक्टूबर की रात में सभी क्षेत्रो की दुर्गा प्रतिमा को गन्तव्य तक ले जाने के लिए पूरे जनपद को छह जाने व तेरह सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी जोन की जिम्मेदारी जहां जोनल अधिकारियों को सौंपी गयी है वही छोटे-छोटे सेक्टरो में हर 15 मिनट पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की गाड़ी फर्राटा भरेगी।

जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आदेष जारी करते हुए कहा है कि दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के बाद शहर में बड़े मेले का आयोजन होता है। जिसमें भारी भीड़ इकट्ठा होती है। इस मेले में पूरे शहर से लोग आते है, ऐसे में शहर का माहौल बिगड़ने की आशंका रहती है। लिहाजा जिले के विभिन्न क्षेत्रो को अलग- अलग जोन में बांटा जाना जरूरी है। जिलाधिकारी श्री गुप्ता ने जहां ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट रूधौली दिया है शाहिद अहमद को जोन प्रथम, उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक हर्रैया मनोज प्रकाश को जोन द्वितीय, उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक भानपुर सत्येन्द्र कुमार सिंह को जोन तृतीय, उप जिला मजिस्ट्रेट भानपुर आशुतोष तिवारी को जोन चतुर्थ, उप जिला मजिस्ट्रेट बस्ती सदर शत्रुघ पाठक को जोन पंचम तथा उप जिला मजिस्ट्रेट हर्रैया विनोद कुमार पाण-डेय को जोन षष्ठम का जोनल अधिकारी बनाया गया है। जबकि जिलापूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह को सेक्टर-1 की जिम्मेदारी दी गयी है। सेक्टर-1 में चौनपुरवा, पॉलीटेक्निक चौराहा, हड़िया चौराहा, मारवाड़ी मन्दिर, पाण्डेय बाजार से होते हुए रेलवे स्टेशन क्रासिंग तक का क्षेत्र शामिल किया गया है। इसी तरह सेक्टर-2 में रेवले स्टेशन क्रासिंग, पाण्डेय बाजार से नई बाजार, सुर्ती हट्ठा, करूआ बाबा, पूर्वी क्रासिंग, रेवले स्टेशन होते हुए दक्षिण दरवाजा तक को शामिल किया गया है। सेक्टर-2 की जिम्मेदारी जिला प्रशिक्षण अधिकारी विजय प्रताप यादव को दी गयी है। सेक्टर तीन में करूआ बाबा से पंचायती मन्दिर से दक्षिण दरवाजा तक को रखा गया है। यहां का जिम्मा अपर सांख्यकी अधिकारी अर्थ एंव संख्या संजय कुमार के जिम्मे होगा। सेक्टर-4 अस्पताल चौराहा से होते हुए दक्षिण दरवाजा पचपेड़िया मोड़ तक बनाया गया है। यहां अपर सांख्यकी अधिकारी अर्थ एवं संख्या जय प्रकाश वर्मा सेक्टर मजिस्ट्रेट होगे। सेक्टर पांच में सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी अपर सांख्यकि अधिकारी श्रम प्रवर्तन नागेन्द्र त्रिपाठी को दी गयी है। इनके जिम्मे जिगिना तिराहा से अस्पताल चौराहा होते हुए रोडवेज तिराहा तक का जिम्मा रहेगा। सेक्टर-6 में खण्ड विकास अधिकारी साऊंघाट मनोज कुमार श्रीवास्तव को तैनात किया गया है। वह पचपेड़िया मोड़ से रोडवेज तिराहा मालवीय तिराहा होते हुए कटेश्वर पार्क तक का जिम्मा सम्भालेंगे। सेक्टर-7 की जिम्मेदारी अपर सांख्यकी अधिकारी जिला कार्यक्रम कार्यालय नागेन्द्र मणि के जिम्मे होगा। इनके क्षेत्र में कटेश्वर पार्क से गांधीनगर पुलिस चौकी तक का क्षेत्र निर्धारित किया गया है। सबसे व्यस्त गांधीनगर पुलिस चौकी से गन्दा नाला बेगम खैर स्कूल तक को सेक्टर-8 में रखा गया है। जहां के सेक्टर मजिस्ट्रेट खण्ड विकास अधिकारी परशुरामपुर विनोद कुमार सिंह होगें। भूमि संरक्षण अधिकारी आरएन चौधरी को सेक्टर-9 की जिम्मेदारी दी गयी है। वह बेगम खैर गन्दा नाला, कम्पनी बाग, षास्त्री चौक व फौव्वारा तिराहा तक का जिम्मा सम्भालेंगे। इसी तरह सेक्टर-10 का जिम्मा खण्ड विकास अधिकारी रामनगर गणेष दत्त शुक्ल के जिम्मे होगा। जिन्हे मालवीय तिराहे से रौता होते हुए फौव्वारा तिराहा तक का क्षेत्र आवंटित किया गया है। सेक्टर-11 में फौव्वारा तिराहा से कटरा पानी टंकी होते हुए बड़े वन, मूड़घाट का क्षेत्र है, यहां की जिम्मेदारी खण्ड विकास अधिकारी कुदरहा कुलदीप कुमार को दी गयी है। अमहट घाट विसर्जन स्थल व विसर्जन की समस्त व्यवस्था का क्षेत्र सेक्टर-12 में होगा। जहां पर तहसीलदार रूधौली डॉ रवि यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। अमहट पुल के दक्षिणी घाट मजार की तरफ का क्षेत्र सेक्टर-13 में निर्धारित है जो तहसीलदार बस्ती सदर विनय प्रभाकर के जिम्मे रहेगा। इसके अलावा पार्किंग के लिए स्थल भी निर्धारित किया गया है। किसान डिग्री कालेज ग्राउण्ड, एपीएन डिग्री कालेज के पीछे के मैदान के साथ-साथ श्री ष्ण पाण्डेय इण्टर कालेज व राजकीय इण्टर कालेज को पार्किंग स्थल के रूप में चयनित किया गया है। जहां की जिम्मेदारी मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी के जिम्मे रहेगी। मेले से लेकर विसर्जन तक सभी कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी अपर जिला मजिस्ट्रेट सत्यपाल चौहान के जिम्मे रहेगी। जिलाधिकारी ने इस दौरान सभी मजिस्ट्रेटो को किसी भी प्रकार के अवकाश की अनुमति नही देने का भी आदेष जारी किया है।

# सेंध काटकर अंदर घुसे चोरों ने खंगाल दिया घर

**पैकोलिया (बस्ती), हिसं।** थानाक्षेत्र के सुकरौली चौधरी में सेंध काटकर अंदर घुसे चोरों ने जेवरात व अनाज चोरी कर लिया। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। एसएचओ धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि चोरी का केस दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

सुकरौली चौधरी गांव निवासी सीताराम यादव ने बताया कि उनके घर की दीवार में सेंध काटकर चोर अंदर घुस गए। चोरों ने आलमारी को तोड़कर पत्नी धनपता और बहू सरिता के आभूषण चुरा लिया। साथ ही गेहूं व चावल की भी चोर उठा ले गए। करीब चार बजे इनकी बेटी मालती और छोटी बहू साधना जागी तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। इन दोनों ने कमरे के बगल में सटे कमरे को देखा तो नकब कटी थी। इसके अलावा आलमारी खुली पड़ी थी। सामान बिखरा पड़ा था। गांव के ही सुरेन्द्र को फोन करके बाहर से बंद दरवाजे को खुलवाया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया पैदल गश्त



**हर्रैया (एसएनबी)।** नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार के मद्देनजर गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्र तथा थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने पुलिस बल के साथ स्थानीय कस्बे में पैदल गश्त किया। अधिकारियों में दुर्गा पंडालों में जाकर आयोजको तथा डीजे संचालको को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। दशहरा के दिन दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन समय से करने को कहा। अधिकारियों ने त्यौहार को शांति पूर्वक ढंग से मनाने की अपील किया।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में एएनएम ने सौंपा ज्ञापन

**हरैया(एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश राज्य एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन के बैनर तले गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आनलाइन हाजिरी बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर एएनएम कार्यकत्रियों ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री, महानिदेशक परिवार कल्याण तथा मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन अधीक्षक डॉ. बृजेश शुक्ला की गैर मौजूदगी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदलाल यादव को सौंपा।

आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस से संबद्ध उत्तर प्रदेश राज्य एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन के बैनर तले गुरुवार को पूनम त्रिपाठी, नीलम पाण्डेय, छाया वर्मा, सपना शुक्ला, संगीता पाण्डेय, आरती मिश्रा, सुशीला, निधि, सुमन पाल, संगीता द्विवेदी, अमरावती वर्मा, रजनी श्रीवास्तव, संगीता पाल, शोभावती मिश्रा, अंकिता तिवारी, बिंदु बाला त्रिपाठी, सुनीता वर्मा, अंजनी वर्मा, सरिता तिवारी, द्रोपती सिंह, अनुज शुक्ला, सरिता तिवारी, ममता, सरिता देवी, पुष्पा तिवारी सहित तमाम एएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर धरना दिया। बाद में एएनएम के गृह जनपद में स्थानांतरण पर लगाए गए रोक को वापस लेने, उन्हें काम के सापेक्ष सम्मानजनक वेतन देने स्वास्थ्य बीमा जैसी लंबित मांगों का संज्ञान लेकर उन्हें पूरा करने, उपकेंद्रों पर पोर्टल के जरिए सुबह शाम फोटो अपलोड करने के आदेश को निरस्त करने सहित विभिन्न मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि दूरस्थ तैनात महिला कर्मचारी फील्ड में कार्य करती है। उसके बाद अन्य कार्यों की भी जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में दो बार पोर्टल पर फोटो अपलोड करना संभव नहीं है।

दुबौलिया प्रतिनिधि केअनुसार एएनएम सीमा रानी, शिमला पाठक, अनुपमा शुक्ला, अनीता, रीना सिंह, शशि यादव एवं अनुराधा सहित तमाम एएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एकत्रित हुई। अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएचसी के एमओआईसी डा. सुशील कुमार को सौंपा।





चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपती कर्मचारी एवं दुबौलिया में प्रदर्शन करती एएनएम।

## बच्ची को मारने की नीयत से उठाने का आरोप, केस

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर वाल्टरगंज पुलिस ने दो माह की बच्ची को जान से मारने की नीयत से उठा ले जाने और मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी थाने के सोनौरा पाठक निवासी बिन्दू पाठक पत्नी देवनारायण पाठक का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने गत एक सितंबर को चाकू व डंडा लेकर घर में घुसकर हमला बोल दिया। आरोप है कि विपक्षी दो माह की बच्ची को जान से खत्म करने की नीयत से अपने साथ उठा ले गए। उनके पति व पुत्र के घर आने के बाद विपक्षियों के घर पर जाकर बच्ची को छुड़ाकर लाए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर इसी गांव की अजय, नंदिनी, पप्पू पाठक, अंकित पाठक और राधिका पाठक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# प्रेमी संग युवती फरार, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। एक लड़की घर से बिना किसी को कुछ बताये चली गयी और वापस नही लौटी। इस सम्बन्ध में लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी बेटी घर से बिना कुछ बताये कहीं चली गयी है, जिसकी रिश्तेदार व हित मित्र में काफी तलाश करने के बाद भी कहीं कुछ पता नही चला। महिला ने आशंका जताया है कि लड़की को किसी अज्ञात युवक द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसा हड़पने के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)**। पैसा हड़प लेने के मामले में न्यायालय के आदेश पर रूधौली थाने की पुलिस ने तीन लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रूधौली थानाक्षेत्र के खगरा गांव निवासी दिनेश कुमार यादव से विपक्षी जसपाल सिंह, मुकूल कुमार व रूपेन्द्र ने मिलकर 25 हजार रूपये लिया था। जिसे वापस मांगने पर अभियुक्तो ने देने से मना कर दिया और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पैसा न मिलता देख दिनेश कुमार यादव पुत्र जोखु ग्राम खगरा ने न्यायालय का सहारा लिया। जिसमें न्यायालय के आदेष पर रूधौली पुलिस ने आरोपी जसपाल सिंह पुत्र शिवपाल वाल्मिकी निवासी अम्बेडकर नगर वल्मिकी बस्ती निकट शिवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, मुकूल कुमार, रुपेन्द्र कुमार के विरूद्ध धारा 406, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला की पिटाई, केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)**। मामूली विवाद को लेकर विपक्षियों ने घर पर आकर एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की षिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानाक्षेत्र के बांसखोर कला गांव में आपसी विवाद को लेकर रीता के घर पर विपक्षी श्रवण कुमार व किरन आयी और गालियां देने लगी। जिसका रीता द्वारा विरोध जताया गया तो उन्हें मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता रीता पत्नी रामधन ग्राम बांसखोर कला थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार पुत्र अदालत, किरन पत्नी श्रवण कुमार ग्राम बांसखोर कला थाना रूधौली के विरूद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विद्युत कर्मचारी से अभद्रता, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)**। विद्युत विच्छेपन कार्य के दौरान विपक्षी द्वारा विद्युत कर्मचारी के साथ अभद्रता करते हुए उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया। इस सम्बन्ध में अवर अभियन्ता की षिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के मरवटिया बरदहिया चौराहा पर अवर अभियन्ता अभिषेक कुमार विद्युत विच्छेपन संयोजन का कार्य कर रहे थे। इस दौरा विपक्षी देवेष द्वारा उनके प्रति अभ्रद भषा का  प्रयोग करने लगा। जिसके बारे में पूछने पर गालियां व जान से मारने की धमकी दी साथ ही विभागीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। मामले में अभिषेक कुमार पुत्र अनिल कुमार अवर अभियन्ता 33४11 केवी विधुत उप केन्द्र थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवेश पुत्र हरीराम चौधरी निवासी मरवटिया निकट बरदहिया चौराहा थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 352, 351(3), 132 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर महिला की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने घर में घुसकर एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की षिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानाक्षेत्र के मुड़ियार गांव में पुरानी रंजिष की बात को लेकर कबुतरा को विपक्षी मानधन, विवेक, अनुज सिंह व चिक्कू सिंह ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा घर में अन्दर जमकर तोड़फोड़ किया। मारपीट में कबूतरा को काफी चोटे आयी। मामले में पीड़ित कबुतरा पत्नी रामहित ग्राम मुडियार थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मानधन, विवेक सिंह पुत्रगण पप्पू सिंह, अनुज सिंह, चिक्कू सिंह पुत्र जय प्रकाश निवासीगण मुड़ियार थाना रुधौली के विरूद्ध धारा 115(2), 352, 351(2), 324, 333 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक को रोककर व्यक्ति की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बाइक से जा रहे एक व्यक्ति को विपक्षी द्वारा रोक लिया गया तथा उसकी पिटाई की गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के धवाय गांव निवासी अजीत कुमार बाइक से आ रहा था। इसी दौरान विपक्षी श्रवण ने उसकी बाइक के आगे आकर रोक लिया और गालियां देते हुए मारने पीटने लगा। मामले में पीड़ित अजीत कुमार पुत्र बुधिराम निवासी ग्राम धवाय (पक्की) थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी श्रवण पुत्र रामलाल के विरूद्ध धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** विपक्षियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी व छल पूर्वक उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने की पुलिस को तहरीर देकर मोहम्मद फरहान पुत्र रहमतुल्लाह निवासी गनेशपुर ने बताया कि विपक्षी अकबर खान, सरफराज हसन सहित अन्य कई लोगो ने उसकी जमीन पर लगे पीलर व टीन शेड को उखाड़कर फेक दिया तथा साजिश रचकर दुरभि संधि करके आर्थिक लाभ लेने के उद्देश्य से उसकी जमीन की चौहद्दी दर्शाते हुए छल व धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराते हुए जमीन पर कब्जा करने का नाजायज प्रयास किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अकबर खान, सरफराज हसन, रियाजुल हसन उर्फ रहबर, अब्दुल सलीम पुत्र अब्दुल हफीज खान, धर्मेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार पुत्रगण साहबजादा निवासीगण गनेशपुर थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 427, 120 बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# तारीख देखने कचहरी आये व्यक्ति की बाइक चोरी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मुकदमा देखने के लिए बस्ती कचहरी आये एक व्यक्ति की बाइक को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के कचहरी स्थित एसपी आफिस के सामने बैंड बाजा गली में बभनान नगर पंचायत के बागेश्वर वार्ड निवासी सुमित जायसवाल अपनी बाइक संख्या यूपी 51 एक्यू 5697 को खड़ी कर तारीख देखने गये हुए थे। जहां से वापस आये तो उनकी बाइक को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नही चला। मामले में पीड़ित सुमित जयसवाल पुत्र रामकुमार जयसवाल निवासी वार्ड संख्या-8 बागेश्वर बभनान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# 48 घंटे बाद भी नहीं हुई शव की शिनाख्त

**बभनान।** 48 घंटे बाद भी रेलवे लाइन पर संदिग्ध हाल में मिले महिला के शव की शिनाख्त कराने में पुलिस नाकाम है। अब पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए 72 घंटे पूरे होने का इंतजार कर रही है। अब स्थानीय लोगों में चर्चा है कि 48 घंटे बाद भी शव का शिनाख्त नहीं हुआ। लोगों के मुताबिक महिला को अन्यत्र मारकर शव को यहां ठिकाने लगाया गया है। गौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक गौर राम कुमार राजभर ने बताया कि शव के शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में एएनएम

हर्रैया। उ.प्र. राज्य एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन संबद्ध ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियन ने गुरुवार को सीएचसी हर्रैया में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। ब्लॉक की सभी एएनएम ने लंबित मांगों के समर्थन में आवाज उठाई और हक मांगा। साथ ही ऑनलाइन हाजिरी के आदेश को वापस लिए जाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री, डीजी परिवार कल्याण, मिशन निदेशक एनएचएम को संबोधित ज्ञापन एमओआईसी को सौंपा।

एएनएम पुष्पा त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, नीलम पांडेय, छाया वर्मा, सपना शुक्ला, संगीता पांडेय, आरती मिश्रा, सुशीला, निधि, सुमन पाल, संगीता द्विवेदी, अमरावती वर्मा, रजनी, संगीता आदि ने नारेबाजी की।

# एसपी को किया गया सम्मानित

बस्ती। डीपीओ सुनीता सिंह ने गुरुवार को एसपी गोपालकृष्ण चौधरी को मिशन शक्ति फेज–पांच के कुशल नेतृत्व व क्रियान्वयन के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस कार्यालय पर पहुंचकर उन्होंने पुलिस विभाग स्तर से आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यों के लिए एसपी का आभार व्यक्त किया।

# चेकिंग के दौरान दस बच्चों का किया गया रेस्क्यू

बस्ती। थाना एएचटीयू पुलिस टीम ने गुरुवार को मिशन शक्ति ने मेगा ईवेंट अनंता के माध्यम से समाज में बदलाव लाने वाली महिलाओं की कहानी सुनाकर महिलाओं व बालिकाओं को प्रेरित किया। साथ ही बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए प्रभारी निरीक्षक विनय पाठक व श्रम प्रवर्तन अधिकारी इकबाल अहमद, नागेन्द्र त्रिपाठी ने जनपद बस्ती के विभिन्न प्रतिष्ठानों व स्थानों आदि पर जाकर चेकिंग किया। चेकिंग के दौरान 10 बच्चों का रेस्क्यू किया गया।

# थाने पर हुई दंगा नियंत्रण ड्रिल

बस्ती। दूर्गा पूजा, दशहरा, मूर्ति विसर्जन को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज मोतीचन्द ने गुरुवार को थाने पर नियुक्त सभी कर्मियों को शस्त्रों के हैंडलिंग के बारे में जानकारी दी। दंगा नियंत्रण ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया। एंटी राइट व दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम परसालाल शाही, जमदाशाही आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया।

# जेसीबी से पुश्तैनी मकान तोड़ने का आरोप

बस्ती। सोनहा थानाक्षेत्र में पिरैला नरहरिया गांव की महिला ने अपने पुश्तैनी मकान को जबरन ढहाने का आरोप लगाया है। प्रकरण से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिस कर्मी व अन्य कुछ लोग कुर्सी पर बैठे व खड़े नजर आ रहे हैं। 'हिन्दुस्तान समाचार पत्र' वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

प्रकरण में सीओ स्तर से जांच कर रिपोर्ट एसएचओ से मांगी गई है। पिरैला नरहरिया निवासी झिनकी पत्नी बिफई ने उच्चाधिकारियों को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सिद्धार्थनगर के तीन प्रापर्टी डीलरों ने उनके पुश्तैनी मकान को बिना किसी आदेश के जेसीबी लगाकर तोड़ दिया। विपक्षियों ने अन्य लोगों को बुलाकर मारापीटा। उन्होंने परिवार को जानमाल का खतरा बताते हुए प्रकरण में कार्रवाई की मांग की है। मामले में सीओ रुधौली स्तर से प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट एसएचओ सोनहा से मांगी है।

# दो सगे भाइयों को तीन साल की कारावास

बस्ती। एसीजेएम प्रथम चौधरी संदीप सिंह की अदालत ने घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में दो सगे भाइयों को तीन वर्ष साधारण कारावास व प्रत्येक को छह हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन अधिकारी ने बताया कि महुली क्षेत्र के पिकौरा गांव निवासी वादी मुकदमा रामगोपाल सिंह व विपक्षी भगौती सिंह के बीच बाग को लेकर गोरखपुर में मुकदमा चल रहा है। आठ मई 1988 को रामगोपाल आवश्यक कार्य से नाथनगर गया था। वादी मुकदमा की पत्नी व बच्चे अपने बाग में आम बीनने के लिए करीब छह बजे सुबह गए थे। उतने में ही भगौती सिंह लाठी लेकर बाग में गए। आम बीनने से मना करने लगे।

# पुलिस रिमांड पर लिए गए मल्लू से की गई पूछताछ

**फॉलोअप**

**बस्ती, निज संवाददाता।** विदेश से दूसरों के खातों में लाखों रुपये मांगने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस टीम ने गुरुवार को जिला कारागार से सुबह दस बजे रिमांड पर लिया। कोर्ट ने गुरुवार से तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की है। रिमांड पर लेने के बाद साइबर, सर्विलांस और स्थानीय अभिसूचना इकाई की टीमों ने काफी देर तक पूछताछ की। विवेचक व सीओ कलवारी प्रदीप तिवारी ने बताया कि पूछताछ में सामने आने वाली सभी सूचनाओं को क्रास चेक किया जा रहा है।

कलवारी क्षेत्र के सैफाबाद निवासी विजय कुमार ने केस दर्ज कराया था। उनके खाते में भेजे गए पांच लाख रुपये को लेकर विवाद वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के पिपरा जप्ती निवासी आरोपी हीरालाल उर्फ मल्लू से बढ़ा था। आरोप है कि उसने अपने दो सहयोगियों के साथ विजय कुमार का उसके घर से अपहरण कर लिया था। इसके बाद 47 हजार रुपये एटीएम से निकलवाने के बाद उसे लगाकर हीरालाल छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने आरोपी हीरालाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने जब बांग्लादेश और सउदी अरब का कनेक्शन बताया तो पुलिस सतर्क हो गई। उसने बताया कि पैसा भेजने वाला व्यक्ति मूलरूप से बांग्लादेश का रहने वाला है। वह सऊदी अरब में बैठकर पैसे भेजने का नेटवर्क चला रहा है। अब पुलिस अन्य जांच एजेंसियों की मदद से इसकी तह में पहुंचना चाहती है, इसके लिए उसे रिमांड पर लिया गया है। आईजी आरके भारद्वाज का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद सभी तथ्य सामने आ जाएंगे।

# नाना-नाती से धन उगाही का मामला गरमाया

बस्ती। नाना-नाती से गौर पुलिस की ओर से चोरी के कथित मामले में एक लाख रुपये की धन उगाही और नाबालिग को अपराधी बना देने का मामला गरमा गया है।

भारतीय दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय सचिव साधू शरन आर्य ने एसपी, आईजी, मानवाधिकार आयोग, एससी/एसटी आयोग को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और थानाध्यक्ष के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। निर्दोष दलित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। कहा कि गौर थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर-14 चन्द्रशेखर आजाद नगर में चोरी के मामले में कैलाशनाथ उसके परिवार को सताया जा रहा है, अनहोनी की भी आशंका है।

# रहस्यमय हाल में किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने रहस्यमय हाल में किशोरी के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। 15 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी मंगलवार/बुधवार की देर रात बिना कुछ बताए घर से चली गई। रिश्तेदार व हितमित्र में काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर कलवारी पुलिस ने चढ़ौवा निवासी एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में केस दर्ज कियया है। चढ़ौवा के तौसीफ अहमद का आरोप है कि विपक्षियों ने 29 अप्रैल को रात नौ बजे घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अमीरुननिसा, रामगोपाल, शादाब हुसैन, सुलेमान, आलम, एजाज अहमद, अनूप चौधरी, मोहम्मद सूफियान, अबरार अहमद व मो. हलीम निवासी नकहा पर केस दर्ज किया है।

## मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रेवली गांव में गवाह संग मारपीट का मामला

# मारपीट में हिस्ट्रीशीटर समेत पांच पर केस दर्ज






- पीडब्ल्यूडी अफसर की कुर्सी पर बैठकर शमशुद्दीन ने खिंचवाई थी फोटो
- इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने किया था चालान

**मुंडेरवा (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के मुंडेरवा थाने के हिस्ट्रीशीटर शमशुद्दीन समेत पांच के खिलाफ पुलिस ने गवाह संग मारपीट व धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 'हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। कुछ दिनों पूर्व शमशुद्दीन का नाम लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अवधेश कुमार की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचाने और सोशल मीडिया पर उसके वायरल होने के बाद सुर्खियों में आया था।

प्रकरण में विभागीय स्तर से कोतवाली में केस दर्ज कराया गया था। साथ ही कोतवाली पुलिस ने शमशुद्दीन को गिरफ्तार कर उसका चालान भी किया था। वह वर्तमान में एसी मैकेनिक का काम करता है। इस प्रकरण के कुछ दिनों बाद ही गवाह संग मारपीट की घटना सामने आ गई।

थाना प्रभारी मुंडेरवा द्वारिका प्रसाद चौधरी ने बताया कि शमशुद्दीन मुंडेरवा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। मुंडेरवा थाने के रेवली गांव निवासी अनीश अहमद ने तहरीर देकर बताया है कि बुधवार को वह गांव में एक चाय की दुकान पर मौजूद था। आरोप है कि दुकान पर पूर्व में दर्ज मुकदमें में गवाही से अपना नाम हटाने की बात को लेकर शमशुद्दीव अन्य लोगों ने एकराय होकर अपशब्द कहते हुए मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रेवली गांव निवासी शमशुद्दीन, सहाबुद्दीन, सेराज और दो अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# एनडीपीएस की केस प्रापर्टी को सीओ सिटी ने कराया नष्ट

## 22 वर्षों से थाने के मालखाने में रखा था 20 केस का मादक द्रव्य

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुरानी बस्ती थाने के मालखाने में 50 लाख रुपये कीमत के नशीले पदार्थों को गुरुवार को सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी की देखरेख पुलिस ने नष्ट करवा दिया है। बढ़ती कार्रवाई व बरामदगी के चलते पहले से जब्त व कानूनी प्रक्रिया पूर्ण हो चुके मामलों में नशीले पदार्थों के निस्तारण की जरूरत भी बढ़ गई थी। पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर करीब 50 लाख रुपये के नशीले पदार्थ नष्ट करवाया गया।



सीओ सिटी के नेतृत्व में मादक द्रव्य नष्ट करती पुलिस टीम • जागरण

सीओ सिटी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा नशीले पदार्थों के निस्तारण की यह कार्रवाई धारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जिन प्रकरणों में भौतिक सत्यापन की कार्रवाई हो चुकी थी तथा एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी थी, उन प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। बढ़ते नशे के चलते एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई का आंकड़ा भी बढ़ा है। 20 मुकदमों में करीब 30 किलो गांजा, 250 ग्राम हेरोइन, 220 ग्राम मारफीन, 45 ग्राम स्मैक, 810 गोली अल्प्राजोलम को नष्ट कराया गया है। बीते 22 वर्षों से मुकदमे केस प्रापर्टी थी। मालखाने में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मादक पदार्थ का न्यायालय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर 20 अभियोगों से संबंधित मालों को विनिष्ट किया गया। थानाध्यक्ष महेश सिंह व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# बालिकाओं को दिया गया महिला सशक्तिकरण का प्रशिक्षण



प्रेक्सिक्स विद्यापीठ में बालिकाओं को प्रशिक्षित करतीं इंस्पेक्टर डा. शालिनी

जासं, बस्ती: मिशन शक्ति के पांचवें फेज के तहत महिला थाने की एसएचओ डा. शालिनी सिंह ने प्रेक्सिक्स विद्यापीठ शिवा कालोनी बस्ती में गुरुवार को छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में जागरूक कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बालिकाओं को अच्छे व बुरे स्पर्श के बीच का अंतर समझाया और उन्हें आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए आत्मनिर्भर बनने और किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में स्वयं की रक्षा करने के उपाय बताए। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति महिला सुरक्षा, संरक्षण व महिला सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना है।

# डीएम-एसपी ने किया पैदल गश्त, कराया सुरक्षा का एहसास



शहर में रात्रि गश्त करते डीएम-एसपी संग में एसडीएम व सीओ सिटी● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्तीः दुर्गा पूजा को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने एसडीएम व ईओ सुनिष्ठा सिंह, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के साथ पुलिस फोर्स लेकर पैदल गश्त किया। पुलिस बल दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त कर आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोगों को खुश और सुरक्षित देखकर ही मुझे त्योहार मनाने की खुशी का अहसास हो जाता है। खाकी वर्दी सुरक्षा और जिम्मेदारी की प्रतीक है। जनपदवासी आपसी सौहार्द के साथ एक दूसरे का सम्मान कर गरिमामय ढंग से त्योहार मनाएं।

# दुर्गा पूजा पर अन्य जिलों से बुलाए तीन सीओ

## सीसी कैमरे से होगी मेले की आनलाइन निगरानी, 60 एसआइ व 600 पुलिस कर्मी की मांग

जागरण संवाददाता, बस्तीः शहर में दुर्गा पूजा पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर जनपद की पुलिस फोर्स के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल की मांग गोरखपुर जोन से की गई है। एक अपर पुलिस अधीक्षक, तीन सीओ बाहर से बुलाए गए हैं। 12 थाना प्रभारी स्तर के अधिकारी, पांच यातायात पुलिस उपनिरीक्षक, 60 इंस्पेक्टर व एसआइ तथा 600 आरक्षी व मुख्य आरक्षी व दो कंपनी पीएसी की मांग पुलिस अधीक्षक की ओर की गई है।

बाहर से पुलिस फोर्स दशहरे तक जनपद में आ जाएगी। पूर्णिमा को प्रतिमा विसर्जन तक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शहर में तैनात रहेंगे। पुलिस प्रबंध इस प्रकार से किया जाएगा, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान पंडालों में महिलाओं-बच्चियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। शहर में जगह-जगह लगे सीसी कैमरे के जरिए दुर्गा पूजा मेला की निगरानी पुलिस कंट्रोल रूम से आनलाइन की जाएगी।

> दुर्गा पूजा त्योहार पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पांच सौ सीसी कैमरे से पूरे शहर की आनलाइन निगरानी की जाएगी। मेले में लोगों की सुरक्षा के लिए कुल चार हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस लाइन में अलग से मेला कंट्रोल रूम बनाया गया है। दुर्गा पूजा त्योहार के मद्देनजर जनपद पुलिस के अतिरिक्त एक एएसपी, तीन डिप्टी एसपी, 12 थाना प्रभारी, 60 निरीक्षक, उपनिरीक्षक तथा 600 आरक्षी मुख्य आरक्षी, दो कंपनी पीएसी बाहर से बुलाए गए हैं।
> ओपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, बस्ती



**चार स्थानों पर बनाए जाएंगे पार्किंग स्थलः** पुलिस व प्रशासन की ओर से शहर में चार प्रमुख स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। इसके लिए किसान डिग्री कालेज बस्ती, एपीएन पीजी कालेज, एसकेपी इंटर कालेज तथा राजकीय इंटर कालेज के मैदान को प्रशासन ने आरक्षित कर लिया है।

**छह जोन 13 सैक्टर में बंटा शहरः** शहर में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही बस्ती शहर में पूर्णिमा तक मेले का आयोजन होता है। दशहरे के अगले दिन से लेकर पूर्णिमा को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन तक चलता है।

इसके लिए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने शहर को छह जोन व 13 सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। त्योहार को शांति एवं सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान को संपूर्ण कानून व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है।

सुपर जोनल, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट 17 व 18 अक्टूबर 2024 को अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर दुर्गा प्रतिमाओं के स्थापना स्थल से लेकर अमहट घाट पर विसर्जन समाप्ति तक पुलिस अधीक्षक की ओर से तैनात पुलिस अधिकारियों व कार्मिकों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिन मजिस्ट्रेट की ड्यूटी दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए लगाई गई है, उनके लिए दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन तक किसी तरह के अवकाश की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। वह बिना अनुमति जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

### एडीएम के नेतृत्व में नाला व सड़क निर्माण में बाधा बने अतिक्रमण को हटवाया गया, गहमा-गहमी का रहा माहौल

# निर्माण में बाधक बाउंड्रीवाल पर चला बुलडोजर

- अतिक्रमण हटाने के लिए मकान व दुकान वालों को दी गई चेतावनी
- गहमागहमी का माहौल, नाला निर्माण में ढिलाई पर एडीएम हुए नाराज

बस्ती, निज संवाददाता। आवास विकास कॉलोनी में जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए डूडा की ओर से कराए जा रहे नाला निर्माण में अवरोध बने मकानों, दुकानों और बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया। निर्माण कार्य रुकने पर एडीएम खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी लगवाकर अतिक्रमण को हटवाया।

जिला नगर विकास अभिकरण (डूडा) करीब 78 लाख रुपये की लागत आवास विकास मुख्य गेट तक सड़क और नाला का निर्माण कराया जा रहा है। 12 मीटर चौड़ी सड़क और उसके दोनों तरफ नाले बनेंगे। पहले चरण में एक तरफ से नाला निर्माण शुरू हुआ तो अतिक्रमण इसमें बाधक बन गया। गुरुवार को जब नपाई कराई तो पता चला कई घर के बाउंड्रीवाल, दुकान और पोल जद में आ गए। पहले सभी को नोटिस दी गई थी, बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटवाए। इससे नाराज एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने तत्काल जेसीबी मंगवाई। अपने सामने अतिक्रमण को हटवाया। उसके बाद निर्माण का बाधा दूर हुआ। इसको लेकर पूरे दिन गहमा-गहमी का माहौल रहा। वहीं एडीएम ने नाला निर्माण के लिए खुदाई कर निकाली गई मिट्टी व मलबा को सड़क पर छोड़ देने पर नाराजगी जताई और ठेकेदार को फटकार लगाई। कहा कि सड़क से मिट्टी तत्काल हटवाएं और तय समय पर नाला का निर्माण पूरा करें, इसमें ढिलाई पर कार्रवाई होगी। जो भी समस्या व दिक्कतें आएं उसे अवगत कराया जाए। पीओ डूडा सुनीता सिंह, गिरीश सिंह, कानूनगो संजय श्रीवास्तव, मनोज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



गुरुवार को नाला और सड़क निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते एडीएम।

### बातचीत के बाद बनी सहमति

अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंची टीम को घंटों जूझना पड़ा। स्थानीय नागरिकों से बातचीत के बाद सहमति बनी तो अतिक्रमण हटवाने का कार्य शुरू हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया गया। एडीएम ने कहा कि सार्वजनिक रास्ते व नाले के निर्माण में अतिक्रमण अवरोध बन रहा था। जिसे तत्काल प्रभाव से हटवाया गया। कुछ लोगों ने खुद अतिक्रमण हटाने पर सहमति जताई है।

### कॉलोनी आवासीय, भू-खंड पर बन गए हैं मॉल

आवास विकास को आवासीय कॉलोनी के रूप में विकसित किया गया है, लेकिन यहां प्रवेश द्वार पर आवासीय कॉलोनी के भूखंड पर कई तरह व्यवसायिक भवन बन गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मोहल्लेवासियों ने सड़क से बिल्कुल सटाकर बनाए गए व्यवसायिक निर्माण को दिखाया तो वहां मौजूद आवास विकास परिषद के जिम्मेदार कुछ बोल नहीं पा रहे थे। मोहल्लेवासियों का कहना था कि इस तरह के निर्माण पर रोक लगी होती तो आज सड़क और नाली के लिए जगह नहीं खोजनी पड़ती। वहीं व्यवसायिक भवनों के मालिक का तर्क था कि उन्होंने सब कुछ सही ढंग से निर्माण कराया है। निर्माण से पूर्व भवन का मानचित्र पास कराया गया है।

**जलभराव से जूझ रहे कॉलोनी के लोगः** आवास विकास मुख्य द्वार पर जलभराव की समस्या परेशानी का सबब है। उसे दूर करने के लिए डूडा से सड़क और नाली निर्माण का कार्य स्वीकृत है। पिछले कई दिनों से यह कार्य खुदाई के बाद ठप हो गया था। सड़क और दोनों तरफ नाली निर्माण के लिए 12 मीटर चौड़ी जगह चाहिए, लेकिन अतिक्रमण के चलते केवल 10 मीटर चौड़ाई ही मिल पा रही थी। स्थानीय लोग इससे अधिक चौड़ाई बढ़ाने पर विरोध करते रहे। इसके पटाक्षेप के लिए एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, एसडीएम शत्रुहन पाठक, प्रभारी ईओ/एसडीएम सुनिष्ठा सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी, जेई नगर पालिका, जेई आवास विकास परिषद, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता उमेश चंद्र विश्वकर्मा मौजूद रहकर बाउंड्रीवाल व दीवाल पर लगाए गए चिह्न के मुताबिक अतिक्रमण हटवाया।

# अवर अभियंता से अभद्रता पर पुलिस ने की कार्रवाई

जासं, बस्तीः विद्युत वितरण खंड प्रथम के पुरानी बस्ती उपकेंद्र में राजस्व वसूली के दौरान एक मनबढ़ ने अवर अभियंता से अभद्रता कर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मनबढ़ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है। बुधवार को विद्युत विभाग की टीम लाइनलास वाले क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के मरवटिया में एक उपभोक्ता पर बिजली बकाया था। जांच टीम ने इसपर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी। इससे नाराज मनबढ़ ने पहले जेई को फोन पर धमकाया, फिर अपने चार-पांच साथियों के साथ चेकिंग स्थल पर पहुंच कर अभद्रता की। पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर अवर अभियंता अभिषेक कुमार ने मरवटिया बरदहिया निवासी देवेश समेत अन्य पर सरकारी कार्य में बाधा डालने पर मुकदमा दर्ज कराया है।

स्कूल जाते समय मारपीट

बस्तीः परसरामपुर पुलिस ने स्कूल जाते समय पिटाई के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। केशवपुर निवासी श्वेत गुप्ता का आरोप है कि वह बुधवार को स्कूल पढ़ने जा रहा था, तभी दो लोगों ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने चंदन व मुकेश के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

किशोरी लापता, बस्तीः वाल्टरगंज पुलिस ने रहस्यमय हालत में किशोरी के लापता होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। 15 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी बुधवार की देर रात बिना कुछ बताए घर से चली गई।

है। बिना लेआउट भूखंड को आवासीय

# मकान में सेंध काटकर जेवर समेत अनाज भी उठा ले गए चोर

जासं, पैकोलिया: पैकोलिया थाना क्षेत्र के सुकरौली चौधरी गांव में बुधवार की रात चोरों ने मकान के पीछे सेंध काटकर जेवर सहित अनाज उठा ले जाने का मामला सामने आया है। सुकरौली चौधरी निवासी सीताराम यादव पुत्र दूबर के घर सेंध काटकर चोर घर में घुस गए और आलमारी को तोड़कर इनकी पत्नी धनपता व बहू सरिता के जेवर समेत अनाज भी उठा ले गए।

गुरुवार को भोर चार बजे जब सीताराम की बेटी मालती और छोटी बहू साधना कमरे का दरवाजा खोलना चाहे तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बताया है कि अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**अवैध खनन के आरोप में मिट्टी लदे तीन ट्राली सीज:** सिकंदरपुर: परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर कस्बे में गुरुवार की शाम पांच बजे मिट्टी लदे तीन ट्रैक्टर-ट्राली को जिला खनन अधिकारी प्रशांत यादव एवं चौकी प्रभारी सिकंदरपुर अजय कुमार यादव की संयुक्त टीम ने सीज कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि चौरी की तरफ से आ रही मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोका गया तो उनके पास मिट्टी के परिवहन संबंधी कोई कागजात नहीं मिले।

# मारपीट के मामले में दो को तीन वर्ष की सजा

जागरण संवाददाता, बस्ती: अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम चौधरी संदीप सिंह ने घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में सगे भाइयों को तीन वर्ष कारावास की सजा दी है। प्रत्येक को छह हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

अभियोजन के अनुसार संतकबीरनगर के महुली थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव निवासी रामगोपाल सिंह व भगौती सिंह के बीच गोरखपुर में दीवानी का मुकदमा चल रहा था। आठ मई 1988 को रामगोपाल के घर पर रामसहाय सिंह, देवसहाय सिंह व भगौती घर में घुस गए। मारने के बाद घसीटकर बाहर ले आए। रामगोपाल की पत्नी व पुत्री पर हमला कर घायल कर दिया। मुकदमा में सुनवाई के दौरान भगौती सिंह की मृत्यु हो गई। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत रामसहाय एवं उनके भाई देवसहाय को घर में घुसकर मारने पीटने के आरोप में दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

बस्ती : नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बाजार निवासी रामबचन दो महीने से पीछे पड़ा है। अक्सर छेड़खानी करता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## वाल्टरगंज क्षेत्र में दंगा नियंत्रण का अभ्यास

**वाल्टरगंज।** दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने के लिए थाने में शस्त्रों की साफ-सफाई कराई गई। इस दौरान दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया। इसके बाद क्षेत्र में मय पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ परसा लालशाही, मझोआमीर, जमदाशाही सहित कस्बे में फ्लैग मार्च किया । इस दौरान उपनिरीक्षक हजारी प्रसाद भास्कर, रमेश कुमार साहनी, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

## 10 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

**बस्ती।** थाना एएचटीयू पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति के तहत बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक व श्रम प्रवर्तन अधिकारी इकबाल अहमद, नागेंद्र त्रिपाठी ने जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों व स्थानों आदि पर जाकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 10 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। संवाद

# श्रम एवं एएचटीयू विभाग ने दुकानों पर की छापेमारी

जासं, बभनानः नगर पंचायत बभनान सहित गौर व हसीनाबाद बाजार में श्रम परिवर्तन अधिकारी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम ने अभियान चलाकर दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान कई दुकानों पर बाल श्रमिकों को काम करते पाया गया। गुरुवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी व इकबाल अहमद सहित एएचटीयू के प्रभारी विनय पाठक जैसे नगर पंचायत बभनान में आए तो हड़कंप मच गया। श्रम अधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी ने बताया टीम ने निरीक्षण के दौरान शुक्ला सर्विस सेंटर बभनान, विजय आटो पार्ट्स बभनान, मौर्य आटो सर्विस सेंटर बभनान, पंकज स्वीट गौर, बरखू आटो सर्विस सेंटर हसीनाबाद, श्री बालाजी दिल्ली आटो सेंटर आना टिनिच आदि जगहों पर बाल श्रमिकों को काम करते हुए पाया। दुकान संचालक के विरुद्ध कोर्ट में अभियोजन दाखिल किया जाएगा। संबंधित के विरुद्ध अदालत कार्रवाई करेगा।

# पांच समितियों में डायरेक्टर पद के लिए 90 नामांकन



मतदान केंद्र के बाहर भाकियू कार्यकर्ता व पुलिस • जागरण



सहकारी गन्ना विकास समिति मुंडेरवा पर पर्चा खरीदते सदस्य • जागरण

जागरण टीम, बस्ती: जिले के पांच सहकारी गन्ना विकास समितियों के डायरेक्टर पद पर चुनाव के लिए 90 लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुंडेरवा में 26, बभनान में 23, गोविंदनगर में 18, टिनिच में 13 जबकि गौर में 10 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

मुंडेरवा में बोर्ड के 11 सदस्यों के चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पांच सीटों पर सिर्फ एक-एक नामांकन हुआ, मगर छह सीटों के लिए 26 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। 10 अक्टूबर तक आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। आपत्ति निस्तारण के बाद सदस्यों का चुनाव 16 अक्टूबर को कराया जाएगा। गुरुवार को सहकारी गन्ना विकास समिति मुंडेरवा में बोर्ड के सदस्यों का नामांकन पत्र गहमागहमी के बीच दाखिल हुआ। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लम्बरदार सहित अन्य किसान नेता निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग करते हुए मुंडेरवा समिति तक पैदल मार्च किया। समिति में बोर्ड के 11 सदस्यों का चुनाव होता है। एक सदस्य मनोनीत किया जाता है। 11 सदस्यों में कुदरहा क्षेत्र से नोहरा देवी, हल्लौर से मंसू, परसाहज्जाम से विमलेश, कुड़वा से रामवृक्ष व लोहरौली से पृथ्वीराज ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया। यदि इनमें से किसी का पर्चा खारिज नहीं हुआ तो वह निर्विरोध चुन लिए जाएंगे, बाकी छह सीटों में मेहड़ा से छह, बूधा कला से चार, मंगेरा से दो, कोपे से दो, जगदीशपुर से चार और देईसांड़ से दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए। कुल मिलाकर छह सीटों के लिए 26 पर्चे भरे गए। इनका चुनाव उन्हीं क्षेत्रों के डेलीगेट 16 अक्टूबर को मतदान कर करेंगे। नामांकन के दौरान पुलिस मुस्तैद नजर आई।

चुनाव अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय ने बताया कि जितने लोग बोर्ड का सदस्य बनने के लिए पर्चा दाखिल किए हैं, यदि उनके द्वारा तीन वर्ष लगातार गन्ने की सप्लाई नहीं की गई है तो उनका नामांकन रद्द हो जाएगा। लेकिन वह डेलीगेट के पद पर बने रहेंगे और प्रस्तावक बन सकते है

## गोविंदनगर समिति में 18 ने किया नामांकन

बस्ती: गन्ना विकास समिति गोविंद नगर के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि बढ़नी से छह लोगों ने नामांकन किया है, जबकि भादी खुर्द व चौकनिया से दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार को की जाएगी। 14 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उसी दिन तीन से शाम पांच बजे तक चुनाव चिह्न का आवंटन कर दिया जाएगा।

## किसानों की उपेक्षा कर रही प्रदेश सरकार: लम्बरदार

मुंडेरवा: भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लम्बरदार ने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि किसान हित में एक भी कार्य नहीं किया जा रहा है। फसलों का न्यूनतम मूल्य भी नहीं निर्धारित किया जा रहा है। इससे किसान परेशान है। किसानों के सामने आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। वह गुरुवार को भाकियू के प्रदेश सचिव दीवान चंद पटेल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने किसानों को भी संबोधित किया।

## डायरेक्टर के नौ पदों के लिए 13 नामांकन: गन्ना समिति टिनिच में

डायरेक्टर के नौ पदों के लिए 13 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें से पांच डायरेक्टर का निर्विरोध होना तय आना जा रहा है। एक डायरेक्ट शासन से नामित किया गया है। गुरुवार को 10 बजे से पर्चे की बिक्री प्रक्रिया शुरू हुई। कुल 14 दावेदारों ने पर्चे खरीदे। इसके बाद 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया।

# पुलिस कस्टडी में हीरालाल से सच उगलवाने में जुटीं सुरक्षा एजेसिंयां

- पूछताछ में आनलाइन ट्रेडिंग से जुड़े तथ्य भी आए सामने
- तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया हीरालाल उर्फ मल्लू
- बांग्लादेशी नागरिक सऊदी अरब से जिले में भेजता था करेंसी

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिले में विदेशी करेंसी को भारतीय मुद्रा में बदलने की जांच-पड़ताल में जुटी सुरक्षा एजेंसियों ने गुरुवार को जेल से आरोपित हीरालाल उर्फ मल्लू को पुलिस कस्टडी में लेकर पहले जिला अस्पताल ले जाकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया, फिर पूछताछ शुरू की। पुलिस अधिकारी पूछताछ में क्या-क्या बातें सामने आई हैं, इसे साझा करने से परहेज किया, मगर इतना स्वीकार किया कि मल्लू व उसकी टीम विदेश से आनलाइन ट्रेडिंग करते थे। इसमें वह मुनाफा भी कमाया और घाटा भी उठाने की बात कही। उसके द्वारा बताए गए लोगों से उसकी बातों की तस्दीक करने के लिए उसके साथियों का लोकेशन पुलिस सर्विलांस सेल की मदद से लेती रही। अभी दो दिन शुक्रवार व शनिवार को भी सुरक्षा एजेंसियों की ओर पूछताछ व बरामदगी कार्रवाई चलती रहेगी। बता दें बुधवार को सीजेएम कोर्ट ने मल्लू को पुलिस कस्टडी रिमांड तीन दिन के लिए देने का आदेश दिया था। इस प्रकरण में आरोपित हीरालाल उर्फ मल्लू की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए सीओ कलवारी के शासकीय अधिवक्ता ने अदालत में प्रार्थनापत्र दाखिल कर पीसीआर के लिए अनुरोध किया था कि मामला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा की हेराफेरी से जुड़ा हुआ है।

## विदेशी नेटवर्क की जांच-पड़ताल जारी

कलवारी थाना क्षेत्र के सैफाबाद गांव में विजय कुमार के बैंक खाते में विदेशी धन बांग्लादेशी नागरिक ने सऊदी अरब से भेजा था। इसके पीछे मकसद क्या है, यह पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियां मल्लू व उसके संपर्कियों के खातों की दिन-रात खंगालने में जुटी हुई हैं। जिन खातों में आरोपित हीरालाल उर्फ मल्लू ने रुपये वापस भेजे हैं, उसमें सऊदी अरब के बैंक के पाए गए हैं। छह अक्टूबर को यह मामला तब प्रकाश में आया, जब कलवारी थाना क्षेत्र के सैफाबाद निवासी विजय कुमार गौतम का हीरालाल उर्फ मल्लू निवासी ग्राम पिपरा जप्ती थाना वाल्टरगंज ने अपहरण कर लिया था। हीरालाल ने विजय कुमार को प्रलोभन दिया था कि उसके खाते में विदेश से वह पांच लाख रुपये मंगवा रहा है। रुपये आने पर खाते से निकालकर दे देना, इसके एवज में 25 हजार रुपये ले लेना। रुपये खाते में आने के बाद विजय ने खाते से रुपये निकाल कर देने से मना कर दिया।

# प्रतिबंधित पालीथिन बेचने पर लगा जुर्माना



हरैंया कस्बे में छापेमारी करते ईओ संजय कुमार राव ● जागरण

जागरण संवाददाता, हरैंयाः हरैंया कस्बे में प्रतिबंधित पालीथिन के विरुद्ध नगर पंचायत प्रशासन ने गुरुवार को कई किराना की दुकानों पर छापेमारी की, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन ने दो दुकानों से कुल तीन क्विंटल पालीथिन जब्त कर लिया है। दोनों दुकानदारों पर कुल 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

हरैंया तहसील एसडीएम विनोद कुमार पांडेय व ईओ संजय कुमार राव ने संयुक्त रूप से सुबह 11 बजे हरैंया कस्बे में पालीथिन को लेकर कई किराना दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें दो दुकानों पर भारी मात्रा में पालीथिन पकड़ी गई, जबकि अन्य दुकानों पर कुछ नहीं मिला। ईओ संजय कुमार राव ने कहा कि छापेमारी में कृष्ण मुरारी की दुकान पर एक क्विंटल व सुभाष की दुकान पर दो क्विंटल की पालीथिन पकड़ी गई है। नगरकर्मी ने पालीथिन जब्त कर लिया है।

दोनों दुकानदारों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। ईओ ने कहा कि हरैंया कस्बे में पालीथिन की बिक्री करते पकड़े जाने पर भारी जुर्माना वसूला जाएगा। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान शैलेंद्र सिंह, आशुतोष तिवारी, विकास वर्मा, करुणेशर पांडेय, मनोज तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फरार आरोपित का पुलिस ने कोर्ट से लिया एनबीडब्ल्यू

- लालगंज थाने से चकमा देकर फरार हो गया था नवरत्न उर्फ भोलू
- आरोपित की तलाश में जुटी स्वाट एसओजी व लालगंज पुलिस

लाकअप से फरार आरोपित नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई हैं। इस प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर एक मुख्य आरक्षी को निलंबित कर उसे पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया है। सीओ रुधौली संजय सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपित का एनबीडब्ल्यू अदालत से मिल चुका है। अब उसके ऊपर जल्द ही इनाम घोषित कर दिया जाएगा।

गोपालकृष्ण चौधरी, एसपी, बस्ती



नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता

जागरण संवाददाता, बस्तीः लालगंज थाने के लाकअप से नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपित नवरत्न गुप्ता उर्फ भोलू बीते माह 25 सितंबर को भोर में करीब चार बजे फरार हो गया था। घटना के एक पखवारे बाद भी पुलिस की संयुक्त टीम सुराग नहीं लगा सकी है।

गुरुवार को संबंधित अदालत से लालगंज पुलिस ने नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानतीय वारंट (एनबीडब्ल्यू) प्राप्त कर लिया है। आरोपित पर दर्ज पूर्व मुकदमे में गिरफ्तारी की धाराएं नहीं थी, इसलिए पुलिस ने अदालत में आवेदन देकर एनबीडब्ल्यू प्राप्त कर लिया है।

बता दें कि लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी का नवरत्न उर्फ भोलू ने करीब दो माह पहले अपहरण कर लिया था। किशोर के रिश्तेदार की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी भोलू गुप्ता के विरुद्ध अपहरण, अश्लील हरकत समेत अन्य आपराधिक घटनाओं में मुकदमा दर्ज किया था।

वांछित आरोपित को महसों चौकी प्रभारी अनस अख्तर ने पकड़ कर थाने के लाकअप में डाल दिया था, मगर लापरवाही वश उन्होंने आरोपित का दाखिला जीडी में नहीं कराया। इस बीच भोलू पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए लालगंज पुलिस के अलावा एसओजी व स्वाट की टीम लगी हुई है। पुलिस टीमों को उसका पता नहीं चल सका है।

# सीएम कार्यालय ने लिया खबर का संज्ञान, होगी जांच

**जागरण प्रभाव**


लखनऊ से पंजीकृत है फर्म, बस्ती के नाम पते पर भुगतान

24 सितंबर को दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर

- कप्तानगंज ब्लाक के तीन ग्राम पंचायतों में अनियमितता का मामला
- संबंधित प्रधानों ने सचिव पर लगाए हैं अनियमितता के आरोप

जागरण संवाददाता, बस्तीः कप्तानगंज ब्लाक के गोपियापार, कठार जंगल व सरैंया मिश्र ग्राम पंचायत में सचिव द्वारा शासकीय धन के दुरुपयोग के मामले में दैनिक जागरण में 24 सितंबर को प्रकाशित खबर का मुख्यमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव अरविंद मोहन ने डीएम को प्रकरण की जांच कराकर रिपोर्ट देने को कहा है।

गोपियापार, कठार जंगल व सरैंया मिश्र ग्राम पंचायत के प्रधानों ने अपने ग्राम पंचायत में तैनात सचिव सोनम श्रीवास्तव पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। प्रकरण की ब्लाक व जिले स्तर से जांच की गई। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी अरुण कुमार की ओर से की गई जांच में वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि अधिकांश भुगतान केवल फर्म श्री गणेश्या ट्रेडर्स को किए गए। फर्म के जीएसटी नंबर के आधार पर प्रोपराइटर अखिल श्रीवास्तव हैं। इसका पता 12 एमके कंप्यूटर सुगामऊ रोड लखनऊ है, परंतु बिल पर पता सत्येंद्र होटल गांधीनगर बस्ती दर्ज है। मूल बिल के पते में कूटरचित फर्जी बिल वाउचर बनाकर उसको ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर सरकारी धन का आहरण किया गया है। फर्म के चयन के संबंध में शासनादेश के अनुसार टेंडर की प्रक्रिया का भी पालन नहीं किया गया है। जांच में पाया गया कि सचिव द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से बिना सक्षम अधिकारियों को जानकारी दिए कूटरचित बिल वाउचर लगाकर शासकीय धन का गबन किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दैनिक जागरण ने 24 सितंबर के अंक में लखनऊ से पंजीकृत है फर्म, बस्ती के नाम पते पर भुगतान शीर्षक से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान सीएम कार्यालय ने लिया व डीएम को प्रकरण की जांच कराने का निर्देश दिया।

# दहेज उत्पीड़न में चार नामजद

जासं, बस्ती: हर्रैया पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया है। खुशनुमा ने तहरीर में बताया है कि उनकी शादी गोंडा के तरबगंज थाना क्षेत्र के रगड़गंज निवासी सलमान के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति सलमान, सास सायरा बानो, देवर शाहबाज व ननद सलमा के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# फोटो अपलोड के विरोध में एएनएम ने किया प्रदर्शन

## आदेश वापस लेने व लंबित मांगों को पूरा करने की मांग, स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन अधीक्षक को सौंपा

जागरण टीम, बस्ती : उत्तर प्रदेश राज्य एनआरएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन के बैनर तले गुरुवार को आनलाइन हाजिरी व लंबित मांगों के विरोध में एएनएम ने आवाज बुलंद किया। कहा कि मांगें पूरी की जाए, अन्यथा संघर्ष की धार तेज की जाएगी।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े संविदा व स्थायी एएनएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्र पोर्टल पर केंद्र तथा उपकेंद्र पर पहुंचकर प्रतिदिन दो फोटो अपलोड करने के आदेश को एक तरह से उत्पीड़न बताया। स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन केंद्र प्रभारी डा. सुशील कुमार को सौंपा। बताया कि



सीएचसी हर्रैया पर मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करती एएनएम • जागरण

मौजूदा समय में पोर्टल पर केंद्र तथा उपकेंद्र पर पहुंचकर प्रतिदिन दो फोटो अपलोड करने का आदेश पूरी तरह अव्यवहारिक है। इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। एएनएम केंद्र से दूर कभी इस गांव में कभी उस गांव में टीकाकरण करने जाती हैं। ऐसे में फोटो अपलोड करना मुश्किल होगा। सीमा राय, शिमला पाठक, अनीता, रीना सिंह, अनुपम, शशि यादव, अनुराधा, प्रीती, प्रेमशीला सहित अन्य मौजूद रहीं।

हर्रैया कार्यालय के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आनलाइन हाजिरी सहित अन्य मांगों को लेकर एएनएम ने धरना-प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री व महानिदेशक परिवार कल्याण तथा मिशन निदेशक को संबोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक की गैरमौजूदगी में चिकित्सक नंदलाल यादव को सौंपा। पूनम त्रिपाठी, नीलम पांडेय, छाया वर्मा, सपना शुक्ला, संगीता पांडेय, आरती मिश्रा, सुशीला, निधि, सुमन पाल आदि ने बताया कि एएनएम के गृह जनपद में स्थानांतरण पर लगाए गए रोक को वापस लिया जाए। उन्हें काम के सापेक्ष सम्मानजनक वेतन दिया जाए। स्वास्थ्य बीमा जैसी लंबित मांगों का संज्ञान लेकर उन्हें पूरा किया जाए। साथ ही उपकेंद्रों पर पोर्टल के जरिए सुबह-शाम फोटो अपलोड करने के आदेश को निरस्त किया जाए। उनका कहना है कि दूरस्थ तैनात महिला कर्मचारी फील्ड में कार्य करती है। उसके बाद अन्य कार्यों की भी जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में दो बार पोर्टल पर फोटो अपलोड करना संभव नहीं है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# मिशन शक्ति : छात्राओं को मार्शल आर्ट्स के सिखाए गए दांव-पेच

**संवाद न्यूज एजेंसी**

बस्ती। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के तहत बुधवार को घरसोहिया स्थित निजी विद्यालय में छात्राओं को मार्शल आर्ट्स के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई।

महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक डॉ. शालिनी सिंह ने बताया कि स्वयं को दुराचारी से कैसे बचाव करना है। इसके लिए अनेक विधियां सिखाई गईं। इंटरनेट की दुनिया का जीवन में बढ़ते प्रभाव के चलते साइबर क्राइम की चपेट में आने से बचने के बारे में जानकारी दी गई।



छात्राओं को मार्शल आर्ट्स की जानकारी देतीं महिला थाने की एसएचओ डॉ. शालिनी सिंह। स्रोत पुलिस

महिलाओं से संबंधित समस्त हेल्प लाइन नंबर 1090 वीमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई।

# एसपी को किया गया सम्मानित

**बस्ती।** डीपीओ सुनीता सिंह ने एसपी गोपालकृष्ण चौधरी को मिशन शक्ति फेज पांच के कुशल नेतृत्व व क्रियान्वयन के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने पुलिस विभाग स्तर से किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए एसपी का आभार व्यक्त किया। संवाद

# डीएम-एसपी ने शहर किया पैदल मार्च

बस्ती। डीएम रवीश गुप्ता व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहर में भ्रमण किया।

साथ में क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के अलावा ईओ नगर पालिका और एसओ पुरानी बस्ती मय भारी पुलिस कर्मी, दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पैदल गश्त कर आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। संवाद

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में एएनएम ने दिया धरना

## गृह जनपद में स्थानांतरण पर लगाई गई रोक को वापस लेने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैया।** उत्तर प्रदेश राज्य एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर बृहस्पतिवार को एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए सीएचसी पर अन्य मांगों के समर्थन में धरना किया।

स्वास्थ्य मंत्री, महानिदेशक परिवार कल्याण व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन अधीक्षक डॉ. बृजेश शुक्ला की गैर मौजूदगी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदलाल यादव को सौंपा।

उत्तर प्रदेश राज्य एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन के बैनर तले पूनम त्रिपाठी, नीलम पांडेय, छाया वर्मा, सपना शुक्ला, संगीता पांडेय, आरती मिश्रा, सुशीला, निधि, सुमन पाल, संगीता द्विवेदी, रजनी श्रीवास्तव सहित दर्जनों एएनएम सीएचसी पर पहुंचीं। सरकार के ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गईं।

मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को संबोधित ज्ञापन देकर मांग की कि एएनएम के गृह जनपद में स्थानांतरण पर लगाई गई रोक को वापस लिया जाए। काम के सापेक्ष सम्मानजनक मानदेय देने, स्वास्थ्य बीमा के साथ ही लंबित मुद्दों पर सरकार जल्द निर्णय ले। एएनएम सेंटरों पर पोर्टल के जरिये सुबह-शाम फोटो अपलोड करने के आदेश को निरस्त किया जाए। एएनएम का कहना है कि दूरस्थ तैनात महिला कर्मचारी फील्ड में कार्य करती हैं।

उसके बाद अन्य कार्यों की भी जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में दो बार पोर्टल पर फोटो अपलोड करना संभव नहीं है।



हरैया सीएचसी पर प्रदर्शन करतीं एएनएम। विज्ञप्ति

### दुबौलिया में भी जताया विरोध

**दुबौलिया।** स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात एएनएम ने विभिन्न मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन एमओआईसी डॉ. सुशील कुमार को सौंपा। संविदा और स्थायी एएनएम का कहना है कि वह लोग विभिन्न परिस्थितियों में काम करही हैं। हर दिन किसी न किसी गांव में टीकाकरण करने जाना पड़ता है। ऐसे में आदेश जारी हुआ कि पोर्टल पर प्रतिदिन केंद्र और उपकेंद्र पर जाकर सुबह-शाम फोटो अपलोड करना पड़ेगा। यह संभव नहीं है। क्योंकि इस गांव से उस गांव जाना पड़ता है। ऐसे में शाम के वक्त केंद्र पर पहुंचने में समस्या आएगी। एएनएम सीमा रानी, प्रीती, शिमला पाठक, अनुपमा शुक्ला, अनीता, रीना सिंह, अनुराधा आदि ने इस आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। संवाद

# मारपीट में 36 वर्ष बाद सगे भाइयों को हुई सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव में 36 वर्ष पहले हुई मारपीट के मामले में बृहस्पतिवार को दो सगे भाइयों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई गई है।

एसीजेएम प्रथम चौधरी संदीप सिंह की अदालत ने दो सगे भाइयों राम सहाय एवं देव सहाय को प्राणघातक हमला, घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में सजा सुनाई। दोनों को छह-छह हजार रुपये अर्थदंड अदा करने का हुक्म दिया है। अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में 15-15 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन अधिकारी पंकज गौतम, सुधीर ने अदालत को बताया कि महुली थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के राम गोपाल सिंह व विपक्षी भगौती सिंह के बीच बाग को लेकर गोरखपुर में मुकदमा चल रहा था। आठ अगस्त 1988 को वादी राम गोपाल आवश्यक कार्य से नाथनगर गए थे।

उनके बच्चे व महिलाएं अपने बाग में आम बीने गए थे। उतने में ही विपक्षी भगौती सिंह लाठी लेकर बाग में गए तथा आम बीनने से मना करने लगे। न मानने पर मारने और गाली देने लगे। बाद में राम सहाय सिंह, देव सहाय सिंह व भगौती सिंह घर पर चढ़ गए।

घर में घुसकर मारने के बाद घसीटकर बाहर ले आए। विवेचक ने प्राण घातक हमला और घर में घुस कर मारपीट का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने राम सहाय सिंह एवं देव सहाय सिंह को दोष सिद्ध करार दिया।

**अदालत से**

**दोनों पर छह-छह हजार का अर्थदंड भी लगा**

## 25 हजार रुपये हड़पने का आरोप

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने 25 हजार रुपये हड़पने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। खगरा निवासी दिनेश कुमार यादव ने तहरीर में बताया है कि मुरादाबाद के कटघर थानाक्षेत्र के शिवपुरी निवासी जयपाल सिंह ने दो लोगों क माध्यम से कुल 25 हजार रुपये लिए थे। जब रुपये वापस मांगे तो देने से मना कर दिया। अपशब्द कहते हुए धमकाया। पुलिस ने जसपाल के अलावा मुकूल व रुपेंद्र पता अज्ञात पर केस दर्ज किया है। संवाद

# रिमांड पर लेकर मल्लू से पूरे नेटवर्क का राज उगलवाने में जुटी पुलिस

## सुबह 10 बजे कारागार से तीन दिन की रिमांड पर ले गई पुलिस, रुपये मंगाने की वजह और अन्य जानकारी करेगी हासिल

संवाद न्यूज एजेंसी



आरोपी मल्लू।

**बस्ती।** सऊदी अरब में दूसरों के खाते में लाखों रुपये मंगवाने और अपहरण के आरोपी हीरालाल उर्फ मल्लू को पुलिस ने बृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे तीन दिन के लिए रिमांड पर लिया है।

### साइबर, सर्विलांस और स्थानीय अभिसूचना इकाई की टीमों ने की लंबी पूछताछ

केस के विवेचक सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी के अलावा साइबर, सर्विलांस और स्थानीय अभिसूचना इकाई की टीमों ने लंबी पूछताछ की। टीमें उसे कई स्थानों पर ले गईं। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में मल्लू ने किसी तरह की जानकारी साझा नहीं की।



सऊदी अरब से रुपये मंगाने का आरोपी मल्लू तीन दिन की पुलिस रिमांड पर

10अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

माना जा रहा है कि पुलिस पूरे नेटवर्क का राज उगलवाने और इस गिरोह की जड़ तक जाने की कोशिश कर रही है। आईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि गहन छानबीन कराई जा रही है। जल्द इसके सभी पहलुओं को सामने लाया जाएगा।

चार दिन पहले यह मामला तब प्रकाश में आया, जब कलवारी क्षेत्र के सैफाबाद में विजय कुमार के खाते में भेजे गए पांच लाख रुपये को लेकर विवाद बढ़ा। रुपये मंगाने वाले वाल्टरगंज क्षेत्र के पिपरा जप्ती निवासी हीरालाल उर्फ मल्लू ने अपने दो सहयोगियों के साथ विजय कुमार का उसके घर से अपहरण कर लिया था। हालांकि, पुलिस के पीछे लगने की वजह से 47 हजार रुपये एटीएम से निकलवाने के बाद मल्लू उसे छोड़कर भाग गया था।

पुलिस ने उसे उसी रात दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में मल्लू ने जब बांग्लादेश और सऊदी अरब का कनेक्शन बताया तो पुलिस के कान खड़े हो गए। मल्लू से पूछताछ में पता चला कि रकम भेजने वाला मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला है। वह सऊदी अरब में बैठकर नेटवर्क चला रहा है। इसके पीछे मकसद क्या है यह पता लगाने के लिए पुलिस अन्य जांच एजेंसियों की मदद लेने की तैयारी में है।

जिन खातों में आरोपी मल्लू ने वापस रुपये भेजे हैं, वे खाते भी सऊदी अरब के बैंक के बताए जा रहे हैं। इस पूरे खेल के पीछे असल मकसद अभी पुलिस नहीं जान पाई है। फिलहाल मनी लांड्रिंग का मामला मानकर छानबीन की जा रही है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर शुरू होगा सड़क-नाला निर्माण

## आवास विकास कॉलोनी में अतिक्रमण के चलते रुक गया था निर्माण का कार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला नगर विकास अभिकरण (डूडा) की 70 लाख रुपये की परियोजना अतिक्रमण के चलते आवास विकास कॉलोनी में बाधित चल रही थी।

बृहस्पतिवार को एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान प्रशासनिक टीम के साथ बुलडोजर लेकर विवादित स्थल पहुंचे। उन्होंने सड़क और नाला निर्माण के लिए 12 मीटर चौड़ी जगह की नपाई कराई और इस हद में आने वाले लोगों की चहारदीवारी एवं अन्य तरह के निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर जगह खाली करवाया। इसके बाद परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ हुआ।

आवास विकास कॉलोनी के मुख्य द्वार पर जलभराव की समस्या दूर करने के लिए डूडा से सड़क और नाली निर्माण का कार्य स्वीकृति हुआ है। पिछले कई दिनों से यह कार्य खोदाई के बाद ठप हो गया था। सड़क और दोनों तरफ नाली निर्माण के लिए 12 मीटर चौड़ी जगह चाहिए थी।

अतिक्रमण के चलते 10 मीटर चौड़ाई ही मिल पा रही थी। स्थानीय लोग इससे अधिक चौड़ाई बढ़ाने पर विरोध करते रहे।

इसके पटाक्षेप के लिए एडीएम प्रतिपाल सिंह, एसडीएम शत्रुहन पाठक, प्रभारी ईओ/एसडीएम सुनिष्ठा सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी व पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम के साथ पहुंचे।

इस दौरान लोगों की चहारदीवारी पर लगाए गए चिह्न के मुताबिक अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय नागरिकों से बातचीत शुरू हुई। कुछ देर के बाद सहमति बन गई। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर से अतिक्रमण हटवाया गया।

एडीएम ने कहा कि सार्वजनिक रास्ते में अतिक्रमण अवरोध बन रहा था। इसे तत्काल प्रभाव से हटवाया गया। इस मौके पर पीओ डूडा सुनीता सिंह, ग्रीस सिंह, कानूनगो संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



आवास विकास कॉलोनी में नाला निर्माण के लिए शुरू हुई खोदाई। संवाद

### नजूल की जमीन पर भी कब्जा

**अतिक्रमण** हटाने के दौरान मोहल्ले के कुछ जागरूक लोग एडीएम से प्रवेश द्वार के पास नजूल की करीब डेढ़ बीघे जमीन पर अवैध कब्जा होने की शिकायत की। बताया गया कि नजूल की जमीन का अभिलेखीय स्वरूप बदलवाकर लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस पर एडीएम ने पूरे प्रकरण को समझने के बाद शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### आवासीय कॉलोनी के भू-खंड पर बन गए मॉल

**आवास** विकास को आवासीय कॉलोनी के रूप में विकसित करना होता है। मगर, यहां प्रवेश द्वार पर आवासी कॉलोनी के भूखंड पर कई तरह के व्यसवसायिक भवन बन गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मोहल्लेवासियों ने सड़क से बिल्कुल सटाकर बनाए गए व्यावसायिक निर्माण को दिखाया तो वहां मौजूद आवास विकास परिषद के जिम्मेदार कुछ बोल नहीं पाए।



कॉलोनी वासियों से वार्ता करते एडीएम प्रतिपाल चौहान। स्रोत सूचना

SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# मूर्ति विसर्जन को लेकर एसडीएम ने किया राप्ती घाट का निरीक्षण

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित राप्ती घाट पर होने वाले दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को अपराह्न उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित और पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र पांडेय ने स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान घाट की सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और नाविकों व गोताखोरों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक और ईओ भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। नगर पंचायत पहले से ही विसर्जन के लिए तैयारियों में जुटी हुई है और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किसी भी भक्त को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा पर किया जागरूक

**पथरा बाजार (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर प्राची सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता पिंक कोबरा (मिशन शक्ति अ) अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज सतीश चंद्र पाण्डेय क्षेत्राधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण में वृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षिका भाग्यवती पाण्डेय द्वारा मिशन शक्ति( 5) अभियान के तहत सरस्वती कन्या इण्टर कालेज सेहरी बुजुर्ग की कुछ छात्राओ को थाना पथरा बाजार बुलाकर थाना भ्रमण कराते हुए प्रनि कक्ष, कार्यालय कक्ष, मेस, हवालात पुरुष, हवालात महिला व महिला हेल्प डेस्क कक्ष को दिखाया गया तथा आनलाइन एफआईआर के बारे मे जानकारी दी गयी। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्तारण के बारे मे जानकारी दी गयी। विभिन्न स्तर से प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्तारण के सम्बन्ध मे भी अवगत कराया गया। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# दो वारंटी गिरफ्तार व शांति भंग में दो का चालान

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** बुधवार को गोल्हौरा थाने की पुलिस के हत्थे दो वारंटी चढ़ गए। उप निरीक्षक राममिलन आजाद, उप निरीक्षक रणविजय सिंह हेड कांस्टेबल हनुमान मौर्य ने वाद संख्या 10958/22 व वाद संख्या 04/93 के अभियुक्त हर्षित पांडेय (30) पुत्र जितेंद्र पांडेय ग्राम खजुरिया थाना गोल्हौरा व रामभेज पुत्र भगौती ग्राम गोनाहाताल थाना गोल्हौरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। **इसी क्रम में** बुधवार को गोल्हौरा थाने की पुलिस ने संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दो व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 170(1)/126/135 बीएनएसएस की निरोधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा दिया है। यह कार्रवाई पुलिस ने थानाक्षेत्र के ग्राम सोनफेरवा निवासी रामवृक्ष पुत्र नंदे व हरीश पुत्र उमेश के विरुद्ध रास्ता खोलने व बंद करने संबंधी विवाद करने को लेकर किया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र राय व कांस्टेबल मनीष यादव शामिल रहे।

# छात्राओं को सुरक्षा कानून की दी जानकारी

**औरताल (एसएनबी)।** महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता‍ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति वी) अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पथरा थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने सरस्वती देवी कन्या इंटर कालेज के कुछ क्षात्राओ को थाने पर बुलाकर थाना क्षेत्र का भ्रमण कराने के बाद थाने में बने प्रभारी निरीक्षक कक्ष कार्यालय कक्ष सीसी टीएन एस कक्ष महिला हवालात पुरुष हवालात कक्ष दिखाया गया इसके साथ ही आन लाइन एफआईआर एनसीआर आई जीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के बारे में भी बताया गया। छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान कालेज के प्रधानाध्यापक करुणाकर यादव के साथ थाने के अनेक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी की एक बाइक व एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, क्षेत्राधिकारी सतीश चन्द्र पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में और प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में थाना डुमरियागंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या- 163/24 धारा-2(30), 317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मोहम्मद सलीम उर्फ नौशाद पुत्र नसीर हुसेन, निवासी जमौतिया, थाना डुमरियागंज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोर के कब्जे से एक चोरी की हीरो स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल (काले और सफेद रंग की) और एक अवैध चाकू बरामद किया। इसके अलावा, पुलिस ने पहले से ही थाने में रखी एक चोरी की हीरो स्प्लेन्डर प्लस बाइक (नीले और सफेद रंग की) को भी बरामद किया, जो आरोपी द्वारा ही चोरी की गई थी।

# भाजपा नेता ने विधायक के फलाहार कार्यक्रम का किया विरोध

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज विधायिका सैय्यदा खातून द्वारा आज वटवासनी मंदिर गालापुर में आयोजित फलाहार कार्यक्रम का भाजपा नेता लवकुश ओझा ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर विरोध किया। ओझा का आरोप है कि विधायिका ने बिना अनुमति के हिंदुओं को सुनियोजित तरीके से धर्म भ्रष्ट करने के लिए फलाहार वितरित किया जा रहा था।

गालापुर स्थित मां वटवासनी मंदिर के प्रांगण में ओझा ने फलहार कार्यक्रम का विरोध करते हुए कहा, महाकाली मां वटवासनी के पवित्र मंदिर में मुस्लिम समुदाय की अगुआ विधायक द्वारा सुनियोजित ढंग से हिंदुओं को धर्मभ्रष्ट करने के लिए फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मौके पर उपस्थित सनातनी बंधुओं द्वारा मुझे सूचना मिलने पर तत्काल भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर सैय्यदा खातून को मंदिर परिसर से विरोध कर हटाया गया। उन्होंने कहा कि यहां मांस मछली खा कर पवित्र नवरात्रि के समय अपने हाथों से विधायिका व्रत रह रहे हिंदुओं को फलहार बांट रही है। ऐसा हम नहीं होने देंगे। इस मामले को भाजपा नेता ने इटवा थाने में तहरीर देकर जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने बताया कि विगत वर्षों की बात गालापुर मंदिर प्रांगण में यह कार्यक्रम मेरे कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किया जाता रहा है जिसके चलते आज भी मैं वहां पर गई एवं विगत वर्षो में भी जाती रही। जहां पर कार्यक्रम के समाप्ति के बाद प्रांगण से निकलते समय भाजपा नेता लव कुश ओझा और कुछ अन्य लोग आकर शोर मचाने लगे। जिसे नजरअंदाज कर मैं आगे बढ़ गई।

# वायरल वीडियो पर हुई कार्रवाई

**इटवा (एसएनबी)।** श्याम राजी हाईस्कूल बरगदवा पश्चिम, इटवा सिद्धार्थनगर के सम्बन्ध में वायरल वीडियों पर जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक/4985-87/2024-25 1.102024 द्वारा उपजिलाधिकारी इटवा एवं प्रधानाचार्य राजकीय इका इनरी ग्रान्ट, सिद्धार्थनगर की संयुक्त टीम गठित करते हुए जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया।उप जिलाधिकारी इटवा सिद्धार्थनगर द्वारा अपने पत्रांक/730(2)/आलि/2024-25, 2.10.2024 द्वारा जांच आख्या उपलब्ध करायी। जांच आख्या के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर को श्यामराजी हाईस्कूल बरगदवा पश्चिम, इटवा सिद्धार्थनगर को सील कराते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिसके उपरान्त खण्ड शिक्षा अधिकारी खुनियांव, इटवा सिद्धार्थनगर द्वारा विद्यालय को सील कराते हुए प्रवन्धक एवं प्रधानाचार्य श्याम राजी हाईस्कूल बरगदवा पश्चिम, इटवा सिद्धार्थनगर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।उक्त विद्यालय में कक्षा 9 के 22, कक्षा 10 में 35, कक्षा 11 में 5 तथा कक्षा-12 में 10 छात्र/छात्राएं कोचिंग के नाम पर अध्ययन कर रहे थे, जिनका पंजीकरण गंगाधर दुवे इका पोखरभिटवा, इटवा सिद्धार्थनगर में है। उक्त आशय की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक सोमरू प्रधान द्वारा दिया गया है।

# डीएम व एसपी ने शोभायात्रा के निर्धारित मार्गो का लिया जायजा

**बानगंगा(एसएनबी)।** शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डा. राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कस्बा शोहरतगढ़ में पहुंचकर शस्त्र पूजन एवं शोभायात्रा के निर्धारित मार्गो का लिया जायजा और पैदल फ्लैग मार्च किया। जिलाधिकारी ने शस्त्र पूजन व माता जगदम्बा की शोभायात्रा निकलने वाले रास्ते को देखा और कहा कि शारदीय नवरात्र पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी ने खिलवाड़ किया तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाते हुए प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शारदीय नवरात्र पर्व दशहरा में कस्बा शोहरतगढ़ व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस का पहरा सख्त कर दिया गया।और उन्होंने ने कहा कि शारदीय नवरात्र दशहरा पर्व पर झूठी अफवाहो पर ध्यान न दें।

इस दौरान डीएम ,एसपी , एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम चंद्रभान सिंह, सीओ सुजीत राय, शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी,नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राजकुमार, मोदनवाल, अनुप कसौधन, शिवरतन कनौजिया, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहें।



मार्गो का जायजा व पैदल फ्लैग मार्च करते डीएम, एसपी व अन्य। फोटो : एसएनबी



# महिला एसओ ने छात्राओं को कराया भ्रमण

पथरा बाजार। महिला सशक्तिकरण व महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता, पिंक कोबरा अभियान के तहत गुरुवार को पथरा बाजार थाना प्रभारी भाग्यवती पाण्डेय ने सरस्वती देवी कन्या इंटर कॉलेज की कुछ छात्राओं को थाने पर बुलाकर क्षेत्र का भ्रमण कराया। साथ ही थाने में बने प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष,महिला व पुरुष हवालात कक्ष दिखाया। ऑनलाइन एफआईआर, एनसीआर,आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रार्थनापत्रों के निस्तारण के बारे में भी जानकारी दी।

## शारदीय नवरात्र के आठवें दिन देवी मंदिरों पर लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता, मां का दर्शन कर मांगी मन्नतें

# आदि शक्ति की आराधना को उमड़े श्रद्धालु

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को शहर के लेकर गांव तक मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई। माता के दर्शन पूजन के लिए सुबह से लेकर देर शाम तक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और माता के जयकारे गूंजते रहे। वहीं को पूजा पंडालों भीड़ उमड़ पड़ी।

शहर के श्रीसिहेंश्वरी मंदिर, बेलहिया स्थित मां दुर्गा मंदिर, पलटा देवी मंदिर, योगमाया मंदिर, कठेला समय माता, गालापुर वटवासिनी देवी मंदिर, बांसी के सियरापार देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच कर मांता के दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। वहीं घरों में भी लोगों ने मां की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न होने पाए इसके सुरक्षा के तगड़े इंतजामात किए गए थे। शहर से लेकर गांव तक बने पूजा पंडालों में भी मां के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। मां के दर पर पहुंच कर श्रद्धालु मत्था टेक मां से आशीर्वाद मांग रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने सतर्कता की दृष्टि से मंदिरों और पूजा पंडालों के पास पुलिस बल की तैनाती की है। सुरक्षा कर्मी हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं।

वहीं, उस्का बाजार क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने गुरुवार को अष्टमी का व्रत रखा। इस व्रत की मान्यता है कि महागौरी पूजन, अर्चन व दर्शन मात्र से ही पूर्व के पाप नष्ट हो जाते हैं। मान्यता है कि माता रानी ने आठ साल की उम्र से ही भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप शुरू किया था। कठोर तप करने के कारण देवी कृष्ण वर्ण की हो गई थीं। उनकी तपस्या से देव महादेव ने गंगाजल से देवी की कांति को वापस लौटा दिया। इस प्रकार देवी को महागौरी का नाम मिला। देवी भागवत पुराण के अनुसार भगवान शिव के साथ उनकी पत्नी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी उपासना से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं।

**बच्चियों ने किया नौ दुर्गा के स्वरूप का मंचन:** शारदीय नवरात्र में गुरुवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर सेंट जोसेफ स्कूल की बच्चियों की ओर से नौ दुर्गा के रूपों का सजीव मंचन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि दशहरा का त्योहार हमें अच्छाई की बुराई पर जीत का संदेश देता है। बच्चों ने दुर्गा माता के नौ रूपों का मंचन किया। इस अवसर पर किरण श्रीवास्तव, शिवम उपाध्याय, अनन्या, मानसी, आराध्या, सोनाक्षी, सौम्या, नव्या, रोशनी, पीहू, स्वर्णिमा, आरती, मयंक आदि मौजूद रहे।





शहर के अनूप नगर में बने पूजा पंडाल में गुरुवार को विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा व मौजूद श्रद्धालु (बाएं)। शहर के सिद्धार्थ तिराहे पर मां के पूजन-अर्चन को उमड़े श्रद्धालु।

## डीएम व एसपी ने कराया सुरक्षा का अहसास

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ कस्बा में डीएम डॉ.राजागणपति आर व एसपी प्राची सिंह ने बुधवार की देर रात पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। उन्होंने कहा कि मिलजुल कर त्योहार मनाएं। पुलिस बल के साथ गश्त करते हुए दोनों अधिकारियों ने लोगों से मुलाकात भी की। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी।



गुरुवार को शोहरतगढ़ कस्बे में पैदल मार्च करते डीएम डॉ.राजागणपति आर और एसपी प्राची सिंह। • हिन्दुस्तान

## पुलिस कर्मियों ने किया ककरहवा में फ्लैग मार्च

ककरहवा। क्षेत्र में सिविल पुलिस के जवानों द्वारा दुर्गा पूजा को सकुशल संपन्न कराने व लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने को लेकर फ्लैग मार्च कर जागरूक किया गया। बॉर्डर क्षेत्र के गांवों में सुरक्षा को लेकर नंदनगर, फरसादीपुर, निरंजनपुर आदि स्थानों पर पुलिस ने मार्च किया। इस दौरान थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी, चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहें।

- किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी: जिलाधिकारी
- लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन संपन्न कराने का आह्वान किया

## एसडीएम व सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

डुमरियागंज। डुमरियागंज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चल रहे दुर्गा पूजा समारोह के दौरान गुरुवार की शाम एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश चंद्र पांडेय व प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने पूजा पंडालों में, पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अफसरों ने डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बैदौला, भटगंवा, बेंवा सहित अन्य स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा के पंडालों का दौरा किया। एसडीएम व सीओ ने लोगों से मुलाकात कर आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का आह्वान किया। अफसरों ने बताया कि दुर्गा पूजा समारोह व प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग है। अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही तो तत्काल पुलिस व प्रशासन को सूचित करें।



डुमरियागंज क्षेत्र के हल्लौर में आयोजित दुर्गा पूजा समारोह के दौरान जायजा लेते एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित व सीईओ सतीश चंद्र पांडेय। • हिन्दुस्तान

# स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर मुकदमा

- फीस न जमा करने वाले बच्चों को धूप में बैठाने का मामला
- एबीएसए खुनियांव ने इटवा थाने में दर्ज कराया केस

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव स्थित श्यामराजी हाईस्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ एबीएसए की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। स्कूल प्रशासन द्वारा फीस न जमा करने पर अधिकांश बच्चों को स्कूल गेट के बाहर कड़ाके की धूप में बिठा दिया गया था। डीएम के निर्देश पर जांच में मामला सही पाए जाने व प्रबंधक के साथ प्रधानाचार्य दोषी पाए जाने पर केस दर्ज कर लिया गया है।

श्यामराजी हाईस्कूल के जिम्मेदारों द्वारा एक सप्ताह पूर्व विद्यालय के अधिकांश बच्चों को कड़ी धूप में घंटों इसलिए बिठा दिया गया था क्योंकि उनकी फीस जमा नहीं हो सकी थी। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था। डीएम के निर्देश पर एसडीएम इटवा व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज इनरी ग्रांट ने मामले की जांच कर प्रबंधक व प्रधानाचार्य को दोषी पाया। स्कूल को पहले ही सील कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर एबीएसए खुनियांव ने तहरीर देकर प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने बताया कि श्यामराजी हाईस्कूल में कक्षा नौ में 22, कक्षा 10 में 35, कक्षा 11 में पांच व कक्षा 12 में 10 छात्र कोचिंग के नाम पर अध्यन कर रहे हैं। उनका पंजीकरण गंगाधर दुबे इंटर कॉलेज पोखरभिटवा इटवा में है।

# चोरी की बाइक के साथ एक को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज पुलिस ने चोरी की एक बाइक संग एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चाकू भी बरामद हुआ है।

थानाध्यक्ष रमेश कुमार यादव ने बताया कि पुलिस चेकिंग के दौरान एसआई मोतीलाल, शिवकुमार यादव, हेड कांस्टेबल परशुराम यादव, श्यामसुन्दर मौर्या कांस्टेबल सत्यराम यादव, धर्मवीर कुमार ने एक युवक को रोककर पूछताछ की जो चोरी की एक बाइक और एक चाकू भी बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद सलीम उर्फ नौशाद पुत्र नसीर हुसेन निवासी जमौतिया थाना डुमरियागंज बताया।

# एनडीपीएस एक्ट के दो आरोपियों को हुई सजा

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 मोहम्मद रफी ने एनडीपीएस एक्ट के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को सजा सुनाई। एक आरोपी को एक साल तीन महीने की सजा और दो हजार रुपये जुर्माना लगाया है। दूसरे मामले के आरोपी को एक साल एक माह की सजा और चार हजार का जुर्माना लगाया।

जियाउद्दीन पुत्र जैनुद्दीन निवासी लुंबिनी सांस्कृतिक थाना लुंबिनी जनपद रुपनदेही नेपाल के खिलाफ 2023 में मोहाना थाना में केस दर्ज हुआ था। बयान व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सही पाए जाने पर अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश-1 मोहम्मद रफी ने गुरुवार को आरोपी को एक साल तीन माह की सजा सुनाई। दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। दूसरे मामले में राहुल गुप्त पुत्र प्रहलाद गुप्त निवासी वार्ड नंबर पांच चट्टी बाजार थाना ढेबरुआ को एक साल एक माह की सजा सुनाई। उस पर चार हजार का जुर्माना लगाया। शासन की ओर से दोनों मामलों में पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रामसूरत यादव ने की।

गालापुर स्थित वटवासिनी महाकाली स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों का हंगामा

# मंदिर में सपा विधायक सैयदा के फलाहार कार्यक्रम पर विवाद

**वायरल वीडियो**

डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर), **हिन्दुस्तान संवाद।** सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज क्षेत्र के गालापुर स्थित वटवासिनी महाकाली स्थान पर गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित फलाहार कार्यक्रम में पार्टी विधायक सैय्यदा खातून के शामिल होने पर विवाद हो गया। विधायक को भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि, हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

गालापुर मंदिर परिसर में सपा कार्यकर्ताओं की ओर से गुरुवार को फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें डुमरियागंज की सपा विधायक सैयदा खातून भी शामिल हुईं और उन्होंने लोगों में फल वितरित किया। इसी बीच ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष भाजपा नेता लवकुश ओझा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मंदिर पर पहुंचे गए। फलाहार कार्यक्रम में सपा विधायक के शामिल होने पर आपत्ति जताते हुए विरोध करने लगे। विधायक समेत सपा कार्यकर्ताओं और भाजपाइयों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। लवकुश ओझा ने इटवा थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बिना प्रशासनिक अनुमति फलाहार कार्यक्रम करने का आरोप लगाया। कहा कि हिंदुओं के व्रत को अशुद्ध कर उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की।



डुमरियागंज क्षेत्र के गालापुर स्थित वटवासनी महाकाली स्थान पर सपा विधायक सैय्यदा खातून व उनके समर्थकों से नोकझोंक करते भाजपाई।

> सपा कार्यकर्ताओं द्वारा गलापुर मंदिर परिसर में विगत वर्षों की तरह इस साल भी फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हमें भी बुलाया गया था। कार्यक्रम के बाद जब मैं अपने कार्यकर्ताओं के साथ बाहर निकलने लगी तो गेट के पास कुछ लोग आवाज करने लगे। पता चला कि लवकुश ओझा हैं। उन्होंने आपत्ति जताई, जिस पर हमारे समर्थकों ने भी अपने स्तर से जवाब दिया। मेरा जो काम है, मैं कर रही हूं। उन सबका यही काम ही है। **-सैय्यदा खातून,** सपा विधायक, डुमरियागंज

> गालापुर मंदिर परिसर में आयोजित फलाहार कार्यक्रम के दौरान सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है। परमिशन के संबंध में थानेदार से जवाब तलब किया जाएगा। **-डॉ. संजीव दीक्षित,** एसडीएम, डुमरियागंज



कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलतीं सपा विधायक सैय्यदा खातून।

# एआरटीओ ने किया चालान, दूसरी चाबी से ट्रक लेकर चालक फरार

जागरण संवाददाता, बढनी : बांसी में ओवरलोडिंग के आरोप में चालान हुआ ट्रक चालक दूसरी चाबी लेकर भाग निकला। एसडीएम बांसी ने ट्रक की तलाश शुरू की तो हर थाने की पुलिस चौकन्नी हुई और ट्रक कस्टम कार्यालय बढ़नी के पास से पकड़ा गया। ट्रक पर स्पंज लोहा लदा हुआ ।

बीते आठ अक्टूबर को बांसी एसडीएम ने ओवरलोडिंग के आरोप में एक ट्रक को पकड़ा। सूचना मिली तो एआरटीओ सुरेश मौर्य भी मौके पर पहुंच गए। धर्मकांटा पर पता चला कि ट्रक पर 42 क्विंटल स्पंज लोहा लदा हुआ था। ओवर लोडिंग को लेकर एआरटीओ ने उस पर एक लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और ट्रक को बांसी तहसील परिसर में खड़ा कर दिया। ट्रक चालक ने इसका फायदा उठाया। उसने डुप्लीकेट चाबी से ट्रक स्टार्ट किया और वह उसे लेकर फरार हो गया। गुरुवार को एसडीएम ने उस स्थान ट्रक खड़ी नहीं देखकर उन्होंने आरटीओ को फोन कर जुर्माना राशि व ट्रक छोड़े जानकारी ली। इस पर आरटीओ विभाग से उन्हें बताया गया कि ट्रक मालिक या चालक ने कोई जुर्माना नहीं भरा है। यह जानकारी होने पर ट्रक कहां गया। तलाश शुरू हुई। दोपहर बाद ट्रक को ढेबरुआ की पुलिस ने बढ़नी कस्टम कार्यालय के पास पकड़ लिया। एआरटीओ सुरेश मौर्या ने ट्रक को ढेबरुआ थाने में खड़ी करवाकर, कार्रवाई की। एआरटीओ सुरेश ने बताया कि ट्रक को पुलिस ने बढ़नी बार्डर के पास पकड़ा है। ढेबरुआ थाने ट्रक खड़ी करवा दी गई है।

# विसर्जन को लेकर कड़ी रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : प्रशासन ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी को लेकर होमवर्क करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी अलर्ट मोड में हैं। विसर्जन स्थल पर भीड़ नहीं जुटे, इसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस ने प्रतिमा विसर्जन से पूर्व निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान पुलिस फोर्स लगाने की तैयारी करने लगी है। वहीं प्रशासन ने गुरुवार को विसर्जन स्थल के मार्ग की मरम्मत शुरू कराई। बिजली के ढीले तार को विभागीय कर्मचारी ठीक करने लगे हैं। सभी एसडीएम व सीओ को अपने क्षेत्र में निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया।

प्रशासन ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी शुरू कर दी है। सिद्धार्थनगर मुख्यालय की प्रतिमा का विसर्जन पहाड़ी नाला जमुआर में होता है। अभी हाल में आई बाढ़ में यह पहाड़ी नाला भी खतरे के निशान के पास पहुंच गया था। इसका जलस्तर कम तो हो रहा है लेकिन अभी घाट की सीढ़ियों पर पानी लगा है। सीढ़ी के फर्श पर फिसलन भी है, इसे लेकर नगर पालिका के कर्मचारी पूरे दिन लगे रहे। प्रतिमा को सड़क से नीचे पहुंचाने के रास्ता को बनाया गया। सीढ़ियों पर लगी मिट्टी को साफ किया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विंध्याचल ने बताया कि विसर्जन से पहले काम पूरा कर लिया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे हैं।



जुमारआर घाट स्थित विसर्जन स्थल पर सफाई करवाते नगरपालिक कर्मचारी • जागरण

प्रतिमा विसर्जन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। गश्त पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं होने पाएगी।
डा. राजा गणपति आर
जिलाधिकारी

प्रतिमा विसर्जन को लेकर सभी तैयारियां हो चुकी हैं। थाने के अलावा अतिरिक्त फोर्स लगायी गयी है। हर डोले के साथ पुलिस के अलावा वालेंटियर भी लगाए गए हैं, जो सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सद् भाव बनाने पर ध्यान देंगे।
प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

**संवेदनशील स्थल चिन्हित, लगेगी पुलिस फोर्स:** पुलिस ने संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया है। विसर्जन के दिन नगर की सभी प्रतिमाएं रात्रि आठ बजे के करीब शोभायात्रा के रूप में निकलती है। यह भ्रमण करते हुए पुराने एआरटीओ आफिस से वापस लौटती हैं। इस बीच में पड़ने वाले तीन स्थल को संवेदनशील के रूप में चिन्हित किया गया है। पुरानी नौगढ़ बाजार में भी दो स्थलों को संवेदनशील माना गया है।

**नगर में नहीं प्रवेश करेंगे चार पहिया वाहन:** विसर्जन के दिन शाम से ही नगर में चारपहिया व व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा। इन वाहनों को बांसी प्राइवेट टैक्सी स्टैंड तिराहा व हाइडिल तिराहा के पास रोक दिया जाएगा। गोरखपुर मार्ग पर हुसैनगंज तक वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।


**राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान**
(ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का एक संगठन)
राजेंद्रनगर, हैदराबाद - 500030

**प्रतिनियुक्ति पर भर्ती**

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (NIRD&PR), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वात्तशासी संगठन, ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के लिए देश का एक शीर्ष संगठन है। एनआईआरडी एवं पीआर द्वारा **प्रतिनियुक्ति आधार** पर अधोवर्णित पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स स्तर | आयु सीमा | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| सहायक वित्तीय सलाहकार एवं वेतन एवं लेखा अधिकारी (AFA & PAO) | वेतन स्तर-11 | 56 वर्ष | 2 |

पात्रता मापदंड, आवेदन की ऑनलाइन प्रस्तुति तथा अन्य विवरण हेतु कृपया **http://career.nirdpr.in/** देखें।

ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति हेतु अंतिम तिथि 30.11.2024 है।

विज्ञा. सं. 20/2024

फाइल सं.: NIRDPR/Admin/Sec-I/2024/47 — हस्ता/- सहायक निदेशक

Comp. no. 16958 — प्रशासन (सेक्शन-I)

# मां का दर्शन-पूजन करने के लिए शहर में बढ़ी भीड़

## प्यारा सजा है तेरा...देवी गीतों पर खूब झूमे श्रद्धालु, झालर व लाइट से की गई है पंडालों की विशेष सजावट





नवरात्र पर भगवा कपड़े से सजाया गया सिद्धार्थ तिराहा व कपड़े वाली गली में दुर्गा प्रतिमा की पूजा करते श्रद्धालु • जागरण



आयोजन समिति ने पंडाल व लाइटों से सजाई गई सदर नपा का भव्य दृश्य • फिरोज

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार, या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता.. जैसे मधुर गीतों के बीच शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की श्रद्धालु आराधना कर रहे हैं। शारदीय नवरात्र को लेकर शहर की रौनक देखते ही बन रही है। शाम छह बजे से ही पांडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़नी शुरू हो जा रही है। पंडालों में बजने वाले देवी भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। श्रद्धालुओं ने गुरुवार को मां कालरात्रि की आराधना कर जग कल्याण की कामना की।

जगह-जगह स्थापित दुर्गा पांडालों की जगमग लाइटों से शहर की शोभा देखते ही बन रही है। पांडालों में भक्तों द्वारा किया गया मां का श्रृंगार देखते ही बन रहा है। दुर्गा पंडालों की अलौकिक छटा देखने के लिए शाम से ही शहर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जा रहा है। भवानीगंज थाना क्षेत्र के चौरा बनगवां में बुधवार रात जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डा. राजेश कुमार ने फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकियां भी प्रस्तुत की। इसे देख भक्त जयकारे लगाने लगे। गणेश वंदना के साथ गायक कलाकार दिलीप बांवरिया, तृषा सिंह तथा रागिनी तिवारी के सुंदर-सुंदर भजनों का सिलसिला शुरू हुआ। दिलीप बांवरिया ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी.., चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.., शेर पर सवार होके आजा शेरा वालिये.., बेटा बुलाए फौरन दौड़ी चली आये मां.. जैसे भजनों की प्रस्तुति से जागरण के माहौल को भक्तिमय कर दिया। तृषा व रागिनी के अइहऽल के फुलवा मैया.., मइया अइली अंगनवा.., निमिया के डाढ़ मैया.. की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। रणजीत सिंह, अशोक गुप्ता, नरेन्द्र कुमार, सुखई, कमलापति, कृष्ण सोनी आदि उपस्थित रहे।

### क्षेत्र भ्रमण कर कराया सुरक्षा का अहसास

डुमरियागंज : पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा एवं श्रद्धालुओं को समस्याओं को लेकर बुधवार शाम उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डा. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश चंद्र पाण्डेय ने स्थापित दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नवरात्र में सप्तमी के अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के नगर डुमरियागंज, बैदौला, भटगंवा, बेंवा सहित प्रमुख चौराहों पर स्थापित पंडालों का भ्रमण किया। मां दुर्गा की आरती में शामिल हुए। जिम्मेदारों से सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम की जानकारी ली। श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र के डुमरियागंज थाना अंतर्गत 92 व भवानीगंज में 65 प्रतिमाएं स्थापित हैं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सारे इंतजाम किए गए हैं। भक्तों को दर्शन पूजन में कोई समस्या नही आने पाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को चौकन्ना रखा गया है। रात्रि गश्त करते रहने के निर्देश दिए गए हैं।



पंडाल की जांच करते एसडीएम • जागरण

### विद्यालय के बच्चों ने मनाया दशहरा उत्सव

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : शारदीय नवरात्र के अष्टमी को गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली स्कूल देवरिया भारतभारी में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का आरंभ देवी दुर्गा की स्तुति से की गई। उसके बाद विद्यालय के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों द्वारा डांडिया स्टिक के साथ शानदार प्रस्तुति दी। वहीं कक्षा एक, दो और तीन के छात्रों ने भी गरबा नृत्य में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र कक्षा चार से सात तक के छात्रों ने रामलीला की प्रस्तुति दी। इसमें राम दरबार, सीता स्वयंवर, सीता हरण, राम और हनुमान मिलन, राम और रावण युद्ध आदि दृश्यों का मंचन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चे पारंपरिक परिधानों में बहुत प्यारे लग रहे थे। आराध्या सोनी, आस्था अग्रहरि, हर्षित पाठक, विजय राज सोनी, लक्की उपाध्याय, हार्दिक श्रीवास्तव, वरुण अग्रहरि आदि बच्चों ने बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुषमा श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, शिवेन्द्र सिंह, कुलदीप मिश्रा, रूपाली, अवधेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## शुल्क न जमा करने पर प्रधानाचार्य ने सप्ताह भर पहले बच्चों को गेट के बाहर बिठाया था, किसी ने किया था वीडियो प्रसारित

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा परिगम गांव स्थित स्वामराजी हाईस्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुल्क न जमा करने पर विद्यालय प्रशासन की ओर से अधिकांश बच्चों को स्कूल गेट के बाहर धूप में बिठा दिया गया था। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराई तो मामला सही पाया गया। उनके निर्देश पर प्रधानाचार्य के विरुद्ध पांच दिन पहले मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने अब प्रबंधक के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कर लिया।

शुल्क न जमा करने पर स्वामराजी हाईस्कूल के प्रबंधन द्वारा एक सप्ताह पहले विद्यालय के अधिकांश बच्चों को धूप में बिठा दिया गया था। किसी ने इसका वीडियो बनाकर प्रसारित कर दिया था। वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला अधिकारियों के भी संज्ञान में आ गया। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर के निर्देश पर एसडीएम इटवा व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज इटवा ब्रांड समर बहादुर सिंह ने मामले की जांच कर प्रबंधक व प्रधानाचार्य को दोषी पाया। स्कूल को पहले ही सील कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर एबीएसए खुनियांव ने इटवा थाना पर तहरीर देकर प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार केस दर्ज कर लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक सौमारू प्रधान ने बताया कि स्वामराजी हाईस्कूल में कक्षा नौ में 22, कक्षा 10 में 35, कक्षा 11 में पांच व कक्षा 12 में 10 छात्र कोचिंग के नाम पर अध्ययन कर रहे हैं। उनका पंजीकरण गंगाधर दुबे इंटर कालेज पेखुभिटवा इटवा में है। प्रभारी निरीक्षक इटवा श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

**सील विद्यालय के 106 बच्चों का हुआ अन्यत्र नामांकन**

सिद्धार्थनगर : शुल्क के लिए बच्चों को प्रताड़ित करने का मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासन द्वारा सील कराए गए विकास क्षेत्र खुनियांव के स्वामराजी हाईस्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बच्चों के निवास स्थान के आधार पर 11 टीमों का गठन किया था। इनमें से नौ टीमों ने चिह्नित 106 बच्चों को नजदीकी परिषदीय विद्यालय में गुरुवार को नामांकन कराया। सबसे अधिक 40 बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालय बरगदवा द्वितीय में कराया गया। महादेव व मनवरिया पुरवा में आठ-आठ बच्चे चिह्नित हैं के बच्चों का नामांकन अभी नहीं हो पाया है। अभी यहां के बच्चों का नजदीकी परिषदीय विद्यालय में नामांकन के लिए उनके अभिभावकों से सहमति ली जा रही है। पिछले दिनों यह विद्यालय उस समय चर्चा में आया था जब विद्यालय के प्रबंधक ने शुल्क न जमा करने वाले बच्चों को गेट के बाहर बैठाकर वीडियो बनाया था। यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ। उसके बाद हुई जांच में विद्यालय बिना मान्यता के पाया गया। इस कारण जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्यालय को सीज कर संचालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया। बीएसए ने बताया कि बिना मान्यता के संचालित स्वामराजी हाईस्कूल को सीज किया गया था। यहां नामांकित बच्चों की शिक्षा प्रभावित न होने पाए इसके लिए टीम गठित कर बच्चों का नामांकन कराया जा रहा है। कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहने पाएगा।

### नामांकन 35 का, मौके पर मिले सिर्फ पांच बच्चे, सीडीओ हुए नाराज

सिद्धार्थनगर : मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने गुरुवार को नौगढ़ विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ककोरी का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिया गया। सीडीओ विद्यालय पहुंचे तो उपस्थित सहायक अध्यापक द्वारा बताया गया कि प्रधानाध्यापक अवकाश पर हैं। विद्यालय में केवल 35 बच्चों का नामांकन है और मौके पर मात्र पांच बच्चे उपस्थित पाये गये। शिक्षक द्वारा बताया गया कि दशहरा के कारण बच्चे नहीं आए हैं।

सीडीओ ने निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें। अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। शिक्षक से बच्चों के निपुण संबंधी जानकारी ली गई। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन के रखे सैंपल को चेक कर मसाला का गुणवत्ता ठीक करने और रसोइयों को एप्रन व सिर पर टोपी पहनने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने शिक्षक को अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों के यूनिफार्म, जूता व मोजा क्रय कराने का निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में पोषण वाटिका की मरम्मत करते हुए सब्जी लगाने के लिए कहा गया।



पूर्व माध्यमिक विद्यालय ककोरी के निरीक्षण के दौरान शिक्षिका को निर्देश देते सीडीओ जयेंद्र कुमार • सौजन्य विभाग

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# मादक द्रव्य अधिनियम के आरोपित को एक वर्ष एक माह की सजा

जासं, सिद्धार्थनगर : मादक द्रव्य अधिनियम के एक आरोपित को न्यायालय ने एक वर्ष एक माह की सजा सुनाई है। इसके साथ चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना ढेबरुआ पुलिस ने मामले पैरवी की थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मो. रफी ने राहुल गुप्ता निवासी वार्ड नंबर चट्टी बाजार को मादक द्रव्य अधिनियम के आरोप में दोषी पाया। उन्होंने राहुल को एक वर्ष एक माह के कठोर कारावास चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल के अलावा अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी नसीम अहमद थाना ढेबरुआ का योगदान रहा।

# नशीली दवाओं के साथ पकड़े गए व्यक्ति को सवा साल की सजा

जासं, सिद्धार्थनगर : प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मोहम्मद रफी की अदालत ने मादक द्रव्य अधिनियम के एक आरोपी को एक वर्ष तीन माह की कठोर सजा सुनाई है। उस पर चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगा है। आरोपी का नाम जियाउद्दीन है। वह नेपाल के लुम्बिनी सांस्कृतिक नगर पालिका थाना लुम्बिनी जनपद रुपनदेही का रहने वाला है। वह मोहाना थाना क्षेत्र में 56 नशीली गोलियों के साथ पकड़ा गया था। अभियोजन की पैरवी विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्टराम सूरत यादव अधिवक्ता ने की।



विधायक सैय्यदा खातून व कार्यकर्ताओं में हो रही नोंकझोक • सौ सोशल मीडिया

# फलाहार कार्यक्रम का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

- **गालापुर में फलाहार कार्यक्रम का किया गया विरोध**
- **इंस्पेक्टर इटवा ने बताया मामले की हो रही जांच**

जागरण संवाददाता, धोवहा : वटवासिनी मंदिर गालापुर में गुरुवार सुबह 10 बजे सपा कार्यकर्ताओं ने फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून ने उपस्थित भक्तों में फलाहार वितरित किया। कार्यक्रम के बाद जब वह वापस जाने लगी तो भाजपा नेता लवकुश ओझा समर्थकों के साथ आकर विधायक सैय्यदा खातून के फलाहार कार्यक्रम का विरोध करने लगे।

भाजपा नेता लवकुश ओझा ने कहा की महाकाली मां वटवासिनी के पवित्र मंदिर में विधायक सैय्यदा खातून और उनके मुस्लिम समर्थकों ने सुनियोजित ढंग से बिना किसी अनुमति के फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया। सनातनी बंधुओं ने मुझे सूचना दी। तत्काल भाजपा व हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर इसका विरोध किया गया। इसके संबंध में इटवा पुलिस को शिकायती पत्र भी दिया गया है। इस संबंध में विधायक ने बताया कि गुरुवार को फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें श्रद्धालुओं में सेब व केले का वितरण किया गया। भाईचारा बिगाड़ने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों ने वितरण बाद विरोध किया।

वितरण कार्यक्रम में हमारे साथ सुरेंद्र शुक्ला, बीके ओझा, सूर्य प्रकाश उपाध्याय सहित तमाम हिंदू भाई शामिल थे। फलाहार कार्यक्रम का आयोजन हमारे साथी बहरैची प्रेमी ने किया था। इसमें मैं भी शामिल हुई। इंस्पेक्टर श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच की जा रही है।

## एक नजर में




पुलिस अभिरक्षा में आरोपित • जागरण

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

डुमरियागंज : डुमरियागंज पुलिस ने गुरुवार को वांछित चल रहे चोरी के एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपित का नाम मो. सलीम उर्फ नौशाद पुत्र नसीर हुसेन ग्राम जमौतिया, थाना-डुमरियागंज है। उसके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक चाकू भी बरामद हुआ है। इसने पूर्व में एक मोटरसाइकिल और चुराई थी जो वाहन चेकिंग के दौरान पूर्व में सीज कर थाने पर खड़ी है।

# सुरक्षा से जुड़े कानून के बारे में जानकारी दी

पथरा। महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा के तहत बृहस्पतिवार को पथरा थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने सरस्वती देवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को थाना का भ्रमण कराया गया।

प्रभारी निरीक्षक कक्ष कार्यालय कक्ष सीसी टीएन एस कक्ष महिला हवालात पुरुष हवालात कक्ष दिखाया गया। एफआईआर एनसीआर आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के बारे में भी बताया गया। छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाध्यापक करुणाकर यादव के साथ थाने पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# व्रत भंग करने की साजिश का लगाया आरोप, दी तहरीर



गालापुर वटवासिनी महाकाली मंदिर परिसर में आयोजित फलाहार कार्यक्रम के दौरान विवाद के बाद जुटी भीड़। स्रोत वायरल वीडियो स्क्रीनशॉट

संवाद न्यूज एजेंसी

**भनवापुर/डुमरियागंज।** गालापुर में फलाहार कार्यक्रम में विवाद के बाद भाजपा नेता लवकुश ओझा ने इटवा थाने में विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने और व्रत भंग करने की साजिश का आरोप लगाया है।

लवकुश ने तहरीर में कहा है कि, गालापुर मंदिर परिसर में विधायक सैय्यदा खातून लगभग एक दर्जन मुस्लिम लड़कों के साथ बगैर अनुमति फलाहार कार्यक्रम कर रही थीं। इन लोगों ने रात में मांस आदि का सेवन किया गया होगा। अपवित्रता के साथ फलाहार कार्यक्रम कर हिन्दुओं के व्रत को अशुद्ध कर दिया और उनकी आस्था से खिलवाड़ किया है। उन्होंने इस प्रकरण की जांच कर सैय्यदा खातून व उनके एक दर्जन समर्थकों के खिलाफ हिंदुओं की भावनाओं के ठेस पहुंचाने व व्रत को भंग करने के उद्देश्य से साजिश के तहत कार्यक्रम बताकर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए असामाजिक तत्वों ने उत्पन्न की बाधा : विधायक**

इस पूरे विवाद पर विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि यह सब राजनीतिक विद्वेष के चलते किया गया है। विधायक की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनकी तरफ से कई वर्षों से गालापुर में नवरात्र के दौरान फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि फलाहार वितरण करने में सुरेंद्र शुक्ल, बालकृष्ण ओझा, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, पिंटू पांडेय, मुन्ना श्रीवास्तव, बहरैची प्रसाद प्रेमी, रामधीरज सहानी, महादेव आदि श्रद्धालु मौजूद थे। विधायक ने कहा कि फलाहार कार्यक्रम सपा कार्यकर्ता बहरैची प्रसाद प्रेमी की ओर से किया गया था।

# बढ़नी में अलर्ट, नो मेंस लैंड के पास सख्ती

## बढ़नी कस्बे में उपद्रव के बाद खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी, चिह्नित आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापे मार रही पुलिस



बढ़नी में बवाल के बाद अब बाजार में हालात सामान्य हो गए हैं। संवाद





बढ़नी में वाहन की तलाशी लेती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

शोहरतगढ़। बढ़नी कस्बे में हुए मासूम की दुष्कर्म के बाद रविवार को हुए बवाल के बाद कस्बे का माहौल सामान्य हो गया है। बाजार में चहल-पहल बृहस्पतिवार को बखूबी देखी गई।

लेकिन सुरक्षा एजेंसी अलर्ट मोड में है। कारण नेपाल से 25 से 30 लोगों के आने की बात सामने आने पर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। हर व्यक्ति पर पुलिस अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। चिह्नित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस चेकिंग और छापे मार रही है।

तस्करी गठजोड़ से नेपाल ने आए लोग बवाल में शामिल हुए, और मौका देखते हुए फरार हो गए, मामला उजागर होने के बाद सुरक्षा एजेंसियां बढ़नी, कोटिया और खुनुवा बार्डर पर अलर्ट हो गई है। चेकिंग गहनता से बढ़ा दी है। भारत नेपाल बार्डर पर नेपाल से आने भारत व भारत से नेपाल जाने वालों की सुरक्षा एजेंसियां गहनता उनकी जांच कर रही हैं, और तस्करी की बात सामने आने से नो मेंस लैंड सहित अन्य रास्तों पर चौकसी बढ़ा दी गई है।



बढ़नी के नो मेंस लैंड के पास जांच करते एसएसबी के जवान। संवाद

बढ़नी कस्बे पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई। बार्डर से आने जाने वालों की जांच सुरक्षा एजेंसियां गहनता कर रही है। तस्करी पर भी नकेल कसने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को निर्देशित कर दिया गया है। - **सुजीत कुमार राय, सीओ शोहरतगढ़**

बढ़नी कस्बे में बवाल होने बाद चौथे दिन बृहस्पतिवार को क्षेत्र के आसपास व कस्बे लोगों सहित नेपाल के लोगों से बाजार की रौनक बढ़ गई है। कस्बे चट्टी बाजार, कपड़े वाली गली, गांधी मार्केट, नेपाल जाने वाली राष्ट्रीय राज मार्ग सहित अन्य मार्केट में चहल-पहल काफी देखी गई। लोग घरों से निकलकर खूब खरीदारी की। नवरात्र व दशहरा त्योहार अन्य दृष्टि से शोहरतगढ़ व बढ़नी कस्बा अतिसंवेदनशील माना जाता है। यहां कब क्या हो जाए यह किसी भनक नहीं लगने पाती है।

### सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों पर दर्ज होगा केस

**शोहरतगढ़।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर व एसपी प्राची सिंह ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए नगर में पैदल मार्च किया। डीएम ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी ने खिलवाड़ किया तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज होगा। लोगों से अपील करते हुए कहा कि नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाते हुए प्रशासन का सहयोग करें। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस का पहरा सख्त कर दिया गया। झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें। इस दौरान एसडीएम उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, एसडीएम चंद्र भान सिंह, सीओ सुजीत राय, थाना प्रभारी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राजकुमार मोदनवाल, अनुप कसौधन आदि मौजूद रहे। संवाद

### बवाल में पकड़े गए आठ लोग जमानत पर छूटे

**बढ़नी।** बढ़नी कस्बे में हुए विवाद के बाद सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो खंगालने के बाद में सोमवार को 8 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। एसडीएम चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि त्योहार को देखते हुए आठों आरोपियों को बुधवार की देर शाम पर्सनल मुचलके तथा कुछ व्यक्तिगत शर्तों पर जमानत दे दिया गया है। संवाद

# एनडीपीएस एक्ट के दोषी को 13 माह की सजा और अर्थदंड

सिद्धार्थनगर। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व ढेबरुआ पुलिस की पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के दोषी को एक वर्ष एक माह के कठोर कारावास और चार हजार रुपये के अर्थ-दंड से दंडित किया गया है।

एनडीपीएस एक्ट के मामले में ढेबरुआ थाना में केस दर्ज था। इस मामले में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश मो. रफी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने दोषी राहुल गुप्ता निवासी वार्ड नंबर चट्टी बाजार को उक्त सजा सुनाई गई।

सजा कराए जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी नसीम अहमद थाना ढेबरुआ का योगदान रहा। संवाद

अदालत से

# प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े गए नेपाल के व्यक्ति को सजा

### कोर्ट ने 15 माह कारावास के साथ चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मोहम्मद रफी की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के तहत नेपाली युवक जियाउद्दीन को एक वर्ष तीन माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

उस पर चार हजार रुपये का अर्थ-दंड भी लगाया गया है। सजायाफ्ता नेपाली अभियुक्त लुंबिनी सांस्कृतिक नगर पालिका थाना लुंबिनी जनपद रुपनदेही, नेपाल का रहने वाला है।

थाना क्षेत्र के ककरहवा पुलिस चौकी के तत्कालीन चौकी इंचार्ज तरुण कुमार शुक्ल अपने हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। ककरहवा बाजार होते हुए जैसे ही वह आगे बढ़े तो ककरहवा बाग के पास नेपाल से एक युवक आता दिखाई दिया। उसे रोक कर पूछताछ की गई।

तलाशी लेने पर उसके पास से 56 अदद स्पास्मो प्रॉक्सिवान कैप्सूल काले रंग की पॉलीथिन में मिला। पूछने पर उसने अपना नाम जियाउद्दीन निवासी नेपाल बताया।

पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना के बाद उसके खिलाफ़ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने विचारण की समाप्ति पर साक्ष्यों के आधार पर दोषी ठहराते हुए उसे सजा सुनाई। अभियोजन की पैरवी विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट राम सूरत यादव एडवोकेट ने किया।

# वाहन उगल रहा धुआं तो कराएं सही

## वाहन से प्रदूषण होने पर जुर्माना लगाने के साथ होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। अगर आपके वाहन की सेहत खराब है यानी धुआं उगल रहा है तो सतर्क हो जाएं और उसे सही करवा लें, क्योंकि वायु प्रदूषण फैलाने के मामले में जुर्माना के साथ ही कार्रवाई की जाएगी। जांच मशीन परिवहन विभाग के पास आ गई है। विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

यातायात के नियम का उल्लंघन करने से मात्र हादसे ही नहीं होते हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण भी फैलता है जो सेहत के लिए बहुत ही घातक है। सड़क हादसे रोकने के लिए यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के साथ ही अब धुआं उगलने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई है। इसमें बाइक से लेकर ट्रक तक जांच की जा रही है।

चार पहिया से ऊपर वाले वाहनों को प्रदूषण प्रमाण पत्र अनिवार्य है। इनके प्रमाण पत्र जांच करने के साथ ही विभागीय जिम्मेदार बाइक के प्रदूषण की भी जांच करेंगे। अगर प्रदूषण पाया जाएगा तो जुर्माना लगाते हुए वाहन सही कराने के लिए निर्देश दिया जाएगा। विभाग में जांच करने वाली मशीन भी हैं, ऐसे में अगर आवाज बढ़ाने वाला मोटीफाइड साइलेंसर लगवाएं हैं। वाहन धुंआ उगल रहा है तो इस पर तत्काल कार्रवाई होगी। इसलिए वाहन को ठीक करवा लें।



वाहनों की जांच करते एआरटीओ सुरेश कुमार। स्रोत विज्ञप्ति

इस संबंध में एआरटीओ सुरेश कुमार ने बताया कि वायु और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। नियम विरुद्ध पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक आरोपी चोर को चुराई गई बाइक और एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

डुमरियागंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव बृहस्पतिवार को अपनी पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण को लेकर अभियान चलाए हुए थे। तभी जमौतिया गांव के निकट बाइक चोरी के मामले और आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहा वांछित आरोपी मोहम्मद सलीम उर्फ नौशाद निवासी ग्राम जमौतिया दिखाई दिया।

जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक काले व एक अवैध चाकू बरामद किया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**इटवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव स्थित श्यामराजी हाईस्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ बीईओ की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया गया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रशासन की ओर से फीस न जमा करने पर अधिकांश बच्चों को स्कूल गेट के बाहर कड़ाके की धूप में बैठा दिया गया था।

डीएम के निर्देश पर जांच में मामला सही पाए जाने व प्रबंधक के साथ प्रधानाचार्य दोषी पाए जाने पर केस दर्ज कर लिया गया है। श्यामराजी हाईस्कूल के जिम्मेदारों द्वारा एक सप्ताह पूर्व विद्यालय के अधिकांश बच्चों को कड़ी धूप में घंटों इस लिए बिठा दिया गया था, क्योंकि उनकी फीस जमा नहीं हो सकी थी।

वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया था। डीएम के निर्देश पर एसडीएम इटवा व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज इनरी ग्रांट ने

### फीस के लिए विद्यार्थियों को धूप में बैठाने का मामला


फीस जमा नहीं हुई तो बच्चों को धूप में बैठाया

2 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

मामले की जांच कर प्रबंधक व प्रधानाचार्य को दोषी पाया। स्कूल को पहले ही सील कर दिया गया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर एबीएसए खुनियांव ने इटवा थाना पर तहरीर देकर प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने बताया कि श्यामराजी हाईस्कूल में कक्षा नौ में 22, कक्षा 10 में 35, कक्षा 11 में पांच व कक्षा 12 में 10 छात्र कोचिंग के नाम पर अध्यन कर रहे हैं।

# संचालक ने दीवार तोड़ने का आरोप लगाया

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर में स्थित एक होटल की बाउंड्रीवाल तोड़ने जाने का मामला सामने आया है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्रत्र के खुरहुरिया गांव निवासी शुभम के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर में उनका होटल है।

आरोप है कि कुछ लोग सुबह और आए उनके होटल की बाउंड्रीवाल को तोड़ने लगे। देखते ही देखते तोड़कर गिरा दिया। इस संबंध में शहर कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि मामला राजस्व विभाग के संज्ञान में है। निर्माण की कोशिश के बाद दीवार तोड़ने जाने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## शांतिभंग में चालान

**गोल्हौरा।** थाना की पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को न्यायालय ने भेज दिया है। थाना क्षेत्र के सोनफेरवा गांव निवासी रामवृक्ष व हरीश के बीच रास्ता खोलने व बंद करने को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में एस आई वीरेंद्र राय व कांस्टेबल मनीष यादव ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग करने के आरोप में न्यायालय में भेज दिया है। संवाद

# तहसील से ले भागा ओवरलोडिंग में सीज ट्रक, 60 किमी दूर बढ़नी में पकड़ा गया

## आठ अक्तूबर को बांसी में ओवरलोडिंग में चालान के बाद एसडीएम ने कराया था सीज

संवाद न्यूज एजेंसी।

**ढेबरुआ।** ओवरलोडिंग में चालान और बांसी तहसील में खड़े ट्रक चालक की चाबी बनवाकर लेकर चालक भाग निकला। एसडीएम को यह जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया और थानों की पुलिस को अलर्ट किया गया।

सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उसकी तलाश शुरू की गई तो लेकिन तब तक 60 किलोमीटर दूर बढ़नी बार्डर पर पहुंच गया। वहां ढेबरुआ पुलिस और कस्टम के पास उसे पकड़ लिया गया। जानकारी होने पर एआरटीओ बढ़नी पहुंचे और ढेबरुआ थाने में लाकर लाकर खड़ा करवा दिया।

बता दें कि एसडीएम बांसी ने आठ अक्तूबर को एक ट्रक को पकड़ा था। ट्रक की तलाशी ली गई, तो उसमें स्पंज आयरन लोड



कस्टम कार्यालय पास पकड़ा गया ओवरलोड ट्रक। संवाद

था, जो नेपाल जाना था। एसडीएम ने जांच की तो ट्रक ओवरलोड थी। धर्मकांटा करवाया गया तो, पता चला कि इस में 42 क्विंटल स्पंज आयरन ओवरलोड था।

इस पर एसडीएम ने 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर चालान कर बांसी पुलिस

### ओवरलोडिंग में 1.12 लाख रुपये का लगा था जुर्माना

को सुपुर्द कर दिया। थाना परिसर में जगह न होने के कारण ट्रक को बाहर खड़ा करवा दिया गया, जिस स्थान पर ट्रक खड़ी करवाया गया था। बृहस्पतिवार को एसडीएम ने उस स्थान ट्रक न होने पर आरटीओ को फोन कर जुर्माना राशि और ट्रक छोड़ने जानकारी ली।

इस आरटीओ विभाग ने बताया कि ट्रक मालिक या ड्राइवर ने कोई जुर्माना अभी नहीं भरा है। यह जानकारी होने पर ट्रक गायब होने की सूचना थानों को जानकारी दी गई। सभी थाने अपने-अपने रोड साइड पर लगे सीसी कैमरे को खंगालने लगे।

चूंकि माल नेपाल जाना था। इसलिए बार्डर पर जाने की आशंका अधिक थी। इसलिए ढेबरुआ पुलिस सक्रिय हो गई और कस्टम के पास पहुंचगई। दोपहर बाद ट्रक को ढेबरुआ की पुलिस ने बढ़नी कस्टम कार्यालय के पास पकड़ लिया।

इसके बाद आरटीओ अधिकारी सुरेश मौर्या ने ट्रक को ढेबरुआ थाने में खड़ी करवाकर, कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि ट्रक चालक ही नकली चाबी बनवाकर मौका देखकर ट्रक ले भागा। सीधा नेपाल का रुख इसलिए किया कि कागजात नेपाल ले जाने के लिए बना था।

इस संबंध में आरटीओ सुरेश मौर्या ने बताया कि ट्रक को पुलिस ने बढ़नी बार्डर कस्टम कार्यालय के पास पकड़ा है। ढेबरुआ थाने ट्रक खड़ा करवा दिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फलाहार कार्यक्रम से भाजपाइयों ने मुस्लिम विधायक को खदेड़ा

## डुमरियागंज से सपा की विधायक हैं सैय्यदा खातून, हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

भनवापुर/डुमरियागंज। गालापुर स्थित मां वटवासिनी माता मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को सपा के फलाहार कार्यक्रम को लेकर विवाद हो गया। डुमरियागंज से सपा विधायक सैय्यदा खातून पहुंचीं तो उनका विरोध करते हुए स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। विधायक को

### भाजपा नेता ने हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा दी तहरीर

समर्थकों सहित मंदिर से खदेड़ कर बाहर कर दिया गया।

मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक भाजपा नेता ने थाने में तहरीर देकर विधायक व उनके समर्थकों पर कार्रवाई की मांग की है। नवरात्र के उपलक्ष्य में गालापुर स्थित मंदिर में सपा कार्यकर्ताओं की ओर से फलाहार कार्यक्रम आयोजित था। सुबह करीब 10 बजे विधायक सैय्यदा समर्थकों के साथ फल वितरित कर रही थीं। इस बीच भाजपा नेता लवकुश ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पहुंचे और धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ये लोग मांस आदि का सेवन करके फलाहार वितरण कर श्रद्धालुओं की पवित्रता खंडित कर रहे हैं। >> व्रत भंग करने की साजिश का आरोप : भीतर

राजनीतिक विद्वेष में सौहार्द्र को खंडित करने की साजिश के तहत कार्यक्रम में बाधा डाली गई। कई वर्षों से गालापुर में नवरात्र में फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। इस बार कुछ असामाजिक तत्वों ने आपसी भाईचारे को बिगाड़ने के लिए फलाहार कार्यक्रम का जिस तरह से विरोध किया, वह सरासर गलत है। - **सैय्यदा खातून,** सपा विधायक, डुमरियागंज

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

प्रधानी चुनाव में एक वोट से हारने वाले

# धर्मेन्द्र को तीन साल बाद पुनर्मतगणना में मिली जीत

मेंहदावल (एसएनबी)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनकसिया में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ग्राम प्रधान पद के लिए पुनर्मतगणना कराई गई।



पुनर्मतगणना में नोंक-झोंक करते समर्थक व सुरक्षा को लेकर मुस्तैद पुलिस बल।

न्यायालय के आदेश पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई मतगणना में पूर्व में पराजित घोषित किए गए उम्मीदवार ने एक वोट से जीत दर्ज की।

मेंहदावल तहसील के विकासखंड मेंहदावल के ग्राम पंचायत बनकसिया में अप्रैल 2021 में ग्राम प्रधान पद के लिए चुनाव हुआ था। जिसकी मतगणना चार मई को मेंहदावल के जगतगुरु इंटर कालेज में हुई थी। चुनाव परिणाम के बाद से ही मतगणना में धांधली के आरोप लगातार लगाए जा रहे थे। जिसमें कुल एक दर्जन प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें कुल 1365 मत में से देवेंद्र गुप्ता ने 604 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी धर्मेन्द्र यादव (603) को एक वोट से चुनाव हराकर जीत हासिल की थी। उसके बाद धर्मेन्द्र यादव ने उपजिलाधिकारी मेंहदावल के न्यायालय में चुनाव याचिका दाखिल कर दोबारा मतगणना कराने की मांग की थी। कई चरणों में सुनवाई पूरी होने के बाद उप जिलाधिकारी के कोर्ट ने पुनः मतगणना करने का आदेश पारित किया। गुरुवार को एसडीएम कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने तहसील सभागार में पुनर्मतगणना कराई। सामने आया कि हारे हुए प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव को एक वोट अधिक मिलने के आधार पर जीत दे दी गई। इसी के आधार पर गुरुवार को देवेन्द्र गुप्ता को एक वोट से पराजित उनके निकटतम प्रतिद्वंदी धर्मेन्द्र को विजयी घोषित किया गया। वहीं पुनर्मतगणना के दौरान हंगामे की स्थिति के मद्देनजर मौके पर भारी संख्या में थानाध्यक्ष बखिरा, मेंहदावल, सीओ के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस मामले में मेंहदावल एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि पुनर्मतगणना तहसील परिसर के न्यायालय कक्ष में सकुशल संपन्न हो गई है। हारे हुए प्रधान को एक वोट से जीत मिली है।

■ एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को तहसील परिसर में हुई ग्राम पंचायत बनकसिया की पुनर्मतगणना

**पुनर्मतगणना में इस तरह बदला परिणाम** : सुबह 11:00 शुरू हुई मतगणना में प्रथम राउंड की मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को 221 मत तो वहीं धर्मेंद्र यादव को 271 मत मिले। दूसरे राउंड की मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को 246 से घटकर 241 तो वहीं धर्मेंद्र यादव को 113 से घटकर 110 वोट हो गए। तीसरे राउंड की मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को 138 से 137 और धर्मेंद्र यादव को 219 मत मिले। इस प्रकार देवेंद्र गुप्ता को कुल 599 मत और धर्मेंद्र यादव को 600 मत मिले। इसमें वह एक वोट से देवेंद्र गुप्ता को चुनाव हराकर बनकसिया गांव के नए प्रधान चुने गए।

**प्रशासन ने मुझको जानबूझकर हराया : देवेन्द्र गुप्ता** : पुनर्मतगणना में हारे हुए प्रधान देवेन्द्र गुप्ता ने इसका कारण काउंटिंग में प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुझको जान बूझकर हराया गया है। हमारे वैलिड मत को साजिश के तहत इनवैलिड दिखाकर प्रशासन ने हराया है। जिसके वह खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शासन से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग करेंगे। जबकि इस मामले में तहसीलदार व जीते हुए प्रधान धर्मेन्द्र ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# नदी के समीप झाड़ी में मिला युवक का शव

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के छितही गांव निवासी गुटका कम्पनी के सेल्समैन 19 वर्षीय युवक का शव घटना के 24 घंटे बाद कठिनईया नदी के बगाहवा बाबा कुटी के समीप झाड़ियों में फंसा हुआ गुरूवार को बरामद हो गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार चलाए गए खोजी अभियान के बाद पुलिस को शव बरामद करने में सफलता मिल सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विदित हो कि थाना क्षेत्र के छितही गांव निवासी एक युवक के कठिनईयां नदी के अलीनगर गांव स्थित पुल से नदी में कूदने की सूचना मिली थी तो स्थानीय पुलिस समेत एसडीएम धनघटा रमेशचन्द तक मौके पर पहुंचे थे। पुल पर युवक की बाइक, मोबाइल फोन, चप्पल, आधार कार्ड समेत अन्य कई कागजात भी बरामद हुए थे लेकिन युवक के नदी में कूदने का कोई प्रत्यक्षदर्शी न होने से घटना को लेकर आशंका बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के छितहीं गांव निवासी शमसुंद्दीन उर्फ परवेज अहमद स्थानीय महुली कस्बे में किराना की दुकान चलाते है। उसका 19 वर्षीय बेटा अजमल एक गुटका कम्पनी में बतौर सेल्समैन की नौकरी करता था। बुधवार को बेटा अजमल गुटका कम्पनी के साथी और कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर से फोन पर बातचीत की थी और बातचीत के दौरान कठिनईया नदी के अलीनगर पुल से नदी में कूदकर जान देने की बात बताई और उसके बाद फोन काट दिया था। उसके साथी कर्मचारियों ने इस बात की जानकारी तत्काल अजमल के परिजनों को फोन कर दे दी थी। आनन फानन में परिजन कठिनईया नदी के अलीनगर पुल पर पहुंच गए तो मौके पर अजमल का कोई पता नहीं चल सका। पुल पर उसकी बाइक समेत मोबाइल, चप्पल, आधारकार्ड आदि मिल गए तो इस बात का कयास लगाया जाने लगा कि अजमल नदी में कूद चुका है। मौके पर भारी भीड़ भी एकत्र हो गयी।

स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में पुलिस द्वारा चलाए गए खोजी अभियान के बीच शव बरामद करने में मिली सफलता

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाया और उसकी मदद से तत्काल नदी में खोजी अभियान शुरू करा दिया लेकिन देर शाम तक उसके बारे में कोई सुराग न मिलने पर अंधेरा हो जाने के चलते खोजी अभियान बन्द करा दिया गया था। गुरूवार की सुबह थाने के मुखलिसपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी अमरजीत यादव प्रथम और अमरजीत यादव द्वितीय ने मिलकर स्थानीय गोताखोरों के साथ नाव के सहारे नदी में खोजी अभियान शुरू किया तो अलीनगर पुल से करीब ढाई किमी दूर बगहवा बाबा कुटी के समीप झांडी में फंसा हुआ अजमल का शव बरामद हो गया। शव बरामद होने की सूचना पर नायब तहसीलदार हरिराम यादव भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक महुली हरेश तिवारी की देखरेख में शव का पंचनामा कर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक अजमल द्वारा नदी में कूदकर आत्महत्या करने को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।

# अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को साजिश करके सात मांह पूर्व उसका अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को कारित करने के आरोप में नामजद वांछित आरोपी को धनघटा पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार से गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को साजिश कर बीते 20 मार्च 2024 को थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी अनिल पुत्र विक्रम नामक युवक ने बहला फुसलाकर बुलाया और फिर उसका अपहरण कर उसे कहीं दूर लेकर चला गया था। काफी खोजबीन के बाद जब किशोरी के परिजनों को उसके बारे में जानकारी नहीं मिली तो किशोरी की मां ने धनघटा थाने पहुंचकर आरोपी अनिल समेत उसके परिजनों के विरूद्ध पुलिस को तहरीर देकर आईपीसी की धारा 363,366 व 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था। बीते दिनों पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया और जब पुलिस ने किशोरी का बयान सक्षम न्यायालय के सामने दर्ज कराया तो किशोरी ने आरोपी के उपर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगा दिया तो पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दर्ज कराए गए अपहरण के मुकदमें में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा भी तरमीम कर दी और आरोपी अनिल की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी उमरिया चौराहे पर मौजूद है और कहीं दूर भागने की फिराक में है तो पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गयी और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# तीन नामजद समेत आधा दर्जन अज्ञात के विरूद्ध केस

धनघटा (एसएनबी) धनघटा थानान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मलौली गेट के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदने के बाद उसकी कीमत के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में गुरूवार को दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी घटना में शामिल तीन नामजद समेत आधा दर्जन अज्ञात के विरूद्ध मारपीट और एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर एक पक्ष की तरफ से पुलिस ने एक दिन पूर्व बुधवार को ही पांच लोगों के विरूद्ध मारपीट और एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के सम्बन्ध में दूसरे पक्ष से पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार निवासी दलित अखिलेश कुमार पुत्र रामअशीष ने बताया कि बीते सात अक्टूबर को वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मलौली के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर पर मौजूद था। उसी बीच दवा खरीदने को लेकर मेडिकल स्टोर संचालक से कहासुनी शुरू हो गयी और देखते ही देखते थाना क्षेत्र के रामपुर छितौनी गांव निवासी रामनरायन सिंह पुत्र तेजबहादुर सिंह, अभिषेक सिंह पुत्र प्रेमनरायन सिंह व प्रेमनरायन सिंह पुत्र अज्ञात समेत आधा दर्जन लोग भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। इस बीच उक्त सभी से उसे जातिसूचक गाली देते हुए उसके उपर भी हमला कर दिया और जान से मार देने की धमकी देते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामनरायन सिंह, अभिषेक सिंह व प्रेमनरायन सिंह समेत घटना में शामिल आधा दर्जन अन्य अज्ञात लोगों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2),115(2), 352, 351(3), 3(1) (द), (ध) एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दुर्गा पांडाल में जय श्री राम पताका तोड़कर फेंकने पर दो समुदाय में बवाल

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के केरमुआ गांव में बीती रात्रि दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में जुलूस निकाला गया। इसके बाद करीब 07 बजे स्थापित दुर्गा प्रतिमा पांडाल में आरती होने वाली थी कि गांव के कुछ मुस्लिम समाज के लोगों पर नारेबाजी करते हुए पांडाल सहित जगह-जगह लगाये गए जय श्रीराम का पताका (झंडा) तोड़कर फेंक देने का आरोप है। जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान ईंट-पत्थर भी चले। सूचना पर पहुंचे मय फोर्स इंस्पेक्टर एवं चौकी प्रभारी ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। घटना के संबंध में एक युवक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने 11 नामजद समेत 20-25 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। समाचार लिखे जाने तक दूसरे पक्ष के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में भी लिया है।

**ईंट-पत्थर फेंकने का भी आरोप, 11 नामजद समेत 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज**

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दिए गए तहरीर में केरमुआ निवासी विनय कुमार ने कहा है कि उनके गांव में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में अलग-अलग जगहों पर जय श्रीराम का पताका (झंडा) लगा हुआ था। बुधवार को करीब तीन बजे शाम से सप्तमी का जुलूस निकाला गया था। इस दौरान दूसरे समुदाय का झालर लगा हुआ था जिसे निकाल दिया गया और करीब पांच बजे समाप्त हो गया। शाम करीब सात बजे माता के पंडाल में आरती होने वाली थी। जहां गांव के ही रहने वाले रज्जाक पुत्र इदरीस, दानिश पुत्र रज्जाक, रियाज पुत्र रहमान, रहमान पुत्र अज्ञात, एजाज पुत्र रहमान, आसिया पुत्री अज्ञात, सविया पुत्री रज्जाक, रजिया पुत्री अज्ञात, हिना खातून पुत्री अज्ञात, सविरा पुत्री अज्ञात, सुविया निशा पुत्री अफरोज सहित 20 से 25 अज्ञात लोगों के साथ नारेबाजी करते हुए आकर पताका तोड़कर फेंक दिये। जब गांव के कुछ लोगों ने ऐसा करने से मना किया तो उक्त लोग आग बबूला हो गये तथा अपशब्द देते हुए तोड़फोड़ करने लगे। इसके साथ ही ईंट-पत्थर भी फेंकने लगे। जिससे उनको और उनकी माता को काफी चोटें आई हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर कोतवाली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में 11 नमजद समेत 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें सलिप्त लोगों को हिरासत में ले लिया है।

# मिशन शक्ति : छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

धनघटा (एसएनबी)। मिशन-शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान की सफलता के लिए गठित टीम लगातार छात्राओं, महिलाओं से संवाद कर रही है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को रामेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक इण्टर कालेज ठकुराडाड़ी-धनघटा पर महिला पुलिस चौकी धनघटा की प्रभारी उपनिरीक्षक आरती पाण्डेय हमराही पुलिसकर्मियों एवं टीम में शामिल अन्य विभागों के जिम्मेदार कर्मियों के साथ पहुंची और कालेज की छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान चौकी प्रभारी ने छात्राओं को महिला अपराध को रोकने तथा उसकी चपेट में आने से अपना बचाव करने के तरह तरह के उपायों के बारे में बेहद बारीकी से बताया। चौकी प्रभारी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करने के बाद आगे के भविष्य में किए जाने वाले जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा संचालित मिशन-शक्ति अभियान के तहत छात्राओ की सुरक्षा के लिए एन्टी रोमियो स्कवाड टीम द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के बारे में भी जानकारी दी। चौकी प्रभारी ने महिला व छात्राओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बरों को भी बताते हुए उन्हें हेल्प लाइन नम्बर हमेशा याद रखने की भी सलाह दी। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक नृपेन्द्र मौर्य, प्रधानाचार्य गौरव मौर्य के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, महिला आरक्षी रागिनी और स्वास्थ्य विभाग और समूह की महिला कर्मचारी भी मौजूद रही।



छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस चौकी की प्रभारी उपनिरीक्षक आरती पाण्डेय।

# 60 लाख का पटाखा बरामद, एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर(एसएनबी)। एसओजी टीम व कोतवाली पुलिस ने बीती रात्रि मेंहदावल बाईपास से नेंदुला की तरफ जाने वाले रोड पर स्थित स्टेट ट्रांसपोर्ट के गोदाम से 216 गत्ता विभिन्न ब्रांड के पटाखे (वजन करीब 58 कुंतल 07 किग्रा) अनुमानित कीमत करीब ₹ 60 लाख तथा 11 अदद बिल बाउचर बरामद किया है। विभिन्न ब्रांड के बरामद किए गए पटाखे की मार्केट वैल्यू करीब ₹01 करोड़ बताई जा रही है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी को गुरुवार को न्यायालय/जेल रवाना किया गया। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पकड़े गए पटाखे का अनावरण किया और टीम के उत्साहवर्धन के लिए ₹25 हजार का इनाम घोषित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान भी मौजूद रहे। इस संबंध में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवार द्वारा अवैध पटाखों को निष्क्रिय व निष्प्रयोज्य किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है जिसके लिए एक मजिस्ट्रेट के साथ सीओ को आदेशित किया गया है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त कृष्ण कुमार पुत्र लालचन्द ने कहा है कि वह स्टेट ट्रांसपोर्ट कम्पनी का मालिक है। उनके द्वारा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से जनपद लखनऊ से ये पटाखे मंगाये गये थे। उक्त पटाखों को यह अपने दो गोदाम क्रमशः एक छोटी सरौली स्थित मकान के दो कमरों तथा शेष हाईवे के किनारे ट्रांसपोर्ट आफिस के नीचे बेसमेंट में बने गोदाम में रखे थे। आरोपी ने बताया कि छोटी सरौली में स्थित गोदाम मे रखा कुल 92 गत्ता पटाखा क्रमशः शिवकुमार पुत्र जवाहर लाल निवासी गोला बाजार थाना खलीलाबाद, मानस अग्रहरि पुत्र श्याम बिहारी अग्रहरी निवासी गोला बाजार थाना खलीलाबाद का है। हाईवे के किनारे बेसमेंट मे बने गोदाम में रखे कुल 124 गत्ता पटाखे क्रमशः राजू अग्रहरी पुत्र जवाहर लाल निवासी गोला बाजार थाना खलीलाबाद, अरुण कुमार अग्रहरि पुत्र माता प्रसाद निवासी घघसरा रोड पटखौली थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर, राज गुप्ता पुत्र मनोज कुमार निवासी गोला बाजार थाना खलीलाबाद, राजन गुप्ता पुत्र सुबाषचन्द्र निवासी मुखलिपुर रोड थाना खलीलाबाद, श्याम कुमार पुत्र द्वारिका निवासी गोला बाजार हनुमानगढ़ी के पीछे थाना खलीलाबाद, प्रमोद जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी गोला बाजार थाना खलीलाबाद एवं पवन कुमार पुत्र प्रेमचन्द निवासी कस्बा महुली थाना महुली जनपद संतकबीरनगर का है। इनके द्वारा भंडारण हेतु अपनी गोदाम उपलब्ध करायी गयी है जिसका वह किराय्या लेते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों गोदाम/बेसमेंट आबादी क्षेत्र में है। इनके पास भंडारण का कोई लाइसेंस नहीं है। इस सफलता पर एसओजी प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय, हे.कां. बृजकिशोर गुप्ता, कां. दीपक कुमार, कां. अरुण कुमार, कां. शुभम कुमार, कां. सर्वेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सतीश कुमार सिंह, व.उ.नि. राजेश कुमार दूबे, उ.नि. मनीष जायसवाल, उ.नि. दुर्गविजय सिंह, हे.कां. विजय सिंह, हे.कां. धर्मेन्द्र कुमार, कां. कृष्णानन्द शाह को बधाई दी।

■ अवैध भंडारण पटाखे का एसपी ने किया अनावरण

■ बरामद किए गए 216 गत्ता विभिन्न ब्रांड के पटाखे का बाजार मूल्य करीब एक करोड़ बताया जा रहा : एसपी



पुलिस लाइन में अवैध पटाखा का अनावरण करते एसपी।

# कोर्ट के आदेश पर पिता पुत्र समेत 11 पर केस

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को पिपरा गांव निवासी बाप-बेटे समेत 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। पीड़ित सविता पुत्री शत्रुघ्न का आरोप है कि छह मई को विपक्षी लाठी, डंडा लेकर उसके घर पर चढ़ आए। उसके घरेलू सामान को तोड़ने-फोड़ने लगे।

मना करने पर उसे और उसकी मां, भाभी को मारा-पीटा। आरोप है कि उसकी भाभी ज्योति के गले का मंगलसूत्र छीन लिए। लोगों के जरिए बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

एसओ श्याम मोहन ने बताया कि सूर्यपाल, नंद बिहारी, गोविंद, शिवम, मंदीप, अमित, उमेश, दिनेश, राजीव, आकाश, धर्मवीर निवासी पिपरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म के मामले के वांछित आरोपी को उमिरया बाजार चौराहे से गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी युवक बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। इस मामले में पीड़ित मां ने आरोपी युवक के खिलाफ बेट को बहला फुसला कर भगाने और पॉक्सों एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान और विवेचना से साक्ष्य संकलन कर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढाई गई थी। सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# दुर्गा पंडाल का गेट हटवाने से भड़के शहर के व्यापारी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के गोला बाजार में स्थापित दुर्गा प्रतिमा पंडाल के गेट को गुरुवार की देर शाम प्रशासन ने हटवा दिया। जिससे नाराज आयोजक समिति और व्यापारियों ने बिजली बंद कर दिया और इकट्ठा हो गए। सूचना पर विधायक अंकुर राज तिवारी पहुंच गए और पंडाल की बिजली जलवाया।

भाजपा नेता सतविंदर पाल उर्फ जज्जी, मूर्ति आयोजक शेरू, पिंटू, मनीष आदि ने कहा कि डीएम, एसपी देर शाम शहर में पैदल गश्त कर रहे थे, उसी दौरान दुर्गा प्रतिमा के पंडाल गेट को उतरवाने का निर्देश दिए, बाद में एसडीएम, सीओ, कोतवाल ने गेट उतरवा दिया। जिससे आयोजक और व्यापारी नाराज होकर पंडाल की बिजली बुझवा कर सड़क पर बैठ गए। सूचना पर विधायक पहुंचे और डीएम से वार्ता करके गेट लगवाने का आश्वासन दिया। मौके पर कोतवाल सतीश सिंह पहुंच गए थे। एसडीएम, सीओ के आने की लोग प्रतीक्षा कर रहे थे।

# दवा दुकानदार समेत पांच पर एससीएसटी का केस

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर पर रेट अधिक लगे होने से आपत्ति करने पर मेडिकल स्टोर संचालक ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दो लोगों की पिटाई कर दी। ऐसा आरोप लगाते हुए पीड़ित ने धनघटा थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया।

डेफरा निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रामचेत का आरोप है कि सात अक्तूबर को मनोज मेडिकल स्टोर पर दवा का रेट ज्यादा लगा हुआ था। वह और रामनरायन सिंह ने आपत्ति किया तो मेडिकल स्टोर के मालिक मनोज द्वारा तू-तू मै-मै करने लगे। आरोप है कि जोर-जोर से ललकारने पर विपक्षीण ने जाति सूचक शब्दो से अपमानित करते हुए उसे और राम नरायन सिंह को दौड़ा-दौड़ा कर मारने-पीटने लगे। उक्त लोगों ने जानमाल की धमकी दी। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालक मनोज, किशन, अवधेश यादव, मन्नू यादव निवासी बकैनिया पकड़ी के खिलाफ मारपीट, एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

216 गत्तों में रखे विभिन्न ब्रांड के 58.07 कुंतल अवैध पटाखा बरामद, हो रही जांच

# ट्रांसपोर्ट कंपनी का मालिक हुआ गिरफ्तार, दस अन्य पर मुकदमा

**कार्रवाई**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। एसओजी और कोतवाली पुलिस की टीम ने स्टेट ट्रांसपोर्ट कंपनी के दो गोदामों से विभिन्न ब्रांड के 216 गत्ते में रखा 58.07 कुंतल अवैध पटाखा और 11 बिल बाउचर बरामद किया है। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक समेत दस व्यापारियों पर विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि एसओजी प्रभारी सर्वेश राय और कोतवाल सतीश सिंह ने बुधवार की देर शाम सूचना के आधार पर नेशनल हाइवे के दक्षिण पटरी पर सरौली में स्थित स्टेट ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम में छापा मारा। पुलिस टीम ने स्टेट ट्रांसपोर्ट कंपनी के दो गोदामों में बिना लाइसेंस के अनधिकृत ढंग से रखे गए पटाखों का जखीरा बरामद किया। बरामद पटाखों को वाहनों से पुलिस लाइन भेजवाया। गणना करने पर विभिन्न ब्रांड के 216 गत्ते में रखा 58.07 कुंतल अवैध पटाखा मिला। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई। पुलिस टीम ने मौके से उक्त ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक कोतवाली खलीलाबाद के सरौली निवासी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में कृष्ण कुमार ने बताया कि वह स्टेट ट्रांसपोर्ट कंपनी का मालिक है। उसके ट्रांसपोर्ट के माध्यम से जनपद लखनऊ से यह पटाखे मंगाए गए थे। उक्त पटाखों को वह अपने दो गोदाम क्रमश रखवाए थे। पूछताछ में बताया कि छोटी सरौली में स्थित गोदाम में रखा कुल 92 गत्ता पटाखा गोला बाजार खलीलाबाद के व्यापारी शिवकुमार और मानस अग्रहरि का है। जबकि हाईवे के किनारे बेसमेंट में बने गोदाम में रखा कुल 124 गत्ता पटाखा गोला बाजार निवासी राजू अग्रहरि, अरुण कुमार अग्रहरि निवासी घघसरा रोड पटखौली थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर, राज गुप्ता निवासी गोला बाजार खलीलाबाद, राजन गुप्ता निवासी मुखलिपुर रोड खलीलाबाद, श्याम कुमार निवासी गोला बाजार हनुमानगढ़ी के पीछे खलीलाबाद, प्रमोद जायसवाल निवासी गोला बाजार खलीलाबाद, पवन कुमार निवासी कस्बा महुली थाना महुली का है। इन व्यापारियों के पटाखों को भंडारण के लिए अपना गोदाम उपलब्ध कराए थे। जिसके एवज में किराया लेते है। गिरफ्तार आरोपी कृष्ण कुमार ने सभी के माल से संबंधित बिल बाउचर उपलब्ध कराया है।


ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर जानकारी देते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

## इन लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

एसपी सत्यतीज गुप्ता ने बताया कि एसओजी टीम प्रभारी सर्वेश राय की तहरीर पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक कृष्ण कुमार, व्यापारी शिव कुमार, मानस अग्रहरि, राजू अग्रहरि, अरुण कुमार अग्रहरि, राज गुप्ता, राजन गुप्ता, श्याम कुमार, प्रमोद जायसवाल और पवन कुमार के खिलाफ 288 बीएनएस व 9,ख, विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत केस दर्ज किया गया।

## टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने का ऐलान

एसपी ने टीम में शामिल एसओजी प्रभारी सर्वेश राय, कोतवाल सतीश सिंह, एसएसआई राजेश दूबे, मगहर चौकी प्रभारी मनीष जायसवाल, कलक्ट्रेट चौकी इंचार्ज दुर्गविजय सिंह, हेड कांस्टेबल बृजकिशोर गुप्ता, विजय सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार, अरुण कुमार, शुभम कुमार, सर्वेश मिश्रा और कृष्णानंद शाह की पीठ थपथपाई। इसके साथ ही टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

- बरामद पटाखे की कीमत करीब 60 लाख रुपये है
- एसपी ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई

# कार्यशाला में छात्रों को बताए सुरक्षा के गुर

मगहर। मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को मगहर स्थित सेवाश्रम आईडियल पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची महिला एसओ सरोज शर्मा ने महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के बारे जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। जागरूकता बढ़ाकर, सुरक्षित वातावरण स्थापित करके और कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके, मिशन महिलाओं के जीवन को बदलने और एक ऐसा समाज बनाने का प्रयास करता है। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न टोल फ्री नंबरों की जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया। प्रबन्धक आतिफ ओबैद, प्रधानाचार्य आदि रहे।

# दलित उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार निवासी एक मेडिकल स्टोर संचालक ने तीन ज्ञात तथा 5-6 अज्ञात के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। थाने में दी गई तहरीर में अखिलेश कुमार पुत्र राम आशीष ने लिखा है उनके मेडिकल स्टोर पर रामपुर छितौनी निवासी रामनारायण सिंह, अभिषेक सिंह, प्रेम नारायण सिंह और 5-6 अज्ञात लोग आए। 720 रुपए की दवा लेकर₹500 देने लगे। जब हमने इसका विरोध किया तो उक्त लोग गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी।

# व्यापारियों को पटाखा लौटाने की मांग

संतकबीरनगर, निसं। खलीलाबाद में स्टेट ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदामों में छापा मार कर बरामद किए पटांख के मामले में गुरुवार को पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने एसपी से पुलिस ऑफिस में मुलाकात की। व्यापारियों ने पुलिस कस्टडी में रखे गए पटाखा को संबंधित व्यापारियों को दिलाने की मांग की।



पुलिस कस्टडी में रखे पटाखे लौटाने की एसपी से मांग कर बाहर आते व्यापारी।

पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पांडेय और शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि नौ अक्तूबर की शाम को ट्रांसपोर्ट पर छापा मार कर दर्जनों व्यवसायियों का गत्ते में रखा पुलिस उठा ले गई। पटाखे की बिक्री दुकानदार प्रशासन के जरिए लाइसेंस मिलने के बाद करते हैं। प्रशासन के जरिए जब दीपावली से मात्र तीन दिन पहले दिया जाता है तो समयाभाव के कारण बाहर से पटाखा मंगा कर व्यापारी रखते हैं। जब लाइसेंस मिलता है तो व्यापारी पटाखे की बिंक्री के लिए निर्धारित स्थान जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद के प्रांगण में अस्थाई दुकान लगाकर बिक्री करते हैं।

# एक वोट के फासले से चढ़ा सिर पर ताज

मेंहदावल, हिसं। मेंहदावल ब्लाक के बनकसिया ग्राम पंचायत की गुरुवार को मेंहदावल एसडीएम कोर्ट में पुनर्मतगणना हुई। जिसमें एक वोट से हारे प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने वर्तमान ग्राम प्रधान देवेन्द्र गुप्ता को एक वोट से हरा दिया। पुनर्मतगणना में धर्मेन्द्र यादव को 600 तथा देवेन्द्र गुप्ता को 599 मत मिला। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुनर्मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।



मेंहदावल तहसील में पुनर्मतगणना के दौरान सन्नाटे के बीच जमा फोर्स।

मेंहदावल ब्लाक के बनकसिया ग्राम पंचायत के वर्ष 2021 के चुनाव में ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी देवेंद्र गुप्ता व धर्मेंद्र यादव के बीच में कांटे का मुकाबला हुआ था। जिसमें देवेंद्र गुप्ता प्रतिद्वंद्वी धर्मेंद्र यादव को एक वोट से चुनाव हराकर ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए थे। मतगणना से संतुष्ट न होने पर धर्मेन्द्र गुप्ता ने एसडीएम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए वाद दाखिल कर दिया। लंबे समय से चल रहे वाद में कुछ दिन पहले एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने फैसला सुनाया। जिसमें उन्होंने 10 अक्टूबर 2024 पुनर्मतगणना का आदेश जारी कर दिया। इसी क्रम में गुरुवार को तहसील परिसर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एसडीएम कोर्ट में पुनर्मतगणना हुई। जिसमें एक वोट से हारे प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने एक वोट से विजयी होकर ग्राम प्रधान बने। देवेन्द्र गुप्ता को हराकर उलटफेर कर दिया। पुनर्मतगणना में धर्मेंद्र यादव को 600 तथा देवेंद्र गुप्ता 599 मत मिले। धर्मेन्द्र यादव बनकसिया के ग्राम प्रधान बन गए। इस दौरान तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह व बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा। पुनर्मतगणना के दौरान दोनों पक्ष के समर्थकों को तहसील परिसर खदेड़ना पड़ा। जीत के बाद गदगद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मुझे जनता ने चुनाव जिताया था।

# सप्तमी जुलूस विवाद में 11 नामजद समेत 36 पर केस

- जुलूस के दौरान झालर टूटने पर हुआ था विवाद
- दूसरे पक्ष ने भी लगाए हैं मारपीट के आरोप

संतकबीरनगर, निसं। कोतवाली क्षेत्र के केरमुआ में बुधवार की देर शाम जुलूस के दौरान हुए विवाद के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के 11 नामजद और 20-25 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने गुरुवार को दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी थी। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस सतर्क दृष्टि रख रही है।

केरमुआ निवासी विनय कुमार पुत्र राकेश जायसवाल का आरोप है कि उसके गांव में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में विभिन्न जगह जय श्रीराम का पताका लगा है। बुधवार को गांव में लोग सप्तमी का तीन बजे शाम को जुलूस निकाले थे। एक समुदाय का झालर लगा हुआ था। उसे निकाल दिया गया और पांच बजे समाप्त हो गया। पांच बजे शाम को माता के दरबार में आरती होने वाली थी। कुछ लोगों ने पताका तोड़ कर फेंक दिया। आरोप है कि गांव के रज्जाक, दानिश, रियाज, रहमान, एजाज, असिया, रूबीना, रजिया, हिना खातून, सविरा, साविया निशा और 20-25 अज्ञात लोग गोलबंद होकर तैयारी के साथ नारेबाजी करने लगे। गांव के कुछ लोगों ने मना किया तो उक्त लोग आग बबूला हो गए। आरोप है कि उक्त लोग उसे और उसकी मां रीना को मारे पीटे। जिससे मां-बेटे को काफी चोटे आई। आरोप है कि लोग अपशब्द कहते हुए ईंट-पत्थर फेंक कर तोड़फोड़ करने लगे।

# कस्तूरबा की प्राचार्य व वार्डेन को समिति ने तलब किया

संतकबीरनगर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेमरियावां की प्रधानाचार्य व वार्डेन को जिले की बाल कल्याण समिति ने आगामी 14 अक्टूबर को तलब किया है। प्रधानाचार्य व वार्डेन पर अवयस्क छात्राओं को समय से भोजन न देने, पढ़ाई नहीं होने देने, मारपीट, प्रताड़ना तथा गाली देने समेत अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

आदेश का उल्लंघन होने पर बाल कल्याण समिति ने आपराधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने जारी आदेश में कहा है कि सोशल मीडिया पर चल रहे खबर का संज्ञान लिया गया है। खबर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेमरियावां की अवयस्क बालिकओं ने प्रधानाचार्य व वार्डेन पर गम्भीर आरोप लगाया है। बालिकाओं का कथन है कि उन्हें समय से भोजन नहीं दिया जाता है।

# बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने 15 दिन पूर्व चोरी हुई बाइक के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि मैलानी निवासी इंताफ अली पुत्र मुस्ताक अली की बाइक 20 सितंबर को चोरी हो गई थी। तहरीर पर बुधवार को अज्ञात पर केस दर्ज करजांच शुरू कर दी गई है।

# शिकायत पर जांच टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

पौली। पौली के ग्राम पंचायत गोवा पार व ग्राम पंचायत परड़िया में एकशिकायत पर गुरुवार को जिले के नामित अधिकारी द्वारा चिन्हित कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अमोली गांव व परड़िया गाँव निवासी दलसिंगार निषाद, चन्द्रमौली सिंह ने जिलाधिकारी महोदय से गांव में कराए गए विकास में अनियमितता का आरोप लगाते हुए एक शिकायती पत्र देकर जाँच कराने की माँग की।

# अधिकारों की रक्षा के लिए कानून की जानकारी होना जरूरी : एडीजे



संतकबीर आचार्य रामविलास इंटर कालेज में जानकारी देते एडीजे महेंद्र सिंह • जागरण

जासं, मगहर : अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कानून की जानकारी से ही अधिकारों की रक्षा की जा सकती है। विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। बच्चों को देश-दुनिया के खबरों से अपडेट रहने की आवश्यकता है।

अपर जिला जज (एडीजे) गुरुवार को संत कबीर आचार्य रामविलास इंटर कालेज मगहर में विधिक जागरूकता शिविर में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के कर्णधार हैं। इसके साथ ही उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से रोकथाम अधिनियम के बारे जानकारी जरूरी है। उन्होंने कानून के विभिन्न सिद्धांतों को बताया। बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अजय कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. केशव सिंह, प्रवक्ता दिनेश कुमार, राम कुंवर मौर्या, अजय कुमार गौतम सहित विद्यालय के कई विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पुनर्मतगणना में धर्मेंद्र एक मत से जीतकर बने प्रधान

संवाद न्यूज एजेंसी



निर्वाचित प्रधान धर्मेंद्र। संवाद

मेंहदावल। न्यायालय के आदेश पर एसडीएम कोर्ट में हुई पुनर्मतगणना में ग्राम प्रधान देवेंद्र गुप्ता को उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रहे धर्मेंद्र यादव ने एक वोट से हरा दिया है। नजदीकी मुकाबले में दोनों प्रत्येक राउंड में काफी नजदीक रहे।

अंतिम राउंड की गिनती में धर्मेंद्र यादव ने एक मत से विजय हासिल की है। वर्तमान ग्राम प्रधान देवेंद्र गुप्ता को 599 वोट प्राप्त हुए। धर्मेंद्र यादव को 600 मत प्राप्त हुए। पुनर्मतगणना में पुलिस का सख्त पहरा रहा। बीते वर्ष 2020-21 के पंचायत चुनाव में मेंहदावल के बनकसिया ग्राम पंचायत चुनाव में देवेंद्र गुप्ता व धर्मेंद्र यादव के बीच मुकाबला हुआ था। देवेंद्र-गुप्ता ने धर्मेंद्र यादव को एक मत से चुनाव हराया था। नजदीकी मुकाबले में देवेंद्र गुप्ता को मिली जीत से धर्मेंद्र यादव संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने एसडीएम कोर्ट में पुनर्मतगणना को लेकर वाद दायर किया था। एक सप्ताह पूर्व एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने पुनर्मतगणना का आदेश जारी किया। बृहस्पतिवार को हुई मतगणना में धर्मेंद्र यादव को 600 मत प्राप्त हुए।



मेंहदावल तहसील में पुनर्मतगणना के दौरान सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी। स्रोत ग्रामीण

पुनर्मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को हराकर धर्मेंद्र यादव ने एक मत से जीत हासिल की है। विकास विभाग को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

–उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसडीएम, मेंहदावल

# अवैध पटाखा के मामले में मालिक को जेल

जासं, संतकबीर नगर : एसओजी और कोतवाली पुलिस ने बुधवार को देर शाम नेदुला में स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम समेत दो जगहों पर छापेमारी में 216 गत्ते में अलग-अलग कंपनी के 58 क्विंटल 07 किलोग्राम अवैध पटाखा बरामद हुआ है। 11 बिल बाउचर बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पटाखे मंगाने वाले नौ अन्य लोगों का नाम भी सामने आया है।

- गोदाम में जनपद के अलावा गोरखपुर जिले के कारोबारी का रखा था पटाखा
- एसओजी व कोतवाली पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक के दो गोदाम पर डाला था छापा



पुलिस लाइन सभागार में जानकारी देते एसपी सत्यजीत गुप्ता (दाएं) साथ में हैं सीओ अजीत चौहान • फोटो पुलिस मीडिया सेल

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को बताया कि बुधवार को देर शाम एसओजी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने खलीलाबाद बाईपास से नेदुला जाने वाले रोड पर स्थित ट्रांसपोर्ट के गोदाम व वहां से कुछ दूरी दूसरे गोदाम पर छापा डाला। यहां से कुल 58 क्विंटल 07 किलो अवैध पटाखा बरामद किया। कोतवाली खलीलाबाद के छोटी सरौली निवासी ट्रांसपोर्ट के मालिक कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया।

पुलिस की पूछताछ में इन्होंने बताया कि उनके ट्रांसपोर्ट के माध्यम से लखनऊ से पटाखे मंगाए गए थे। छोटी सरौली स्थित गोदाम में रखे 92 गत्ता पटाखा खलीलाबाद शहर के गोला बाजार निवासी शिवकुमार व मानस अग्रहरि का था। जबकि गोरखपुर-लखनऊ हाईवे के किनारे स्थित गोदाम में रखा 124 गत्ता पटाखा इसी शहर के गोला बाजार निवासी राजू अग्रहरि, राज गुप्ता, श्याम कुमार व प्रमोद जायसवाल तथा इसी शहर के मुखलिसपुर रोड निवासी राजन गुप्ता, महुली कस्बा निवासी पवन कुमार, गोरखपुर जनपद के सहजनवां थाना के घघसरा रोड के पटखौली निवासी अरुण कुमार अग्रहरि का है। उन्होंने इससे संबंधित बिल-बाउचर उपलब्ध कराया है। उनके पास पटाखा भंडारण का लाइसेंस नहीं है।

**टीम को मिलेगा 25 हजार रुपये नकद इनाम** : एसपी ने छापेमारी करके अवैध पटाखा जब्त करने व आरोपित ट्रांसपोर्ट मालिक को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है।

इस टीम में एसओजी प्रभारी सर्वेश राय, मुख्य आरक्षी बृजकिशोर गुप्ता, आरक्षी शुभम कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार व सर्वेश मिश्रा तथा कोतवाली प्रभारी संतीश कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार दूबे, उप निरीक्षक मनीष जायसवाल व दुर्गविजय सिंह, मुख्य आरक्षी विजय सिंह व धर्मेंद्र कुमार, आरक्षी कृष्णानंद शाह शामिल हैं।

# वायरल वीडियो पर कस्तूरबा की प्रधानाचार्य को किया तलब

- छात्राओं द्वारा मारने-पीटने, अपशब्द कहने, समय से भोजन न देने की बात कही
- बाल कल्याण समिति ने इसे गंभीरता से लिया, समिति के समक्ष प्रस्तुत होने का दिया आदेश

जासं, संतकबीर नगर : बाल कल्याण समिति ने एक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य को तलब किया है। इंटरनेट मीडिया में वायरल वीडियो में यहां की छात्राओं ने, मारने-पीटने, अपशब्द कहने, समय से भोजन न देने आदि बातें कही है। इसका संज्ञान में लेते हुए समिति ने यह कार्रवाई की है।

इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो का बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लिया है। इसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय-सेमरियावां की नाबालिग छात्राओं द्वारा मारने-पीटने, प्रताड़ित करने, अपशब्द कहने, समय से भोजन न देने की बात कही है। इस प्रकरण को समिति ने गंभीरता से लिया है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकरण के बारे में उन्होंने डीएम, एसपी, डीपीओ, थानाध्यक्ष-दुधारा को भी अवगत कराया गया है। किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत यह दंडनीय अपराध है। इस अमानवीय कृत्य के संबंध में प्रधानाचार्य को पक्ष प्रस्तुत करने के लिए आगामी 14 अक्टूबर को समिति के समक्ष पेश होने के आदेशित किया है। आदेश की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कठिनइयां नदी से कारोबारी के बेटे का शव बरामद



कठिनइयां नदी के पास उपस्थित भीड़ के बीच महुली थानाध्यक्ष हरेश तिवारी● जागरण

जासं, महुली: महुली थाना के अलीनगर गांव स्थित कठिनइयां नदी के पुल से बुधवार को कूदे कारोबारी के बेटे का शव पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गुरुवार को बरामद कर लिया। जहां पर वह कूदा था, वहां से करीब 300 मीटर दूर नदी के किनारे उसका शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



अजमल ● फाइल फोटो

- जहां पर वह कूदा था, वहां से करीब 300 मीटर दूर नदी में मिला शव
- अलीनगर गांव स्थित पुल के पास बाइक खड़ा कर कूदा था युवक

महुली थाना के छितही गांव निवासी परवेज की महुली में किराने की दुकान है। उनका 19 वर्षीय बेटा अजमल बुधवार को बाइक से नाथनगर से वापस घर आ रहा था। आते समय वह दोपहर के करीब तीन बजे अलीनगर गांव स्थित पुल के पास बाइक रोक दी। इसके बाद वह पुल से कठिनइयां नदी में कूद गया था। पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन में पूरे दिन जुटी रही लेकिन वह नदी में नहीं मिला। इस पुल के पास शोकाकुल परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। ये भी निराश आंसू बहाते हुए घर लौटे। थानाध्यक्ष महुली हरेश तिवारी गुरुवार को सुबह करीब छह बजे गोताखोरों के दल को लेकर अलीनगर गांव स्थित पुल के पास पहुंचे। गोताखोर उसे खोजने लगे। इस बीच जहां वह डूबा था, वहां से करीब 300 मीटर की दूरी पर झाड़ के निकट सुबह करीब 11:45 बजे शव बरामद किया।

गोताखोर नाव पर शव लादकर किनारे लाए। इस दौरान तहसील प्रशासन के अलावा क्षेत्र के लोगों की काफी भीड़ जमा रही। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## प्रेमिका से शादी के दबाव से तनाव में था युवक

शव मिलते ही परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृतक का गैर बिरादरी की युवती से प्रेम संबंध था। 10 दिन पहले वह शादी का दबाव बना रही थी। यह बात उसके परिवार के सदस्यों को मालूम नहीं था। प्रेमिका के शादी के दबाव के कारण वह तनाव में था। नदी में कूदकर उसने अपना अनमोल जीवन समाप्त कर लिया। मृतक के घर पर मातम छा गया है। घर पर रिश्तेदार, शुभचिंतकों की भीड़ लगी हुई है।

# पैदल गश्त कर सुरक्षा का कराया अहसास

जासं,संतकबीर नगरः डीएम व एसपी ने नवरात्रि व दशहरा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के- लिए गुरुवार को शाम के समय पैदल गश्त किया। इस दौरान दुर्गा पूजा के आयोजकों से वार्ता की। इसके साथ ही आम जनमानस के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने का अहसास कराया।



सड़कों पर गश्त करते दाएं से डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ खलीलाबाद बाईपास, चंद्रशेखर तिराहा, बरदहिया बाजार होते हुए गोला बाजार पहुंचे। उन्होंने इस दौरान आम जनमानस के अलावा व्यापारियों से बातचीत की। उन्हें बताया कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन संकल्पित है। उन्हें चौकस सुरक्षा व्यवस्था किए जाने का भरोसा दिलाया। डीएम, एसपी ने सीओ व कोतवाली प्रभारी को नियमित भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहने का निर्देश दिया।

**तीन दिन तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक :** खलीलाबाद शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी गयी है। गुरुवार के दोपहर दो बजे से शनिवार रात तक दुर्गा पूजा के मद्देनजर प्रशासन ने यह रोक लगायी है। इस अवधि में खलीलाबाद बाईपास से धनघटा जाने वाले बड़े वाहन चंद्रशेखर तिराहा की ओर से नहीं जाएंगे। सरैया बाईपास से शहर के अंदर आने वाले रास्तों के साथ ही डीघा बाईपास से बरदहिया बाजार होते हुए शहर के अंदर दाखिल होने वाले बड़े वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

**मेंहदावल कस्बे में पुलिस ने किया पैदल गश्त :** मेंहदावल कस्बे में गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने पैदल गश्त किया। थानाध्यक्ष-मेंहदावल रामकृपाल सिंह ने कहा कि पुलिस नवरात्रि व दशहरा को सकुशल संपन्न कराएगी। इंटरनेट मीडिया पर गलत संदेश पोस्ट करने, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। विजली विभाग के अवर अभियंता मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्गा पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए उनका विभाग संवेदनशील है। विसर्जन से पूर्व बिजली के तारों को ठीक कर लिया जाएगा।

# महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की जानकारी देकर किया जागरूक

जासं, मगहर : मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को मगहर स्थित सेवाश्रम आइडियल पब्लिक स्कूल में कार्यशाला हुई। बतौर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी सरोज शर्मा ने महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के बारे जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया। सुरक्षा संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि मिशन शक्ति एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। इस अवसर पर प्रबंधक आतिफ ओबैद, प्रधानाचार्य अबरार अहमद, आदिल आदि मौजूद रहे।

# सुशील की हत्या-आत्महत्या में ही उलझी है पुलिस

जागरण संवाददाता, धनघटा : मिठना-सिठना गांव के रहने वाले सुशील याद्व की मृत्यु पहेली बनकर रह गयी है। स्वजन के साथ ही सारे सुबूत सूदखोरों के चलते मौत की गवाही दे रहे हैं। कप्तान से मिलकर स्वजन पुलिस को कठघरे में भी खड़ा कर चुके हैं। मौत के पीछे दो सूदखोरों का साक्ष्य भी पुलिस को दिया जा चुका है। मामला हत्या व आत्महत्या से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। पुलिस कदम बहुत सोच-समझ कर ही उठा रही है।

धनघटा थाना क्षेत्र के मिठना-सिठना के 28 वर्षीय सुशील यादव का शव दो अक्टूबर को उनके घर से आठ किलोमीटर दूर गौरापार गांव के पूरब बगीचे में महुआ के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत होने की बात सामने आई थी। पीड़ित पिता गिरीजेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पिता ने कहा कि उसके बेटे के मोबाइल से पता चला कि महुली क्षेत्र के एक गांव का रहना वाला युवक व धनघटा क्षेत्र के एक गांव का युवक बड़े पैमाने पर ब्याज पर सूदखोरी का धंधा करते हैं। उसके बेटे के ह्वाटसएप, मैसेज, फोन काल, फोन पे हिस्ट्री से जानकारी हुई कि दोनों युवक पिछले कई दिनों से उसके बेटे को धमकी भरा मैसेज भेज रहे थे। घटना के दिन कई बार फोन करके दबाव बनाए थे। उन्हें विश्वास है कि आरोपितों ने ही उसके बेटे की या तो हत्या कर दी या तो ब्याज न देने के कारण उसके बेटे को प्रताड़ित किया कि बेटे के पास मरने के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचा।

# पुनर्मतगणना में उलटफेर धर्मेंद्र के सिर सजा ताज

## प्रधान देवेंद्र गुप्ता को धर्मेंद्र यादव ने एक मत से चुनाव हराया

- बनकसिया ग्राम पंचायत की एसडीएम कोर्ट में हुई पुनर्मतगणना
- एसडीएम कोर्ट में पुनर्मतगणना को लेकर दायर किया था वाद

जासं, मेंहदावल : बनकसिया ग्राम पंचायत की हुई पुनर्मतगणना में उलटफेर हुआ है। वर्तमान प्रधान देवेंद्र गुप्ता को उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे धर्मेंद्र यादव ने एक वोट से हरा दिया। कांटे के मुकाबले में दोनों प्रत्येक राउंड में एक दूसरे के काफी करीब रहे। अंतिम राउंड की गिनती में धर्मेंद्र यादव ने एक मत से जीत हासिल की है। वर्तमान ग्राम प्रधान देवेंद्र गुप्ता को 599 मत मिले। वहीं धर्मेंद्र यादव को 600 मत प्राप्त हुए। पुनर्मतगणना में पुलिस का सख्त पहरा रहा। जीत के बाद धर्मेंद्र के समर्थक तहसील में मिठाई बांटते दिखाई दिए।



धर्मेंद्र यादव • जागरण

वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में मेंहदावल ब्लाक के बनकसिया ग्राम पंचायत चुनाव में देवेंद्र गुप्ता व धर्मेंद्र यादव के बीच में कांटे का मुकाबला हुआ था। देवेंद्र गुप्ता ने धर्मेंद्र यादव को एक वोट से चुनाव हराया था। नजदीकी मुकाबले में देवेंद्र गुप्ता को मिली जीत से धर्मेंद्र यादव संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने एसडीएम कोर्ट में पुनर्मतगणना को लेकर वाद दायर किया था। लंबे समय से यह वाद चल रहा था। कुछ दिन पूर्व एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की कोर्ट ने पुनर्मतगणना का आदेश जारी किया। जिसके बाद से दोनों पक्षों की धड़कन बढ़ गईं। गुरुवार को हुए मतगणना में धर्मेंद्र यादव को 600 मत प्राप्त हुए। वहीं देवेंद्र गुप्ता जो वर्तमान प्रधान है उन्हें 599 मतों से संतोष करना पड़ा। एक मत के मामूली अंतर से धर्मेंद्र यादव बनकसिया के ग्राम प्रधान बने। मतगणना को लेकर तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स तहसील परिसर में मौजूद रही। कई बार दोनों पक्ष के समर्थकों को तहसील से खदेड़ना पड़ा। धर्मेंद्र यादव के चुनाव जीतने के बाद उनके समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मुझे जनता ने चुनाव जिताया था, लेकिन लोगों की मिलीभगत से हार का सामना करना पड़ा था। अब मुझे न्याय मिला है, जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

> पुनर्मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। मतगणना में वर्तमान प्रधान देवेंद्र गुप्ता को हराकर धर्मेंद्र यादव ने एक मत से जीत हासिल की है। उन्हें प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। गणना पूरी तरह से निष्पक्ष तरीके से कराई गई है।
>
> उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसडीएम, मेंहदावल

# सप्तमी जुलूस के दौरान हुआ विवाद, ईंट-पत्थर चले

## केरमुआ में निकला था जुलूस, हरी पतंगी टूटने से विवाद, 36 लोगों पर केस, दो को पुलिस ने लिया हिरासत में

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के केरमुआ गांव में बुधवार की देर शाम को सप्तमी का परंपरागत जुलूस निकला था। इसी दौरान एक संप्रदाय विशेष की सड़क पर लगी हरी पतंगी टूट गयी थी। इसीको लेकर रात करीब नौ बजे कुछ लोग दुर्गा पंडाल में पहुंचकर वहां लगा भगवा पताका तोड़ दिए। इसकी जानकारी होने के बाद दूसरा पक्ष भी उग्र हो गया। पहले कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। ईंट-पत्थर भी चलने लगे। इस घटना में कुछ लोगों को चोटें भी आई हैं। मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस-प्रशासन सक्रिय हो गया। मौके पर एसडीएम और सीओ बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंच गए। मामले को शांत कराया व अराजक तत्वों पर कार्रवाई की बात कही। गुरुवार को पुलिस ने एक पक्ष के 11 नामजद समेत 36 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।



विवाद के बाद कोतवाली पहुंची महिलाएं● फोटो इंटरनेट मीडिया



घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस● फोटो इंटरनेट मीडिया

बताया जा रहा है कि केरमुआ गांव में एक पक्ष के लोगों ने सप्तमी का जुलूस निकाला था। रास्ते में दूसरे पक्ष की हरी पतंगी की झालर लगी हुई थी। झालर अज्ञात कारणों से टूट गई थी। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने जानबूझ कर पतंगी तोड़ने की बात कहते हुए दुर्गा पंडाल में लगा हुआ पताका तोड़ दिया। जिससे मामला बढ़ने लगा। देखते ही देखते दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलाने लगे। घटना की सूचना किसी ने पुलिस को दिया। सूचना पाते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान और एसडीएम शैलेश दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। दोनों पक्ष के लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके साथ ही गांव में एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया।

**विनय कुमार की तहरीर पर दर्ज हुआ मामला :** केरमुआ गांव के रहने वाले विनय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि गांव में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में अलग-अलग जगहों पर जय श्रीराम का पताका (झंडा) लगा हुआ है। पूजा को लेकर सप्तमी का जुलूस निकाला गया था। रास्ते में संप्रदाय विशेष का झालर लगा हुआ था, जिसे निकाल दिया गया था। इसी बात को लेकर रात में जब माताजी के पंडाल में आरती हो रही थी तो गांव के ही रहने वाले रज्जाक व उनकी पत्नी आसिया, बेटा दानिश व बेटी रुबिना, रहमान व उनका बेटा रियाज और एजाज, रजिया, हिना खातून, सबिरा, सबिया निशा तथा 20 से 25 लोगों के साथ नारेबाजी करते हुए आकर पताका तोड़कर फेंक दिए। जब ग्रामीणों ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपित आग बबूला हो गए तथा अपशब्द कहते हुए पंडाल में तोड़फोड़ करने लगे। इसके साथ ही ईंटा-पत्थर भी फेंकने लगे। जिससे उनको और उनकी मां को चोटें भी आई हैं। इस मामले में पुलिस ने 11 नामजद समेत 36 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया है।

> किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। हर पर्व सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। जो भी गलती करेगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा। केरमुआ गांव की घटना को लेकर पुलिस गंभीर है। जांच की जा रही है। इसमें जो भी शामिल होगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा।
>
> अजीत चौहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी

# क्षतिग्रस्त सड़कों का कराएं मरम्मत : विजयलक्ष्मी

## पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन से चालू वित्त वर्ष की कार्ययोजना में शामिल कार्यों के बारे में पूछी

- प्रभारी मंत्री ने एक्सईएन से जन प्रतिनिधियों के कार्यों को शामिल करने की बात कही
- वाईपास योजना के दो कार्य, जिला मार्ग का चौड़ीकरण में 14 कार्य व अन्य कार्यों की दी जानकारी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: प्रदेश की ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की मंत्री व जनपद की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में बुधवार को लोक निर्माण विभाग के वित्त वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित कार्य योजना की समीक्षा की। इनके पूछने पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आरके पाण्डेय ने कार्य योजना में शामिल किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि वाईपास योजना में दो कार्य, सीआरआइएफ में एक कार्य, अन्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण में 14 कार्य, धर्मार्थ योजना में मार्गों के चौड़ीकरण के आठ कार्य, नाबार्ड के नव निर्माण के 16 कार्य, पंडित दीनदयाल योजना के आठ कार्य, राज्य योजना के 125 कार्य, कृषि विपणन के 10 कार्य, लघु सेतु के 18 कार्य, दीर्घ सेतु-तीन कार्य, सामान्य मरम्मत के 128, विशेष मरम्मत के 90 कार्य शामिल हैं। इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिशासी अभियंता-लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जो सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उसकी तत्काल मरम्मत कराएं। निर्माणाधीन सड़कों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।



पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों संग वार्ता करती जिले की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम( दाएं से दूसरी) ● जागरण

कार्ययोजना में स्थानीय विधायकों व अन्य जन प्रतिनिधियों के प्रस्तावित कार्यों, सड़कों को अवश्य शामिल करें। इस अवसर पर मेंहदावल के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता, सीडीओ जयकेश त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता विमल कुमार, मंटू राय, कमलेश कुमार शुक्ल, राजेश शर्मा आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# 60 लाख के पटाखे जब्त, 10 पर केस, एक गिरफ्तार

## एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में घटना की दी जानकारी, पटाखा बरामद करने वाली पुलिस टीम को मिला 25 हजार रुपये का पुरस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के नेशनल हाईवे ट्यूबवेल कॉलोनी के बगल में बुधवार को देर शाम को 60 लाख रुपये से ज्यादा की कीमत का पटाखा पकड़ा गया। पुलिस ने इस मामले में दस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



10 अक्तूबर को प्रकाशित खबर



कृष्ण कुमार। आरोपी

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन सभागार में बृहस्पतिवार को दिन में घटना की जानकारी दी। उन्होंने पटाखा बरामद करने वाले एसओजी एवं कोतवाली संयुक्त पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि प्रभारी एसओजी सर्वेश कुमार राय व कोतवाल सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मेंहदावल बाईपास से नेदुला की तरफ जाने वाली रोड पर स्थित स्टेट ट्रांसपोर्ट की गोदाम से भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारण किए गए पटाखे की बरामदगी करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में कृष्ण कुमार निवासी छोटी सरौली की निशानदेही पर 216 गत्ता विभिन्न ब्रांड के पटाखे वजन करीब 58 क्विंटल 07 किग्रा अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये एवं कुल 11 बिल वाउचर बरामद किए।

गिरफ्तार कृष्ण कुमार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से लखनऊ से पटाखे मंगाए गए थे। उक्त पटाखों को वह अपने दो गोदाम छोटी सरौली स्थित मकान के दो कमरों तथा शेष हाईवे के किनारे ट्रांसपोर्ट ऑफिस के नीचे बेसमेंट में बने गोदाम में रखे थे। छोटी सरौली में स्थित गोदाम में रखा कुल 92 गत्ता पटाखा शिवकुमार निवासी गोला बाजार, मानस अग्रहरि निवासी गोला बाजार तथा हाईवे के किनारे बेसमेंट में बने गोदाम में रखा 124 गत्ता पटाखा राजू अग्रहरी निवासी गोला बाजार, अरुण कुमार निवासी मधसरा रोड पटखौली थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर, राज गुप्ता निवासी गोला बाजार, राजन गुप्ता निवासी मुखलिपुर रोड, श्याम कुमार निवासी गोला बाजार हनुमानगढ़ी के पीछे, प्रमोद जायसवाल निवासी गोला बाजार, पवन कुमार निवासी कस्बा महुली का है।

### डीएम ने पटाखे नष्ट करने के दिए आदेश

संतकबीरनगर। कोतवाली के गोदाम से बरामद अवैध पटाखा को निष्क्रिय व निष्प्रयोज्य कराने का निर्देश डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने दिया है। डीएम ने बताया कि नौ अक्तूबर को कृष्ण कुमार पुत्र लालचन्द्र जायसवाल निवासी छोटी सरौली के गोदाम से लगभग 58.7 कुन्तल अवैध पटाखा बरामद हुआ है। जिसके संबंध में कोतवाली में केस दर्ज हुआ है। विस्फोटक अधिनियम 2008 के नियम 129 में यह व्यवस्था है कि विस्फोटकों और उनके संघटकों को नष्ट कर दिया जाए। संवाद

## लाइसेंस न अनुमति, जमा कर रहे थे पटाखे

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। दशहरा व दिवाली पर बिक्री के लिए बिना लाइसेंस व अनुमति के पटाखा जमा किया जा रहा था। कोतवाली व एसओजी पुलिस टीम ने देर रात मेंहदावल बाईपास के पास बड़ी मात्रा में पटाखा बरामद किया, जिसे टीम पुलिस लाइन मैदान पर ले गई। पटाखा से संबंधित कोई वैध दस्तावेज पुलिस को नहीं मिले। बरामद पटाखा जिले के साथ ही गोरखपुर जनपद में खपाने का मामला सामने आया।

जानकारों की मानें तो जनपद में आठ पटाखा बिक्री के लाइसेंसी होल्डर हैं। इनमें से दो की मौत हो चुकी है, और चार लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे हैं। फायर सर्विस की मानें तो बखिरा व मगहर में सिर्फ दो लाइसेंसधारी ही सक्रिय हैं। जिले में पटाखा स्टोर करने के लिए कोई अनुमति जिला प्रशासन की तरफ से भी नहीं जारी की गई है।

### पटाखों से संबंधित पुलिस को नही मिला कोई वैध दस्तावेज

वहीं तीन दिन पूर्व सीओ सिटी ने खलीलाबाद शहर में जांच की तो पाया कि जो भी लाइसेंसी हैं उनका लाइसेंस समाप्त हो गया है। उन्होंने अपने लाइसेंस का नवीनीकरण भी नहीं कराया है। वहीं दिवाली पर पटाखा बिक्री के लिए निर्धारित मानक व नियम पूरा करने के बाद दो दिन के लिए पटाखा बिक्री का लाइसेंस जारी किया जाता है। दीपावली का त्योहार अभी 20 दिन बाद है।

इसके बाद भी बीच शहर में आबादी के मध्य इतने बड़े पैमाने पर पटाखा जमा किया जाना अपने आपमें हर किसी को अचंभित कर रहा है। हालांकि पुलिस की सक्रियता से लगभग 58 कुंतल पटाखा कीमत 60 लाख रुपये से ज्यादा की कीमत का रामद हुआ और पुलिस ने मामले में गोरखपुर व जिले के ट्रांसपोर्टर समेत 10 लोगों के खिलाफ केस दर्जकर कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी।

# अपराध संक्षेप



## नियम तोड़ने वालों से भरवाया एक लाख 29 हजार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए की गई वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों के चालकों से एक लाख 29 हजार रुपये जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 98 वाहनों के चालकों से 1,29,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# आपसी विवाद में मारपीट के आरोप में केस दर्ज

संतकबीरनगर। दुधारा थाना क्षेत्र के खटियांवा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार पीड़िता कौशल्या देवी ने बताया कि सात अक्टूबर को सुबह सात बजे गांव के इंद्रजीत उनके दरवाजे पर आकर आपसी विवाद को लेकर देवर बलबीर व पति सुभाष को गाली देते हुए मारने-पीटने लगे।

**देवर बलबीर व पति सुभाष से की मारपीट**

बचाव में जाने पर उसे भी मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। घटना देखकर आसपास के तमाम लोगों ने बीच-बचाव किया। मारपीट में सभी को काफी चोट आई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। संवाद

# बाल कल्याण समिति के समक्ष तलब हुई कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेमरियावां की छात्राओं का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लिया है। वीडियो में छात्राओं ने मारने-पीटने आदि का आरोप विद्यालय की वार्डन और शिक्षिकाओं पर लगाया है। समिति ने 14 अक्तूबर को उपस्थित होने का आदेश दिया है।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोशल मीडिया पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेमरियावा की कुछ नाबालिग

## सोशल मीडिया पर छात्राओं के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने का लिया संज्ञान

पीड़ित छात्राओं का बयान आ रहा है कि उनके साथ मारपीट, प्रताड़ना, गाली देना, समय से भोजन नहीं देना, पढ़ाई नहीं होने देना जैसी समस्याओं की बात कही गई है। छात्राओं ने यह कृत्य विद्यालय के शिक्षिकाओं और वार्डन द्वारा किए जाने का कथन किया है।

किशोर न्याय (बालकों की देख रेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के अधीन यह दंडनीय अपराध है। बालिकाओं के हित एवं सुरक्षा के लिए बाल कल्याण समिति प्रतिबद्ध है।

# अशांति फैलाने वाले 11 आरोपियों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में 11 आरोपियों को पकड़कर अशांति फैलाने के मामले में कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छह, दुधारा तीन एवं थाना धनघटा पुलिस ने दो आरोपी को पकड़कर समस्त वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। संवाद

# नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना धनघटा पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अनिल निवासी नेतवापुर को उमरिया बाजार चौराहा से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वादिनी ने थाना धनघटा पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के संबंध में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। संवाद

# रात भर चली निगरानी, 11 नामजद व 20 अज्ञात पर केस

## खलीलाबाद के केरमुआ गांव में बुधवार देर शाम हुए विवाद का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद क्षेत्र के केरमुआ गांव में दो पक्षों में सप्तमी जुलूस को लेकर हुए विवाद में पुलिस पूरी रात गांव में मौजूद रहकर निगरानी करती रही। एक पक्ष की तहरीर मिलने पर पुलिस ने इस मामले में 11 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में केरमुआ गांव निवासी विनय कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में गांव के विभिन्न स्थानों पर जय श्रीराम का पताका (झंडा) लगाया गया। नौ अक्तूबर की शाम को सप्तमी का जुलूस निकला। जहां से दूसरे पक्ष की लगी झालर निकाल दी गई। पांच बजे जुलूस समाप्त हो गया।

शाम सात बजे के आसपास माता के पंडाल में आरती होने जा रही थी। उसी दौरान दूसरे पक्ष ने पताका तोड़कर फेंक दिया। विपक्षी तमाम. अज्ञात लोगों के साथ नारेबाजी करने लगे। गांव के कुछ लोगों ने मना किया तो वे आग-बबूला हो गए। उनके साथ ही मां रीना को गाली देते हुए मारपीट की। गाली देते हुए तोड़फोड़कर माहौल खराब करना शुरू कर दिया और कई स्थानों से पताका तोड़कर फेंक दिया।

कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि केरमुआ गांव निवासी विनय कुमार की तहरीर पर मामले में आरोपी रज्जाक, दानिश, रियाज, रहमान, एजाज, असिया, रूबिना, रजिया, हिना खातून, सविरा, साविया निशा के साथ ही 25 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

गांव में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस फोर्स निगरानी कर रही है। माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# शोहदों को चेतावनी देकर छोड़ा

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा के लिए अभियान चलाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर वृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा के नेतृत्व में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एंटी रोमियो अभियान में दो स्थानों पर 15 व्यक्तियों से पूछताछ की गई और दो शोहदों को माफीनामा खिलवाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया।

महिला थाना प्रभारी सरोज शर्मा ने बताया कि आरक्षी पूजा जायसवाल, प्रिया तिवारी, माधुरी शाह, अंजुलता देवी आदि के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत भ्रमण कर महिला सुरक्षा के लिए अभियान चलाया गया। साथ ही महिला बीपीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया। अभियान के दौरान इशरावती देवी शिक्षा निकेतन चपरा पूर्वी, छोटेलाल प्रजापति, ग्राम प्रधान सर्वेश्री देवी व धनघटा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार की मौजूदगी में चौपाल लगाकर बालिकाओं को मिशन शक्ति में व आत्मरक्षा के बारे में बताया गया।

साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, 102, 1930 साइबर हेल्पलाइन तथा मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान 200 पंपलेट्स बांटे गए। उन्होंने बताया कि एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान चपरा पूर्वी व कस्बा धनघटा में 15 व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दो शोहदों से माफीनामा भरवाकर चेतावनी के साथ छोड़ा गया।

उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं, महिलाओं, छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन से संबंधित सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं आदि के बारे में प्रचार-प्रसार कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी बरदहिया ललितकांत की अगुवाई में पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण पर थी। मोतीनगर ट्यूबवेल कॉलोनी के पास से पुलिस ने एक संदिग्ध को दबोचा। पूछताछ में उसकी पहचान विशाल कुमार निवासी माली टोला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद हुआ। कोतवाली खलीलाबाद में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# बीयर शॉप के सामने से बाइक चोरी, केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद बाईपास के पास स्थित बीयर शॉप के सामने से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया है। पीड़ित इंताफ अली निवासी मैलानी ने बताया कि 20 सितंबर को उसने बीयर शाप के सामने बाइक खड़ी की थी। जहां से देर शाम को वह गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी पता नहीं चल सका। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर बाइक चोरी में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। संवाद

# 120 रुपये के लिए मारपीट, भाजपा नेता व परिजनों समेत आठ पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** मलौली में दवा की कीमत में 120 रुपये कम, अधिक को लेकर सोमवार की शाम मेडिकल संचालक और भाजपा नेता के भाई से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को भाजपा नेता उनके भाई तथा उनके पुत्र समेत छह अज्ञात के विरुद्ध दलित उत्पीड़न समेत मारपीट की घटना में केस दर्ज किया है।

**सात अक्तूबर को दवा लेकर उपयुक्त पैसे नहीं देने पर हो-गई थी मारपीट**

हैंसर बाजार निवासी अखिलेश कुमार पुत्र राम आशीष का कहना है कि मलौली में स्थित मनोज मेडिकल स्टोर पर वह काम करते हैं। सात अक्तूबर की शाम करीब पांच बजे वह मेडिकल स्टोर पर ग्राहकों को दवा दे रहे थे।

उसी समय रामनारायण सिंह, प्रेम नारायण सिंह उर्फ पीएन सिंह पुत्रगण तेज बहादुर सिंह, अभिषेक सिंह पुत्र प्रेम नारायण सिंह पांच-छह सहयोगियों के साथ पहुंचे और 720 रुपये की दवा 600 देकर ले जाने लगे। जब बकाए पैसे की मांग की तो वह जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने-पीटने लगे।

उसी समय मेडिकल स्टोर के मालिक मनोज पुत्र त्रिलोकी नाथ निवासी बकैनिया पकड़ी पहुंचे। बीच-बचाव करने लगे तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया।

एसओ अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में रामनारायण सिंह, अभिषेक सिंह, प्रेम नारायण सिंह समेत पांच-छह अज्ञात के विरुद्ध दलित उत्पीड़न व मारपीट की घटनाओं में केस दर्ज किया है।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# मारपीट पर उतारू लोगों का चालान

वजीरगंज। चार पहिया वाहन की किस्त जमा करने को लेकर थाने में मारपीट पर उतारू तीन लोगों को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में पाबन्द कर दिया है। साथ ही आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की संस्तुति के साथ न्यायालय रवाना किया है। पुलिस की ओर से भेजी रिपोर्ट के मुताबिक बिरहमतपुर निवासी रऊफ ने फाइनेंस कराकर बोलेरो गाड़ी खरीदी थी।

### शहर-कस्बों बाजारों और गांवो में माता के भजनों की गूंज, देवी मंदिरों पर उमड़ी रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# मेरी अंखियों के सामने रहना मां शेरों वाली...

**श्रद्धा**

गोण्डा, संवाददाता। शारदीय नवरात्र में जिले का माहौल आस्थामय हो चला है। चहुंओर माता के भजनों की गूंज सुनाई दे रही हैं। देवी मंदिरों में हवन-पूजन के मंत्रोच्चारणों की पवित्र ध्वनि गुंजायमान हो रही है। गुरुवार को जिले के दुर्गा पूजा पण्डालों में माता के अद्भुद स्वरूप के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु उमड़ते रहे। जिले के सभी देवी मंदिरों पर माता के दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा।

गुरुवार को महासप्तमी पर दुर्गा पूजा पण्डालों में विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर स्थापित माता की प्रतिमाओं की आंखो से पट्टिका हटाई गई। वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ प्रतिमाओं में प्राण-प्रतिष्ठा की गई। पण्डालों में माता की आंखो से पट्टिका हटाने के विशेष पूजन में माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु जमा हुए। दिन में पूजन अर्चन के बाद शाम को महाआरती के साथ ही पण्डालों को माता के दर्शन के लिए खोल दिया गया। शाम ढलने के साथ ही पण्डालों में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई। देर रात तक पण्डालों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद दिखे।



पटेलनगर में गुरुवार को मां की आरती करते श्रद्धालु।

## आकर्षण का केन्द्र बना माता का दिव्य स्वरूप

गोण्डा। बाल गोपाल सेवा समिति के तत्वावधान में पटेलनगर में स्थापित माता की प्रतिमा के दिव्य स्वरूप के श्रद्धालुओ ने दर्शन किए। संरक्षक विवेक मणि श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 25 वर्षो की तरह ही इस बार भी मां की अनोखी प्रतिमा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गुरुवार को विशेष आरती में अध्यक्ष आर्यन श्रीवास्तव, ऋषभ, प्रदीप सिंह, उत्कर्ष पांडे, सूर्याश मनी श्रीवास्तव, विजय गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, शंभु, वासुदेव, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, सानू जैसवाल, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नित्यानंद, राहुल नाग, कुलदीप बरवार, उज्जवल जायसवाल, मोनू सेन, सूरज श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, अमन सिंह, अंकित नाग, गुड्डू नाग, शिवम ठाकुर, पीयूष शर्मा, सचिन आदि रहे।



नवरात्र में झालरों से सजा शहर का चौक बाजार।

## शाम को भी श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन लाभ प्राप्त किए

मैय्या की अराधना में गुरुवार को श्रद्धालुओ घरो में दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा के पाठ किए और व्रत रखने के दौरान फलाहार ग्रहण किया। शहर का काली भवानी मंदिर परिसर श्रद्धालुओ से कसा रहा। शाम को भी बड़ी तादात में श्रद्धालुओ ने मां के दर्शन लाभ प्राप्त किए। वहीं, बड़गांव मां खैरा भवानी मंदिर में शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भारी तादात में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया है। वहीं, रुपईडीह क्षेत्र में चल रहे हैं दुर्गा पूजा पंडाल पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शिव भगवान शुक्ला ने क्षेत्र के चयपुरवा, भैसहा, छपरा तल्ला चैनापुर, धर्मपुर, उड़िया सहित दर्जनों दुर्गा पूजा पंडाल पर पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते की। इसमें कप्तान शुक्ला, रजनीकांत तिवारी, देवा शुक्ला रहे।

# विस्फोटक सामग्री संग पांच गिरफ्तार

रुपईडीह। बेलसर में बीते दिनों अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना के बाद पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। कौड़िया पुलिस ने करीब 25 कुंतल अवैध पटाखों व पटाखा निर्माण सामग्री सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, करनैलगंज में पुलिस द्वारा छापेमारी कर कई बोरे पटाखे बरामद किये गये।

प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के रामपुर के मजरा मौहरिया व लैबुडवा में अवैध पटाखा, सुतली बम , स्काई बम, अनार सहित कुल मिलाकर 16 कुंतल पटाखा व पटाखा बनाने का उपकरण दो कुंतल बुरादा, एक कुंतल लाल रेत, एक कुंटल पेपर, 50 किलो सुतली, ढाई कुंतल बारूद , 20 किलो पीला पाउडर सहित करीब साढे आठ कुंतल सामग्री बरामद की गई है।

# पटाखा विस्फोट कांड के आरोपी को गिरफ्तार किया

**फॉलोअप**

तरबगंज। क्षेत्र के बेलसर गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने विस्फोट कांड के एक आरोपी आजाद को धर दबोचा है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बेलसर कस्बे में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। दो लोगों का अब भी लखनऊ में इलाज चल रहा है। इलाज करा रहे लोगों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद उपनिरीक्षक सुभाष विश्वकर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि इशहाक, अयूब उर्फ लल्लू, आकाश उर्फ छोटू, कृष्ण कुमार व अयाज मोहम्मद उर्फ तूफान सहित कुछ अन्य लोग चोरी छिपे एक घर में बाहर से ताला लगाकर पीछे के रास्ते से आकर फाटक बन्द करके अवैध रूप से विस्फोटक पटाखों का निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान विस्फोट होने से सभी घायल हो गये हैं। आजाद पुत्र अरशद निवासी बेलसर व कुछ अन्य लोग भी इसमें शामिल हैं। घटना के बाद अयूब उर्फ लल्लू, आकाश उर्फ छोटू व अयाज मोहम्मद उर्फ तूफान सहित तीन लोगों की घायल मौत हो चुकी है।

# टॉमसन मैदान में होगा शक्ति वंदन कार्यक्रम

गोंडा। डीएम नेहा शर्मा के अनोखी पहल पर जिले मे शारदीय नवरात्र के दुर्गा महाष्टमी पर शहर का शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज टॉमसन की धरती दोबारा इतिहास की गवाह बनेगी। जिला प्रशासन शारदीय नवरात्र पर शक्ति वंदन 2.0 का आयोजन शक्ति सारथी पर आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार सुबह नौ बजे से होगी।

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। जिले में 90% से अधिक महिलाएं ऑटो और ई-रिक्शा से सफर करती हैं। इसीलिए प्रशासन ने 1000 ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को शक्ति सारथी के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। यह पहल महिलाओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करेगी।

# चचेरी बहनों को अगवा कर छेड़छाड़ में दो दबोचे

अलावल देवरिया। थानेपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात दो नाबालिग चचेरी बहनों को अगवा कर छेड़छाड़ के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त कार को बरामद की है।

थाना धानेपुर क्षेत्र के एक गांव की की किशोरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि सोमवार रात खाना बनाकर वह अपने दरवाजे के सामने अपने 14 वर्ष की चचेरी बहन के साथ टहल रही थी। इसी दौरान लाल रंग की कार में सवार दो युवक आए और कार में बैठने के लिए कहने लगे। जब दोनों ने कार में बैठने से मना किया तो दोनों ने जबरदस्ती घसीट लिया। फिर सुनसान जगह पर ले जाकर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर धक्का देकर कार से गिराया और भाग गए। इस मामले में पुलिस ने मन्नू पुत्र झगड़ू व कालिया पुत्र युसूफ को अलावल देवरिया कस्बे के पास स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उनकी कार को सीज कर दिया।

# शादी के बाद युवती को ब्लैकमेल किया, मुकदमा

- अपनी डीपी में युवती का फोटो लगाकर बना रहा था दबाव
- आरोपी ने फोटो डिलीट करने के बदले मांगी रकम

बभनजोत, संवाददाता। खोडारे थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के अमित उर्फ मिन्टू उसकी पुत्री से शादी के पहले प्यार का झांसा देकर बात करता था। इस दौरान उसने कुछ प्राइवेट फोटो लिए थे। अब बेटी की शादी के बाद फोन के डीपी में लगाकर बात करने के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में मेरी बेटी ने जब आरोपी से फोटो वायरल न करने के लिए कहा गया तो इसके एवज में उसने 50 हजार रुपये मांगे। इतना पैसा देने में असमर्थता जाहिर करने पर आरोपी 20 हजार रुपये देने पर फोटो वायरल न करने की बात कही पर मोबाइल से फोटो हमेशा के लिए डिलीट करने के लिए तैयार नहीं हुआ। साथ ही लगातार बात करने के लिए दबाव बनाता रह। आरोपी की बात नहीं मानने पर पति सहित अन्य सभी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी व फोटो भेज कर बेइज्जत करने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मामला किया है। एसओ शशि कुमार राणा ने बताया मामला दर्ज कार्रवाई की जा रही है ।

# हत्यारोपितों की जमानत निरस्त

गोंडा : परसपुर के बहुचर्चित हत्याकांड के आरोपित दो सगे भाइयों मुहल्ला राजा टोला पश्चिमी कस्बा व थाना परसपुर के बलवीर सिंह उर्फ नंदन व धर्मवीर सिंह उर्फ चंदन का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि इन लोगों के हमले में कस्बा व थाना परसपुर के मुहल्ला राजा टोला निवासी ओमप्रकाश सिंह की मौत हो गई थी। (संसू)

# बस व वैगन-आर की भिड़ंत में गोंडा निवासी पिता-पुत्र की मौत



राष्ट्रीय राजमार्ग तुलसीपुर पर शिवानगर मोड़ के पास सड़क किनारे गिरी कार • जागरण

संसू, जागरण • बलरामपुरः राष्ट्रीय राजमार्ग तुलसीपुर स्थित महराजगंज तराई के शिवानगर मोड़ के पास गुरुवार सुबह निजी बस व वैगन-आर की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में वैगनआर में सवार गोंडा के विशुनपुर बैरिया गांव निवासी 45 वर्षीय जगदंबा यादव व उनके बेटे 20 वर्षीय शिव सहाय की मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक जगदंबा के पिता 60 वर्षीय हरिशंकर, भाई 30 वर्षीय संतोष यादव, बेटे 18 वर्षीय सुखदेव व 26 वर्षीय पंकज घायल हुए हैं। घायलों को जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राइवेट बस व दुर्घटनाग्रस्त वैगन-आर को पुलिस थाना ले आई है।

## उप निरीक्षक ने जीता सिल्वर मेडल

नवाबगंज : सीतापुर में आयोजित नौ दिवसीय 49वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में 20 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी में गोरखपुर जोन की तरफ से निशाना लगा रहे नवाबगंज थाने के उपनिरीक्षक विभव प्रताप सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह समेत सभी पुलिसकर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के आठ जोन आगरा, प्रयागराज, बरेली, कानपुर, मेरठ, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पीएससी के तीन जोन मध्य जोन, पूर्वी जोन व पश्चिमी जोन के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। (संसू)



सिल्वर मेडल व प्रशस्ति पत्र दिखाते निशानेबाज एसआइ विभव प्रताप सिंह • सौ. स्वयं

# आरोपित गिरफ्तार

संसू, जागरण • धानेपुर : मां दुर्गा पूजा देखकर लौट रही दो बहनों को कार में बैठा कर छेड़खानी करने के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि आरोपित मन्नू व कालिया की गिरफ्तारी की गई है। कार को बरामद कर सीज किया गया है।

# विस्फोट मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

संसू, जागरण • तरबगंज (गोंडा) : नगर बेलसर के बेलसर डीहा में सोमवार की दोपहर में अवैध पटाखा बनाने के कारखाने में विस्फोट हो गया था। फारूख के घर में बारूद जमा कर पटाखा बनाया जा रहा था। विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए थे। जबकि उपचार के दौरान तीन की मौत हो चुकी है।

उप निरीक्षक सुभाष विश्वकर्मा ने मृतक आयूब उर्फ लल्लू, अयाज मुहम्मद उर्फ तूफान, आकाश के साथ ही इशहाक, कृष्ण कुमार व आजाद के साथ कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा कराया है। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए मुकदमे में गैर इरादतन हत्या और सामूहिक अपराध की धाराओं की बढ़ोतरी की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने कहा कि आरोपित आजाद को चांदपुर पुलिस के पास से गिरफ्तार किया गया है।



मौहरिया में बरामद पटाखा व बारूद • सौ. पुलिस मीडिया सेल

• बेलसर डीहा में सोमवार की दोपहर अवैध पटाखा फैक्ट्री में हो गया था विस्फोट चली गई थीं तीन जानें

पटाखा निर्माण की सामग्री बरामद- कौड़िया : ग्राम मौहरिया रामापुर व लैबुड़वा में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में विस्फोट बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गा विजय सिंह ने कहा कि छापेमारी में 16 क्विंटल पटाखा, सुतली गोला, स्काई गोला, लहसुन, छुरछुरी व आनार के साथ ही दो क्विंटल बुरादा, एक क्विंटल लालरेत, एक क्विंटल पेपर, 50 किलो सुतली, डेढ़ क्विंटल सुतली, ढ़ाई क्विंटल बारूद बरामद किया गया। पांच आरोपित मौहरिया निवासी जुमई उर्फ मक्खन, रिजवान, इमरान उर्फ गुल्लू और लैबुड़वा अली मोहम्मद व मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## स्टेशन रोड पर दो दुकानों में छापेमारी, छह बोरा पटाखा बरामद

कर्नलगंज : पुलिस ने नगर के स्टेशन रोड स्थित दो व्यवसाइयों की दुकान में छापेमारी की। छह बोरा पटाखा बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि पटाखा कहां से और कब लाया गया, इस बारे में जानकारी की जा रही है।

# दो गैंगस्टर की जमानत याचिका खारिज

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने हत्या और जानलेवा हमले व गैंगस्टर एक्ट के आरोपी दो अभियुक्तों का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली नगर पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमला के मुकदमे में आरोपी क्षेत्र के ग्राम पाठकपुरवा खैराखास निवासी विकास मिश्रा व राजेश मिश्रा पर वर्ष 2023 में संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद उप्र गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी अभियुक्त विकास मिश्रा व राजेश मिश्रा का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# मोबाइल व जेवर हुआ चोरी

**विश्नोहरपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के अशोकपुर गांव निवासी माया देवी ने बताया कि बुधवार की रात वह गांव में चल रही दुर्गा पूजा से वापस लौटने के बाद सो गई थी। बृहस्पतिवार की सुबह जब सोकर उठी तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था और कमरे में रखा दो मोबाइल फोन गायब था। शक होने पर जब घर में सामान देखा तो कमरे में रखी दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी गुजहा व एक जोड़ी कुंडल भी गायब था। माया देवी ने थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। (संवाद)

# ट्रक का टायर फटा, चालक की मौत

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव के समीप ओवरब्रिज पर बुधवार की रात लखनऊ की तरफ से आ रहे ट्रक का टायर फटने से पीछे से आ रही कार ट्रक में घुस गई। जिससे कार चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी प्रभारी सरयूघाट संजीव सिंह ने बताया कि बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के गंगापुर गनेशपुर गांव निवासी प्रदीप पांडेय का बेटा शिवम पांडेय बुधवार की रात मां का इलाज कराकर कार से लौट रहा था। तभी हादसे में कार चालक शिवम की मौत हो गई। (संवाद)

# छह बोरा पटाखे बरामद

**करनैलगंज।** कोततवाल करनैलगंज श्रीधर पाठक ने बताया कि नगर के स्टेशन रोड स्थित एक व्यवसायी की दुकान पर बृहस्पतिवार को छानबीन के दौरान छह बोरा आतिशबाजी, गोला व पटाखा बरामद हुआ है। बरामद पटाखे को कोतवाली ले आया गया है। पटाखे कहां से लाए गए। इसकी जांच की जा रही है। (संवाद)

# पुलिस ने प्रतापगढ़ से बरामद किया दो ड्रम बिजली चोरी का तार

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में छह दिन पूर्व लखनऊ मार्ग के पीएसी गेट के पास स्थित आयकर कार्यलय मैदान से चोरी हुए दो ड्रम बिजली का तार पुलिस ने प्रतापगढ़ से बरामद किया है। मामले की एफआईआर 04 अक्तूबर को बिजली विभाग के ठेकेदार रोहितास वर्मा निवासी शास्त्री नगर सीतापुर ने नगर कोतवाली में दर्ज कराई थी। कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि चोरी का सामान बरामद किया गया है, अभी आरोपितों की तलाश की जा रही है।

बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद चौकी प्रभारी सिविल लाइन केदार के साथ उपनिरीक्षक राकेश पटेल व अविनाश सिंह की टीम बनाकर छानबीन शुरु कराई गई थी। प्रतापगढ़ जिले के अंतु थाना क्षेत्र के शुकुलगंज में बिजली तार के दो ड्रम बरामद किए। (संवाद)

# जानलेवा हमले में आरोपी गैंगस्टर को तीन साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने जानलेवा हमले के अपराध में आरोपी व गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को तीन साल कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार साल 2022 में कोतवाली नगर पुलिस ने जानलेवा हमले में आरोपी कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम खिरौरा मोहन निवासी राम बहाल पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार कर

अदालत से

गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना में अपराध का पुख्ता साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान अपराध का संदेह से परे साक्ष्य मिलने पर अदालत ने अभियुक्त अमित सिंह को दोषी करार किया। बृहस्पतिवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने दोषसिद्ध अभियुक्त रामबहाल को तीन साल सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

## बाराबंकी के गैंगस्टर को दो साल की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को दो साल कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार साल 2022 में कोतवाली नगर पुलिस ने बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिठौरा निवासी अमित सिंह उर्फ आजाद सिंह पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना में अपराध का पुख्ता साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान अपराध का संदेह से परे साक्ष्य मिलने पर अदालत ने अभियुक्त अमित सिंह को दोषी करार दिया। इस मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने दोषसिद्ध अभियुक्त अमित सिंह को दो साल सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# घटनास्थल पर मिला रिजेक्ट सिमकार्ड, 72 घंटे बाद हुआ पोस्टमार्टम

**कटराबाजार (गोंडा)।** कटराबाजार के सेलहरी कुशहा गांव में 72 घंटे पहले बोरी में मिले युवती का शव का शिनाख्त न होने से मर्च्यूरी में शव को रखा गया है। शव के कुछ दूरी पर मिला सिमकार्ड भी रिजेक्ट रहा। 72 घंटे बाद बुधवार शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। हालांकि, पुलिस गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अभी भी पूछताछ कर रही है। घटना का खुलासा न होने से आसपास के लोग दहशत में है।

गांव के लोगों ने बताया कि शव को बीच मार्ग पर फेंककर क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाया गया है। शव को जब बोरे से निकाला गया तो उसका शरीर भीगा हुआ और शरीर पर बालू लगा हुआ था। शरीर पर लगा खून सूख चुका था। चर्चा यह भी है कि जिस तरह से उसके बाएं गले पर कट का निशान पाया गया है शायद हत्यारा बाएं हाथ से काम करने वाला हो। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया युवती के शिनाख्त के लिए शव को रोका गया था, पहचान न होने बुधवार शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। (संवाद)

# लखनऊ के काकोरी से बारूद लाकर बनाता था पटाखा, गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## बेलसर विस्फोट कांड के आरोपी आजाद ने पुलिस के सामने उगले राज

**बेलसर/गोंडा।** बेलसर विस्फोट कांड का आरोपी आजाद लखनऊ के काकोरी से बारूद लाकर यहां अपने साथियों के साथ मिलकर बिना लाइसेंस के पटाखा बनाता था। पुलिस की पूछताछ में इसका खुलासा हुआ है। पुलिस ने बेलसर नगर पंचायत के वार्ड बेलसर उत्तरी में सोमवार को हुए विस्फोट कांड के आरोपी आजाद को बेलसर-गोंडा रोड के चांदपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है।

बेलसर में पटाखा बनाते समय सोमवार को अचानक हुए विस्फोट में तीन युवकों की मौत हो गई थी। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल दो युवकों का सुभाष विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपी सहित कुछ अन्य के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। नामजद आरोपियों में तीन मृतक आकाश कनौजिया उर्फ छोटू, अयाज मोहम्मद उर्फ तूफान, अयूब उर्फ लल्लू शामिल हैं। घायल हुए इशहाक व कृष्णकुमार के साथ एक अन्य आरोपी आजाद को भी नामजद किया गया था। छठे आरोपी आजाद की तलाश पुलिस कर रही थी। जिसे बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े छह बजे बेलसर-गोंडा मार्ग के चांदपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

## मुख्यमंत्री ने गुड़ खिलाकर गायों का किया दुलार, बच्चों को चॉकलेट दी, मंदिर का निरीक्षण कर हाल भी जाना

# योगी ने मां पाटेश्वरी की आराधना की

**पूजा-अर्चना**

बलरामपुर, संवाददाता। अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अष्टमी पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी का पूजन अर्चन किया। मंदिर के गर्भगृह में शक्ति की आराधना कर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने मंदिर की गौशाला में जाकर गोवंशों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। बच्चों को चाकलेट देकर दुलार किया। साथ ही थारू जनजाति छात्रावास के बच्चों से भी सीएम मुखातिब हुए। शक्तिपीठ की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुबह साढ़े नौ बजे मुख्यमंत्री गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान बुधवार को बलरामपुर पहुंचे थे। सीएम ने शक्तिपीठ देवीपाटन में रात्रि विश्राम किया। रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार सुबह सीएम ने अष्टमी के दिन मां पाटेश्वरी देवी का विधिवत पूजन अर्चन किया। परम्परागत तरीके से मंदिर के गर्भगृह में जाकर सीएम ने करीब एक घंटे तक शक्ति की आराधना की। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया गया था। मंदिर के पुजारी ने सीएम को पूजा कराई। पूजन के पश्चात सीएम हर बार की तरह इस बार भी





देवीपाटन मंदिर में गुरुवार को माता की आराधना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में बच्चों को चाकलेट भी दी।

मंदिर की गौशाला में गए, जहां पर उन्होंने गोवंशों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। मंदिर परिसर में ही छोटे-छोटे बच्चों को सीएम ने चाकलेट देकर उनका दुलार किया। साथ ही मंदिर में चल रहे थारू जनजाति छात्रावास के छात्रों से मुखातिब हुए। उनके पठन पाठन सम्बन्धी विषयों पर जानकारी ली। मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी मुख्यमंत्री ने लिया। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेशनाथ योगी ने मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। सुबह साढ़े नौ बजे मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से गोरखपुर रवाना हो गए। इस दौरान डीएम पवन अग्रवाल, एसपी विकास कुमार मौजूद थे।

### भारत नेपाल सीमा पर रही कड़ी चौकसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शक्ती पीठ देवी पाटन पर रात्रि विश्राम के दौरान भारत नेपाल सीमा पर विशेष चौकसी बरती गई। पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम सीमा वर्ती क्षेत्र में पेट्रोलिंग करती रही। सीमा पार आने जाने वाले लोगो की गहन तलाशी ली गई। कड़ी पूछताछ के बाद लोगो को आने जाने दिया गया। मुख्य मंत्री के जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। वहीं मंदिर परिसर में भी काफी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

### सुबह ही शक्तिपीठ पर पहुंच गए थे नेता

मुख्यमंत्री की मौजूदगी के कारण जिले के सभी जनप्रतिनिधि गुरुवार सुबह शक्तिपीठ पहुंच गए थे। सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू सहित भारी संख्या में भाजपाई देवीपाटन मंदिर पहुंचे हुए थे। लौटते हुए सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व एसपी विकास कुमार भी इस मौके पर मौजूद रहे।

### चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की तैनाती

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पूरी शक्तिपीठ की सुरक्षा अभेद थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती थी। अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही थी। खुफिया एजेन्सियां भी सक्रिय थी। एसएसबी के डाग स्क्वाड को भी परिसर में लगाया गया था। मेडिकल टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया था। तुलसीपुर सीएचसी में सेफ हाउस बनाया गया था। सुबह साढ़े नौ बजे मुख्यमंत्री गोरखपुर के लिए रवाना हुए।

# देवी की आराधना कर सीएम ने की गोसेवा, बच्चों को दुलारा

संवादसूत्र, जागरण • तुलसीपुर (बलरामपुर): कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रात शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में विश्राम किया। गुरुवार सुबह गर्भगृह में मां पाटेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित गोशाला में जाकर गायों को चारा खिलाया। जनजातीय छात्रावास में रहने वाले थारू बच्चों से भी मुलाकात की। सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर लखनऊ के लिए उड़ान भरी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

शक्ति के उपासक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भोर में सबसे पहले शक्ति की आराधना की। इसके बाद गोशाला पहुंचकर गायों की सेवा की व बछड़ों को दुलारा। अलग-अलग नामों से उनको पुकारकर अपने पास बुलाया। इसके बाद देवीपाटन मंदिर





शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के गर्भगृह में देवी मां की आराधना करते और मंदिर परिसर में बच्चों को चाकलेट देकर दुलारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ. सूचना विभाग

परिसर में बलरामपुर चीनी मिल द्वारा बनवाए जा रहे थारू छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। थारू छात्रावास के छात्रों से भी मिले उनका हालचाल लिया। बच्चों से उनके खाने पीने के विषय में जानकारी ली। बच्चों ने मुख्यमंत्री से एक स्टेडियम की मांग भी की, जिस पर सीएम ने आश्वासन भी दिया। सीएम ने कतार में लगी महिलाओं से भी बातचीत की। उनके बच्चों को पुचकारा व मंदिर की व्यवस्था को भी देखा। इसके बाद जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की।

मुख्य रूप से तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीपैड के लिए निकले। रास्ते में देवीपाटन मंदिर द्वारा संचालित श्री आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तीसरी मंजिल पर पड़ रही छत का निरीक्षण कर बच्चों से भी बात की। इसके बाद लखनऊ के लिए उड़ान भरी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# अश्लील हरकत करने पर सजा

बलरामपुर : ग्राम न्यायालय तुलसीपुर ने अश्लील हरकत करने के आरोपित को 250 रुपये अर्थदंड व कोर्ट उठने तक की सजा सुनाई। एसपी विकास कुमार ने बताया कि पचपेड़वा के विजयनगर निवासी शाहिद खान को पुलिस ने अश्लील हरकत करते हुए गिरफ्तार किया था। सहायक अभियोजन अधिकारी अभय प्रताप सिंह की प्रभावी पैरवी से कोर्ट ने सजा सुनाई है। (जासं)

# सीएम ने बलरामपुर को दी 198 करोड़ की सौगात

## रात्रि प्रवास के बाद बृहस्पतिवार सुबह मां पाटेश्वरी का पूजन-अर्चन कर जनकल्याण के लिए की प्रार्थना, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात

संवाद न्यूज एजेंसी

[illegible]



[illegible]





[illegible]

### बच्चों को बांटी चाकलेट, गोसेवा भी की

[illegible]

### सीएम ने ली जानकारी

[illegible]

# पूर्व विधायक आरिफ को नहीं आई नींद, बैरक में टहलते रहे

**लेखपाल को धमकाने के मामले में जारी गैर जमानती वारंट पर पुलिस ने की थी गिरफ्तारी**

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला फॉलोअप

बलरामपुर। जिले के टॉपटेन माफिया में शामिल पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की पहली रात जेल में उलझन भरी बीती। आधी रात तक उन्हें नींद नहीं आई, वह बैरक में टहलते रहे।

अहिरौली गांव निवासी आरिफ अनवर हाशमी के खिलाफ 5 जनवरी 2024 को लेखपाल सुनील कुमार ने धमकाने व अनुसूचित जाति अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में न्यायालय ने गैर जमानती वारंट के साथ ही कुर्की का आदेश भी जारी किया था। पुलिस ने मंगलवार की शाम को पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी को गिरफ्तार किया था। बुधवार को न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। जेल में उन्हें 13 नंबर बैरक में रखा गया है।

पूर्व विधायक को आधी रात तक नींद ही नहीं आई। वह चहलकदमी करते रहे। अन्य बंदियों से बातचीत में कहते रहे कि वह बेकसूर हैं। हालांकि बृहस्पतिवार की सुबह वह सामान्य दिखे। जेल प्रशासन इस मामले में कुछ भी बोलने से कतरा रहा है।

# समस्याओं को लेकर वकीलों ने दिया ज्ञापन

**बलरामपुर।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, महामंत्री संजय तिवारी, दी कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम गोपाल पांडेय व जिला युवा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल शुक्ल ने ज्ञापन में कहा है कि नवीन कोर्ट परिसर में चार साल न्यायालयों का संचालन किया जा रहा है। कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर नहीं है, जिससे उन्हें बरामदे में बैठकर न्यायिक कार्य करना पड़ रहा है। प्रशासनिक न्याय मूर्ति नवीन सत्र न्यायालय के सामने व कलेक्ट्रेट के सामने राजस्व की खाली जमीन आवंटित करने का पत्राचार किया गया था, जिसे पर आश्वासन दिया गया है। अधिवक्ता चैंबर, लाइब्रेरी, संघ भवन आदि के लिए भूमि आवंटित कराई जाए। (संवाद)

# गैंगस्टर मामले में तीन को पांच वर्ष की कैद




**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुमित कुमार प्रेमी ने बृहस्पतिवार को गैंगस्टर एक्ट के मामले में फैसला सुनाया है। कोतवाली नगर में 10 जनवरी 2003 को मोहल्ला गोविंदबाग निवासी अब्दुल हामिद, तनवीर और मोहम्मद सलीम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा लिखाया गया था। आरोप लगाया था कि तीनों गैंग बनाकर संगठित अपराध करते और इससे अवैध धन कमाते हैं। पुलिस ने जांच के बाद तीनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने तीनों को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषियों को पांच-पांच वर्ष की कैद और दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

# 11 वाहनों पर लगा जुर्माना

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया है। परिवहन विभाग ने 11 वाहनों पर एक लाख दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एआरटीओ बृजेश यादव ने बताया कि देर शाम उतरौला व तुलसीपुर मार्ग पर प्रेशर हॉर्न व प्रदूषण प्रमाण पत्र का चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें निर्धारित मानक से अधिक 9 वाहनो में प्रेशर हार्न लगे पाए जाने पर नब्बे हजार और दो वाहनों पर बीस हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। (संवाद)

# जमीन के विवाद में मारपीट

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात के कलंदरपुर निवासी स्वामीनाथ पाल ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने उसे व उसकी बेटी की पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। (संवाद)

# मारपीट में चार घायल, जांच शुरू

**बलरामपुर।** ललिया थाने की कमदी सरकहवा निवासी कृपाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि जमीन विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने उसकी पिटाई की है। उसे बचाने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में कृपाराम, राम दशरथ, शांति व सत्यदेव को चोट आई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। (संवाद)

# महिला श्रद्धालु की चेन चोरी

**बलरामपुर।** सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी अनुभव पांडेय ने मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि उनकी सास अयोध्या के रामपुर भगन निवासी पार्वती देवी देवीपाटन मंदिर में दर्शन करने गई थीं। गर्भगृह में दर्शन के दौरान दो महिलाओं ने उनके गले से सोने की चेन चोरी कर ली। इस मामले में तुलसीपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# 50 किलो चरस व अफीम बरामद, तीन गिरफ्तार

रुपईडीहा। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के जिला दांग के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता ईश्वर थापा ने बताया कि रुकुम जिले की पुथा उत्तर गंगा वार्ड नं 4 निवासी सुविन्द्र पुन, यहीं के बिनी पुन के पास से 38.972 ग्राम चरस व 11.180 ग्राम अफीम बरामद हुई है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे रुकुम जिले से लाकर इसे दांग में डंप करते हैं। यहां से नेपालगंज रुपईडीहा होते हुए भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भेजी जाती है।

हिन्दुस्त

शहर 30s

# चरस के साथ दो नेपाली गिरफ्तार

बहराइच। मोतीपुर एसएचओ व पुलिस बल, एसएसबी 59वीं बटालियन बलई गांव बोओपी के जवानों की संयुक्त गश्त में दो संदिग्ध नेपाली युवक रोके गए। तलाशी में दोनों के पास से 1.250 किग्रा चरस बरामद हुई। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 40 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नेपाल के कमल थापा व मन बहादुर के रूप में हुई।

हिन्दुस्त

# जिले में अवैध पटाखों की जांच तेज हुई, हड़कंप



नानपारा कोतवाली के बजरिया में बरामद विस्फोटक सामग्री (फाइल फोटो)।

बहराइच। शादी विवाह, मुंडन, धार्मिक व सामाजिक आयोजन में आतिशबाजी न हो, तो कार्यक्रम की चमक फीकी हो जाती है। दीपावली पर तो पटाखा बिक्री करने वाले दुकानदारों की बहार आ जाती है। पटाखा से असावधानी में हुए विस्फोट जनहानि की वजह से चर्चा में आते हैं, तब प्रशासनिक अमले की नींद खुलती है। वैध व अवैध दुकानों की छानबीन शुरू हो जाती है। गोंडा में पटाखा विस्फोट के बाद जिले का भी प्रशासनिक अमला, अग्निशमन विभाग इन दिनों अवैध पटाखा फैक्ट्रियों की टोह में है। एक सप्ताह पूर्व नानपारा के बजरिया में बिना लाइसेंस के स्टोर की गई भारी मात्रा में विस्फोटक की खेप पकड़ी गई है।

जिले में लाइसेंस धारक भी पटाखा बिक्री के हैं। उनसे कहीं अधिक मात्रा में चोरी छिपे पटाखा निर्माण का काम गुपचुप रूप से हो रहा है। इसी सप्ताह 4 अक्तूबर की शाम एसडीएम, सीओ नानपारा, नानपारा कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह व भारी पुलिस बल ने बजरिया गांव में दबिश देकर लगभग 90 किग्रा सुतली बम, एल्मुनियम चूर्ण, बारूद निर्मित, अर्ध निर्मित पटाखे सहित मोतीसिंहपुरवा निवासी गुड्डू उर्फ आफताब आलम को गिरफ्तार किया गया था, जबकि बशीर अली को गिरफ्तार किया गया था।

लाइसेंस धारक तो आपात स्थिति के सामने को अग्निशमन यंत्र, जल व बालू की उपलब्धता की व्यवस्था रखते हैं। अवैध रूप से पटाखा निर्माण कर रहे तत्वों को इससे कोई लेना-देना नहीं है। गोंडा में भी वर्षो से बंद पड़े मकान में खुराफात चल रही थी। अग्नि शमन अधिकारी गेंदा लाल ने बताया कि वह टीम के साथ निकले हैं।

हिन्दुस्

# डेंगू से युवक की मौत अब तक 15 संक्रमित

बहराइच, संवाददाता। तराई में डेंगू का डंक अब घातक साबित हो रहा है। कई दिनों से डेंगू से पीड़ित युवा समाज सेवी की बुधवार की देर रात लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिले में डेंगू से यह दूसरी मौत है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 15 डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें दो पीड़ितों के प्लेटलेट्स घटने से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती हैं। निजी अस्पतालों में डेंगू पीड़ितों की संख्या ज्यादा है, हालांकि इसके आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध नहीं हैं।

फखरपुर कस्बा निवासी 30 वर्षीय सत्येंद्र शुक्ला पुत्र कौशलेंद्र शुक्ला पिछले डेढ़ माह से डेंगू से पीड़ित चल रहे थे। उनका इलाज लखनऊ के विवेकानंद हॉस्पिटल में चल रहा था। एक सप्ताह पहले स्वस्थ होकर घर लौटे थे, लेकिन अचानक हालत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा ले जाया गया। बताया गया कि लीवर फेल होने की वजह से उनकी देर रात मौत हुई। युवा की

## रोज 10 से 15 संदिग्धों की हो रही जांच

जिला अस्पताल में डेंगू के संदिग्ध मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉ. अरविंद शुक्ल ने बताया कि सभी संदिग्धों की सैंपल जांच हो रही है। औसतन हर रोज 10 से 15 संदिग्धों की जांच हो रही है।

> जिले में अब तक 15 डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें दो प्रभावित जिला अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। अभी तक डेंगू से मौत की जानकारी सामने नहीं आई है।
>
> **-प्रेम प्रकाश मिश्र,** डीएमओ, बहराइच

डेंगू से मौत ने मच्छरजनित बीमारियों को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोली है। एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि डेंगू ने एक युवक की जान ले ली। वहीं मलेरिया विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक 15 लोग डेंगू से पॉजिटिव पाए गए हैं।

# प्रतिमा विसर्जन रास्ते को लेकर विवाद



रामगांव के छीटी पुरवा में ग्रामीणों संग बैठक करते एसओ आलोक सिंह और तहसीलदार रवि कुमार द्विवेदी • जागरण

संसू, जागरण• रामगांव(बहराइच) : ग्राम पंचायत बौंडी फतेउल्लापुर के मजरा छीटीपुरवा में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन रास्ते को लेकर दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। लेखपाल किरन यादव ने मौके पर जांच की। उन्होंने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

गुरुवार को तहसीलदार महसी रविकांत द्विवेदी, थानाध्यक्ष आलोक सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दोनों समुदाय के लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर विवाद को शांत कराने की बात कही। अधिकारियों ने श्री मां दुर्गा हिंदू पूजन महासमिति सदस्य सुरेश गुप्त से भी बातचीत की। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव, कदीर अहमद, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेश निषाद, अभयराज सिंह, राना प्रताप सिंह, अमर प्रताप सिंह, उप निरीक्षक आशा वर्मा, कांस्टेबल पूजा यादव, रामपाल आदि मौजूद रहे।

# रास्ते पर कब्जा, प्रधान प्रतिनिधि समेत तीन पर मुकदमा

संसू, जागरण • शिवपुर(बहराइच) : थाना खैरीघाट के बसंतापुर ग्राम में गाटा संख्या 724 रास्ते के नाम तथा गाटा संख्या 746 खलिहान के नाम दर्ज अभिलेख है। इस पर मोहर्रम अली, दिल बहार निवासी ग्राम छीटनपुरवा तथा ग्राम पंचायत बसंतापुर के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर अंसारी निवासी इमामगंज पक्का निर्माण करवा रहे थे। इसे रोकने के लिए राजस्व एवं पुलिस की टीम राजस्व निरीक्षक शिवपुर मिश्री लाल पाल, लेखपाल लल्लूलाल, पुलिस उप निरीक्षक राजेश पांडेय तथा दीवान अजय कुमार मौके पर पहुंचे। निर्माण खाली कराने की बात पर अतिक्रमणकारी जाति सूचक गालियां देते हुए आमादा फौजदारी हो गए। सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जनता को उकसाने लगे। लेखपाल लल्लू ने थाना खैरीघाट में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

हिन्दुस्तान

जंगल से लगे गांवों में मवेशियों को तेंदुए लगातार बना रहे निवाला, चिकित्सकीय परीक्षण में मिली स्वस्थ

# पिंजरे में कैद हुआ तीसरा तेंदुआ

**राहत**

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज से सटे बेझा गांव में मोबाइल टावर के उत्तर दिशा की ओर लगाए गए पिंजरे में बुधवार की रात एक और मादा तेंदुआ कैद हो गई। रेंज कार्यालय पर लाकर पशु चिकित्सकों ने उसका चिकित्सकीय परीक्षण किया। स्वस्थ पाए जाने पर उसे भी गुरुवार को ट्रांस गेरुआ में छोड़ दिया गया। तेंदुए के मूवमेंट को देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क किया गया है, ताकि हमले से बचाया जा सके।



बेझा गांव में पिंजरे में कैद मादा तेंदुआ।

मुर्तिहा कोतवाली के ककरहा रेंज के बेझा गांव में हुए ताबड़तोड़ हमले के बाद पिंजरे लगाए गए थे। वर्तमान में भी तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है। देर रात करीब साढ़े 11 बजे बकरी के शिकार में तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। सूचना मिलने पर रेंजर ककरहा मौके पर पहुंचे। उसे रेंज कार्यालय लाया गया। मिहींपुरवा के पशु चिकित्सकों की टीम ने मादा तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण किया। इसमें चार साल उम्र की मादा तेंदुआ स्वस्थ पाई गई। पूरे प्रोटोकाल का पालन करते हुए उच्चाधिकारियों को अनुमति पर उसे भी ट्रांस गेरुआ इलाके में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। 11 दिन के भीतर ककरहा रेंज में तीसरा तेंदुआ कैद हुआ है। 29 सितम्बर को बेझा के मजरे मैकूपुरवा में तेंदुए के हमले में 40 वर्षीय कंधई यादव की मौत के बाद उसी दिन रात में तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ था। दो अक्तूबर की रात बेझा के मजरे पचासा में पिंजरे में दूसरा व एक अक्तूबर की रात सुजौली रेंज के अयोध्या पुरवा में तीसरा तेंदुआ पकड़ा गया था। 11 दिन के भीतर चार तेंदुए पकड़े जा चुके हैं।

**चौथा तेंदुआ भी ट्रांस गेरुआ पहुंचा :** चार हमले के बाद वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरों में बुधवार की देर रात चौथा तेंदुआ कैद हुआ है। अब तक दो मादा व दो नर तेंदुआ पकड़े जा चुके हैं। रात को पकड़े गए तेंदुए की उम्र चार वर्ष के करीब बताई जा रही है, जो शिकार करने में पूरी तरह से सक्षम पाया गया है।

" चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे ट्रांस गेरुआ इलाके में छोड़ दिया गया है। अभी भी गंगापुर के पास तेंदुए के मूवमेंट को लेकर पिंजरा लगाया गया है।

-बी शिवशंकर, डीएफओ, कतर्नियाघाट, बहराइच

## गंगापुर गांव के पास घूम रहा तेंदुआ, लगा पिंजरा

रेंजर ने बताया कि जंगल से लगे खेतों में तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है। ककरहा रेंज से लगे गंगापुर में कई दिनों से तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही है। इसको देखते हुए गुरुवार को पिंजरा लगाया गया है। वन कर्मियों की टीम गांव के लोगों को सतर्क कर रही है।

# आखिरकार पिंजरे में कैद हुई एक और मादा तेंदुआ

संसू, जागरण • मिहींपुरवा/उर्रा (बहराइच) : कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वन रेंज ककरहा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेझा के मजरा विचपरी में बुधवार की देर रात 12 बजे वन टीम के लगाए गए पिंजरे में आतंक का बना पर्याय तेंदुआ कैद हो गया। इससे पहले तीन तेंदुए पिंजरे में कैद हो चुके हैं।

सूचना मिलने के बाद ककरहा वन रेंज के रेंजर डीपी कनौजिया, वन दारोगा अशोक श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ पहुंचकर तेंदुए को रेंज कार्यालय ले गए। प्रभागीय वनाधिकारी बी. शिवशंकर ने बताया कि गांव के लोगों की मांग पर वन विभाग ने पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा गया है। पकड़ा गया तेंदुआ मादा है, जिसकी उम्र तीन वर्ष से अधिक है। तीन पशु चिकित्सकों की टीम ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। मादा तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर तेंदुआ को ट्रांस गेरूआ में छोड़ दिया गया है।



पिंजरे में कैद मादा तेंदुआ • जागरण

## तेंदुओं को जंगल छोड़ने से पूर्व बांधा जाएगा रेडियो कालर

• तेंदुओं पर पल-पल की निगरानी रखेगा वन विभाग

संसू, जागरण • बिछिया(बहराइच) : कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने तेंदुए पर निगरानी के लिए एक रेडियो कालर कतर्नियाघाट वन प्रभाग को दिया है।

प्रभागीय वनाधिकारी बी. शिवशंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के तेंदुए की ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर आमद होती है। तेंदुए ग्रामीण क्षेत्रों में पकड़े जाते हैं और चिकित्सकीय परीक्षण में स्वस्थ पाए जाने के बाद उनको वापस प्रकृतिवास में छोड़ा जाता है, जहां उनके पुनः ग्रामीण क्षेत्रों में आने की संभावना रहती है। यदि रेडियो कालर लगा दिया जाए तो वन विभाग को यह पता चल सकेगा कि तेंदुआ आबादी में पहुंच गया है, जिससे उसकी निगरानी की जा सकेगी। उससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर गतिविधि का अध्ययन किया जा सकेगा। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया से एक सेटेलाइट रेडियो कालर उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में प्राप्त हुआ है। भविष्य में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद यदि कोई तेंदुआ पकड़ा जाता है तो रेडियो कालर का प्रयोग किया जाएगा।

# सिर मुंडाकर घुमाने वालों की गिरफ्तारी की मांग


गोयल तिराहे पर ताजपुर घटना पर रोष व्यक्त करते हिंदू संगठन के सदस्य • जागरण

संसू, जागरण • नानपारा (बहराइच): ताजपुर इलाके में युवकों ने गांव के तीन किशोरों से जबरन अपने पोल्ट्री फार्म में काम करवा लिया। पैसा न देना पड़े, इसके लिए तीनों पर गेहूं चोरी का आरोप लगाकर बंधक बनाकर उनकी पिटाई की। तीनों के सिर मुंडवाकर उनके सिर पर चोर लिखकर पूरे गांव में उनका जुलूस निकाला गया।

इस घटना को लेकर विहिप व बजरंगबल समेत विभिन्न हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। इस घटना से हिंदू संगठनों ने भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय को भी अवगत कराया है। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की है।

ताजपुर गांव में नाजिम पोल्ट्री फार्म चलाता है। फार्म पर गांव के तीन लड़के काम करते हैं। मंगलवार को तीनों बालक फार्म पर नहीं थे। इसके बाद युवक ने गेहूं चोरी का आरोप लगाते हुए किशोरों को बुलाकर पोल्ट्री फार्म ले गया और साथियों संग उनकी जमकर पिटाई की। आरोपित ने किशोरों का बाल मुड़वाकर पेंट से सिर पर चोर लिखकर पूरे गांव में घुमाया। गुरुवार को विभिन्न हिन्दू संगठनों ने नानपारा नगर के शहीद स्मारक के पास आक्रोश व्यक्त कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडे को सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। गांव निवासी राजितराम ने बताया कि पीड़ितों को उसने धमकी भी दी। ज्ञापन देने वालों में आनंद श्रीवास्तव, मनोज गुप्त, गुड्डू बाबा, दीपक श्रीवास्तव, सौरभ वर्मा, पंकज जायसवाल, हरिहर वर्मा, संतोष मद्धेशिया, अजय गुप्त, अतुल गुप्त, गोपाल चौरसिया, छोटू शर्मा, राहुल कश्यप, रामशंकर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। कोतवाल प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

विशेश्वरगंज : मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व रावण दहन में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ गंगवल बाजार में गुरुवार को फ्लैग मार्च किया। यहां शुक्रवार को विसर्जन होगा। इस मौके पर एसएसआइ शशि प्रताप सिंह, एसआइ गुलाब सिंह, अनिल यादव, दीपक सिंह, ओमकार यादव आदि रहे।(संसू)

# मुकदमा दर्ज कराने की मांग

बहराइच : बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने डीआइजी को शिकायती पत्र भेजा है। कहा कि महसी तहसील के अधिवक्ता संघ के महासचिव सर्वेश कुमार अवस्थी पर हमले के मामले में तीन दिन बाद भी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। कार्रवाई की मांग की गई है। (संसू)

# महिला तस्कर की जमानत याचिका निरस्त

**बहराइच।** पड़ोसी देश नेपाल के जिला रुकुम क्षेत्र की निवासी नेपाली महिला रेखा बुढा को रूपईडीहा थाना क्षेत्र में सितंबर माह में पांच किलो चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बृहस्पतिवार को महिला अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता ने चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम की कोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद महिला अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। (संवाद)

# स्मैक समेत पकड़ा नेपाली तस्कर

**मोतीपुर(बहराइच)।** मोतीपुर थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बुधवार की रात क्षेत्र के लौकाही से बस्थनवा के बीच बगाचा से चेकिंग के दौरान नेपाल के वर्दिया गुलरिहा लालपुर निवासी जहीरुद्दीन पठान को पकड़ा। तलाशी में 11.5 ग्राम स्मैक बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की। (संवाद)

# पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**विशेश्वरगंज (बहराइच)।** त्योहारों के मद्देनजर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स और पीएसी के साथ बृहस्पतिवार को गंगावल कस्बे में फ्लैगमार्च निकालते हुए लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं ड्रोन कैमरों से पूरे क्षेत्र में पैनी नजर भी रखी जा रही है। इंस्पेक्टर के मुताबिक विसर्जन के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई गई है। (संवाद)

# पेड़ काटने पर 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रूपईडीहा के धौकलपुरवा गंगापुर गांव का मामला**

बहराइच। किसान ने पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर कोर्ट में रूपईडीहा थाना क्षेत्र में पेड़ काटने को लेकर 10 लोगों पर आरोप लगाते हुए वाद दायर किया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर उपद्रव, लूटपाट, हमला करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। धौकलपुरवा गंगापुर गांव निवासी सुभाष चंद्र सिंह द्वारा कोर्ट में दायर वाद के अनुसार उनकी रूपईडीहा के गंगापुर परगना स्थित जमीन पर यूकेलिप्टस, सागौन, पापुलर आदि पेड़ लगे थे। आरोप है गत 15 मई को गांव निवासी शिवशंकर सिंह, शिवराम, शिवदयाल, आशीष कुमार, मनोष, अवध नरेश, रामनरेश, शिवकुमार,जोखनलाल और चर्दा निवासी फैयाल अली तीन लाख रुपये की कीमत के पेड़ काटकर ले गए। कुछ पेड़ नहीं उठा सके थे। 28 मई को सभी लाठी, कुल्हाड़ी, आरा आदि लेकर आए और जबरन लकड़ी को उठाकर ले जाने लगे। मौके पर पहुंचकर विरोध जताया तो अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी लूटकर ले गए। (संवाद)

संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# कोटेदार ने प्रधान प्रतिनिधि समेत दो पर दर्ज कराई एफआईआर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

बहराइच। कोटेदार ने दौलतपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि और उनके भाई पर निर्धारित कोटे अधिक चावल देने से इन्कार करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर मोतीपुर पुलिस ने दोनों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

कोटेदार वीरेंद्र पोरवाल की दर्ज एफआईआर के अनुसार छह अक्तूबर को वह अपने कोटे की दुकान पर राशन का वितरण कर रहे थे। उसी समय प्रधान प्रतिनिधि दौलतपुर वसीम और उनके भाई लतीफ कोटे पर आए और जबरन दो बोरी चावल मांगने लगे। उन्होंने निर्धारित कोटे में चावल मिलने की बात कहते हुए देने से इन्कार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर उन लोगों ने दुकान में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने से रोकने पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को मिली धमकी

**शिवपुर/खैरीघाट (बहराइच)।** राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को बसंतपुर गांव में बुधवार को सरकारी जमीन पर प्रधान पति और उनके सहयोगियों द्वारा कब्जा कराए जाने की शिकायत मिली। लेखपाल ने मौके पर पहुंची टीम पर प्रधान पति द्वारा अभद्रता करने और ग्रामीणों को जान से मारने के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए खैरीघाट पुलिस से शिकायत की है।

**खैरीघाट के छीटनपुरवा बसंतपुर गांव में शिकायत मिलने पर पहुंची थी टीम**

खैरीघाट थाना के बरदहा कला में तैनात लेखपाल लल्लू का आरोप है कि छीटनपुरवा बसंतपुर में बुधवार को गांव के प्रधान पति व प्रतिनिधि साकिर अंसारी, दिलबहार और मोहरम अली द्वारा खलिहान व रास्ते की भूमि पर ग्रामवासियों से अवैध निर्माण करवाया जा रहा था। सूचना मिलने पर राजस्व निरीक्षक शिवपुर मिश्रीलाल पाल और वह मौके पर पहुंचे, तो ग्राम प्रधान पति जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मौजूद भीड़ को मारने के लिए उकसाया। खैरीघाट इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया प्रधान पति सहित तीन लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने, जान से मारने की धमकी और एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से बुधवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्र में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# 15 घंटे तक थमे रहे रोडवेज बसों के पहिए



बहराइच स्थित रोडवेज बस अड्डा। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज बस अड्डे पर गत बुधवार को बसों के पहिया थमे रहे। सर्वर डाउन होने से एटीवीएम मशीन से टिकट नहीं निकल पा रहा था। रोडवेज प्रशासन ने भी मैनुअल टिकट से बसों के संचालन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिससे करीब 30 से 40 प्रतिशत बसों का संचालन नहीं हुआ।

निगम को लाखों का नुकसान तो उठाना ही पड़ा, साथ ही पूरे दिन यात्री भी रोडवेज परिसर में भटकते रहे। वहीं, रूपईडीहा में भी यही स्थित थी, लेकिन यहां रोडवेज प्रशासन मैनुअल टिकट के सहारे बसों को संचालन कराता रहा।

लखनऊ मुख्यालय स्थित परिवहन निगम प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सूरत में बसों का संचालन बंद न किया जाए। लेकिन जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज प्रशासन के सामने यह आदेश बौने नजर आए। इसकी बानगी गत बुधवार को साफ देखने को मिली। सुबह करीब 11 बजे सर्वर डाउन होने से आटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का संचालन ठप हो गया था। हालात यह रहे कि मशीन से टिकट न निकलने के चलते बसों के पहिये दोपहर 12 बजे से थम गए। बुधवार को पूरे दिन सर्वर बाधित रहा। बृहस्पतिवार सुबह करीब साढे तीन बजे के बाद व्यवस्था पटरी पर लौट सकी।

इस दौरान बुधवार पूरे दिन बसों का संचालन पूरी क्षमता के साथ नहीं हो सका। जबकि ऐसी स्थित में निगम मुख्यालय द्वारा मैनुअल टिकट से बसों के संचालन की भी व्यवस्था बना रखी है, लेकिन जिले के रोडवेज प्रशासन की लापरवाही से मैनुअल टिकट से भी बसों का संचालन नहीं कराया जा सका। बसों का संचालन बाधित होने से रोडवेज बस अड्डे पर अफरातफरी की स्थित बनी रही। यात्री गंतव्य तक जाने को लेकर पूरे दिन रोडवेज परिसर में भटकते रहे।

सर्वर की खराबी के मामले में एआरएम ज्ञानचंद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### " सर्वर की खराबी की हुई थी जानकारी

बहराइच में बुधवार सुबह 12 से करीब पांच बजे तक मशीन के सर्वर में बाधित होने की जानकारी हुई थी। हालांकि बाद में सर्वर ठीक हो जाने के बाद बसों को संचालन शुरू करा दिया गया था। पूरी स्थित एआरएम ही बता सकते हैं। - **अपराजित श्रीवास्तव,** आरएम देवीपाटन मंडल

# 10 दिन में पांचवां तेंदुआ पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

## कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के बेझा रेंज में हुआ कैद, बेझा गांव में कुत्ते को बना चुका था निवाला

संवाद न्यूज एजेंसी

मिहींपुरवा (बहराइच)। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुओं की दहशत के बीच उनके पकड़े जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार की रात बेझा गांव में बीते कई दिनों से देखे जा रहे तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में यह 10 दिन में पकड़ा गया पांचवां तेंदुआ है। जबकि इस वर्ष में यह सातवां तेंदुआ पकड़ा गया है।

**ग्रामीणों ले अभी और तेंदुए के होने की जताई आशंका**

कतर्नियाघाट घाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज के ग्राम पंचायत बेझा व उसके आसपास तेंदुआ लगातार देखा जा रहा था। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल था। तेंदुए ने एक कुत्ते को निवाला बना लिया था और एक गोवंश की आंख फोड़ दी थी। ग्रामीणों के डर व पिंजरे की मांग की खबर को अमर उजाला में प्रमुखता के साथ प्रकाशित करने पर वन विभाग की ओर से देवनपुरवा में बिचपरी चौराहे के पास मंलवार को पिंजरा लगाया गया था। जिसमें बुधवार की रात करीब 11 बजे एक मादा तेंदुआ कैद हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मी उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ककरहा रेंज कार्यालय ले गए।



पिंजरे में कैद तेंदुआ। स्रोत: सोशल मीडिया

### 10 दिन में पिंजरे में कैद हुए पांच तेंदुए

- 30 सितंबर को कतर्नियाघाट के ककरहा रेंज के धरमपुर में।
- एक अक्तूबर को सुजौली रेंज के सुजौली गांव में।
- तीन अक्तूबर को सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में।
- चार अक्तूबर को ककरहा रेंज के पचासा गांव में।
- नौ अक्तूबर को ककरहा रेंज के बेझा में।
- छह अप्रैल को सदर रेंज के मंगलपुरवा गांव में तेंदुआ पकड़ा गया।
- सात मई को धर्मापुर गांव में तेंदुआ पकड़ा गया।

### अभी भी मौजूद हैं चार से पांच तेंदुए

बेझा गांव में लगातार तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। गांव में की गई पड़ताल के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि अभी भी गांव के आसपास चार से पांच तेंदुए मौजूद हैं। जिन्हें ग्रमीणों ने देखा भी है। ग्रामीणों ने गांव के पास पांच पिंजरा लगाने की मांग की है।

### चार वर्षीय मादा है पकड़ी गई तेंदुआ

डीएफओ बी. शिव शंकर ने बताया बुधवार की रात पिंजरे में कैद हुई तेंदुआ मादा है और वह पूरी तरह स्वस्थ है। मादा की उम्र लगभग चार वर्ष है। उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई है। उनके निर्देशानुसार मादा तेंदुए को जंगल में छोड़ा जाएगा।

### कतर्नियाघाट-लखीमपुर बॉर्डर पर भी पकड़ा

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे लखीमपुर खीरी के शारदा रेंज में भी बुधवार की रात एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ। जिसे शारदा रेंज के वनाधिकारी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रेंज कार्यालय ले गए। यह तेंदुआ भी जिले के कतर्नियाघाट क्षेत्र में दस्तक दे रहा था।

### कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में दो रेंजरों को मिली तैनाती

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट व धरमापुर रेंज में बुधवार की रात रेंजरों की तैनाती कर दी गई। दोनो पद खाली थे। शासन स्तर से बुधवार की रात कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में खाली पडे दो रेंजरो के पदों पर तैनाती की गई। श्रावस्ती जिले में रेंजर रहे दीपक मिश्रा को धरमापुर रेंज का रेंजर बनाया गया है। वहीं मथुरा वन विभाग से आए आशीष गौड़ को कतर्नियाघाट रेंज की कमान दी गई है। (संवाद)

# घर में घुसकर की मारपीट, मुकदमा

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** एक ग्रामीण ने तीन युवकों पर रंजिश के चलते धारदार हथियार से मंगलवार को घर में घुसकर भतीजी को पीटने और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए मोतीपुर थाना में केस दर्ज कराया है। मोतीपुर थाना के रायबोझा निवासी पवन यादव के मुताबिक आठ अक्तूबर को गांव निवासी अमन यादव, रजत और राहुल असलहा व बांका लेकर घर में घुस गए। भतीजी मनीषा को लाठी-डंडों से पीटते हुए घर में रखे सामान में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मोतीपुर पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# विसर्जन स्थल पर हों प्रकाश के बेहतर प्रबंध रास्ते भी जल्द दुरुस्त हों

## नानपारा के विसर्जन घाटों का निरीक्षण

**शिवपुर (बहराइच)।** नानपारा क्षेत्र के विभिन्न विसर्जन घाटों बौंडी, इंटहा व मोहरवा का बृहस्पतिवार को सीआरओ डीपी सिंह ने एसडीएम अश्वनी पांडेय व एक्सईएन प्रदीप कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रकाश के माकूल प्रबंध व रास्तों को दुरुस्त करवान के लिए निर्देशित किया।

नानपारा तहसील क्षेत्र के इंटहा घाट पर 80, गाढ़ीघाट पर 35, बौंडी पर 57, एकघरा घाट पर सात व महोरवा घाट पर 40 मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन होना है। जिसको लेकर तहसील प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। बृहस्पतिवार को निरीक्षण के दौरान एसडीएम अश्वनी पांडेय ने एसडीओ विद्युत को घाटों पर बेहतर प्रकाश प्रबंध के निर्देश दिए। वहीं बीडीओ को घाट दुरुस्त करवाने को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान महोरवा में नहर पर ढलान अधिक होना मिला।

जिसपर एक्सईएन व ग्राम प्रधान को ढलान सही करवाने व मार्ग सही करवाने का निर्देश दिया गया। घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था व बेहतर साफ सफाई की भी बात कही गई। इस दौरान नायब तहसीलदार सुरेंद्र वर्मा समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-10-2024

# पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। वारंटियों की धरपकड़ के लिए गुरुवार को सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने वारंटी महराजदीन उर्फ कल्लू पुत्र रक्षाराम निवासी विशुनापुर पड़वलिया थाना सिरसिया को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। वारंटी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# एक दिन की खंड शिक्षाधिकारी बनीं रेनू

जमुनहा। मिशन शक्ति फेज -5 के तहत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा की छात्रा रेनू द्विवेदी को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी जमुनहा बनाया गया। खण्ड अधिकारी जमुनहा सतीश कुमार ने एक दिन की खण्ड अधिकारी रेनू द्विवेदी को मोमेंटो व डायरी, पेन देकर स्वागत किया। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी से संबंधित दायित्व एवं कर्तव्यों की जानकारी दी।



खंड शिक्षाधिकारी की कुर्सी पर बैठी रेनू द्विवेदी।

एक दिन की खण्ड शिक्षा अधिकारी जमुनहा बनीं रेनू द्विवेदी ने संकुल शिक्षकों की मीटिंग ली। इस दौरान डीबीटी, आयरन गोली वितरण इंस्पायर अवार्ड, कायाकल्प, निपुण भारत, विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा समिति की बैठक ली। इसके साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। रेनू द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इसी दौरान विद्यालय के छात्रों के लिए प्रसारित मेंटल हेल्थ एंड साइबर सिक्योरिटी से संबंधित ऑनलाइन कार्यक्रम के सीधा प्रसारण में भी छात्रों के साथ सम्मिलित हुईं। सभी संकुल शिक्षक, बाल क्रीड़ा समिति के सदस्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नवनिर्मित आवास का हुआ लोकार्पण

श्रावस्ती। सिविल लाइन रोड भिनगा में अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ आवास का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित आवास का गुरुवार को लोकार्पण किया गया।

विधायक राम फेरन पांडेय, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ किया। विधायक ने कहा कि इस नए भवनों की स्थापना से दोनों अधिकारी के लिए रहने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एसपी ने बताया कि भवनों का निर्माण, निर्माण अवधि में किया गया है। जिसमें चार-चार कमरे उपलब्ध हैं। साथ ही एक-एक हाल व किचन की व्यवस्था भी है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है।



भिनगा में ट्रॉली पर बैठी सवारियों को समझाते यातायात कर्मी।

# ट्रॉली पर बैठे लोगों को समझा बुझाकर छोड़ा

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को यातायात पुलिस ने चेकिंग की। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली एवं पिकअप आदि वाहनों पर बैठकर आवागमन करने वाले लोगों को व वाहन चालकों को रोक कर उनसे पूछताछ की गई। प्रभारी यातायात ने उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए बताया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं पिकअप आदि पर सवारी ढोना एक दंडनीय अपराध है और इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अधिक हो जाती है।

# शस्त्र अधिनियम के दोषी पर लगा जुर्माना

श्रावस्ती। वर्ष 1995 में इकौना पुलिस ने बालकराम पुत्र सोहनलाल निवासी कटहरिया थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस की ओर से शस्त्र अधिनिय का मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। साथ ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले का विचारण न्यायालय में हो रहा था। सुनवाई करते हुए गुरुवार को न्यायालय की ओर से आरोपी को दोषी करार दिया गया। जिसे जेल में बिताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 500 रुपये का अर्थदंड लगाया।

# डीएम व एसपी ने सिरसिया कस्बे में किया मार्च

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने नवरात्र व दशहरा त्योहार को लेकर गुरुवार को थाना सिरसिया क्षेत्र के कस्बा सिरसिया में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई।

## दोषी को मिली सजा

श्रावस्ती : अभियोजन अधिकारी नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि शस्त्र अधिनियम में दोषी खरगूपुर क्षेत्र के कटहरिया निवासी बालकराम को एसीजेएम देवर्षि देव ने जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई है। 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। (वि.)

## दबोचे गए तीन आरोपित

श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस टीम ने अभियान चलाकर अश्लील हरकत करने के आरोपित करनपुर निवासी सलामन खान को इमलिया चौराहे से, बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र के समोखन गांव निवासी संतोष को बुध बाजार व नवाबगंज के अंटहवा निवासी अयोध्या प्रसाद को रहमतू गांव से गिरफ्तार किया। (वि.)

## आवास का उद्‌घाटन

श्रावस्ती : श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने गुरुवार को आईटीआई भिनगा के निकट नवनिर्मित एएसपी व सीओ आवास का फीता काटकर उद्घाटन किया। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, समाजसेवी प्रकाश चंद्र मौजूद रहे। (वि.)

# छात्रा रेनू ने संभाली बीईओ की कुर्सी, शिक्षकों संग की बैठक



बीईओ बनीं छात्रा रेनू द्विवेदी को मोमेंटो देते जमुनहा बीईओ सतीश कुमार ● जागरण

संसू, जागरण ● जमुनहा(श्रावस्ती) : मिशन शक्ति अभियान के तहत पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा की छात्रा रेनू द्विवेदी को गुरुवार को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी जमुनहा बनाया गया। बीईओ सतीश कुमार ने मोमेंटो, डायरी व पेन देकर छात्रा रेनू स्वागत किया। उन्होंने छात्रा को संबंधित दायित्व व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी बनी छात्रा रेनू ने संकुल शिक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान डीबीटी, आयरन गोली वितरण, इंस्पायर अवार्ड, कायाकल्प, निपुण भारत समेत शिक्षा विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। स्वस्थ बनेगा इंडिया के तहत शिक्षकों के प्रशिक्षण में स्वच्छता से संबंधित जागरूकता पर अपना विचार रखा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इसी दौरान मेंटल हेल्थ एंड साइबर सिक्योरिटी से संबंधित आनलाइन कार्यक्रम हुआ।

## छात्रा खुशबू सोनकर बनी विद्यालय की वार्डन

जमुनहा : जमुनहा ब्लाक क्षेत्र के हरदत्तनगर गिरंट में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा खुशबू सोनकर को एक दिन के लिए वार्डन बनाया। वार्डन की जिम्मेदारी मिलने पर छात्रा खुशबू ने अभिलेखों की जांच की। साफ-सफाई, भोजन व कक्षाओं के संचालन का जायजा। वार्डन सुशीला त्रिपाठी मौजूद रहीं।

## शांतिभंग की आशंका में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से बुधवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्र में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

## तीन वांछितों को किया गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने बुधवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान रहमतू गांव के पास से तीन वांछितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया करनपुर निवासी सलमान खान, बहराइच के थाना मटेरा अंतर्गत ग्राम समोखन व बहराइच के थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम अंटहवा निवासी मारवाणी वर्मा के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। (संवाद)

## चाकू रखने के दोषी पर जुर्माना

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने 29 वर्ष पूर्व गोंडा जिले के थाना खरगूपुर के ग्राम कटहरिया निवासी बालकराम को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया था।बालकराम को जेल भेज दिया गया था। बृहस्पतिवार को एसीजेएम एफटीसी देवर्षि देव कुमार ने फैसला सुनाते हुए बालकराम को दोषी करार देकर जेल में बिताई अवधि की कैद व 500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। (संवाद)

## एसडीएम व अग्निशमन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में एसडीएम जमुनहा आशीष भारद्वाज व अग्निशमन अधिकारी संजय जायसवाल ने बृहस्पतिवार को मल्हीपुर के पटाखा विक्रेता करीमउल्ला व जमुनहा कस्बे के मेराज हसन के पटाखा गोदामों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि बिना लाइसेंस के कस्बे में पटाखे की बिक्री न करें, अन्यथा कार्रवाई होगी। (संवाद)

## एक वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने बृहस्पतिवार एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार विशुनापुर पड़वलिया निवासी महराजदीन उर्फ कल्लू के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# समारोह में सम्मानित की गईं महिलाएं व युवतियां

## मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत नगर पालिका में हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** नगर पालिका परिषद भिनगा में बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नौ देवी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष इरफान अहमद व ईओ डॉ. अनीता शुक्ला ने की। किया। इस दौरान नौ महिलाओं व युवतियों को विभिन्न स्वच्छ लीडर अवार्ड से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष ने कहा, नारी शक्ति आज हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर आगे बढ़ रही हैं। जिसे सम्मानित करना गर्व की बात है। ईओ ने कहा कि हमारे बीच कई ऐसी नारी शक्ति मौजूद हैं जो घर-परिवार व समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद नौ देवी सम्मान समारोह- 3.0 का आयोजन कर रहा है। इसमें 9 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

इस दौरान अपशिष्ट प्रबंधन में शालू, स्वयं सहायता समूह की नगमा, सामुदायिक खाद में कांति देवी, स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रमिला, वेस्ट से बेस्ट में सुनैना, सामुदायिक जागरूकता में तारा, जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावती, स्वच्छ सारथी क्लब के लिए राधा देवी, स्वच्छता के संबंध में जागरूकता के लिए ममता को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर सभी सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।



नगर पालिका परिषद भिनगा में महिलाओं को सम्मानित करते अध्यक्ष व ईओ। -संवाद

### दशहरा मेला मैदान की सफाई शुरू

**श्रावस्ती।** अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज मैदान में कल लगने वाले दशहरा मेले में आने वालों की सुविधा के लिए सफाई कराई जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष इरफान अहमद, ईओ डॉ. अनीता शुक्ला ने प्रधानाचार्य ज्योति प्रकाश पांडेय व रामलीला समिति के अध्यक्ष रामरूप गुप्ता के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया। वहां मौजूद सफाई नायक को व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। इसके बाद अधिकारियों ने भिनगा नगर में निर्माणाधीन नवीन गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार को फटकारते हुए काम में तेजी लाने व गुणवत्ता में सुधार कर समय से निर्माण दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया। (संवाद)



सफाई व्यवस्था का जायजा लेते नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ। -संवाद

# रेनू बनीं एक दिन की बीईओ

श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज- पांच के तहत छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा की छात्रा रेनू द्विवेदी को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। बीईओ सतीश कुमार ने मोमेंटो, डायरी व पेन देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान रेनू द्विवेदी ने संकुल शिक्षकों के साथ बैठक की। जिसमें डीबीटी, आयरन गोली वितरण, इंस्पायर अवार्ड, कायाकल्प, निपुण भारत, ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा समिति की बैठक कर विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। (संवाद)

## वाहन चालकों को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** परिवहन विभाग दो से 16 अक्तूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भिनगा-बहराइच मार्ग पर सिसवा गांव के पास वाहन चालकों को जागरूक किया गया। इस दौरान यात्री कर अधिकारी महेश कुमार वर्मा ने कहा कि भार वाहनों पर बैठकर यात्रा करने से दुर्घटना की आशंका रहती है। कहा, क्षमता से अधिक सवारियों को वाहन पर नहीं बैठाना चाहिए। वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। लेकिन इसका लाभ तभी है जब लोग यातायात नियमों का पालन करते हुए यात्रा करें। (संवाद)

## जिले में निषेधाज्ञा लागू

**श्रावस्ती।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडीएम की ओर से निषेधाज्ञा लागू की गई है। नवरात्रि सहित आगामी दिनों में विभिन्न पर्व मनाए जाएंगे। इस दौरान कोई भी व्यक्ति या समूह अस्त्र-शस्त्र लेकर यात्रा करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह से बिना अनुमति सार्वजनिक स्थान पर बैठक, रैली व नाटक का मंचन प्रतिबंधित रहेगा। जिले में निषेधाज्ञा 18 नवंबर तक लागू रहेगी। वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी। (संवाद)

## एएसपी व सीओ को मिला नया आवास

**श्रावस्ती।** भिनगा नगर में राजकीय आईटीआई के निकट बृहस्पतिवार को एएसपी व सीओ के नवनिर्मित आवास का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने नव निर्मित आवास का उद्घाटन किया। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा संतोष कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चंद्र व आशुतोष पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)